ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष सप्तमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 30 मई 2024
वर्ष 2, अंक 279, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर नगर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



लावा उगल रही है खूबसूरत वीनस की सतह 16

पुष्पा 2 के पोस्टर में दिखा रश्मिका का अलग अंदाज 15

पढ़ते रहिये... अमृत विचार
समर ऑफर मात्र ₹4 में प्रतिदिन
यह ऑफर केवल कानपुर के पाठकों के लिए
फोन: 0512- 2548300

## एक नजर

### रूद्रम- दो मिसाइल का सफल परीक्षण

**नई दिल्ली।** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन ( डीआरडीओ) ने हवा से सतह पर मार करने वाली रूद्रम – दो मिसाइल का वायु सेना के लड़ाकू विमान सुखोई से सफल परीक्षण किया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में मिसाइल के सफल परीक्षण पर डीआरडीओ, वायु सेना और उद्योग जगत को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि इस परीक्षण की सफलता से रूद्रम –दो की भूमिका की मजबूती से पुष्टि हुई है और इससे भारतीय सशस्त्र बलों की ताकत कई गुणा बढ़ जाएगी।

### इंडिगो ने महिलाओं के लिए सीट चयन की शुरू की सुविधा

**नई दिल्ली।** एयरलाइन कंपनी इंडिगो ने बाजार अनुसंधान के बाद महिला यात्रियों के लिए विशेष सुविधा की पेशकश की है। इसके तहत सीट बुक करने वाली महिलाएं अब वेब चेक–इन के समय अन्य महिला यात्रियों द्वारा बुक की गई सीटों के बारे में जान सकती हैं। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, इंडिगो देश की सबसे बड़ी घरेलू एयरलाइन है। इसकी बाजार हिस्सेदारी 60 प्रतिशत से अधिक है।

### पुलिसकर्मियों के साथ सेना के जवानों ने की मारपीट

**श्रीनगर।** जम्मू–कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में सेना के जवानों ने चार पुलिसकर्मियों की कथित रूप से पिटाई कर दी। पुलिस दल ने एक मामले की जांच के सिलसिले में कुपवाड़ा के बटपोरा इलाके में प्रादेशिक सेना के एक जवान के घर पर कथित रूप से छापा मारा था। पुलिस के इस कदम से सेना की स्थानीय इकाई में कथित रूप से रोष था, जिसके बाद वे थाने में घुसे और पुलिस कर्मियों को पीट दिया। एक रक्षा प्रवक्ता ने कहा कि बाद में पुलिस और सेना के जवानों के बीच मामूली मतभेदों को सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझा लिया गया है।

## देश में कदम रखते ही गिरफ्तार होगा रेवन्ना

बेंगलुरु, एजेंसी

- म्यूनिख से बेंगलुरु की उड़ान का 30 मई का टिकट बुक कराया
- एसआई बेंगलुरु अड्डे पर गिरफ्तारी के लिए तैनात

जनता दल (सेक्यूलर) के निलंबित नेता प्रज्व्वल रेवन्ना ने 30 मई को म्यूनिख से बेंगलुरु की वापसी की उड़ान में टिकट बुक कराया है। देश में कदम रखते ही उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा। रेवन्ना यौन उत्पीड़न के आरोपों का सामना कर रहे हैं।

एसआईटी के सूत्रों के अनुसार, जद(एस) सुप्रीमो एचडी देवेगौड़ा के 33 वर्षीय पोते रेवन्ना के 31 मई को बेंगलुरु पहुंचने की संभावना है। एसआईटी रेवन्ना के बेंगलुरु पहुंचते ही उन्हें गिरफ्तार करने के लिए यहां केम्पेगौड़ा हवाईअड्डे पर लगातार नजर रख रही है। हासन लोकसभा सीट से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के प्रत्याशी के तौर पर फिर से चुनाव लड़ रहे रेवन्ना यह खबर सामने आने के तुरंत बाद विदेश भाग गए थे कि कर्नाटक राज्य महिला आयोग ने मुख्यमंत्री सिद्दरमैया से उन आपत्तिजनक वीडियो की जांच करने का आदेश दिया है जिसमें रेवन्ना कई महिलाओं का कथित तौर पर यौन शोषण करते हुए दिखायी दे रहे हैं।



**तबाही के निशान**

असम के नागांव में रेमल तूफान का व्यापक असर पड़ा है। भूस्खलन व ज्यादा बारिश होने से बुधवार को भी यहां हाल बेहाल रहा। क्षेत्र की सड़कों व घरों में पानी भर गया, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। ● एजेंसी

## लूटपाट मामले में आजम खां और बरकत दोषी करार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- 2019 के डूंगरपुर बस्ती में मामले आज होगा सजा का ऐलान

**अमृत विचार :** डूंगरपुर बस्ती में लूटपाट व चोरी के मामले में कोर्ट ने बुधवार को सपा नेता मोहम्मद आजम खां और ठेकेदार बरकत अली को एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट के जज डॉ. विजय कुमार ने दोषी करार दिया है। दोनों को सजा का ऐलान गुरुवार को होगा।

सपा नेता आजम खां के खिलाफ 2019 में डूंगरपुर बस्ती में रहने वाले लोगों ने बस्ती खाली कराने के नाम पर लूटपाट, चोरी, मारपीट समेत अन्य आरोपों में गंज थाने में मामले दर्ज कराए थे। डूंगरपुर निवासी अबरार हुसैन ने गंज थाने में 13 अगस्त 2019 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि तत्कालीन सीओ आले हसन, दरोगा फिरोज खां, ठेकेदार बरकत अली, सीएंडडीएस के जेई परवेज आलम छह दिसंबर 16 की सुबह बस्ती में पहुंचे और उनसे मकान खाली करने को कहा। आरोप है कि दरोगा फिरोज खां ने फायर भी किया। इसके बाद उसकी वाशिंग मशीन, सोना, चांदी के जेवर तथा 5000 रुपये लूटकर ले गए। विवेचना के दौरान सपा नेता आजम खां का भी नाम शामिल किया गया था।

# देश की राजधानी सबसे गर्म

## दिल्ली में पारा 52.3 डिग्री किया गया दर्ज, उप्र में लू से 34 लोगों की मौत

नई दिल्ली, एजेंसी

नौतपा के पांचवें दिन बुधवार को देश की राजधानी में गर्मी ने सारे रिकॉर्ड तोड़ डाले। नई दिल्ली में शाम 4.14 बजे तापमान 52.3 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने बताया कि यह तापमान मुंगेशपुर इलाके में बुधवार को दर्ज किया गया, जो राष्ट्रीय राजधानी में अब तक का सर्वाधिक तापमान है। मौसम विभाग ने देश के 7 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों- पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश में बुधवार के लिए हीटवेव का रेड अलर्ट जारी किया है। वहीं देर शाम दिल्ली में आसमां से बरसी फुहारों ने लोगों को कुछ राहत दी।

उत्तर प्रदेश में बुधवार को लू और हीटस्ट्रोक की चपेट में आने से अलग-अलग जिलों से 34 लोगों की मरने की खबर सामने आयीं हैं। वहीं राजस्थान का चूरू शहर 50.5 डिग्री तापमान के साथ देश का दूसरा सबसे गर्म शहर रहा। बिहार के भी कई जिलों में पारा 48 डिग्री के करीब पहुंच और 8 जिलों में 80 बच्चे बेहोश हो गए। मौसम विभाग ने बताया कि मानसून अगले 24 घंटे में केरल तट से टकरा सकता है। अगले एक हफ्ते में यह देश के बाकी हिस्सों तक पहुंच सकता है।



कानपुर में गर्मी से राहत के लिए निगम ने बौछार अभियान चलाया। ● मनोज तिवारी

### केरल और पूर्वोत्तर राज्यों में आज मानसून दे सकता है दस्तक

**नयी दिल्ली।** केरल एवं पूर्वोत्तर राज्यों के कुछ हिस्सों में अगले 24 घंटे में मानसून पहुंच सकता है। दक्षिण पश्चिम मानसून पूर्वानुमान से एक दिन पहले बृहस्पतिवार को दस्तक दे सकता है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने बुधवार को कहा दक्षिण–पश्चिम मानसून के आगमन के लिए परिस्थितियां अनुकूल बनी रहेंगी। मौसम वैज्ञानिकों ने कहा कि पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश से गुजरे चक्रवात रेमल ने मानसून के प्रवाह को बंगाल की खाड़ी की ओर खींच लिया है, जो पूर्वोत्तर में मानसून के जल्दी आने का एक कारण हो सकता है।

### पाइप से कार धोने पर 2 हजार रुपए जुर्माना

दिल्ली में पानी किल्लत को देखते हुए केजरीवाल सरकार ने पाइप से कार धोने पर 2 हजार रुपए जुर्माना लगाने का निर्देश दिया है। 200 लोगों की टीम पानी की बर्बादी की मॉनिटरिंग करेगी। वहीं दिल्ली में कंस्ट्रक्शन साइट पर काम करने वाले मजदूरों को दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक पेड लीव दी गई है। दिल्ली के उपराज्यपाल ने निर्देश जारी किए हैं।

### उप्र में हमीरपुर व फतेहपुर सबसे गर्म

- कानपुर में दरोगा सहित आठ लोगों ने तोड़ा दम

**लखनऊ/ कानपुर।** प्रदेश में प्रचंड गर्मी व लू का दौर जारी है। बुधवार को लू और हीटस्ट्रोक की चपेट में आने से बुधवार को अलग–अलग जिलों से 34 लोगों की मरने की खबर सामने आयीं हैं। महोबा में छह हमीरपुर में तीन, बहराइच तीन, कानपुर देहात में तीन, चित्रकूट और बांदा में दो–दो और लखनऊ में दो, प्रयागराज में एक व प्रतापगढ़ चार जान गई। इसके अलावा कानपुर में एक दरोगा सहित आठ लोगों की मौत लू लगने से हो गई। महोबा में अधिकतम तापमान 46 .7 डिग्री सेल्सियस रहा। हमीरपुर में 48 डिग्री सेल्सियस रहा। शाम करीब पांच बजे बूंदाबादी के बाद उमस बढ़ गई। जालौन, बांदा व चित्रकूट में अधिकतम तापमान 47 डिग्री, इटावा में 45 .4 डिग्री तो फतेहपुर अधिकतम तापमान 48 डिग्री सिल्सियस रहा। झांसी 47 .5 डिग्री सेल्सियस रहा। कानपुर में दिन का पारा 46 .8 डिग्री से. रहा। लखनऊ में अधिकतम तापमान 43 .7 डिग्री सेल्सियस रहा। बहराइच 43 डिग्री से. और प्रतापगढ़ 45 .6 डिग्री सेल्सियस रहा।

## बृजभूषण के बेटे के काफिले की कार ने दो को रौंदा, मौत

संवाददाता, करनैलगंज(गोंडा)



हादसे के बाद खड़ी फार्च्यूनर कार।



रेहान



सहजाद

- ग्रामीणों ने काफिले पर किया पथराव वाहन छोड़कर भागा चालक गिरफ्तार

**अमृत विचार:** कैसरगंज लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी व सांसद बृजभूषण के बेटे करण भूषण सिंह के काफिले में शामिल पुलिस स्कोर्ट लिखी फार्च्यूनर कार ने बुधवार की सुबह बाइक सवार दो युवकों समेत तीन लोगों को रौंद डाला। हादसे में बाइक सवार दोनों युवकों की मौके पर मौत हो गई, जबकि एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे से गुस्साए ग्रामीणों ने पथराव कर कार को क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस ने क्षतिग्रस्त कार को कब्जे में लेकर चालक लवकुश को गिरफ्तार कर लिया है। हादसे के बाद गांव में तनाव है और इस तनाव को देखते हुए कई थानों की पुलिस फोर्स तैनात है।

बुधवार की सुबह बीजेपी प्रत्याशी करण भूषण सिंह अपने लाल लश्कर के साथ कैसरगंज की तरफ जा रहे थे। करनैलगंज हुजूरपुर मार्ग पर छितईपुरवा गांव के समीप काफिले में चल रही पुलिस स्कॉर्ट लिखी फॉर्च्यूनर गाड़ी ने बाइक सवार दो युवकों को रौंद डाला। हादसे में निंदुरा गांव निवासी रेहान (17) व शहजादे (24) की मौत हो गयी। जबकि छितईपुरवा गांव की रहने वाली महिला सीता देवी गंभीर रूप से घायल हो गयी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हादसा उस वक्त हुआ जब करण भूषण के काफिले की पुलिस स्कोर्ट लिखी कार ओवरटेकिंग का प्रयास कर रही थी। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे बाइक सवार युवक कर के सामने आ गए। ग्रामीणों का कहना है कि हादसे के शिकार लोगों को अस्पताल ले जाने के बजाय काफिले में शामिल अन्य गाड़ियां फर्राटा भरते हुये निकल गयीं। अपर पुलिस अधीक्षक राधेश्याम राय ने बताया कि परिजनों की तहरीर पर कार चालक लवकुश श्रीवास्तव निवासी नवाबगंज के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

## मोदी के मौन व्रत पर विपक्ष को आपत्ति

नई दिल्ली, एजेंसी

### निर्वाचन आयोग पहुंचे नेता

- कहा- मोदी एक जून की शाम को हर तरह का व्रत कर सकते हैं
- ममता ने भी कहा-टीवी पर प्रसारण हुआ तो आयोग जाएंगे

कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के गुरुवार शाम से कन्याकुमारी में शुरू होने वाले मौन व्रत को लेकर निर्वाचन आयोग में गुहार लगायी है कि या तो यह मौन व्रत सातवें और अंतिम चरण के मतदान के समाप्त होने के बाद शुरू होना चाहिए या फिर इसके मीडिया में प्रसारण और प्रचार पर प्रतिबंध लगना चाहिए।

कांग्रेस के एक शिष्टमंडल ने बुधवार को निर्वाचन आयोग को शिकायत दी। प्रतिनिधिमंडल में कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी, रणदीप सुरजेवाला और सैयद नासिर हुसैन शामिल थे। बाद में सिंघवी ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि कांग्रेस को प्रधानमंत्री के ध्यान से नहीं, बल्कि इसके चुनाव की शांत अवधि में होने पर आपत्ति है। साइलेंस पीरियड में कोई भी नेता प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष तौर पर प्रचार नहीं कर सकता। उनका कहना है, साइलेंस पीरियड में प्रधानमंत्री ने घोषणा की है जो आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है। इसी बीच पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि यदि कन्याकुमारी में प्रधानमंत्री के ध्यान का प्रसारण किया जाता है तो टीएमसी निर्वाचन आयोग से शिकायत करेगी। तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम ने इस मामले में जिलाधिकारी के समक्ष याचिका दायर की।

### कन्याकुमारी में 2,000 पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे

कन्याकुमारी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विवेकानंद रॉक मेमोरियल पर 45 घंटे के प्रवास के लिए सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए हैं। देश के दक्षिणी छोर पर स्थित इस जिले में 2,000 पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। ऐसा माना जाता है कि इसी स्थान पर आध्यात्मिक विभूति विवेकानंद को 'भारत माता' के बारे में दिव्य दृष्टि प्राप्त हुई थी।

## वैश्विक बाजारों में मजबूती से चांदी में रिकॉर्ड तेजी



- 1,150 रुपये चढ़कर 97,100 रुपये के सर्वकालिक उच्चस्तर पर

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में मजबूती के रुख के अनुरूप राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बुधवार को चांदी की कीमत 97,100 रुपये प्रति किलोग्राम के सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। वहीं सोना भी 250 रुपये चढ़ गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के अनुसार, लगातार तीसरे दिन चांदी में मजबूती बनी रही। इसकी कीमत 1,150 रुपये के उछाल के साथ 97,100 रुपये प्रति किग्रा हो गई।

मंगलवार को चांदी 95,950 रुपये प्रति किग्रा के स्तर पर बंद हुई थी। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) के वायदा कारोबार में बुधवार को चांदी 96,493 रुपये प्रति किलोग्राम के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गई। इस बीच, राजधानी में सोना 250 रुपये मजबूत होकर 73,200 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया।

## एक घंटे में मिलेगी कैशलेस इलाज की मंजूरी

नई दिल्ली, ब्यूरो

- ग्राहकों को नहीं देने होंगे पेपर्स, अस्पताल से ही हासिल करेंगी बीमा कंपनियां
- तीन घंटे के भीतर ही बीमा कंपनियों को देना होगा फाइनल अप्रूवल

कैशलेस हेल्थ पॉलिसी ग्राहकों के लिए राहत भरी खबर है। इलाज के लिए पॉलिसी धारकों को अस्पतालों में लंबा इंतजार नहीं करना पडेग़ा, बीमा कंपनी को एक घंटे में बीमा क्लेम पर स्वीकृति देनी होगी। बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरडा) ने बुधवार को स्वास्थ्य बीमा पर एक मास्टर गाइड लाइन जारी करके साफ कर दिया कि बीमा कंपनी को अनुरोध के एक घंटे के भीतर कैशलेस इलाज की अनुमति देने पर निर्णय लेना ही होगा। इरडा ने इसके साथ ही पूर्व में जारी गाइड लाइन के 55 पत्रों को निरस्त कर दिया है। नए नियमों के अनुसार क्लेम सेटलमेंट के लिए पॉलिसी होल्डर कोई पेपर जमा नहीं करेगा, बल्कि बीमा कंपनियों को ये अस्पताल से ही हासिल करने होंगे।

आपके पास कोई हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी है और आपको अस्पताल में भर्ती होने की आवश्यकता होती है। अस्पताल जाने पर इलाज कैशलेस होगा या नहीं, इसके लिए एक अनुरोध बीमा कंपनियों को भेजा जाता है। इसकी मंजूरी के लिए घंटों इंतजार करना होता था। नए नियमों के अंतर्गत अब इस अनुरोध पर बीमा कंपनियों को एक घंटे में फैसला लेना होगा। अभी तक इसको लेकर कोई गाइड लाइन नहीं थी।

**रोजाना मिलेगा 5 हजार मुआवजा :** सर्कुलर में बीमा पोर्टेबिलिटी को आसान बनाने की बात कही गई है। ग्राहकों के लिए राहत की बात ये भी है कि विवाद की स्थिति में अगर बीमा लोकपाल बीमा कंपनी के खिलाफ कोई फैसला सुनाता है और वह 30 दिन में लागू नहीं होता है तब बीमा कंपनी पॉलिसी होल्डर को हर दिन 5,000 रुपए मुआवजा देगी।

### 3 घंटे में सेटल करेंगी क्लेम

बीमा कंपनियों को अस्पताल से जैसे ही मरीज के डिस्चार्ज अनुरोध मिलेगा, उसके तीन घंटे के भीतर ही बीमा कंपनियों को उस पर अपना फाइनल अप्रूवल देना होगा। प्राधिकरण का कहना है कि इस सर्कुलर का मकसद हेल्थ इंश्योरेंस ग्राहकों को अधिक सशक्त बनाना और उन्हें बेहतर विकल्प उपलब्ध कराना है। नये सर्कुलर में इरडा ने ग्राहकों को ज्यादा से ज्यादा बेनेफिट देने पर जोर दिया गया है। किसी ग्राहक के पॉलिसी पीरियड में कोई क्लेम नहीं करने पर उसे या तो सम एश्योर्ड में बढ़ोतरी या प्रीमियम में डिस्काउंट देने की बात कही गई है।

## केजरीवाल की अंतरिम जमानत याचिका नामंजूर

नई दिल्ली, एजेंसी



- दिल्ली के मुख्यमंत्री को अब 2 जून को जाना ही होगा जेल

सुप्रीम कोर्ट के रजिस्ट्रार ने दिल्ली आबकारी नीति से संबंधित धनशोधन के एक मामले के आरोपी मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की एक जून को समाप्त होने वाली अंतरिम जमानत अवधि सात दिन बढ़ाने के लिए दायर उनकी याचिका सूचीबद्ध करने से इनकार कर दिया है।

अब उन्हें हर हाल में 2 जून को जेल जाना ही होगा। रजिस्ट्रार ने कहा कि न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और दिपांकर दत्ता की पीठ ने मुख्यमंत्री केजरीवाल को अंतरिम जमानत देने के साथ ही नियमित जमानत के लिए निचली अदालत में जाने की भी छूट दी थी, इसलिए उनकी यह याचिका (अंतरिम जमानत बढ़ाने की याचिका) विचार करने के योग्य नहीं है। शीर्ष अदालत के एक अधिकारी ने यह भी कहा कि गिरफ्तारी के खिलाफ उनकी याचिका पर फैसला पहले ही सुरक्षित रखने के कारण उनकी वर्तमान याचिका का अदालत के समक्ष विचाराधीन मामले से कोई संबंध नहीं है।

## 7वें चरण में 13 सीटों के लिए आज थम जाएगा प्रचार

**लखनऊ।** प्रदेश में सातवें चरण की 13 लोकसभा सीटों व सोनभद्र की दुद्धी (अजजा) विधानसभा सीट पर चुनाव के लिए 30 मई को शाम छह बजे प्रचार थम जाएगा। इन सीटों पर एक जून को मतदान होगा। इस बीच, निर्वाचन आयोग ने भीषण गर्मी में मतदाताओं व मतदान कर्मियों के बचाव के लिए व्यापक प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि सातवें चरण के इन सभी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 144 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं, जिनमें 134 पुरुष व 10 महिला प्रत्याशी हैं। वहीं, दुद्धी विधानसभा उप निर्वाचन के लिए छह प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं।

## मोदी ने पूछा, नवीन बाबू की तबियत खराब होने के पीछे षड़्यंत्र तो नहीं

बारीपदा/बालासोर (ओडिशा), एजेंसी।



- कहा- 10 जून को ओडिशा में भाजपा की सरकार बनी तो विशेष समिति का गठन कर कराएंगे जांच

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के स्वास्थ्य में अचानक आई गिरावट के पीछे साजिश की आशंका जताते हुए बुधवार को वादा किया कि राज्य में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार बनी तो वह इस मामले की जांच के लिए एक समिति गठित करेगी।

मयूरभंज और बालासोर लोकसभा सीट पर चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए मोदी ने दावा किया कि पांच दशक के अंतराल के बाद केंद्र में लगातार तीसरी बार पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा, सवाल ये है कि नवीन बाबू की तबियत खराब होने के पीछे कोई षड्यंत्र है क्या? ये ओडिशा के लोगों को जानने का अधिकार है। कहीं इसमें उस लॉबी का तो हाथ नहीं है न जो नवीन बाबू के नाम पर पर्दे के पीछे ओडिशा में सत्ता भोग रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा इस रहस्य से पर्दा उठना जरूरी है। इसलिए 10 जून के बाद ओडिशा में भाजपा सरकार बनने के बाद हमारी सरकार एक स्पेशल कमेटी का गठन करेगी और ये जांच करेगी कि अचानक नवीन बाबू की तबियत क्यों गिरती जा रही है। उन्होंने कहा नवीन बाबू की बिगड़ती स्वास्थ्य स्थिति के पीछे के रहस्य को सामने लाया जाना चाहिए, क्योंकि राज्य के लोगों को इसका कारण जानने का अधिकार है। तमिलनाडु से ताल्लुक रखने वाले और पटनायक के करीबी माने जाने वाले बीजू जनता दल (बीजद) के नेता वी के पांडियन का परोक्ष रूप से उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि पूरा ओडिशा चाहता है कि कोई उड़िया राज्य का मुख्यमंत्री बने। उन्होंने कहा ओडिशा के लोगों ने राज्य में बीजद के 25 साल के शासन पर पूर्ण विराम लगाने का फैसला किया है।

### पटनायक का मोदी को जवाब, मेरी सेहत ठीक, कर रहा हूं चुनाव प्रचार



**भुवनेश्वर।** ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने बुधवार को कहा कि उनकी सेहत ठीक है और वह लोकसभा और राज्य विधानसभा चुनाव के लिए गत एक महीने से प्रचार कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा उन्होंने (प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी) पूर्व में सार्वजनिक रूप से कहा कि मैं उनका अच्छा मित्र हूं। उन्हें मात्र मुझे फोन करके मेरी सेहत की जानकारी लेनी थी लेकिन ओडिशा एवं दिल्ली में भाजपा के कुछ लोग मेरी सेहत को लेकर अफवाह फैला रहे हैं। उन्होंने कहा मैं प्रधानमंत्री को आश्वस्त करना चाहता हूं कि मेरी सेहत ठीक है और मैं राज्य में विगत एक महीने से चुनाव प्रचार कर रहा हूं। मोदी के बयान के कुछ घंटों के बाद ही पटनायक की यह प्रतिक्रिया आई है।

# शहर डुबोने की तैयारी, 85 नाले 50 फीसदी भी साफ नहीं हुए

## नाला सफाई की डेडलाइन को बचे सिर्फ 12 दिन, कई नालों के टेंडर तक नहीं हुए

**लापरवाही**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर के कई मोहल्ले इस बार बरसात में फिर डूबेंगे। शहर के नालों को साफ करने के लिये महज 12 दिन ही बचे हैं लेकिन 225 बड़े नालों में अभी तक 85 नाले 50 फीसदी भी साफ नहीं हो सके हैं। जो नाले साफ भी हो रहे हैं उनमें लापरवाही बरती जा रही है। नगर निगम के ठेकेदार तलीझार सफाई नहीं कर रहे हैं। 13 नाले ऐसे हैं जिनके आचार संहिता की वजह से टेंडर ही नहीं हो सके हैं। ऐसे में बरसात शुरू होते ही जलभराव की स्थिति विकराल रूप ले सकती है।

कानपुर में 26 से 28 जून के बीच मानसून दस्तक दे सकता है। ऐसे में समय से अगर नाला सफाई का कार्य पूरा नहीं हुआ तो शहर में जलभराव होना तय है। सीसामऊ नाला सफाई को लेकर पूरी ताकत लगा रखी है।



सीसामऊ नाले में पसरी गंदगी। अमृत विचार

ये शहर का सबसे बड़ा नाला है। लेकिन, नगर आयुक्त के निरीक्षण में यहां भी लापरवाही पकड़ी गई है। नगर निगम मुख्य अभियंता मनीष अवस्थी ने बताया कि जोन-3 और 5 में नाला सफाई का कार्य बेहद धीमी गति से किया जा रहा है। जांच में पाया गया कि यहां ज्यादातर बड़े नाले अभी पूरी तरह साफ नहीं हुए हैं। मुख्य अभियंता मनीष अवस्थी ने नाला सफाई में देरी पर चार अभियंताओं को नोटिस जारी की है। जोन-3 के जोनल अभियंता नानक चंद्र, जोन-5 के अधिशाषी अभियंता अतुल पांडे, जोन-5 के अवर अभियंता जीवेक और जोन-6 के जेई राकेश गुप्ता को नोटिस देकर तीन दिनों में जवाब मांगा गया है। इस बार इंजीनियरिंग विभाग के 224 बड़े नालों की सफाई में पांच करोड़ 11 लाख रुपए खर्च किए जा रहे हैं। नगर निगम रबिश प्रभारी रहमान ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के 1209 छोटे नालों की मानव द्वारा सफाई कराई जा रही है।

- 10 जून है नाला सफाई का आखिरी दिन, जोनल व अवर अभियंताओं को नोटिस जारी

### शहर के प्रमुख बड़े नाले

- रफाका नाला, सीओडी नाला, टैफ्को नाला, म्योर मिल नाला, सीसामऊ नाला, सरसैयाघाट नाला समेत और अन्य।

### बड़े नालों की सफाई का ये है हाल

| जोन | कुल नाले | 60% से कम सफाई | 90% तक सफाई | टेंडर नहीं |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 23 | 02 | 12 | 00 |
| 2 | 41 | 15 | 04 | 02 |
| 3 | 43 | 23 | 03 | 05 |
| 4 | 20 | 04 | 08 | 00 |
| 5 | 56 | 12 | 06 | 03 |
| 6 | 42 | 29 | 04 | 03 |

### 4 जोन के 13 नालों के टेंडर नहीं हुए

नगर निगम के चार जोन में स्थित 13 नालों के टेंडर नहीं हो सके हैं। ऐसे में इन नालों की सफाई शुरू होने का सवाल ही नहीं है। अधिकारियों अनुसार जोन 2 में 2 जोन तीन में 5 जोन पांच और छह में तीन-तीन नालों के टेंडर नहीं हुये है।

### सीओडी नाले से जलकुंभी हटाने के निर्देश

**कानपुर।** सीओडी नाला की सफाई कार्य के निरीक्षण में पाया गया कि मछरिया पुलिया के पास जलकुम्भी का कुछ भाग हटाया जाना शेष है। नाला में पड़ने वाली अधिकतर पुलिया के नीचे सफाई कार्य नहीं हुआ पाया गया। बाई पास ओवर ब्रिज के निकट स्थित पुलिया में सिल्ट निकाली जानी अभी बाकी है। मुख्य अभियंता ने समयसीमा के अंदर जलकुम्भी हटाने एवं समस्त पुलियों की सफाई करने के निर्देश दिया।



हंगामा कर रहे परिजनों को समझाती पुलिस। अमृत विचार



रोते बिलखते परिजन। अमृत विचार

# मारपीट में घायल युवक की हुई मौत परिजनों ने किया जमकर हंगामा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- चकेरी थानाक्षेत्र में नाली के विवाद में किया था हमला

**अमृत विचार।** चकेरी थानाक्षेत्र में नाली के विवाद में दबंगों ने एक परिवार पर चापड़ और लाठी डंडों से हमला कर दिया था। हादसे में घायल एक युवक ने दम तोड़ दिया। पोस्टमार्टम के बाद परिजन शव लेकर घर पहुंचे तो हंगामा शुरू हो गया। परिजन आरोपियों की गिरफ्तारी व मृतक की पत्नी को सरकारी नौकरी की मांग करने लगे।



सोनू रावत।

केडीए कालोनी रामपुरम निवासी गिरिजा देवी के अनुसार रविवार रात पड़ोसियों कमलेश, आकाश, विकास, भाजपा नेता चंदन सिंह राजावत समेत अन्य लोगों ने उनके बेटे सोनू रावत, रिंकू व राहुल पर नाली के पुराने विवाद के चलते चापड़, लाठी डंडों से हमला कर दिया था।

बीच बचाव करने पर आरोपियों ने उन्हें व बेटियों को पीट दिया था। मारपीट में बेटा सोनू, राहुल व बेटी नेहा, सोनम गंभीर रूप से घायल हो गए थे। जहां इलाज के दौरान सोनू ने बुधवार तड़के चार बजे हैलट के सामने निजी अस्पताल में दम तोड़ दिया।

परिजनों के अनुसार सोनू मशीन रिपेयरिंग का काम करता था। परिवार में पत्नी रीता व बेटा समर है। वहीं, दोपहर को पोस्टमार्टम के शव पहुंचते ही परिजनों ने हंगामा शुरू कर दिया। पुलिस ने परिजनों को आश्वासन देकर शांत कराया। एसीपी चकेरी दिलीप सिंह ने बताया कि दो आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

# शव बदलने की अफवाह पर हंगामा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बुधवार को पोस्टमार्टम हाउस में परिजन शव नहीं पहचान पाए तो शव बदल जाने का आरोप लगाकर जमकर हंगामा काटा। वह लोग उनके परिवार के सदस्य का शव दूसरे को दे देने का आरोप लगाते रहे। पोस्टमार्टम कर्मचारियों ने लिखापढ़ी में पहचान कराई। जिसके बाद वह लोग शांत हुए।

पनकी निवासी 35 वर्षीय शिवा सिंह एक कंपनी में प्राइवेट कर्मचारी था। शिवा शराब का लती था। मंगलवार सुबह उसकी मौत हो गई। मृतक के चाचा जमुना सिंह ने संदिग्ध हालात बताते हुए पुलिस को सूचना दे दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद मृतक की पत्नी पूजा ने चेहरा देखकर शव पहचानने से इंकार कर दिया।



पोस्टमार्टम हाउस में हंगामा करते परिजन। अमृत विचार

शव लेने से इंकार कर दिया और शव बदलने का आरोप लगाकर हंगामा कर दिया। पोस्टमार्टम हाउस के कर्मचारी बाहर आए और लिखापढ़ी में शिनाख्त कराई। जिसके बाद वह लोग शव लेकर चले गए। पोस्टमार्टम हाउस के कर्मचारी ने बताया कि गर्मी के कारण शरीर काला और फूल गया था। इसलिए परिजनों को आशंका हो गई थी।

# महिला को व्यापार के झगड़े में किया बदनाम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- आरोपी को साइबर क्राइम सेल टीम ने किया गिरफ्तार

**अमृत विचार।** सोशल मीडिया पर महिला को बदनाम करने के मामले में आरोपी को साइबर क्राइम सेल ने गिरफ्तार कर लिया है। जांच में पता चला है कि व्यापार के झगड़े का बदला लेने के लिए इंस्टाग्राम को हथियार बनकर वारदात को अंजाम दिया था। आपत्तिजनक फोटो अपलोड करके पीड़िता व उसके परिवारीजनों से गाली गलौज किया था।

जूही निवासी महिला ने साइबर क्राइम थाने पर शिकायत की थी कि उनके नाम की फर्जी इंस्टाग्राम आई डी बनाकर किसी अज्ञात व्यक्ति ने आपत्तिजनक न्यूड एडिटेड फोटो अपलोड की है। साइबर क्राइम सेल ने कार्रवाई शुरू की तो रोहित निवासी नौबस्ता पश्चिम घाटमपुर गिरफ्तार किया गया।

पुलिस की जांच में पता चला कि व्यापार के झगड़े का बदला लेने के लिए घाटमपुर निवासी रोहित ने महिला की फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर आपत्तिजनक फोटो अपलोड किया था। फर्जी आईडी में आपत्तिजनक फोटो अपलोड कर उसे व उसके पारिवारिक जनो से गाली-गलौज किया जा रहा था। इस हरकत का खुलासा क्राइम ब्रांच की साइबर टीम ने किया।

# कांशीराम अस्पताल के इलेक्ट्रॉनिक पैनल में आग

**कानपुर।** चकेरी थानाक्षेत्र के कांशीराम अस्पताल में इलेक्ट्रॉनिक पैनल में शार्ट सर्किट से धू-धूकर तार जलने लगे। अस्पताल कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। आनन-फानन कर्मचारियों ने अग्निशमन यंत्र से आग को बुझा दिया लेकिन आग के कारण कुछ देर के लिए अस्पताल की बिजली गुल हो गई। स्टॉफ ने जनरेटर चलवाकर मरीजों और तीमारदारों को राहत दी।

बुधवार दोपहर को कांशीराम अस्पताल के मोर्चरी के पास अचानक इलेक्ट्रॉनिक पैनल में शॉर्ट सर्किट हो गया। तेज आवाज होने पर उसमें धुंआ निकलने के साथ आग लग गई। कर्मचारियों ने अग्निशमन यंत्र से तार में लगी आग को बुझा दिया।

# वर्कशॉप में लगी आग जली कारें व कबाड़



आग से जल गईं कारें। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- दमकल की चार गाड़ियों ने आग पर काबू पाया

**अमृत विचार।** कल्याणपुर थानाक्षेत्र के अंबेडकरपुरम स्थित कार के वर्कशॉप में शार्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। तेज धुएं के साथ निकली आग की लपटों ने कुछ ही देर में दो कारें और वहां रखे कबाड़ को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे लाखों का नुकसान हो गया। दमकल कर्मियों ने आग को कुछ देर में बुझा लिया।

आवास विकास के अंबेडकरपुरम में स्थित हरिकिशन ओबेरॉय की एसबी कार की वर्कशाप में बुधवार दोपहर शार्ट सर्किट से आग लग गई। वर्कशाप बेसमेंट में स्थित होने के कारण धुआं भर गया। इससे आग बुझाने में दिक्कत हुई। आग से एक वैन और गाड़ियों के पार्ट्स और कबाड़ जलकर खाक हो गया। वहीं अन्य वहां खड़ी गाड़ियों को बाहर निकलवाया गया। फजलगंज और पनकी से दमकल की दो-दो गाड़ियां मौके पर पहुंची। तब तक आग पर काबू पा लिया गया। वर्कशाप में आग बुझाने के लिए पर्याप्त साधन नहीं थे। वर्कशाप बेसमेंट में स्थित होने के कारण तथा धुआं भरने के कारण आग बुझाने में मशक्कत करनी पड़ी। सीएफओ दीपक शर्मा ने बताया कि परिसर में अग्निशमन के इंतजाम प्रथम दृष्ट्या पर्याप्त नहीं पाए गए हैं। नोटिस देकर जवाब मांगा जाएगा।

### बिल्डिंग और प्लॉट में लगी आग

- मॉल रोड पर स्थित एक बिल्डिंग में आग की सूचना पर एफएस लाटूश रोड से यूनिट पहुंची और आग को पूर्ण रुप से बुझा दिया गया। समय रहते आग पर काबू पा लिया गया नहीं तो आग फैल सकती थी। इसी प्रकार नवाबगंज थानाक्षेत्र के लल्लनपुरवा में सूरज नारायण महाविद्यालय के पास खाली प्लॉट में आग लगने पर हड़कंप मच गया। एफएस कर्नलगंज से यूनिट घटनास्थल पर पहुंची और आग बुझाई।

# जेल का ताला टूट गया बाप तुम्हारा छूट गया...

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पुलिस जीप पर बैठे युवक वीडियो वायरल

**कानपुर।** जेल का ताला टूट गया, बाप तुम्हारा छूट गया... गाने के साथ एक इंस्टाग्राम रील बुधवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुई। वायरल रील में युवक पुलिस जीप पर बैठा हुआ है। वायरल रील बाबूपुरवा थानाक्षेत्र की बताई जा रही है। पुलिस युवक की तलाश में जुटी है। अमृत विचार अखबार इस वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।

बुधवार को सोशल मीडिया पर एक इंस्टाग्राम रील वायरल हुई। 15 सेंकेड की रील में युवक पुलिस जीप पर बैठा हुआ दिखाई पड़ रहा है, जो कि बाबूपुरवा पुलिस की बताई जा रही है। वायरल रील में युवक का नाम बाबूपुरवा थानाक्षेत्र निवासी धीरज ठाकुर बताया जा रहा है। रील विष्णु ठाकुर नाम के युवक की आईडी से वायरल हुई है। वीडियो वायरल होने के बाद डीसीपी साउथ रविंद्र कुमार ने मामले को संज्ञान में लिया। उन्होंने बताया कि जांच की जा रही है।



पुलिस जीप पर बैठा युवक।

# लेनदेन के विवाद में युवक को पीटा

**कानपुर।** चकेरी थानाक्षेत्र के सनिगवां इलाके में लेनदेन के विवाद में आरोपियों ने युवक की लाठी डंडों से जमकर पिटाई कर दी। पीड़ित ने चकेरी थाने में तहरीर दे दी है।

सनिगवां कांशीराम कॉलेनी निवासी जुनैद बाइक मकैनिक हैं। उनके अनुसार उन्होंने करीब चार माह पहले कॉलोनी के ही एक युवक को 15 हजार रुपये उधार दिए थे। आरोपी ने एक माह में रुपये वापस करने के लिए कहा था। लेकिन चार माह बीत जाने पर भी आरोपी ने रुपये वापस नहीं किए। जुनैद ने सोमवार को आरोपी के घर जाकर उससे रुपये मांगे। मंगलवार की रात को वह दुकान से वापस घर लौट रहे थे। तभी आरोपी ने नशे की हालत में उन्हें रोका और अपने साथी के साथ मिलकर उन्हें लाठी डंडे से पीट दिया।

# रत्तूपुरवा में भरा सीवर, बीमारी का खतरा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- मेट्रो ने क्षतिग्रस्त सीवर लाइन को ओवरफ्लो लाइन से मिलाया
- डीएम और जलकल को पत्र लिखकर की गुहार

**अमृत विचार।** मेट्रो की लापरवाही कई मोहल्लों के लिये भारी पड़ रही है। जलकल की अनुमति के बिना क्षतिग्रस्त सीवर लाइन को ओवरफ्लो लाइन से जोड़ने की वजह से टीपी नगर के रत्तूपुरवा में सीवर का गंदा पानी गलियों में भर गया है। गर्मी में सीवर भराव की वजह से बीमारियों और संक्रमण का खतरा उत्पन्न हो गया है। क्षेत्रीय पार्षद ने डीएम और संबंधित अधिकारियों को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की है।

पार्षद शालू सुनील कनौजिया ने बताया कि मेट्रो का कार्य कर रही संस्था सेम इंडिया द्वारा लगातार कार्य में अनियमितता बरती जा रही है। ट्रांसपोर्ट नगर में मस्जिद के पास सीवर लाइन पूर्व में पड़ी थी। सेम इंडिया ने उसे जलकल की बिना अनुमति के क्षतिग्रस्त करते हुए ओवरफ्लो लाइन मिला दी है। जिसकी वजह से रत्तुपुरवा ट्रांसपोर्ट नगर के आसपास के एरिया में सीवर भराव जटिल होता जा रहा है। इससे क्षेत्रीय लोग परेशान हैं। इसके अलावा अंडरग्राउंड गुणवत्ता विहीन केबल का कार्य किया गया। मेट्रो द्वारा नियमानुसार पानी का छिड़काव नहीं किया जा रहा। पार्षद शालू सुनील कनौजिया ने जिलाधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी, मंडलायुक्त, मैनेजिंग डायरेक्टर यूपीएमआरसी को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की है।



रत्तूपुरवा में भरा सीवर का पानी।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

# क्लासीफाइड

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**प्लाट बिकाऊ है**

26×100=2600 sqfit हाइवे से 150 metar अन्दर काली सड़क पर पानी बिजली व्यवस्था है। **पता : रानी बाजार सूबेदार का पुरवा, अमौना जिला– अयोध्या मो0नम्बर = 9721860359 9415548728**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं राममोहन पुत्र श्री विष्णु व रमा देवी पत्नी राममोहन निवासी ग्राम मुरैया थाना तिर्वा जनपद कन्नौज हम दोनों ने अपनी छोटी पुत्री शिल्पी के गलत आचरणों से दुखी होकर उससे सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। अब शिल्पी से हम दोनों व मेरे परिवार से कोई वास्ता और सरोकार नहीं रहा है।

**शीघ्र चाहिए**

कोठी, बंगला, अपार्टमेंट, फार्म हाउस के लिए नौकर–नौकरानी, आया, मैड, सर्वेंट, ड्राइवर, चौकीदार, कुक, बेबीकेयर, पेशेंट केयर, वेतन 11000 से 15000 रहना–खाना मेडिकल फ्री ड्यूटी दिल्ली पंजाब महाराष्ट्र, गुजरात नोएडा गाजियाबाद लखनऊ कानपुर मिले अपने आधार कार्ड फोटो के साथ 105 **दुर्गा मां टावर लालबाग लखनऊ, मो0– 8896030769 / 9554377000**

**सूचना**

मैं अमरेंद्र बहादुर सिंह (सेवा क्रमांक –2890871एम) पिता शालिनी सिंह, दिव्यांशी सिंह, कृष्ण बहादुर सिंह ग्राम–शिवपुर पोस्ट–गहरौली जिला– रायबरेली–229202। सत्यनिष्ठा से घोषित करता हूं कि मेरी सेना डिस्चार्ज बुक में मेरी बेटी और बेटे का नाम गलत लिखा गया है 1. शालनी सिंह का सही नाम है– शालिनी सिंह, 2. दिव्यांशी का सही नाम है– दिव्यांशी सिंह, 3. कृष्ण बहादुर सिंह का सही नाम है–कृष्ण बहादुर सिंह।

**सूचना**

मैंने पंजीकृत चिकित्सकों की देखरेख में शल्य चिकित्सा द्वारा अपना लिंग परिवर्तित करवा लिया है। मैं अपना लिंग परिवर्तन कराकर पुरुष बन गया हूं। मैंने अपनी पुरानी पहचान और पुराना नाम शालिनी शुक्ला का परित्याग कर दिया है। अब मुझे शालिनी शुक्ला के स्थान पर नये नाम शानु शुक्ला से जाना जाये। **शानु शुक्ला पुत्र योगेश शुक्ला निवासी सुल्तानपुर कला पोस्ट आईटीआई इटावा।**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं अपने चारों पुत्रों अनिल कुमार, सुनील कुमार, मनोज कुमार व सत्येन्द्र कुमार उर्फ लाली को उनके गलत चाल चलन, नशेबाजी एवं गलत व्यवहार के कारण अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखलर करता हूँ। उपरोक्त चारों पुत्रों द्वारा किये गये किसी भी कार्य की समस्त जिम्मेदारी स्वयं उनकी होगी। मुझसे कोई वास्ता सरोकार नहीं होगा। **हरीशंकर पुत्र महराजदीन निवासी ग्राम– पूरेलाल साहब मजरे निसगर परगना– सरेनी तह0 लालगंज, जिला– रायबरेली।**

**सूचना**

मेरी पुत्री का नाम आधार कार्ड सं. –921512215924 में त्रुटिवश नाम तनिषा मलिक (TANISHA MALIK) व जन्मतिथि 30.08. 2003 अंकित हो गयी है जबकि हाईस्कूल की मार्कशीट में नाम अदा मलिक (ADA MALIK) व जन्मतिथि–30.08.2006 है। जो सत्य एवं सही है। अतः आधार कार्ड में नाम अदा मलिक व जन्मतिथि–30. 08.2006 अंकित किया जाये **मलिक मोहम्मद, नि.–485/75ज, लकड़मंडी, जेलर कम्पाउंड, डालीगंज, निरालानगर, लखनऊ 226020**

**सूचना**

मेरे पुत्र के कक्षा आठ के स्थानांतरण प्रमाण पत्र में देव पुत्र जयवीर नाम अंकित हो गया है। जबकि उसका वास्तविक नाम देव यादव पुत्र जयवीर सिंह है। विद्यालय के प्रमाण पत्रों में उसका नाम देव यादव पुत्र जयवीर सिंह ही अंकित करते हुए स्थानांतरण प्रमाण पत्र निर्गत किया जाए। **जयवीर सिंह पुत्र रनवीर सिंह निवासी नगला सूरजमन मौजा गींजा सैफई, इटावा।**

**हेल्थ जोन** हानिकारक रसायन घुटनों के कार्टिलेज खराब करता, कड़ाही में घंटों जलता रहता तेल भी हानिकारक

# ज्यादा पाम ऑयल-रिफाइंड खाने से घुटना खराब

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** अगर आप रोज बाहर का खाना खाने के शौकीन हैं तो यह खबर आपको जागरूक करने के लिए है। होटल या रेस्टोरेंट में रोज खाना खाने की वजह से घुटने की सेहत बिगड़ रही है। क्योंकि यहां पर खाना बनाने में पाम ऑयल और रिफाइंड का इस्तेमाल अधिक होता है। साथ ही कड़ाही में भी घंटों तेल जलता रहता है। इससे तैयार पदार्थों का लगातार सेवन से हानिकारक रसायन घुटनों के जोड़ व कार्टिलेज में जाकर उसे प्रभावित करने लगते हैं। इससे कई लोगों की युवावस्था में ही घुटने की झिल्ली तक सूख जा रही है।

हैलट अस्पताल के आर्थो विभाग की ओपीडी में प्रतिदिन औसतन 150 मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। इन मरीजों में से वर्तमान में 60 से 70 मरीज घुटने में सूजन, गठिया व घुटने की झिल्ली सूखने की समस्या से पीड़ित मिल रहे हैं, जिनमें महिलाओं की संख्या अधिक है।



हैलट में मरीज का एक्सरे देखते डॉ. फहीम अंसारी।

इसके अलावा गठिया के मरीजों के घुटने में सूजन और झिल्ली में सूखापन की भी समस्या हो रही है। ऐसे मरीजों को चलने-फिरने में दिक्कतों का भी सामना करना पड़ रहा है।

जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में आर्थो विभाग के सह आचार्य डॉ.फहीम अंसारी ने बताया कि कोविड के बाद से लोगों में घुटने से संबंधित समस्या अधिक बढ़ गई है। जहां गठिया या घुटने में सूजन और झिल्ली में सूखापन की समस्या बुजुर्गों में देखने को मिलती है। वहीं, अब यह समस्या अब 20 से 50 वर्ष के लोगों में मिल रही है। ऐसे मरीजों की आरए फैक्टर और एनटीसीसीपी जांच कराई जाती है, जिनमे 10 से 15 मरीजों में आरए फैक्टर पॉजिटिव मिल रहा है, जो कि गंभीर विषय है। सब्जी व फल में मिलावट और अशुद्ध खाना खाने से यह समस्या अधिक बढ़ रही है।

### कोलेस्ट्राल की प्रोफाइल बिगड़ती

पाम आयल के ज्यादा इस्तेमाल से कोलेस्ट्राल की प्रोफाइल गड़बड़ा जाती है, जिससे जोड़ों पर काफी असर पड़ता है। वही, रिफाइंड के सीड आयल से भी घुटने के जोड़ों पर काफी बुरा असर पड़ता है। खासकर युवाओं में। इसके अलावा जब दोनों का मिश्रण होता है तो वह और हानिकारक साबित होता है।

### ये भी है मुख्य वजहों में शामिल

सह आचार्य डॉ.फहीम अंसारी ने बताया कि टाइफाइड, वायरल फीवर समेत आदि बीमारी की वजह से शरीर का इम्यून सिस्टम कमजोर हो जाता है। तब ऑटो इम्यूनिटी शरीर में डेवलप हो जाते है। यह सिस्टम भी जोड़ की झिल्ली के खिलाफ एंटीबॉडी बनाने लगते हैं, जिससे जोड़ों में दिक्कत होने लगती है। इसलिए ऑटोइम्यून बीमारी का पता लगाने के लिए मरीज की पूरी मेडिकल हिस्ट्री की जानकारी लेने के साथ ही फिजिकल एग्जामिनेशन भी किया जाता है। इसके बाद खून में ऑटो एंटीबॉडीज का पता लगाने के लिए ब्लड टेस्ट कराया जाता है।

आज का मौसम
तेज धूप रहेगी उमस के बीच गर्म हवा चलेगी।

46.8° अधिकतम तापमान | 29.8° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05 : 16 | सूर्यास्त 06 : 57

## एक नजर

### मेट्रो कर्मी की मौत, हंगामा

**कानपुर।** फीलखाना थानाक्षेत्र में फूलबाग में मेट्रो निर्माण के लिये खुदाई करते समय जेसीबी चालक की तबीयत खराब हो गई। कर्मचारियों ने उसे उर्सला अस्पताल में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। साथियों की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने लापरवाही से मौत का आरोप लगाकर हंगामा किया। इस संबंध में फीलखाना प्रभारी निरीक्षक रवींद्र कुमार ने बताया मृतक की पहचान चौबेपुर निवासी विमल गौतम के रुप में हुई है। शव पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया है। तहरीर और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### हल्दी पाउडर, टोमैटो सॉस में मिला रंगा

**कानपुर।** खाद्य विभाग की टीम ने मिलावट के खिलाफ बुधवार को घंटाघर, हालसी रोड में छापेमारी कर अभियान चलाया। खाद्य विश्लेषक विजय कुमार यादव ने अलग-अलग दुकानों पर खाद्य सामग्री की जांच की। इसमें संदेह होने पर 42 खाद्य नमूनों की जांच की गई। हल्दी पाउडर, टोमैटो सॉस और चाय की पत्ती में रंग की उपस्थिति मिली। वहीं, पनीर के एक नमूने में स्टार्च की मौजूदगी मिली।

### सिद्धनाथ घाट का कार्य 15 दिनों में करने को कहा

**कानपुर।** जोन-2 स्थित सिद्धनाथ घाट मन्दिर पर चल रहे कार्य में गेट का निर्माण, मन्दिर के प्रांगण में पत्थर लगाने का कार्य एवं कारीडोर के कार्य प्रगति पर पाया गया। 15 दिवस में कार्य पूर्ण कराने को कहा गया। ही जोन-2 स्थित नई चुंगी रोड पर चल रहे सुन्दरीकरण के कार्य का भी निरीक्षण जोनल अभियन्ता एवं ठेकेदार के साथ किया। अवगत कराया गया कि फुटपाथ का चिन्हीकरण कर लिया गया है एक सप्ताह के अन्दर फुटपाथ पर इण्टरलाकिंग का कार्य प्रारम्भ करते पूरा किया जायेगा।

# भस्म करने वाली गर्मी, आठ की मौत, 35 साल का रिकॉर्ड टूटा


धूप से बचने को सिर ढककर चले लोग। अमृत विचार

❍ दिन का तापमान 46.8 डिग्री सेल्सियस पर पहुंचा ❍ इससे पहले 1987 में काफी गर्म रही थी 29 मई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** गर्मी का सितम कम नहीं हो रहा है। बुधवार को नौतपा ने पूरे शहर को तपाया और अधिकतम तापमान 46.8 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। 29 मई की गर्मी का 35 साल पुराना रिकॉर्ड टूट गया। इससे पहले 29 मई 1987 में अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस रहा था। भीषण गर्मी के प्रकोप से बुधवार को शहर में दरोगा आठ लोगों की मौत हो गई। मौसम विशेषज्ञों ने कहा कि शुक्रवार तक गर्मी नए रिकॉर्ड बना सकती है। झुलसा देने वाली गर्मी की वजह से शहरवासी बेहाल रहे। बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा। रेलवे स्टेशन और बस अड्डे पर भी यात्री हलकान रहे।

मौसम विभाग ने सुबह 7 बजे ही तापमान 32.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया। सुबह 9 बजे अधिकतम तापमान 36.2 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। दोपहर एक बजे तक आते-आते तापमान 44 डिग्री सेल्सियस पार कर चुका था। दमघोंटू गर्मी व तेज लपट भरी हवाएं दोपहर को आसमान से आग बरस रहीं थी। गर्मी की वजह से सड़कों पर सन्नाटा रहा। बाजारों में भी दुकनदार ग्राहकों का इंतजार करते रहे। दोपहर तीन बजे तक पारा 46.8 डिग्री सेल्सियस को छू गया। धूप और तपिश से बचाव के लिए लोग शरीर व सर को कपड़े से ढक कर निकले। सीएसए विवि के मौसम विभाग के मौसम विशेषज्ञ डॉ. एसएन सुनील पाण्डेय ने बताया कि राजस्थान से आ रहीं हवाओं की वजह से मौसम में तपिश बढ़ी है। हवाओं के मंद होने की आशंका है। तापमान में एक से दो डिग्री और बढ़ावा हो सकता है।

### जगह-जगह पड़े मिले शव

**कानपुर।** भीषण गर्मी के प्रकोप से बुधवार को शहर में आठ लोगों की मौत हो गई। फजलगंज चौराहे के पास 62 वर्षीय वृद्ध महिला और 65 वर्षीय पुरुष का शव सड़क पर पड़ा मिला। लू से मौत की बात कही गई। सेंट्रल पार्क के पास मंदिर के निकट 32 वर्षीय युवक का शव मिला। इसके अलावा चकेरी में एक मानसिक मंदित युवक का शव मिला। पहचान न होने की वजह से शवों को मार्चुरी के लिए भिजवा दिया गया। फजलगंज इंस्पेक्टर सुनील कुमार सिंह ने बताया कि गर्मी के प्रकोप के कारण उनकी मौत होना प्रतीत हो रहा है। मूलगंज थानाक्षेत्र में चौराहे के पास एक अज्ञात 32 वर्षीय अज्ञात युवक का शव पड़ा मिला। उसके शव को भी मार्चुरी भिजवा दिया गया। महाराजपुर थाना क्षेत्र के सरसौल में एक व्यक्ति का शव मिला। मृतक मानसिक विक्षिप्त बताया जा रहा है। उसकी शिनाख्त नहीं हुई है। लू लगने से मौत बताई गई।

### बर्रा आठ में पड़ा मिला युवक का शव

गुजैनी थानाक्षेत्र में बुधवार दोपहर एक युवक का शव मिला। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी। थाना प्रभारी विनय कुमार तिवारी ने बताया कि बुधवार दोपहर बर्रा आठ स्थित ब्लिस हॉस्पिटल के पास युवक की मौत हो गई।

# रोडवेज बस में उल्टी के बाद दरोगा की मौत

कार्यायल संवाददाता, कानपुर

● उन्नाव सफीपुर से लौट रहे थे दरोगा, झकरकटी बस अड्डे में मिले बेहोश

**अमृत विचार।** सफीपुर उन्नाव स्थित ट्रेनिंग सेंटर से रोडवेस बस से कानपुर देहात जा रहे दरोगा झकरकटी बस अड्डे में बेहोश हो गए। बस चालक व परिचालक ने घटना की जानकारी बाबूपुरवा पुलिस को दी। पुलिस ने दरोगा को कांशीराम अस्पताल भिजवाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। लू या हार्ट अटैक से मौत की आशंका जताई जा रही है।

प्रयागराज निवासी दरोगा राजुल प्रसाद शुक्ला कानपुर देहात के भोगनीपुर थाने में तैनात थे। बुधवार को वह उन्नाव सफीपुर स्थित काली मिट्टी ट्रेनिंग सेंटर से विकास नगर डिपो की बस से लौट रहे थे। बस चालक राजेश व परिचालक सुशील कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि बस सीओडी पुल के पास पहुंची थी, तभी दरोगा को उल्टियां होने लगीं। बस जब तक झकरकटी बस अड्डे पहुंची, तब तक दरोगा बेहोश हो गए। इसके बाद बस चालक ने मामले की जानकारी बाबूपुरवा पुलिस को दी।

सूचना पर पहुंचे ट्रांसपोर्ट नगर चौकी प्रभारी विकास शर्मा ने दरोगा को कांशीराम अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

चिकित्सकों ने बताया कि दरोगा की हार्ट अटैक या लू लगने से मौत की आंशका है। थाना प्रभारी ने बताया कि शव को मोर्चुरी में रखवा कर दरोगा के परिजनों को सूचना दे दी गई है।

# ट्रेनों के एसी फेल, यात्री गर्मी से हुए बेहाल

**कानपुर।** इस भीषण गर्मी में दिल्ली, हावड़ा, झांसी रूट पर ट्रेनों में सफर बेहाल कर रहा है। ट्रेनों की लेटलतीफी के साथ एसी कूलिंग न होने से यात्री परेशान है। बुधवार को ही दो स्पेशल ट्रेनों के यात्री गर्मी और उमस से बेहाल रहे। नई दिल्ली से चलने वाली 15484 महानंदा एक्सप्रेस का एसी बुधवार को गड़बड़ा गया। कूलिंग न होने से गर्मी से बेहाल यात्रियों ने ट्वीट कर इसकी शिकायत रेलवे अधिकारियों से की। कानपुर सेंट्रल पर ट्रेन 3:00 बजे प्लेटफार्म नंबर पांच पर आई। सूचना पर पहुंची इलेक्ट्रिक टीम ने एसी कोच को जांच-पड़ताल का कूलिंग सेट की । इसके बाद ट्रेन को 20 मिनट बाद रवाना किया गया। बता दें कि 15484 महानंदा एक्सप्रेस का एक बी-फोर कोच में कूलिंग न होने से लोग परेशान थे। यात्री आरिफ राजा ने ट्वीट कर बताया कि एसी सही से काम नहीं कर रहा था। इसी तरह नई दिल्ली से बरौनी जाने वाली 02564 स्पेशल ट्रेन में एम-थ्री कोच में यात्री कूलिंग न होने से परेशान थे। गर्मी की वजह से लोगों को बैठना मुश्किल था।

# उर्सला अस्पताल में हीट स्ट्रोक के 50 मरीज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


उर्सला अस्पताल के हीटस्ट्रोक वार्ड में भर्ती बीमार लोग। अमृत विचार

● इमरजेंसी के पास बने वार्ड को बनाया गया हीट स्ट्रोक वार्ड
● वार्ड में लगाए गए 10 एसी आईसपैक की व्यवस्था भी

**अमृत विचार।** शहर में गर्मी का कहर अपने चरम पर है। कई लोगों को बेहोशी, चक्कर, सिर में दर्द व उल्टी की समस्या हो रही है। कई मरीज हीट एग्जॉस्शन व हीट स्ट्रोक की चपेट आकर उर्सला अस्पताल पहुंच रहे हैं। एक सप्ताह में ही 50 मरीज उर्सला में भर्ती हो चुके हैं।

उर्सला अस्पताल की मेडिसिन विभाग की ओपीडी में इन दिनों चार सौ से अधिक मरीज इलाज के लिए पहुंच रहे हैं।

अधिकांश मरीज बुखार, सिर, पेट में दर्द, उल्टी, कमजोरी, घबराहट, अधिक थकान व डायरिया की समस्या बता रहे हैं। हीट स्ट्रोक की चपेट में आकर भी लोग उर्सला अस्पताल पहुंच रहे हैं। मरीजों की सुविधा के इमरजेंसी के बगल में ही वार्ड नंबर एक में हीट स्ट्रोक वार्ड बनाया गया है, जिसमे 30 बेड की सुविधा है। इस वार्ड में 10 एसी भी लगाए गए हैं। सोमवार को रिकार्ड 14 मरीज हीट स्ट्रोक के लक्षण युक्त पहुंचे। उर्सला अस्पताल के निदेशक डॉ.एचडी अग्रवाल ने बताया कि हीट स्ट्रोक वार्ड का प्रभारी सीएमएस डॉ.वीसी पाल को बनाया गया है। मरीजों का डाटा पोर्टल पर भी फीड कराया जा रहा है। वार्ड में 10 एसी लगाए गए हैं, इसके साथ ही आईसपैक की भी सुविधा है।

### लू लगने के लक्षण

- पसीना निकलना बंद हो जाना
- उल्टी आना और शरीर में तेज दर्द
- जी मिचलाना और तेज बुखार
- मांसपेसियों में ऐंठन, त्वचा सूखी
- दस्त लगने के साथ डिमेंशिया
- धड़कन तेज होना, चक्कर आना

### यात्रियों को हुई परेशानी

भीषण गर्मी में स्टेशन और बस अड्डों पर यात्रियों को खासी परेशानी उठानी पड़ी। ट्रेनों के भीतर यात्रियों की भारी भीड़ भी यात्रा मुश्किल कर रही थी। झकरकटी बस अड्डे पर भी धूप और प्यास से परेशान यात्री बेहाल रहे। बस अड्डे पर पानी के सीमित साधन होने से यात्री पानी की बोतले और पाउच खरीदने का मजबूर रहे।


पुलिस की गिरफ्त में लुटेरे विशाल (पीली टी शर्ट) और बुजुर्ग लुटेरा अश्वनी। अमृत विचार

# 62 साल के बुजुर्ग ने लूटी थी चेन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

▸▸ साथी के साथ भी की टप्पेबाजी थमा दी थी नकली चेन
▸▸ 200 सीसीटीवी कैमरे तलाशने के बाद लगा सुराग

**अमृत विचार।** 27 मई को इनाम में टीवी, फ्रिज निकलने का झांसा देकर वृद्धा की चेन लूटने वाले दो लुटेरों को किदवई नगर पुलिस ने गिरफ्तार किया। गिरफ्तार लुटेरों में 62 साल के वृद्ध ने महिला की चेन लूटी थी। घटना को अंजाम देने के बाद शातिर ने अपने साथी को नकली चेन बेचने के लिए पकड़ा दी। साथी लुटेरा जब चेन बेचने पहुंचा तब उसे अपने साथ हुई टप्पेबाजी का अहसास हुआ।


लाल कालोनी निवासी निशा सक्सेना (63) अकेले रहती हैं। 27 मई की दोपहर करीब साढ़े तीन बजे स्कूटी सवार दो युवक उनके घर पहुंचे और बेटे का इनाम में टीवी, फ्रिज निकलने का झांसा देकर उसका बेटे का नंबर मांगा। नंबर देने से मना करने के बाद वह वापस मुड़ीं तभी पीछे से झपट्टा मार कर एक लुटेरे ने उनकी चेन छीन ली और भाग गए। किदवई नगर पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर लुटेरों की तलाश शुरू कर दो लुटेरों को गिरफ्तार किया। डीसीपी साउथ रविंद्र कुमार ने बताया कि किदवई नगर पुलिस ने करीब 200 सीसीटीवी कैमरे की जांच की, जिसमें स्कूटी का नंबर मिला। नंबर के आधार पर पुलिस ने 11 ब्लॉक गोविंद नगर निवासी अश्वनी दुग्गल (62) व किदवई नगर, लेबर कॉलोनी निवासी विशाल गुलाटी को गिरफ्तार किया। अश्वनी ने वृद्धा की चेन तोड़ी थी। चेन बेंच कर वह लखनऊ चला गया था। अश्वनी ने साथी विशाल को नकली चेन बेचने को दे दी थी। पकड़े गए लुटेरे विशाल गुलाटी ने बताया कि वह चेन बेचने पहुंचा तो उसे ज्वैलर्स ने बताया कि चेन नकली है। जिसके बाद उसने अश्वनी ने शिकायत की तो उसने वृद्धा के नकली चेन पहने होने की बात कही थी। अश्वनी के खिलाफ किदवई नगर में चोरी, लूट व स्वरूप नगर में चोरी के मुकदमें दर्ज हैं।

# 10 हजार घूस लेते वन विभाग का क्लर्क गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● पेंशन की फाइल पास कराने के नाम पर मांगे थे 20 हजार रुपये
● 15 हजार में तय हुआ था सौदा 10 हजार रुपये देने गया था


पीड़ित वन दरोगा।


आरोपी लिपिक।

**अमृत विचार।** पेंशन की फाइल पास कराने के नाम पर रिटायर्ड वन दरोगा से 10 हजार रुपये की घूस लेते लिपिक को एंटी करप्शन की टीम ने रंगेहाथ धर दबोचा। लिपिक के खिलाफ किदवई नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने के बाद एंटी करप्शन टीम आरोपी को लखनऊ लेकर रवाना हो गई।

बर्रा दो ईडब्ल्यूएस निवासी धीरेंद्र कुमार बाजपेई वन प्रशिक्षण केंद्र (एफटीआई) में वन दरोगा के पद पर कार्यरत थे। 30 अप्रैल 2023 को उनका रिटायरमेंट हुआ था। बताया कि 13 महीने से पेंशन के लिए वह संजय वन स्थित एफटीआई कार्यालय के वरिष्ठ लिपिक बृजेंद्र सिंह के चक्कर लगा रहे थे, 22 मई को वह बृजेंद्र सिंह से मिलने कार्यालय गए तो उसने 20 हजार रुपये देने पर फाइल पास करने की बात कही। वन दरोगा धीरेंद्र ने 25 मई को एंटी करप्शन टीम से शिकायत की। वरिष्ठ लिपिक ने उन्हें बुधवार सुबह सात बजे संजय वन स्थित आवास के पास बुलाया। एंटी करप्शन टीम के प्रभारी निरीक्षक जटाशंकर ने धीरेंद्र को 500 के 20 नोटों का नंबर नोट कर उनमें फिलैन्थीन पाउडर मिला कर दिया। इसके बाद टीम में शामिल निरीक्षक एकता त्यागी, अर्चना शुक्ला, ठाकुर दास, सब इंस्पेक्टर देव प्रकाश मिश्रा, नंदेश्वर द्विवेदी ने संजय वन के आसपास जाल बिछाया। बुधवार सुबह धीरेंद्र ने लिपिक को 10 हजार रुपये दिए, जिस पर एंटी करप्शन टीम ने उसे धर दबोचा। टीम ने वरिष्ठ लिपिक के हाथ धुलवाए जिनमें केमिकल मिला। टीम आरोपी बृजेंद्र को लेकर किदवई नगर थाने पहुंची।

# बैजनाथ ज्वैलर्स के शोरूम और दो दुकानों में लाखों की चोरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


बैजनाथ ज्वैलर्स शोरूम में पूछताछ करती पुलिस। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कर्नलगंज थानाक्षेत्र में एक नकाबपोश चोर ने पीपीएन मार्केट में स्थित एक ज्वैलर्स शोरूम समेत तीन दुकानों को मंगलवार देर रात अपना निशाना बनाया। सुबह जब दुकान मालिक पहुंचे तो उन लोगों को चोरी की जानकारी हुई। ज्वैलर्स शोरूम से जहां लाखों के चांदी के आभूषण चोरी हुए हैं, वहीं दो अन्य दुकानों से नकदी और खाने पीने की चीजें गायब थीं। ज्वैलर्स में लगे सीसीटीवी में एक नकाबपोश चोर कैद हुआ है, जिसकी पुलिस तलाश कर रही है। बताया जा रहा है, कि चोर एसी के एग्जास्ट को हटाकर दुकान के पीछे के रास्ते से अंदर घुसा। व्यापारियों ने मुख्य सड़क पर वारदात होने पर पुलिस की गश्त पर सवाल उठाए हैं।

पीपीएन मार्केट में वर्षों पुरानी बैजनाथ ज्वैलर्स शोरूम की बड़ी फर्म है। तिलक नगर सागर विला निवासी शोरूम मालिक दिलीप अग्रवाल के अनुसार रात में शोरूम के पीछे एसी का एग्जास्ट हटाकर अंदर घुसा नकाबपोश चोर ऊपर से जीने के सहारे नीचे उतरा। इसके बाद उसने वहां बॉक्स में रखे चांदी के लाखों के आभूषण चोरी कर लिए। इसके बाद वह वापस उसी रास्ते से ऊपर गया और बगल की जेगब टेलर्स की दुकान में अंदर घुस गया। दुकान मालिक कर्नलगंज तिकोनिया पार्क निवासी इकबाल अहमद ने बताया कि चोर ने ब्रांडेड कंपनी के कपड़े और आठ हजार रुपये नकद चोरी कर लिए। यहां घटना को अंजाम देने के बाद चोर फिर छत पर वापस गया और बगल की शार्प टेलीकॉम को निशाना बनाया।

दुकान मालिक शरफ निवासी तलाक महल ने बताया कि चोर ने उनकी दुकान का दरवाजा का लॉक जीने से उतरकर तोड़ दिया। इसके बाद वहां रखे ब्रांडेड पर्स, हैंडफ्री, कोल्ड्रिंक, आईसक्रीम और 15 हजार रुपये नकद पार कर दिया। सूचना पर पहुंची कर्नलगंज पुलिस ने जांच की और डीसीपी सेंट्रल आरएस गौतम भी फोरेंसिक टीम के साथ पहुंचे। पीड़ितों ने थाने में मामला दर्ज कराने के लिए तहरीर दे दी है।

### सीसीटीवी और बिजली का कनेक्शन काट दिया

शातिर नकाबपोश चोर ने सीसीटीवी फुटेज से लेकर के बिजली के कनेक्शन काट दिए थे। मार्केट के पीछे छत पर जाकर पुलिस ने देखा तो एसी का एग्जास्ट निकला हुआ था। बिजली का कनेक्शन सही कराकर सीसीटीवी फुटेज देखा गया तो पता चला कि चोर शोरूम के अंदर आया और जो काउंटर में चांदी के आभूषण रखे थे, उसे पार कर दिया। स्टॉफ का कहना था कि नुकसान का अंदाजा नहीं लगाया जा सकता है क्योंकि स्टॉक मिलाया जा रहा है।

### एक पर्चे में चोर लिखकर गया @ok

टेलीकॉम के मालिक शरफ ने बताया कि चोर उनकी दुकान में घटना को अंजाम देने के बाद डेस्क पर रखे उनके लेपटॉप के ऊपर एक कागज में @ok बनाकर गया है। जिससे देखकर पुलिस भी चकरा गई। फोरेंसिक टीम ने उसे जांच के लिए अपने कब्जे में ले लिया।

### कई बार हो चुकीं चोरियां कुछ होता नहीं

आक्रोशित दुकानदारों का कहना था कि कई बार इस मार्केट में चोरियां हो चुकी हैं। वह लोग थाना पुलिस को प्रार्थना पत्र देते-देते थक गए हैं। आरोप था कि कभी कुछ नहीं होता है, पुलिस केवल आकर जांच करती है, लेकिन कभी मामले का खुलासा नहीं होता है।

### पुलिसिया गश्त की खुली पोल, आक्रोश

पीपीएन मार्केट में बड़े शोरूम और दुकानें हैं। यहां दुकान मालिक सुरक्षा के लिए सिक्योरिटी गार्ड को दिन रात लगाते हैं। ऐसे में मंगलवार रात सुरक्षाकर्मी शोरूम के बाहर बैठे रहे और चोर अपना काम करता रहा। घटना की जानकारी होने पर व्यापारी आक्रोशित हो उठे। उन लोगों का कहना था कि जब मुख्य सड़क की दुकानों में चोरी हो रही है, तो अंदर की सुरक्षा भगवान ही भरोसे है। उन लोगों ने कहा कि इस घटना के बाद पुलिस के गश्त की पोल खुलकर रह गई है।

### दुकान मालिक से लेकर सिक्योरिटी गार्ड तक से पूछताछ

डीसीपी सेंट्रल ने मामले की गंभीरता को देखते हुए दुकान मालिक से लेकर वहां सुरक्षा के लिए तैनात सिक्योरिटी गार्ड से भी पूछताछ की। पुलिस को एक सीसीटीवी फुटेज मिला है, जिसमें एक नकाबपोश कैद हुआ है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जाएंगे। दुकान के पीछे के भी सीसीटीवी फुटेज व आने जाने वाले रास्तों के फुटेज खंगाल जा रहे हैं।

### पूरी मार्केट के पीतल के तार काट ले गए

चोरी की घटना की जानकारी जैसे ही अन्य दुकानदारों को हुई तो वहां पर जमघट लग गया। उन लोगों का कहना था कि अभी एक माह पहले ही पूरी मार्केट के बिजली के पीतल के तार चोर काट ले गए थे। जिससे लाइट नहीं आई थी। उन लोगों ने विभाग को सूचना देने के बाद नए तार डलवाए थे।


टूटा ताला दिखाता दुकानदार।

अराजकता

अधिकारी बोले, जवाब देने की स्थिति में नहीं हैं, लखनऊ तक पहुंचा मामला

# अभी भी गंगा में गिर रहा सीसामऊ नाला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** गंगा नदी में बुधवार को सातवें दिन भी सीसामऊ नाले से सीवेज गिरता रहा। कार्यदायी संस्था मेसर्स कानपुर रिवर मैनेजमेंट एफआईआर होने के बाद भी बाज नहीं आ रही है। कंपनी ने खराब दो पंपों को सही करने के लिये 28 मई तक का समय मांगा था। लेकिन अपने वादे पर कंपनी के अधिकारी खरे नहीं उतर सके हैं। इसी वजह से बुधवार को भी गंगा में बिना रुके नाले का सीवेज गिरता रहा। वहीं, जलनिगम ग्रामीण के अधिकारियों ने कहा कि वह इस मामले में जवाब देने की स्थिति में नहीं हैं।

गंगा में गिर रहे सीसामऊ नाले के सीवेज को लेकर परियोजना अभियंता गंगा प्रदूषण नियंत्रण ईकाई नवाबगंज ने कार्यदायी संस्था मेसर्स कानपुर रिवर मैनेजमेंट के निदेशक समेत तीन लोगों के खिलाफ झरने व जलाशय को गंदा करने, धोखाधड़ी, जल प्रदूषण का निवारण और नियंत्रण अधिनियम समेत अन्य धाराओं में ग्वालटोली थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। इसी मामले में आर्थिक दंड भी लगाया गया है। इसके बावजूद कंपनी की कार्य प्रणाली में कोई फर्क नहीं पड़ रहा है। एनजीटी और सरकार के नियमों को ताक पर रखकर कंपनी सीवेज को गंगा नदी में गिरा रही है। इससे गंगा का पानी प्रदूषित हो रहा है। गंगा के आस-पास के स्थानीय लोग दूषित पानी की पीने को मजबूर हैं। पंपिग स्टेशन में जल शोधन का काम 25 अगस्त 2021 से कानपुर रिवर मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पास है। भैरो घाट स्थित सीवेज पंपिंग स्टेशन से सीसामऊ नाला सीधे गंगा में गिर रहा है। जलनिगम अधिकारियों की तहरीर पर कंपनी के निदेशक प्रकाश शुक्ला, प्रभारी अनिर्बन मुखर्जी व प्लांट इंचार्ज कुलदीप सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है लेकिन गंगा में नाले का गिरना बंद नहीं हुआ।

> मैं एक बैठक में हूं। मैं अभी जवाब देने की स्थिति में नहीं हूं।
>
> – ज्ञानेंद्र चौधरी प्रोजेक्ट मैनेजर, जलनिगम (ग्रामीण)

### छह में से दो पंप खराब, एक रिजर्व में

भैरो घाट स्थित सीवेज पंपिंग स्टेशन पर छह पंपों में दो खराब हैं। जिन्हें सही नहीं कराया गया है। कार्यदायी संस्था केआरएमपीएल को सौ फीसदी सीवेज का पंप करके एसटीपी में भेजना था लेकिन कंपनी की ओर से लगातार लापरवाही बरती जा रही है। जल निगम की गंगा प्रदूषण नियंत्रण इकाई के सहायक परियोजना अभियंता विपिन कुमार पाल और अधिशाषी अभियंता खंड कार्यालय अंकित सिंह और परियोजना अभियंता वैभव श्रीवास्तव ने कंपनी पर कार्रवाई के लिये तहरीर दी है। लेकिन, इसके बावजूद कोई सुधार नहीं हुआ है।

# ऑनलाइन नौकरी का झांसा दे ठगी

**कानपुर।** रेलबाजार थानाक्षेत्र में साइबर ठग ने ऑनलाइन नौकरी देने का झांसा देकर खाते से 50 हजार रुपये उड़ा दिए। जानकारी होने पर पीड़ित ने रेलबाजार थाने में मामले की शिकायत की है।

मीरपुर निवासी मोहम्मद रिजवान के अनुसार सोमवार को उन्होंने फेसबुक पर ऑनलाइन नौकरी कर घर बैठे रुपये कमाने का विज्ञापन देखा था। जिस पर दिए गए नंबर पर उन्होंने फोन किया। फोन करने वाले ने ऑनलाइन फॉर्म भरने की बात कहते हुए मोबाइल पर एक लिंक भेजा। लिंक को क्लिक करते ही उनका मोबाइल हैंग हो गया। बाद में खाते से पचास हजार रुपये निकल जाने का मैसेज आया। घटना के बाद उन्होंने बैंक और रेलबाजार थाने में शिकायत की।

## एक नजर

### 25 हजार का इनामिया बदमाश गिरफ्तार

**कानपुर।** रायपुरवा पुलिस ने 25 हजार के इनामिया रोहित कुमार उर्फ लकी निवासी लालकुर्ती को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार गौड़ ने बताया कि आरोपी चोरी के मुकदमे में वांछित चल रहा था। डीसीपी के आदेश पर उस पर 25 हजार का इनाम घोषित किया गया था।

### युवती को बरामद कर परिजनों को सौंपा

**कानपुर।** श्याम नगर निवासी नवीन वर्मा की 20 वर्षीय पुत्री परीक्षा में अच्छे अंक न आने के कारण डिप्रेशन में घर से बिना बताए चली गई थी। जिसके बाद उन्होंने पुलिस से मदद की गुहार लगाई थी। इस पर पुलिस उपायुक्त पूर्वी श्रवण कुमार सिंह के निर्देश पर चकेरी पुलिस ने युवती को सकुशल बरामद कर परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

### मौत का कारण स्पष्ट नहीं

**कानपुर।** बिकरु कांड में आरोपी मनु पांडेय की दादी सेवानिवृत्त शिक्षिका माधुरी शुक्ला का बुधवार को पैनल और वीडियोग्राफी से पोस्टमार्टम कराया गया। जिसमें बिधनू सीएचसी के डॉ सुनील सिंह, डॉ मनीषा शुक्ला और घाटमपुर सीएचसी के डॉ पवन सचान शामिल रहे। वहीं डाक्टरों के अनुसार शव करीब छह से सात दिन पुराना बताया जा रहा है। मौत का कारण स्पष्ट न होने से बिसरा रखा गया।

# 36 बड़े स्कूलों की जा सकती है मान्यता, नोटिस जारी

## आरटीई के प्रवेश न लेने पर चेतावनी, पहली नोटिस के बाद भी शिक्षा विभाग को नहीं दी सूचना

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर के 36 नामचीन निजी स्कूलों की मान्यता जा सकती है। बुधवार को जिलाधिकारी की ओर से इन निजी स्कूलों को नोटिस देकर चेतावनी दी गई है। यह स्कूल आरटीई पर प्रवेश लेने से बच रहे हैं। प्रशासन की ओर से हाल ही में 45 स्कूलों को इस मामले में जद में लाया गया था। इसके बाद 9 स्कूलों के अलावा नोटिस पाने वाले 36 स्कूलों ने प्रवेश संबंधी किसी तरह की सूचना विभाग को नहीं दी है।

आरटीई पर निजी स्कूलों की मनमानी बढ़ती जा रही है। पूर्व में प्रशासन की ओर से भेजी गई नोटिस के बाद भी नामचीन निजी स्कूलों ने प्रवेश कराने पर रुचि नहीं ली। बेसिक शिक्षा विभाग को भी प्रवेश संबंधी कोई जानकारी नहीं दी। इस प्रकरण पर सुबह से ही विभाग में हलचल रही। सबसे पहले बेसिक शिक्षा विभाग में सभी खंड शिक्षा अधिकारियों की समीक्षा बैठक हुई। इस बैठक में यह खुलासा हुआ कि 9 स्कूलों को छोड़कर किसी भी स्कूल ने सूचना ही नहीं दी है। शाम होते होते जिलाधिकारी ने भी पूरे प्रकरण को संज्ञान में लिया। इसेक बाद जिलाधिकारी स्तर से सभी 36 स्कूलों को नोटिसें जारी की गईं। नोटिस में स्कूलों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि यदि उन्होंने तय समय सीमा के भीतर सभी प्रवेश नहीं लिए तो उनके बोर्ड को मान्यता प्रत्याहरण संबंधी कार्रवाई के निदेश दिए जाएंगे। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुरजीत कुमार सिंह ने बताया कि संबंधित स्कूलों को नोटिस दी जा रही है। यदि स्कूलों की मनमानी जारी रही तो कठोर कार्रवाई की जाएगी।




**45** स्कूल आए थे प्रशासन की नजर में

**09** स्कूलों ने पहली नोटिस का जवाब दे दिया

### इन स्कूलों को मिली नोटिस

डॉ वीरेन्द्र स्वरूप एजुकेशन सेन्टर एच-2 किदवई नगर, डॉ वीरेन्द्र स्वरूप एजूकेशन सेन्टर एन .ब्लाक किदवई नगर, डॉ वीरेन्द्र स्वरूप एजूकेशन सेन्टर श्याम नगर, डॉ वीरेन्द्र स्वरूप पब्लिक स्कूल, कैंट, डॉ वीरेन्द्र स्वरूप पब्लिक स्कूल, गोविन्द नगर, डॉ वीरेन्द्र स्वरूप पब्लिक स्कूल, सिविल लाइन्स, एनएलके पब्लिक स्कूल अशोक नगर, एनएलके वेंडी पब्लिक स्कूल, खलासी लाइन, एनएलके पब्लिक विष्णुपुरी, वेंडी हाईस्कूल नारामऊ कल्यानपुर, ऐलन हाउस पब्लिक स्कूल, रूमा, ऐलन हाउस पब्लिक स्कूल, खलासी लाइन, दिल्ली पब्लिक स्कूल कल्यानपुर, दिल्ली पब्लिक स्कूल किदवई नगर, दिल्ली पब्लिक स्कूल बर्रा, दिल्ली पब्लिक स्कूल सर्वोदय नगर, दिल्ली पब्लिक स्कूल आजाद नगर, सेठ आनन्दराम जयपुरिया स्कूल, कैंट, युनाईटेड पब्लिक स्कूल सिविल लाइन, प्रताप इन्टरनेशनल स्कूल, कल्यानपुर, स्कार्ट वर्ल्ड स्कूल केशवपुरम, पिनाइकल इंटरनेशनल स्कूल काकादेव, सीडिलिंग एकाडमी सिविल लाइंस, सरदार पटेल एकाडमी पब्लिक स्कूल, जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल, लॉफिंग बुद्धा एकाडमी आवि हंसपुर नौबस्ता, नर्चर इन्टरनेशनल स्कूल, बर्रा कानपुर नगर, एचएस पब्लिक स्कूल गल्ला मण्डी नौबस्ता, महर्षि विद्या मंदिर बिनगंवा कानपुर नगर, चित्रा पब्लिक स्कूल, बसंत बिहार नौबस्ता, श्री राम पब्लिक स्कूल, किदवई नगर, न्यू किंग्स्टन एकाडमी डिफेंस कॉलोनी, हलीम मुस्लिम इंग्लिश स्कूल चमनगंज, विन्यास पब्लिक स्कूल, चौबेपुर व रोज बड्स पब्लिक स्कूल, रतनलालनगर।

# पेड़ से टकराकर निजी अकाउंटेंट की मौत, महिला मित्र घायल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- लैपटॉप, आईफोन और ढाई लाख लूटने व हत्या का आरोप
- महिला मित्र पर लूटपाट और हत्या का आरोप लगाया

**अमृत विचार।** नवाबगंज थानाक्षेत्र में मंगलवार देर रात संदिग्ध परिस्थितियों में बाइक सवार अकाउंटेंट उसकी महिला मित्र व दोस्त पेड़ से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने हैलट में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने अकाउंटेंट को मृत घोषित कर दिया। अकाउंटेंट की पत्नी ने महिला मित्र पर लूटपाट और हत्या करने का आरोप लगाया है।


रवि शर्मा।

कल्याणपुर पुराना शिवली रोड निवासी 39 वर्षीय रवि कुमार शर्मा मकराबर्टगंज में सोसाइटी टाटा मोटर्स में अकाउंटेंट था। परिवार में पत्नी सोनम शर्मा, बेटी भूमि, बेटा कट्टू और कृष्णा हैं। परिजनों ने आरोप लगाया कि रवि पिछले आठ माह से कल्याणपुर निवासी एक युवती के संपर्क में थे। पत्नी ने आरोप लगाया कि मंगलवार देर रात रवि युवती और एक अन्य दोस्त एक बाइक से कहीं जा रहे थे। तीनों सिग्नेचर सिटी के पास एक पेड़ से टकरा गए। पत्नी ने आरोप लगाया कि रवि के पास ऑफिस के 2.5 लाख रुपये, एक लैपटॉप, एक आईफोन था, जो लूट लिया गया है। वहीं, पुलिस को दूसरा फोन घटनास्थल से मिल गया है। इस संबंध में नवाबगंज इंस्पेक्टर दीनानाथ मिश्रा ने बताया कि युवती का उपचार चल रहा है। परिजनों की तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।


घटना की जानकारी देते परिजन। अमृत विचार

### अस्पताल में बोली महिला मित्र, नहीं जानते रवि को

घटना के बाद जब पुलिस घायल महिला मित्र को लेकर अस्पताल पहुंची तो उसने रवि शर्मा को पहचानने से साफ इंकार कर दिया और कहा कि रात अधिक होने के कारण इस व्यक्ति से लिफ्ट मांगी थी। लेकिन जब पुलिस ने परिजनों के कहना पर सख्ती की तो उसने सच कबूल कर दिया। युवती अपने साथ वाले युवक का नाम नहीं बता रही है।

# लगाए जा रहे दोगुनी क्षमता के ट्रांसफार्मर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सात जगहों पर ट्रांसफार्मर फुंकने से पहले लगा दिया ट्रॉली ट्रांसफार्मर
- अधिक लोड बढ़ने से बढ़ रहा है बिजली संकट

**अमृत विचार।** शहर में लगे 60 प्रतिशत ट्रांसफार्मर ओवरलोड चल रहे हैं, ऐसे में ट्रांसफार्मरों को फुंकने से बचाने के लिए केस्को दुगनी क्षमता के ट्रांसफार्मर लगा रहा है, ताकि उपभोक्ताओं को बिजली संबंधित समस्याओं का सामना न करना पड़े। इसके अलावा केस्को ने सात जगहों पर ओवरलोड ट्रांसफार्मरों का लोड बांटने के लिए ट्रॉली ट्रांसफार्मरों की भी व्यवस्थी की है।

केस्को के मुख्य अभियंता सुनील कुमार गुप्ता ने बताया कि दयानंद विहार व केशवपुरम के ट्रांसफार्मरों पर अचानक से अधिक लोड बढ़ने से बिजली संबंधित समस्या क्षेत्रीय लोगों को हो रही थी, जिसे दूर करने के लिए वहां पर पांच एमवीए ट्रांसफार्मर की जगह 10 एमवीए के ट्रांसफार्मर लगाए गए है। इसी तरह हंसपुरम और संजय नगर में भी 10 एमवीए ट्रांसफार्मर प्रस्तावित है। दयानंद विहार में कार्य पूरा होने के बाद बुधवार रात से केशवपुरम में पुरी व्यवस्था कर 10 एमवीए का ट्रांसफार्मर लगाने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

वहीं, फूलबाग में दो, गुमटी में दो, फजलगंज, किदवई, दहेली सुजानपुर, विकास नगर व बिजलीघर में एक-एक ट्राली ट्रांसफार्मर लगाए गए है। सर्किट बनाकर ओवरलोड ट्रांसफार्मर और ट्राली ट्रांसफार्मर में लोड ट्रांसफार्मर किया गया है। बताया कि वर्तमान में सर्वाधिक बिजली संबंधित समस्या केशवपुरम, दयानंद विहार, दहेली सुजानपुर, नौबस्ता व दबौली क्षेत्र से आ रही है, जिनको निस्तारण का प्रयास किया जा रहा है। वहीं, बिजनेस प्लान के तहत 82 नए ट्रांसफार्मर भी लगाए गए है।


जानकारी देते मुख्य अभियंता सुनील कुमार गुप्ता व साथ में केस्को मीडिया प्रभारी श्रीकांत।

# भीषण गर्मी में रात-दिन बिजली न आने से मचा हाहाकार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** केस्को अपनी बिजली व्यवस्था को दुरुस्त रखने में काफी प्रयास कर रहा है, लेकिन सफल नहीं हो पा रहा है। दिन के साथ ही पूरी-पूरी रात गुल हो रही बिजली से भीषण गर्मी में लोगों का जीना दूभर हो रहा है। लोगों को बिजली न आने की सूचना देने के लिए 1912 पर कॉल करते है, लेकिन नंबर नहीं मिलने की वजह से वह पूरी रात परेशान रहते है। अधिकारियों व कर्मचारियों को जब जानकारी होती है, तब वह फॉल्ट व संबंधित समस्या का समाधान करने का प्रयास करते है।

शहर के नौबस्ता बसंत विहार, दबौली, केशवपुरम, पटकापुर नवाब शाह का हाता, बेकनगंज, तलाक महल, यतीमखाना, रूपम टॉकीज, रहमानी मार्केट समेत एक दर्जन मोहल्लों में पूरी रात बिजली संकट रहा। बुधवार को शिवकटरा, कृष्णा नगर, फ्रेड्स कॉलोनी, बंगाली कॉलोनी, रामादेवी, केशवपुरम, ब्रह्म देव चौराहा, दालमंडी, पशुपति नगर, मछरिया, आनंदपुरी, बिरहाना रोड मॉल रोड, लाल बंगला व साकेत नगर, हर्ष नगर, अशोक नगर समेत सौ से अधिक मोहल्लों में दिन में बिजली का आवागमन बना रहा है। जबकि इनमे से कई ऐसे क्षेत्र भी शामिल है, जहां तापमान 46.6 की भीषण गर्मी में दिनभर बिजली न आने की वजह से परेशानी का सामना करना पड़ा। इसके साथ ही बिजली न आने पर लोगों को पानी की किल्लत भी झेलनी पड़ रही है। बिजली न आने पर लोग केस्को के हेल्पलाइन नंबर 1912 पर कॉल कर रहे हैं, लेकिन नंबर नहीं मिलता। सबस्टेशनों में जाकर शिकायत करनी है। तब जाकर कर्मचारी फॉल्ट को ढूंढ़ने निकलते है, जिसको बनाने में काफी समय लगता है। वहीं, केस्को के एक्स एकाउंट पर भी लोग दिन हो या रात लिखित शिकायत कर रहे हैं। केस्को मीडिया प्रभारी श्रीकांत रंगीला ने बताया कि 24 घंटे में 687 बिजली व्यवधान हुए है, जिनमे से कई समस्याओं का निस्तारण किया गया है।




- 1912 पर कॉल करने पर नंबर बताता है व्यस्त, नॉट रीचेबल व रॉंग नंबर

**बिजली व्यवधान**

| | |
|---|---|
| 05 से 15 मिनट | 390 |
| 15 से 30 मिनट | 165 |
| 30 से 59 मिनट | 97 |
| एक घंटे से अधिक | 35 |

### बोले शहरी

चंदन ने बताया कि बिजली जाने पर केस्को के 1912 पर कई बार कॉल की, लेकिन नंबर नहीं मिला। बिजली न आने से परेशान क्षेत्र लोगों को सबस्टेशन में जाकर शिकायत करनी पड़ी, तब अधिकारी व कर्मचारी सोकर जागे।



पूजा ने बताया कि बिजली न आने की वजह से बच्चों, महिलाओं, बुजुर्ग व बीमार लोगों को अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इंवर्टर की चार्जिंग खत्म हो जाती है, लेकिन अधिकारी तब भी बिजली नहीं सुधार पाते है।



दुर्गा ने बताया कि बिजली का बिल समय पर जमा करने के बाद भी कानपुर विद्युत आपूर्ति कंपनी के अधिकारी पूरे समय बिजली नहीं दे पा रहे हैं। एक्स पर शिकायत करने पर वही कॉपी-पेस्ट मैसेज सबको फॉरवर्ड किया जा रहा है।



सौरभ सिंह ने बताया कि रात के साथ ही दिन में भी बिजली की काफी कटौती की जा रही है, जिससे भीषण गर्मी में जीना दूभर हो रहा है, लेकिन केस्को अधिकारी अपनी बिजली की व्यवस्था में कोई सुधार नहीं कर पा रहे है।




किदवई नगर सबस्टेशन के वितरण ट्रांसफार्मर पर पानी डालती कर्मी। अमृत विचार

## पानी डाल ठंडा किया जा रहा ट्रांसफार्मर

**कानपुर।** भीषण गर्मी में ट्रांसफार्मर को फुंकने से बचाने के लिए तरह-तरह के प्रयास केस्को द्वारा किए जा रहे हैं। जहां अभी तक ट्रांसफार्मर को ठंडा रखने के लिए एग्जाज व कूलर लगाए जा रहे थे। वहीं, बुधवार को किदवई नगर सबस्टेशन के वितरण ट्रांसफार्मरों में पानी डालने का काम किया गया। अवर अभियंता सुधीर कुमार ने बताया कि पानी डालने से ट्रांसफार्मर का तापमान अधिक बढ़ नहीं पाता है। इसलिए यह प्रक्रिया अपनाई जा रही है।

# बकाया लंबित होने पर कानपुर एडीजी तलब

कार्यालय संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सेवानिवृति परिलाभो को लंबित रखने के मामले में सख्त रवैया अपनाते हुए कानपुर जोन के एडीजी आलोक सिंह और फतेहगढ़, फर्रुखाबाद के एसपी विकास कुमार को 30 मई को व्यक्तिगत हलफनामों के साथ व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में उपस्थित होने के निर्देश दिए है।

कोर्ट ने अधिकारियों से यह जानकारी मांगी है कि वादी को किए जाने वाले सेवानिवृत्ति बकाए के भुगतान में देरी क्यों की जा रही है। यह आदेश न्यायमूर्ति सलिल कुमार राय ने गोपाल सिंह की याचिका पर सुनवाई के दौरान पारित किया।

गोपाल सिंह 31 दिसंबर 2022 को उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग से हेड कांस्टेबल के पद से सेवानिवृत्त हुए, लेकिन सेवानिवृत्ति के लगभग डेढ़ साल बाद भी उन्हें पेंशन का भुगतान नहीं किया जा रहा है। याची ने उनकी पेंशन और अन्य सेवानिवृत्ति बकायों के लिए याचिका दाखिल की है।

इसस पर कोर्ट ने पिछली सुनवाई में सरकारी अधिवक्ता को विभाग से निर्देश प्राप्त करने का आदेश दिया था, लेकिन विभाग द्वारा कोई जानकारी न देने पर संबंधित अधिकारियों को अगली सुनवाई पर व्यक्तिगत तौर पर कोर्ट में उपस्थित होने का आदेश दिया गया है।

## वाहन चोर गिरफ्तार बाइकें बरामद

**कानपुर।** नौबस्ता व सेन पश्चिमपारा पुलिस ने बुधवार को दो चोंरों को गिरफ्तार करके चोरी की छह बाइकें बरामद कीं। पकड़े गए चोरों में एक गाड़ी मैकेनिक भी है।

बुधवार को घटना का खुलासा करते हुए डीसीपी साउथ रविंद्र कुमार ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि रेसकोर्स मैदान की तरफ से दो लोग आ रहे हैं, जो चोरी की बाइक बेंचने जा रहे हैं। पुलिस ने सामने से बाइक सवार दो युवकों को रोका, जिस पर युवक भागने लगे। पुलिस ने पकड़ कर पूछताछ की तो आरोपियों ने अपना नाम पार्थ उत्तम निवासी जाफरपुर सिठर्रा फतेहपुर व अभिषेक पासवान उर्फ बागले निवासी लालपुर हंसपुरम बताया हैं।

# मामूली विवाद में पड़ोसियों के बीच पथराव-फायरिंग, दो घायल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- बर्रा, गुजैनी थाने का फोर्स मौके पर, आरोपियों की तलाश में टीमें जुटी

**अमृत विचार।** गुजैनी थानाक्षेत्र में बुधवार देर रात छत में टहलने के दौरान दो पड़ोसियों के बीच विवाद हो गया। कुछ ही देर में विवाद बढ़ गया और एक पक्ष ने आधा दर्जन लोगों के साथ मिल कर पथराव व फायरिंग शुरू कर दी। फायरिंग की सूचना पर एसीपी नौबस्ता समेत बर्रा व गुजैनी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने पथराव में घायल दो लोगों को कांशीराम अस्पताल में प्राथमिक उपचार के लिए भेजा। वहीं घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। आरोपियों की तलाश में दो टीमें लगाई गई।

गुजैनी थाना प्रभारी विनय कुमार तिवारी ने बताया कि बर्रा आठ निवासी कुंज बिहारी के घर के ठीक सामने सरिता कटियार का घर है। सरिता के पति अरविंद कटियार की कुछ समय पहले मौत हो चुकी है। दोनो पड़ोसियों का आपस में काफी समय से विवाद चल रहा है। बताया कि बुधवार रात दोनों लोग अपनी छतों में टहल रहे थे। इसी दौरान कुंज बिहार की सरिता के बेटे जिशान से विवाद हो गया। जिस पर जिशान ने अपने आधा दर्जन से अधिक साथियों को फोन कर बुला लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि जिशान व उसके साथियों ने कुंज बिहारी के घर पथराव कर दिया। जिसके बाद दोनो पक्षों के बीच पथराव होने लगा। इसके बाद जिशान की ओर से हवाई फायरिंग कर दी गई। पथराव के दौरान दो लोग घायल हो गए। पथराव व फायरिंग की सूचना पर एसीपी नौबस्ता मंजय सिंह समेत बर्रा, गुजैनी का फोर्स मौके पर पहुंचा। एसीपी नौबस्ता मंजय सिंह ने बताया कि घायलों को कांशीराम अस्पताल में भिजवाया गया है। पीड़ित पक्ष की ओर से तहरीर प्राप्त हुई है। आरोपियों की तलाश के लिए दबिश दी जा रही है।

**तकनीक** अभी तक हैलट अस्पताल में इलेक्ट्रोकटरी विधि से होता था ऑपरेशन

# लेजर विधि से यूरोलॉजी की जटिलताओं का इलाज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- लेजर से ऑपरेशन से मरीजों को नहीं होगा रक्तस्त्राव व अन्य समस्या
- ब्लैडर में गांठ, प्रोस्टेट कैंसर ट्यूमर आदि का आसानी से हो सकेगा ऑपरेशन

**अमृत विचार।** पेशाब की थैली (यूरिनरी ब्लैडर) में गांठ, प्रोस्टेट कैंसर व ट्यूमर की समस्या से ग्रस्त मरीजों को अब लखनऊ दिल्ली व मुंबई आदि शहरों की दौड़ लगानी नहीं पड़ेगी। जीएसवीएसएस पीजीआई के यूरोलाजी विभाग में इन गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए अत्याधुनिक होल्मियम लेजर मशीन उपलब्ध है, जिसकी मदद से बिना चीरे के प्रोस्टेट ग्रंथि, मूत्राशय के कैंसर और ट्यूमर की सर्जरी आसानी से हो सकेगी।

हैलट अस्पताल में अभी तक पेशाब की थैली की गांठ, पथरी, ट्यूमर व प्रोस्टेट कैंसर समेत आदि यूरो से संबंधित समस्या से पीड़ित मरीजों का ऑपरेशन अभी इलेक्ट्रोकटरी विधि से किया जाता था, जिसमे रक्तस्त्राव अधिक होता था। अब जीएसवीएसएस पीजीआई के यूरोलाजी विभाग में इन गंभीर बीमारियों के निस्तारण के लिए अत्याधुनिक होल्मियम लेजर मशीन शासन से उपलब्ध कराई गई है। इसकी मदद से पेशाब की थैली (यूरिनरी ब्लाडर) की गांठ आसानी से काट कर हटाई जा सकती है। अभी तक ऐसी सुविधा लखनऊ के एसजीपीजीआई और केजीएमयू में ही उपलब्ध थी। यूरोलॉजिस्ट डॉ.अनिल बैद ने बताया कि होल्मियम लेजर मशीन की मदद से पेशाब की थैली के अंदर का गांठ, इंफेक्शन, प्रभावित टिश्यू या ट्यूमर को काटकर अलग कर सकते हैं, लेजर की मदद से पथरी को आसानी ने तोड़ कर भी निकाला जा सकता है। हैलट अस्पताल के प्रमुख अधीक्षक डॉ.आरके सिंह ने बताया कि होल्मियम लेजर टीयूआरबीटी मूत्राशय ट्यूमर के इलाज की जटिलताओं को कम करता है।


जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में जानकारी देते हैलट अस्पताल के प्रमुख अधीक्षक डॉ.आरके सिंह व यूरोलॉजिस्ट डॉ.अनिल बैद। अमृत विचार

### ब्लैडर ट्यूमर की हुई पहली सर्जरी

यूरोलाजिस्ट डॉ. अनिल बैद ने बताया कि यशोदा नगर निवासी 70 वर्षीय बुजुर्ग ब्लैडर ट्यूमर की समस्या के इलाज के लिए ओपीडी में आए थे, जिनको 24 मई को भर्ती किया गया। जांचे कराने के बाद मंगलवार को उनका अत्याधुनिक होल्मियम लेजर मशीन की मदद से ऑपरेशन किया गया। लेजर विधि से ब्लैडर का ट्यूमर पूरी तरह से हटाने में मदद मिली। इसकी मदद से हार्ट और ब्रेन स्ट्रोक के मरीजों की भी सर्जरी बिना किसी खतरे के की जा सकती है। जल्द ही लेजर विधि से प्रोस्टेट और किडनी की जटिल सर्जरी भी की जाएगी। पहली सर्जरी करने पर जीएसवीएम मेडिकल कालेज के प्राचार्य प्रो. संजय काला व जीएसवीएसएस पीजीआई के नोडल डॉ. मनीष सिंह ने डॉ.अनिल व उनकी टीम में शामिल जनरल सर्जरी विभाग से डॉ. आदित्य गंगवार व डॉ. विवेक दुबे को बधाई दी।

## पीएसआईटी की तीसरी मंजिल से गिरा बीटेक छात्र

**कानपुर।** सचेडी थानाक्षेत्र स्थित पीएसआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज की तीसरी मंजिल से गिरकर बीटेक छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया। कॉलेज प्रबंधन ने उसे सर्वोदय नगर स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी हालत स्थिर है। छात्र नीचे कैसे गिरा पुलिस इसकी जांच कर रही है।

मूल रूप से देवरिया निवासी अतुल कुमार श्रीवास्तव गोरखपुर में परिवार संग रहते हैं। वह एग्रीकल्चर डिपार्टमेंट में कार्यरत हैं। उनका दूसरे नंबर का बेटा 21 वर्षीय गौरव जी श्रीवास्तव सचेंडी स्थित पीएसआईटी कॉलेज में बीटेक प्रथम वर्ष का छात्र है। बुधवार तड़के चार बजे करीब वह कॉलेज की तीसरी मंजिल से नीचे आ गिरा। गंभीर हालत में उसे सर्वोदय नगर स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां वह पीआईसीयू में एडमिट है।

# एलिवेटेड रोड पर लगाएं साइनेज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कलक्ट्रेट सभागार में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई

**अमृत विचार।** जाजमऊ से भौंती तक एलिवेटेड रोड पर जगह-जगह दिशा सूचक बोर्ड (साइनेज) लगाए। मौरंग सफाई के लिए नौबस्ता हमीरपुर हाईवे किनारे अवैध रूप से लगे सबमर्सिबल पंप को चिन्हित कर सील किए जाएं। यह निर्देश जिलाधिकरी ने सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में दिए।

चकेरी प्रयागराज हाईवे पर रोड एक्सीडेंट में चार महिलाओं की मौत व पनकी में सड़क किनारे फैली मौरंग की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत के बाद जिला प्रशासन सख्त हुआ। सड़क हादसे में हुई मौतों को संज्ञान लेते हुए बुधवार को कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में डीएम राकेश कुमार सिंह ने अधिकारियों को निर्देशित किया। समीक्षा बैठक में डीएम ने डीआईओएस व बीएसए को निर्देश दिए कि सड़क सुरक्षा नियमों के लिए लोगों को जागरूक करने के लिए स्कूल, कॉलेजों में निबंध लेखन, वाद-विवाद व स्लोगन प्रतियोगिता कराए जाएं। नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन से कहा कि अवैध विज्ञापन बोर्डों को व्यापक अभियान चलाकर हटाने की कार्रवाई करें, अवैध विज्ञापन बोर्ड लगाने वालों पर जुर्माना लगाएं। एसीएमओ ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में घायलों के लिए हमीरपुर हाईवे, बिधनू, नौबस्ता समेत अन्य स्थानो पर एंबुलेंस की व्यवस्था की गई है।

# टेबिल टेनिस के रोमांचक मुकाबले हुए

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● कानपुर टेबल टेनिस संघ की ओर से हुए मैचों में हुआ शानदार खेल

**अमृत विचार।** कानपुर टेबल टेनिस संघ व सर पदमपत सिंघानिया स्कूल की ओर से स्टैग ग्लोबल कानपुर टेबल टेनिस प्रतियोगिता में मुकाबले हुए। सर पदमपति सिंघानिया एजुकेशन सेंटर स्कूल कमला नगर कानपुर में चल रही प्रतियोगिताओं के दूसरे दिन कई रोचक मुकाबले हुए। इस दौरान दर्शको को कट ,पुश ,चॉप, टॉपस्पिन का उच्च स्तरीय प्रयोग व प्रदर्शन देखने को मिला। प्रतियोगिता के दौरान अंडर-17 बालिका वर्ग में सुविज्ञा कुशवाहा और कवि शाह और मुस्कान सोनकर और अबाना लायल ने क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। अक्षत अग्रवाल ने दक्ष खंडेलवाल को (11-3), (6-11), (11-3), (11-6) से अव्यांश मेहरोत्रा ने उज्जवल अवस्थी को (3-11),(11-4),(11-2),(11-5) क्वार्टर फाइनल में हरा कर सेमी फाइनल में प्रवेश किया। इसी तरह अंडर-19 बालिका वर्ग में तान्या राणा ने अबाना लायल को (13-11) , (11-7), (7-11), (11-3), (11-7) सृष्टि मिश्रा ने सुविज्ञा कुशवाह को (11-7),(11- 7),(11-8) से क्वार्टर फाइनल मैं हरा कर सेमी फाइनल में प्रवेश किया। अंडर-15 बालक वर्ग में दक्ष खंडेलवाल ने सृजन महाजन को (11-9),(11-6),(11-6) से उज्जवल अवस्थी ने दूर्वांक को (11-5),(10-12),(11-8),(6- 11),(11-6) से तन्मय राठौड़ ने मानस पोपटनी को (11-7) ,(6-11),(9-11),(11-6),(11-4)से अव्यांश मेहरोत्रा ने वीर रावत को (11-8),(11-8),(12-10) से हरा कर सेमी फाइनल में प्रवेश किया। सेमी फाइनल में दक्ष खंडेलवाल ने उज्जवल अवस्थी को (11-4),(11-2),(11-9) से अव्यांश मेहरोत्रा ने तन्मय राठौड़ को (11-9),(11-7), (11-9), से हारा कर फाइनल में प्रवेश किया अंडर-15 बालिका वर्ग में कवि ए शाह ने आराध्या सिंह को (11-4),(9-11),(11-1),(11-7) अंशिका गुप्ता ने अवंतिका को (11-5),(9- 11),(11-3),(12-10) से हरा कर फाइनल में प्रवेश किया अंडर-17 बालक वर्ग में दक्ष खंडेलवाल ने तन्मय राठौड़ को पराजित किया।

# फ्रांस और जर्मनी को लुभाए माटी के कप-प्लेट

राजीव त्रिवेदी, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर की माटी के बने बर्तन फ्रांस और जर्मनी को निर्यात किए जाएंगे। शहर के निर्यातक को दोनों देशों से ऑर्डर मिला है। यह ऑर्डर 7 जून से रवाना होना शुरू हो जाएगा। ऑर्डर के पूरे माल को शहर के कुम्हारों ने तैयार किया है।

कारोबारी ने बताया कि शहर को विदेश से माटी के बर्तन का आर्डर पहली बार मिला है। इस ऑर्डर में सौ दर्जन कप और प्लेट शामिल है। भोजन परोसने की प्लेट, माटी की केतली, सब्जीदान और रोटीदान भी शामिल हैं। बर्तनों को पकाते समय हल्की आंच का इस्तेमाल किया गया है।


माटी के बर्तन निर्यात किए जाएंगे। अमृत विचार

**12** तरह के माटी के बर्तनों का निर्यात

**07** जून से आर्डर रवाना होना शुरू होंगे

**02** बस्तियों के कुम्हारों ने तैयार किए बर्तन

- शहर के निर्यातकों को पहली बार मिला माटी के बर्तनों का ऑर्डर

**02** देशों (फ्रांस और जर्मनी) में बर्तनों का पहली बार निर्यात हो रहा

"यहां के माटी के कप और प्लेट को सबसे अधिक पसंद किया जा रहा है।"
**कमलजीत सिंह, एमडी बडी ओवरसीज**

### लाभ और सौंधापन लुभाया

- कारोबारी ने बताया कि विदेशों में कोरोना के बाद लोगों के खान-पान में काफी बदलाव आया है। वहां के निवासी भी अब माटी के बर्तनों में भोजन के लाभ और सौंधापन को जानने लगे हैं। कई बाजारों में बोनचाइना को टक्कर देते हुए हमारे देश के माटी के उत्पाद नजर आते हैं।

### हाथ के बने हैं सभी बर्तन

- कारोबारी ने बताया कि माटी के बर्तनों को बनाते समय मशीन का कम से कम उपयोग हुआ है। निर्माण में ज्यादातर पारंपरिक तौर हाथ की कारीगरी को ही अपनाया गया है। इन बर्तनों को बनाने में 80 फीसदी कुम्हार परिवार की महिलाओं ने अपना योगदान दिया है। यह बर्तन काकादेव, अनवरगंज स्थित कुम्हारों के क्षेत्र में बनवाए गए हैं।

## एक नजर

### तमंचा और कारतूस के साथ शातिर गिरफ्तार

**कानपुर।** कल्याणपुर पुलिस ने शातिर अपराधी संदीप कश्यप निवासी कल्याणपुर खुर्द को तमंचा और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार वह किसी घटना को अंजाम देने के फिराक में घूम रहा था। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया।

### जूही में वृद्ध ने फांसी लगाकर दी जान

**कानपुर।** जूही थानाक्षेत्र में तुलाराम का हाता निवासी 74 वर्षीय बाबूराम ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उनके बेटे अमन ने बताया कि रात में खाना खाकर सो गए थे। इसके बाद उन्होंने साड़ी से फांसी लगाकर जान दे दी। वह जब बुधवार सुबह उठा तो शव फंदे पर लटका देखा। उसने सूचना पुलिस को दी।

### छत से गिरकर युवक की मौत

**कानपुर।** सेन पश्चिमपारा थानाक्षेत्र के गढ़ेवा मोहसिन निवासी 32 वर्षीय जयकरन की मंगलवार रात संदिग्ध परिस्थितियों में छत से गिरकर मौत हो गई। मृतक के परिवार में पत्नी माया और बच्चे सत्यम और सत्या हैं। परिजनों का आरोप है, कि जयकरन को गांव का रहने वाले युवक उसे छत से धक्का देकर भाग निकला। थानाध्यक्ष राकेश सिंह ने बताया शव पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया है। तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### नगर आयुक्त ने वसूली पर जोर देने और खामियों को दूर करने के दिए निर्देश

# जीआईएस सर्वे के बाद 70 फीसदी बिल बनाए गलत

- नगर निगम की सम्पत्तियों का केस्को के बिजली कनेक्शनों से मिलान कराया जाएगा
- कम राजस्व वसूली पर जोनल अभियंताओं को लगाई फटकार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जीआईएस सर्वे में सम्पत्तियों की गणना की गई है, उनमें लगभग 70 प्रतिशत बिल गलत बना दिये गये। प्रकृति परिवर्तन, दरों में विभिन्नता की दिक्कतें होने के कारण बिल को दोबारा संशोधित किये जाने के लिये आईटीआई लि. संस्था को वापस किये गये हैं। जिसमें समय लगेगा। यह बात बुधवार को नगर निगम में वसूली पर जोर देने और जीआईएस की खामियों के संबंध में बैठक के दौरान, आईटी मैनेजर आशुतोष सिंह ने नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन को बताई। नगर आयुक्त ने कम वसूली पर जोनल अधिकारियों को फटकार लगाई तो उन्होंने जोन में बिल न बांटने का आरोप लगाया। जिसपर आईटी मैनेजर ने जीआईएस सर्वे को इसका जिम्मेदार ठहराया है। आशुतोष सिंह ने कहा कि ऐसी ऐसी सम्पत्तियां जिनमें जीआईएस सर्वे प्रारम्भ नही हुआ है, वहां एक सप्ताह में बिल दे दिये जायेंगे।

नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन ने नगर निगम मुख्यालय स्थित सभागार में राजस्व वसूली, जीआईएस प्रगति, वित्तीय वर्ष 2024-25 की बिलिंग इत्यादि की समीक्षा की। अपर नगर आयुक्त जगदीश यादव द्वारा जोनों में नये परिसीमन के अनुसार वार्ड की सूची प्रमाणित मांगी तो जोनल अधिकारी जोन-1 ने बताया कि उनके जोन में दो वार्ड शेष हैं, जिसको 02 दिन में पूरा कर नये परिसीमन के अनुसार सूची उपलब्ध करा दी जायेगी। जोनल अधिकारी जोन-3 ने भी तीन दिनों का समय मांगा। जोनल अधिकारी जोन-4, जोन-5 कर अधीक्षक जोन-6 ने भी समय मांगा। वित्तीय वर्ष 2024-25 में अभी तक हुई राजस्व वसूली की प्रगति पर रोष व्यक्त करते हुये नगर आयुक्त ने सभी जोनल अधिकारियों एंव कर अधीक्षकों को 2023-24 में माह मई 2023 में की गई वसूली के सापेक्ष 28, मई 2024 तक की गई कम वसूली छह करोड़ को तीन दिनों में पूरा करने के निर्देश दिये।

नगर निगम सम्पत्तियों का केस्को की बिजली के कनेक्शनों से मिलान एवं अपने-अपने जोन में स्थित अनावासीय सम्पत्तियां की सूची उपलब्ध कराने निर्देश दिये गये थे। बैठक में किसी भी जोन द्वारा आदेश का पालन नहीं किया गया। नगर आयुक्त ने रोष जताते हुये सभी अपर नगर आयुक्तों एवं प्रभारी अपर नगर आयुक्त से तत्काल रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिये। निर्णय लिया गया कि समस्त ऐसी सम्पत्तियां जिनमें जीआईएस सर्वे के उपरान्त राजस्व में वृद्धि एवं मिसमैच्ड हो और ऐसे वार्ड जिनमें जीआईएस सर्वे प्रारम्भ नहीं हुआ हो, उनके गृहकर के बिल प्राथमिकता पर बांटे जाएं।


राजस्व वसूली और जीआईएस सर्वे की बैठक करते नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन। अमृत विचार


मेट्रो के कॉरिडोर-1 में तेजी से चल रहा है काम। अमृत विचार

# बारादेवी-नौबस्ता सेक्शन के प्री-कास्ट संरचनाओं की ढलाई पूरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कानपुर मेट्रो रेल परियोजना के कॉरिडोर-1 (आईआईटी से नौबस्ता) के अंतर्गत चल रहे बारादेवी-नौबस्ता एलिवेटेड सेक्शन के निर्माण में एक और मील का पत्थर हासिल कर लिया है। लगभग 5 किमी. लंबे इस सेक्शन में प्रयुक्त होने वाले सभी प्री-कास्ट संरचनाओं जैसे यू-गर्डर्स, आई-गर्डर्स, डबल टी-गर्डर्स और पियर कैप्स की ढलाई का कार्य पूरा कर लिया गया। इन संरचनाओं को नौबस्ता स्थित कास्टिंग यार्ड में प्री-कास्ट किया जाता था जिसके बाद इन्हें क्रेन की सहायता से कॉरिडोर में निर्धारित स्थान पर इरेक्ट किया जाता या रखा जाता है।

कानपुर मेट्रो के नौबस्ता कास्टिंग यार्ड में सबसे अंत में 348 वें यू-गर्डर की ढलाई की गई। इससे पहले मार्च 2024 तक सभी पियर कैप्स और डबल टी-गर्डर्स तथा अप्रैल 2024 में सभी आई-गर्डर्स की ढलाई का कार्य पूरा कर लिया गया था।

इसके साथ ही बारादेवी-नौबस्ता एलिवेटेड सेक्शन के सभी 348 यू-गर्डर्स, 64 आई-गर्डर्स, 264 डबल टी-गर्डर्स और 186 पियर कैप्स की ढलाई का कार्य अब 100 प्रतिशत पूरा हो गया है। यूपीएमआरसी के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार ने कहा कि कानपुर मेट्रो परियोजना के बारादेवी-नौबस्ता एलिवेटेड सेक्शन का सिविल निर्माण कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। मेट्रो के इंजीनियरों की टीम शहरवासियों को समय पर मेट्रो सेवा उपलब्ध कराने के लिए दिन-रात प्रयासरत है।

### दोनों सेक्शन में चल रहा है कार्य

- वर्तमान में कानपुर मेट्रो रेल परियोजना के कॉरिडोर-1 (आईआईटी से नौबस्ता) के अंतर्गत बारादेवी-नौबस्ता एलिवेटेड सेक्शन के अलावा कानपुर सेंट्रल-ट्रांसपोर्ट नगर भूमिगत सेक्शन और चुन्नीगंज-नयागंज भूमिगत सेक्शन पर भी निर्माण कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। कॉरिडोर -2 (सीएसए से बर्रा-8) के रावतपुर-डबल पुलिया भूमिगत सेक्शन पर निर्माण कार्य आरंभ हो चुका है। एलिवेटेड सेक्शन में मृदा परीक्षण का कार्य शुरू हो गया है।

● नौबस्ता यार्ड में अंतिम 348 वें यू-गर्डर की ढलाई के साथ सभी संरचनाएं पूरी

# घटिया इंटरलॉकिंग में 25 हजार का जुर्माना

**कानपुर।** श्याम नगर वार्ड-74 में घटिया इंटरजलॉकिंग पर मुख्य अभियंता नगर निगम ने ठेकेदार पर 25 हजार का जुर्माना लगाया है। उन्होंने जोन-2 के अन्तर्गत वैजयन्ती पार्क के पास मकान नंबर 318 से 321 तक सड़क सुधार कार्य का निरीक्षण किया। यहां इण्टरलॉकिंग के बेस की खुदाई करने पर जीएसबी की मात्रा मानक से कम पायी गयी। जिसके बाद मुख्य अभियंता ने कार्रवाई की। मुख्य अभियंता ने बताया कि सड़क का निर्माण 10 लाख रुपये से होना है। सम्बन्धित ठेकेदार मेसर्स उत्कर्ष इण्टरप्राइजेज पर 25 हजार का अर्थदण्ड लगाते हुये गुणवत्ता पूर्ण सामग्री का प्रयोग कर कार्य पूर्ण कराने को निर्देशित किया गया। मुख्य अभियंता ने बताया कि ठेकेदार का भुगतान करने से पूर्व अर्थदण्ड की धनराशि नगर निगम कोष में जमा कराना होगा। इसके बिना भुगतान नहीं कराया जायेगा। सम्बन्धित अवर अभियन्ता व अधिशाषी अभियन्ता को चेतावनी दी गई।

### प्रतिबंधित प्लास्टिक मिलने पर जुर्माना

**कानपुर।** सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्ति का अभियान प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने मंगलवार को मोतीझील गोल चौराहा और रावतपुर में चलाया। क्षेत्रीय प्रदूषण अधिकारी अमित मिश्रा ने बताया कि नौ स्ट्रीट वेंडर और दो रेस्टोरेंट के पास सिंगल यूज प्लास्टिक पाई गई है। इन पर सात हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

# अमीनाबाद यूपी का पहला सैनिटरी पैड मुक्त गांव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● एसआईआईसी-इनक्यूबेटेड स्टार्टअप माइल्डकेयर्स ने बनाया था मासिक धर्म कप

**अमृत विचार।** आईआईटी कानपुर, एसआईआईसी-इनक्यूबेटेड स्टार्टअप माइल्डकेयर्स ने मेरठ के अमीनाबाद गांव को यूपी का पहला सैनिटरी पैड मुक्त गांव बना दिया है। स्टार्टअप माइल्डकेयर्स की ओर से पूरे गांव की महिलाओं को मासिक धर्म कप वितरित किया था। इस उत्पाद से गांव की सभी महिलाओं को पूरी तरह से डिस्पोजबल सैनिटरी पैड से छुटकारा मिल गया है।

विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस पर आईआईटी कानपुर के स्टार्टअप इनक्यूबेशन एंड इनोवेशन सेंटर की ओर से इनक्यूबेट किए गए स्टार्टअप माइल्डकेयर्स ने अमीनाबाद उर्फ बड़ागांव गांव में अपने उत्पाद गाइनोकप मासिक धर्म कप का वितरण किया था। इस पहल ने गांव की महिलाओं को मासिक धर्म कप का उपयोग करने में सहायता की।

इससे उत्तर प्रदेश के पहले 'सैनिटरी पैड-मुक्त गांव' के रूप में आधिकारिक घोषणा की गई है। यूपी के पहले गांव होने की घोषणा के रूप में संस्थान के सदस्यों को ब्लॉक अधिकारियों की ओर से प्रमाण पत्र भी दिया गया है। संस्थान की इस उपलब्धि पर एसआईआईसी, आईआईटी कानपुर के सीईओ डॉ. निखिल अग्रवाल ने बताया कि 'पुनः प्रयोज्य मासिक धर्म कप' का उपयोग करने से अपशिष्ट में कमी आती है। इससे पर्यावरण पर इसका प्रभाव काफी कम होता है।



आईआईटी कानपुर एसआईआईसी के सीईओ डॉ. निखिल अग्रवाल गांव के सैनिटरी मुक्त गांव की घोषणा करते हुए। अमृत विचार।

### शिक्षा व जागरुकता जरूरी

माइल्डकेयर्स की सह-संस्थापक और स्विच2कप पहल की प्रमुख रचना व्यास ने कहा कि 'अमीनाबाद उर्फ बड़ागांव' की सफलता व्यापक शिक्षा और सामुदायिक भागीदारी के प्रभाव को दर्शाती है। किसी भी अभियान के लिए शिक्षा जागरुकता जरूरी है। इससे अन्य क्षेत्रों को भी स्थायी मासिक धर्म स्वास्थ्य प्रथाओं को अपनाने की प्रेरणा मिलेगी। मासिक धर्म कप सैनिटरी पैड की तुलना में कई फायदे देते हैं। यह उत्पाद न केवल लागत प्रभावी और पर्यावरण के अनुकूल हैं, बल्कि एक सुरक्षित और अधिक स्वच्छ विकल्प भी प्रदान करते हैं।

## खेल के मैदान से




द स्पोर्ट्स हब में शूटिंग का प्रशिक्षण लेती आरना गुप्ता। अमृत विचार

### टीएसएच की आरना शूटिंग के नेशनल में पहुंची

**कानपुर।** द स्पोर्ट्स हब (टीएसएच) में प्रशिक्षण ले रहीं आरना गुप्ता ने अपने बेहतरीन प्रदर्शन से सिल्वर मेडल जीतकर शूटिंग के नेशनल के लिए क्वालीफाई किया है। द स्पोर्ट्स हब के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने आरना को उसकी सफलता के लिए शुभकामनाएं दी हैं। .इंदौर के महू में 21 से 27 मई के बीच हुए इंडिया ओपन कंपटीशन राइफल-पिस्टल में 400 में से 390 अंक हासिल किए और यूथ कैटेगरी में सिल्वर मेडल अपने नाम किया। आरना के कोच रोहित यादव और आरना को द स्पोर्ट्स हब के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने इस कामयाबी के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

### अंडर-14 बॉस्केटबॉल में अर्नब कानपुर टीम में


अर्नब सिंह राठौर।

कानपुर। मेरठ में एक जून से शुरू होने वाली अंडर-14 बॉस्केटबॉल प्रतियोगिता के लिए अर्नब सिंह राठौर का चयन कानपुर टीम में हुआ है। वे केवी आईआईटी में नौवी कक्षा के छात्र है। पिता अभिषेक सिंह राठौर नगरनिगम में कार्यरत हैं। कोच गगनदीप शर्मा की देखरेख में अर्नब ने बॉस्केटबॉल खेलना प्रारंभ किया था। छह फीट एक इंच लंबे अर्नब को अपनी हाइट का भरपूर फायदा मिलता है और वह आसानी से गेंद को गोल पोस्ट में डाल देते हैं। उन्होंने बताया कि टीम में स्थान पाकर खुश हैं। वे बेहतर प्रदर्शन करेंगे और स्कूल व शहर का नाम रौशन करेंगे। उन्होंने सफलता श्रेय कोच और पिता को दिया है।

### खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया

**कानपुर।** जय नारायण विद्या मंदिर इंटर कॉलेज विकास नगर में तरंग समर कैंप के आखिरी दिन खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। 50 ऐसे खिलाड़ी रहे जिन्हें पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व उत्तर प्रदेश टेबल टेनिस एसोसिएशन के अध्यक्ष संजीव पाठक बॉबी व विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ संतराम द्विवेदी रहे। कार्यक्रम में खिलाड़ी रितिक यादव, दिव्यांशु सोनकर, नमन यादव को सम्मानित किया गया। इसी तरह महिला खिलाड़ी सुविज्ञा कुशवाहा, इंद्र कुमार यादव व आंचल शर्मा, अमित त्रिपाठी, आयुष पटेल, रंजीत कुशवाहा, प्रतीक दुबे, अभिषेक कुमार,देविशा यादव, अनुज कुमार ,अमृतांश तिवारी को पुरस्कृत किया गया।

**नई सुविधा** पॉपुलर धर्मकांटा से होकर जा सकेंगे यात्री, जून में होगा रोड का सर्वे, दो रास्ते संकरे होने की वजह से यात्रियों को होती है परेशानी

# गोविंदपुरी स्टेशन के लिए नई रोड से जा सकेंगे यात्री

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** गोविंदपुरी रेलवे स्टेशन के लिए यात्रियों को जल्द ही नई सुविधा मिलने वाली है। यह सुविधा एक बेहतर रोड के रूप में होगी। रेलवे प्रशासन की ओर से रोड का प्रस्ताव पर काम शुरू हो गया है। यह रोड पॉपुलर धर्मकांटा चौराहा से लेकर स्टेशन तक जाएगी। स्टेशन तक जाने वाली दोनों रोड पर यात्रियों को समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

अमृत भारत योजना के तहत गोविंदपुरी रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास का काम चल रहा है। योजना के तहत इस रेलवे स्टेशन के सुंदरीकरण की योजना के साथ ही स्टेशन तक पहुंचने के लिए सड़क पर भी काम चल रहा था। फिलहाल इस स्टेशन पर पुल के बगल से और गोविंद नगर स्थित मलिक स्वीट हाउस के बगल की रोड से यात्रियों को स्टेशन तक जाना होता है।

दोनो ही रास्ते संकरे और इन रास्तों तक जाने में लगने वाले जाम से यात्रियों को परेशान होना पड़ता है। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि पॉपुलर धर्मकांटा चौराहा से जूही यार्ड जाने वाली रोड को बेहतर कर उसे गोविंदपुरी रेलवे स्टेशन तक जोड़ने का प्रस्ताव भेजा गया है। दो लेन की सड़क पर जून महीने में सर्वे कार्य कर योजना पर काम शुरू हो जाएगा।



गोविंदपुरी स्टेशन पर विकास कार्य जारी हैं। अमृत विचार

### 50 फीसदी काम हुआ पूरा

- रेलवे अधिकारियों ने बताया कि गोविंदपुरी रेलवे स्टेशन पर पुनर्विकास कार्य का लगभग 50 फीसदी काम पूरा हो गया है। इस रेलवे स्टेशन पर रोजाना लगभग दो हजार यात्रियों का लोड है। स्टेशन से रोजाना 15 पैसेंजर ट्रेनें, 8 मेल एक्सप्रेस ट्रेनें और लगभग 50 माल गाड़ियों का आवागमन होता है। फुटओवर ब्रिज का भी काम शुरू हो गया है। ब्रिज की फाउंडेशन का काम पूरा हो गया है।

### फटाफट धुल जाएंगी ट्रेनें

- गोविंदपुरी रेलवे स्टेशन की तीन नंबर लाइन पर वॉशिंग एप्रांट का काम भी 50 फीसदी पूरा हो गया है। इसके बनने के बाद लाइन पर आते ही ट्रेनों में पानी भरने और जरूरत होने पर उसकी धुलाई होने का काम भी जल्द हो सकेगा। स्टेशन पर पार्किंग और लाइटों का काम भी चल रहा है।

# बेटी की मौत पर डीएम से शिकायत

**कानपुर।** कानपुर देहात के शिवली निवासी बब्बन की बेटी नेहा (15) की 10 मई को हैलट के बाल रोग अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई थी। डॉक्टरों के मुताबिक किशोरी टीबी की बीमारी से ग्रस्त थी और कई जगह इलाज कराने के बाद गंभीर अवस्था में परिजन उसे लेकर आए थे। बब्बन ने इलाज के दौरान लापरवाही से बेटी की मौत होने का आरोप लगाकर जिलाधिकारी से शिकायत की। मामले को संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी ने जांच के लिए तीन सदस्यीय टीम का गठन किया, जिसमे एडीएम न्यायिक सूरज यादव, एसीएमओ डॉ.सुबोध प्रकाश व हैलट के बाल रोग अस्पताल के सीएमएस डॉ.विनय कुमार शामिल हैं।

# नौतपा की भीषण तपन से झुलसे बदन

संवाददाता, चौबेपुर

- बाजारों और प्रमुख मार्गों पर पसरा रहा सन्नाटा
- दोपहर में गर्मी से लोगों का हाल बेहाल रहा

**अमृत विचार।** नौतपा की तपन ने लोगों को बेहाल कर दिया है। सुबह से ही निकल रही चटक धूप से जनजीवन प्रभावित है। बुधवार को भी तन झुलसाने वाली सूरज की किरणों ने लोगों को घरों में कैद रहने के लिए विवश कर दिया। दोपहर आसमान में छाई हल्की बदली ने राहत के बजाय उमस और भी बढ़ा दी। बढ़े तापमान से दोपहर जीटी रोड समेत प्रमुख मार्गों पर सन्नाटा पसरा नजर आया।

क्षेत्र में गर्मी का प्रकोप कम नहीं हो रहा। बुधवार को सुबह 9:00 बजे से ही सूरज की तल्खी देख लोग बाहर निकलने की हिम्मत न जुटा सके। भीषण तपिश के चलते ज्यादातर लोगों ने घर के अंदर रहना मुनासिब समझा। दोपहर 2:00 बजे तक जीटी रोड, बंदी माता मार्ग व बेला मार्ग पर सन्नाटा पसर गया। दोपहर कुछ समय के लिए आसामान में छाई हल्की बदली भी गर्मी से राहत न दिला सकी। तापमान 44 डिग्री से अधिक होने व जबरदस्त उमस के चलते बाजार में पूरी तरह से सन्नाटा ही पसरा रहा। ठेलिया दुकानदार भी छांव का सहारा लेते दिखे।


बुधवार की दोपहर चौबेपुर कस्बे की सड़क पर सन्नाटा पसरा रहा। अमृत विचार

मौसम के इस रुख से बीमार पड़ रहे लोगों से अस्पताल में मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। सीएचसी अधीक्षक डॉ यशोवर्धन सिंह ने बताया कि इस समय धूप से घर पहुँचने पर तत्काल स्नान न करें। इससे स्वास्थ्य को नुकसान पहुंच सकता है। खान पान पर विशेष ध्यान दिए जाने के साथ थोड़ी-थोड़ी देर में पानी का सेवन जरूर करते रहें। साथ दस्त आने की दशा में दवा के साथ इलेक्ट्रॉल अथवा चीनी नमक का घोल लेते रहने की सलाह मरीजों को दी।बताया कि शरीर में पानी की कमी से दिक्कत बढ़ जाती है।

## बारातियों की बस पलटी, कई घायल

**भीतरगांव।** साढ़ थाना क्षेत्र के बेहटा बुजुर्ग गांव में बारात लेकर जा रही बस ट्रैक्टर ट्राली से टकराने के बाद पलट गई, जिसमें एक दर्जन लोग घायल हो गए। उन्हें सीएचसी पहुंचाया गया, जहां से गंभीर घायलों को कानपुर रेफर किया गया है।

नरवल क्षेत्र के बेहटा सकत गांव के जगदीश कुरील के पुत्र मुकेश (23) की बारात घाटमपुर क्षेत्र के चंवर सिवराढ़ी गांव जा रही थी। बस बेहटा बुजुर्ग के पास सामने से ट्रैक्टर से टक्कर के बाद पलट गई। इसमें फतेहपुर के मौहार निवासी सन्तोष, बकेवर के भेलगांव निवासी देशराज, पाली बेहटा के रामरतन, अमौली निवासी रंजीत, पाली निवासी करन, हिमांशू, अंशू, अकबराबाद के गोरेलाल सहित लगभग एक दर्जन लोग घायल हो गए। इनमें से पांच लोगों को गंभीर हालत में कानपुर के लिए रेफर कर दिया गया है।

## आंधी आई-बत्ती गुल


घाटमपुर तहसील क्षेत्र के गौरैयनपुर गांव में बुधवार को तेज आंधी के चलते बिजली के पोल टूट जाने से गांव की बिजली आपूर्ति ठप हो गई है। ग्राम प्रधान रामकिशोर कर्णधार ने बताया कि बुधवार को तेज आंधी आ जाने से नीम का पेड़ टूटकर बिजली के तारों में जा गिरा, जिससे तार सहित बिजली का पोल भी टूट गया। तार और खंभा टूटने से गांव में बिजली आपूर्ति ठप हो गई है। ग्राम प्रधान रामकिशोर कर्णधार ने घाटमपुर विधायक सरोज कुरील से गांव की बिजली ठीक कराए जाने की बात कही है। विधायक प्रतिनिधि मनीष तिवारी ने एसडीओ को फोन कर गौरैयनपुर की लाइट ठीक कराए जाने को कहा, ताकि गांव के लोगों को इस भीषण गर्मी से निजात मिल सके। ● अमृत विचार

# ट्रैक्टर ट्रॉली से टकराई एंबुलेंस, मरीज की मौत

### कन्नौज हाईवे पर नारामऊ के पास मंगलवार रात हुआ हादसा

संवाददाता, बिठूर

**रफ्तार की मार**

- फर्रुखाबाद से मरीज लेकर कानपुर जा रही थी एंबुलेंस
- निजी अस्पताल में इलाज के दौरान थम गईं सांसें

**अमृत विचार:** फर्रुखाबाद से मरीज लेकर कानपुर जा रही रही तेज रफ्तार एंबुलेंस बिठूर थाना क्षेत्र में हाईवे पर नारामऊ के पास तरबूज लादकर जा रहे ट्रैक्टर ट्रॉली से टकरा गई। हादसे में एंबुलेंस पर सवार मरीज के सिर पर गंभीर चोटें आईं। उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। मौत से मरीज के तीमारदारों में कोहराम मच गया।

फर्रुखाबाद जनपद के चितवनपुर गांव का रहने वाला तुलसीराम पुत्र निशान सिंह बीमार था। मंगलवार की रात परिवार वाले उसे एंबुलेंस से कानपुर ले जा रहे थे। एंबुलेंस जब हाईवे पर नारामऊ के पास पहुंची, तभी तरबूज लादकर जा ट्रैक्टर ट्रॉली से टकरा गई। हादसे के बाद ट्रैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई, जबकि एम्बुलेंस पर सवार मरीज के सिर पर गंभीर चोटें आ गईं। ट्रैक्टर टॉली में लदे तरबूज हाईवे पर छितरा गए।

हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची बिठूर पुलिस ने घायल मरीज और एम्बुलेंस चालक को रावतपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान बीमार व्यक्ति की मौत हो गई। मरीज की मौत से उसके तीमारदारों में कोहराम मच गया। पुलिस का कहना है कि अभी तक हादसे के संबंध में कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

### अनियंत्रित कार खंभे से टकराई, तीन घायल

**घाटमपुर।** मुगल रोड पर ब्लॉक के सामने एक कार अनियंत्रित होकर सड़क से खंती में खड़े बिजली के खंभे से टकराकर पलट गई, जिससे कार के परखच्चे उड़ गए। लोगों ने कार के अंदर फंसे दो लोगों को किसी तरह बाहर निकालकर इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया। फतेहपुर निवासी राहुल सिंह (28) साथियों को कार में फंसा छोड़कर भाग गया। बाद में उसके भी एक निजी अस्पताल में भर्ती होने की खबर मिली। हादसे में फतेहपुर जिले के असोथर थाना क्षेत्र के कुसुंभी निवासी दीपक द्विवेदी (27) और फतेहपुर शहर के राधानगर थाना क्षेत्र के बसावनपुर निवासी पुत्तन (50) घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए सीएससी लाया गया। यहां प्राथमिक उपचार कर उन्हें हैलट रेफर किया गया है। पुलिस ने हादसे की जानकारी घायलों के परिजनों को दी है। बताया जाता है कि हादसे का शिकार हुए कार सवार बसौरा घाटमपुर में रहने वाले रिश्तेदार के घर से वापस लौट रहे थे।

# पीड़ितों का दर्द बांटने पहुंचीं पूर्व सांसद अंजू

संवाददाता, शिवराजपुर

**अमृत विचार:** कस्बे के निवासी दो किशोरी की बीते शुक्रवार को खेरेश्वर सरैया घाट पर गंगा में स्नान करते समय गहरे जल में चले जाने के कारण डूब कर मृत्यु हो गई थी। बुधवार को भाजपा की पूर्व सांसद एवं एससी एसटी आयोग की पूर्व सदस्य अंजू बाला बच्चों के परिजनों से मिलने उनके घर पहुंचीं और दुख की इस घड़ी में रोते-बिलखते परिजनों को धैर्य बंधाया।

कस्बे के वार्ड नंबर पांच सुभाष नगर निवासी श्लोक अवस्थी व उसका भाई सक्षम एवं वार्ड नंबर 5 विकास नगर निवासी दीप बाजपेई पुत्र राघवेंद्र बाजपेई अपने घर का इकलौता चिराग था। ये तीनों बीते शुक्रवार को गंगा स्नान करने गए थे। स्नान करते समय गहरे जल में चले जाने के कारण दीप बाजपेई व श्लोक अवस्थी की मृत्यु हो गई थी।

पूर्व सांसद डॉ अंजूबाला दीप बाजपेई के पिता राघवेंद्र बाजपेई एवं उसके बाबा विनय वाजपेई एवं घर की महिलाओं से जाकर मिलीं और उन्हें धैर्य बंधाया। इसके साथ ही श्लोक अवस्थी के घर पहुंचकर उसके माता-पिता व अन्य परिजनों को सांत्वना दी और कहा कि दुख की इस घड़ी में हम आपके के साथ हैं। इस मौके पर उनके साथ नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि कैलाश कटियार, पूर्व जिला पंचायत सदस्य अश्वनी कटियार, ब्लॉक प्रमुख शुभम बाजपेई, बिट्टू ठाकुर, पिंकी, सोमू सैनी आदि लोग मौजूद रहे।


परिजनों से मुलाकात कर सांत्वना देतीं पूर्व सांसद अंजूबाला। अमृत विचार

# निलंबित राशन की दुकान के शपथ पत्रों का सत्यापन किया

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार:** तहसील क्षेत्र के हथेरुआ गांव में अनियमितताओं को लेकर राशन कोटेदार का कोटा निलंबित किया गया था। राशन कार्ड धारकों को हो रही असुविधा को देखते हुए उपभोक्ताओं के राशन कार्डों को दूसरी राशन की दुकान पर स्थानांतरण कर दिया गया था। वहीं पूर्व आवंटित कोटेदार द्वारा कोर्ट में अपील दायर की गई थी। साथ ही पूर्व कोटेदार द्वारा दुकान की बहाली के लिए कार्डधारकों के शपथ पत्र दाखिल किए गए थे। बुधवार को नायब तहसीलदार, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी एवं आपूर्ति निरीक्षक ने गांव पहुंचकर शपथ पत्रों की बारीकी से जांच-पड़ताल की।

तहसील क्षेत्र के हथेरुआ गांव में पूर्व में राजा बाबू संखवार के नाम सरकारी राशन की दुकान आवंटित थी। पूर्व कोटेदार द्वारा कार्ड धारकों को राशन वितरण में अनियमितताएं बरती गयी थी। जिसको लेकर लगभग आधा सैकड़ा कार्ड धारकों ने कोटेदार के खिलाफ घाटमपुर तहसील में पहुंचकर लिखित शिकायती पत्र देते हुए एसडीएम से शिकायत की थी। शिकायतों को संज्ञान में लेते हुए घाटमपुर एसडीएम ने खाद्य आपूर्ति विभाग के अधिकारियों को जांचकर कोटेदार के खिलाफ कार्यवाही के आदेश दिए थे। जांच में सही पाए जाने पर पूर्व आवंटित कोटेदार की दुकान को निलंबित कर दिया गया था साथ ही ग्रामीणों के सहमति से राम बिहारी के नाम दुकान को 2021 में आवंटित कर दिया गया था। कुछ दिन बाद पूर्व कोटेदार द्वारा कोर्ट में अपील दायर की गई थी। जिसमें दुकान की बहाली हेतु कार्ड धारकों के शपथ पत्र दाखिल किए गए थे तथा वर्तमान कोटेदार द्वारा भी अपने पक्ष में कार्ड धारकों के नाम से शपथ पत्र दाखिल किए गए थे।

बुधवार को जांच हेतु घाटमपुर तहसील के नायब तहसीलदार, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी व खाद्य आपूर्ति निरीक्षक राम निरंजन द्वारा हथेरूआ गांव के हनुमानगढ़ी सरकार मंदिर परिसर में ग्रामीणों के साथ बैठक कर कार्ड धारकों के नाम दाखिल हुए शपथ पत्रों की जांच की गई। क्षेत्रीय खाद्य निरीक्षक द्वारा बताया गया कि दायर किए गए शपथ पत्रों की जांच प्रारंभ हुई है। जांच कर रिपोर्ट उच्चधिकारियों को भेजी जाएगी। जांच के बाद जैसा अफसरों का आदेश होगा, वैसी कार्रवाई की जाएगी।


शपथ पत्रों की जांच करते कमेटी के सदस्य। अमृत विचार

# नहर में मिला युवती का शव, हत्या की आशंका

संवाददाता, बिल्हौर

- बोरी में भरा था शव, देर शाम तक नहीं हो सकी शिनाख्त

**अमृत विचार:** ककवन कस्बे में बुधवार की शाम नहर में बोरी में भरा युवती का शव मिलने से हड़कंप मच गया। शाम पांच बजे ककवन नहर पुल से कोठी पूर्व रोड पर 100 मीटर दूर एक बोरी में ग्रामीणों ने युवती का शव देखा। इसके बाद स्थानीय पुलिस को सूचना दी गई।

मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी अभिलाष कुमार मिश्रा ने स्थानीय पुलिस व मछुआरों की मदद से बोरी को नहर से बाहर निकलवाया, जिसमें एक युवती का शव निकला। उसके हाथ-पैर बंधे थे। जिससे यह अनुमान लगाया जा रहा है कि हत्या करने के बाद बोरी में भरकर नहर में फेंका गया है। हालांकि देर शाम तक युवती की शिनाख्त नहीं हो सकी है। प्रारंभिक जांच के दौरान यह बात स्पष्ट हुई है कि युवती की हत्या कर शव नहर में फेंका गया है। युवती के दाहिने कान के नीचे चोट के निशान मिले हैं। थाना प्रभारी अभिलाष कुमार मिश्रा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। शव लगभग दो से तीन दिन पुराना प्रतीत हो रहा है। शरीर पर किसी प्रकार की चोट के निशान नहीं है। उसके गले में अल्लाह नाम की ताबीज भी मिली है। आसपास के सभी थानों को सूचित कर दिया गया है। उसकी शिनाख्त के लिए जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं।

## राहगीरों को मिलेगा शुद्ध शीतल पेयजल

**घाटमपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद छात्र संगठन की नगर इकाई की ओर से राहगीरों के लिए शुद्ध एवं शीतल पेयजल उपलब्ध कराने के लिए जल मंदिर की शुरुआत की गई। बुधवार को बाकायदा इसका लोकार्पण किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख इंद्रजीत सिंह, जिला पंचायत सदस्य शिवनाथ निषाद के साथ ग्राम प्रधान राजनारायण संखवार, नगर अध्यक्ष राहुल राजावत, जिला संगठन मंत्री अंकुश सिंह गौर, नगर मंत्री कृष्णा बाजपेई, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य अरुण शर्मा, पूर्व तहसील संयोजक अयान शर्मा,पूर्व तहसील सहसंयोजक पुनीत शर्मा, अभय तिवारी, बसु ठाकुर, धर्मेंद्र यादव आदि लोग उपस्थित रहे। राहगीरों को पानी पिलाकर शुरुआत की गई।

# डीएम के पास पहुंचा कब्जे का मामला

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार:** घाटमपुर तहसील क्षेत्र के पतारा कस्बे के तालाब में अवैध कब्जा करने का मामला जिलाधिकारी तक पहुंच गया है। ग्रामीणों ने बुधवार को कानपुर में जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर कस्बे के सात सौ वर्ष पुराने तालाब पर अवैध कब्जा रोके जाने की आवाज उठाई है।

पतारा कस्बे के ग्रामीणों ने शिकायती पत्र में बताया कि सात सौ वर्ष पुराना तालाब तिलसड़ा रोड के किनारे पाथा माई मन्दिर के पास स्थित है, जिस पर कुछ भूमाफिया की बुरी नजर लगी है। तालाब पर अवैध कब्जा करने की नीयत से तालाब को लगातार मिट्टी डालकर पाटा जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि इस तालाब में पतारा के चार सौ घरों के अलावा पड़ोसी गांव शिरोमनपुर, धरमंगलपुर, गौरनपुर आदि गांवों का भी पानी आता है। साथ ही चार बड़े नाले भी चारों दिशाओं से तालाब में गिरते हैं, जिसमें बरसात का पानी एकत्रित होता है।

ग्रामीणों ने बताया कि भूमाफिया ने दो कुलाबों को बन्द कर दिया है। पन्द्रह दिनों में लगभग एक सैकड़ा डंपर मिट्टी डालकर तालाब को पाट दिया गया है, जिस कारण पतारा के अलावा अन्य गांवों में बरसात में क्षेत्र में जलभराव की भीषण समस्या उत्पन्न हो जाएगी। साथ ही में गम्भीर बीमारियों को भी बढावा मिलेगा एवं जनजीवन अस्त-व्यस्त हो जाएगा। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर तालाब पर अवैध कब्जा रोके जाने की मांग उठाई है।


जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देने पहुंचे पतारा के लोग। अमृत विचार

# घर से खेलने के लिए निकला बच्चा लापता

**घाटमपुर।** थाना सजेती के गांव रौली में बीते मंगलवार को अपराह्न तीन बजे गांव में खेल रहा विनोद कुमार का पुत्र गौरव (13) अचानक लापता हो गया। शाम छह बजे तक घर वापस नहीं आने पर परिजनों ने तलाश शुरू की।

गांव, रिश्तेदारियों और क्षेत्र में खोजबीन के बाद भी गौरव का पता नहीं चला। पिता विनोद कुमार ने सजेती पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी बृजमोहन सिंह ने बताया कि प्रार्थना पत्र मिला है, जांच की जा रही है।


गौरव।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

**धर्म-अध्यात्म** श्रीमद् भागवत कथा सुनने के लिए उमड़ी भीड़, भजनों पर झूमते रहे श्रृद्धालु

# कृष्ण ने घमंड तोड़ने को उठाया गोवर्धन पर्वत

संवाददाता, बिल्हौर

**अमृत विचार:** ककवन कस्बे के अटल नगर मोहल्ले में आयोजित हो रही श्री मद्भागवत कथा के पांचवें दिन बुधवार को आचार्य धनवंतरि दास जी ने गोवर्धन पर्वत की कथा सुनाई। आचार्य ने गोवर्धन पर्वत की पूजा का महत्व बताते हुए कहा कि लोग देवराज इंद्र की पूजा करते थे। इससे इंद्र को घमंड हो गया था। इसलिए भगवान श्रीकृष्ण ने इंद्र का घमंड नष्ट करने के लिए लीला रची। यह देखकर इंद्र ने लगातार बारिश शुरू कर दी।

गोकुलवासियों की रक्षा के लिए भगवान ने गोवर्धन पर्वत को उंगली पर उठा लिया। बाद में इंद्र का घमंड नष्ट हो गया और तभी से गोवर्धन पर्वत की पूजा का प्रचलन है। उन्होंने कहा कि मनुष्य को अपने कर्म का फल भोगना पड़ता है। मनुष्य जैसे कर्म करता है, उसे फल भी वैसे ही भोगने पड़ते हैं। प्रभु राम व कृष्ण ने मनुष्य रूप में दुष्टों का संहार करते हुए अनेक लीलाएं की। धर्म की रक्षा और दुष्टों के संहार के लिए ही भगवान ने अवतार लिए। भगवान ने अवतार लेकर वकासुर, अघासुर, धेनुकासुर आदि राक्षसों का वध किया। इंद्र का अहंकार तोडने के लिए गोवर्धन पर्वत को अंगुली पर उठा लिया।

उन्होंने कहा कि बुद्धि अल्पज्ञ और ईश्वर सर्वज्ञ है। बुद्धि प्रकाशित और ईश्वर प्रकाशमान है। मन की दो परिस्थिति होती हैं भय और लोभ। मन हमेशा भय या लोभ से ग्रसित होता हैं। मन ही माया के बंधन में बंधा रहता है। अतः मन ही बंधन का कारण है। इसलिए मन को गोविन्द के चरणों में लगा दो यही मुक्ति का साधन है। इस दौरान कथा में विशेष रूप से पहुंचे प्रदीप मिश्रा, रजनीश स्वर्णकार, सोनू यादव, संतोष, मनोज स्वर्णकार, मोहित सेंगर, सत्यम मिश्रा सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं।


ककवन कस्बे में कथा सुनाते आचार्य धनवंतरि दास। अमृत विचार

# सड़क पर गड्ढों व उखड़ी बजरी से हादसों का भय

संवाददाता, शिवराजपुर

**अमृत विचार:** क्षेत्र के निवादा थाती संपर्क मार्ग लोक निर्माण विभाग की अनदेखी से आवागमन करने लायक नहीं है। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे और उखड़ी बजरी से बाइक सवार, साइकिल सवार जहां फिसलकर चुटहिल हो रहे हैं, वहीं कार और अन्य वाहनों के टॉयर पंचर हो जा रहे हैं। स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से उक्त मार्ग की जल्द से जल्द मरम्मत कराने की मांग की है।

क्षेत्र के महीपालपुर से थाती निवादा गांव तक जाने वाले संपर्क पीडब्लूडी की अनदेखी के कारण जर्जर है। बारिश में सड़क हो चुके हैं। इसके साथ ही पूरे मार्ग पर बजरी उखड़ी पड़ी है। गांव के जयंत कुशवाहा,पिटू सिंह,रामकरन,अर्जुन, सुनील आदि लोगों ने बताया कि गांव से वह लोग सब्जियां, फल और दूध लेकर मंडी जाने के लिए इसी रास्ते से होकर गुजरते है, सड़क पर गिट्टी फैली होने के कारण जीटी रोड तक पहुंचने में काफी समय लग जाता है। यदि वह अपनी मोटर साइकिल व साइकिल को तेज चलाने का प्रयास करते हैं तो ग्रामीण बजरी में फंसकर चुटहिल हो जाते हैं। सर्वाधिक दिक्कत सड़क पर मोड़ वाले स्थानों पर होती है। ग्रामीणों ने अविलंब सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है। ग्राम प्रधान आशुतोष कटियार ने बताया कि बुधवार को दर्जनों ग्रामीणों के साथ उपजिलाधिकारी रश्मि लांबा को ज्ञापन देने पहुंचे।



# पारा 46 डिग्री पार, हर तरफ हाहाकार

❍ बुधवार को सबसे ज्यादा गर्म रहा कानपुर देहात ❍ पेड़ से बेहोश होकर गिरे पक्षी, धूप ने झुलसाया

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचार।** जिले में नौतपा के चलते मौसम दिन पर दिन अपने तीखे तेवर दिखा रहा है। बुधवार दोपहर में पारा 46.6 डिग्री पहुंचने से सीजन का सबसे गर्म दिन रहा। पूरे दिन आसमान से दहकते सूरज की तपन से आग बरसाती रही, जिससे लोगों के साथ पशु-पक्षी भी बेहाल रहे। जरूरी काम से घरों से निकले लोग छतरी लगाने व सिर और चेहरा ढक कर निकलने को मजबूर हुए, जबकि गर्मी बेहाल राहगीर छाया देख वाहन को रोक कर पसीना सुखाते नजर आए। जिले में तेज धूप के साथ तापमान में लगातार इजाफा हो रहा है।



गर्मी से राहत पाने के लिए नहर में नहाते लोग। अमृत विचार

बुधवार को सुबह से ही गर्मी अपना असर दिखाने लगी सूरज निकलने के साथ ही तपन बढ़ती गई। जरूरी काम से घरों से निकले लोग तेज धूप से बचने के लिए छतरी को सहारा लेने के साथ से अंगौछा दुपट्टे से चेहरा ढकने के लिए मजबूर हो गए। दोपहर में पारा 46.6 डिग्री पहुचने पर बुधवार सीजन का सबसे गर्म दिन रहा। गर्मी के चलते वहानों के नगण्य रहने से रोड पर पूरे दिन सन्नाटा पसरा रहा। सीएसए के मौसम वैज्ञानिक डा. सुनील पाण्डेय ने बताया कि अगले पांच दिनों में हल्के बादल छाए रहने के आसार हैं, किन्तु वर्षा की कोई संभावना नहीं है। दिन और रात के तापमान सामान्य से अधिक रहने के आसार हैं। फुल आस्तीन के कपड़े पहनने की सलाह दी है।

**कूलर, फ्रिज और एसी की बढ़ी डिमांड:** नौतपा की गर्मी शरीर को झुलसा रही है। गर्मी से परेशान लोग बाजार जाकर फ्रिज कूलर एसी को खरीद रहे हैं जबकि मिट्टी के घड़ो की भी डिमांड बढ़ गई है।

### ट्रक चालक की बिगड़ी तबीयत और थम गईं सांसें

**कानपुर देहात।** प्रतापगढ़ जिले पूरेभीखा गांव निवासी देवराज (42) ट्रक में मक्का लादकर एग्रो इंडस्ट्रीज बारा जोड़ (अकबरपुर) आया था। बुधवार देर शाम अचानक तबीयत बिगड़ गई। कंपनी के कर्मचारी उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे, जहां ईएमओ ने देवराज को मृत घोषित कर दिया। अस्पताल के मेमो पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम लिए भेजा है। थाना प्रभारी सतीश सिंह ने बताया कि परिजनों को सूचना दी गई है। परिजनों के आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।



गर्मी से संदलपुर में पसरा सन्नाटा। अमृत विचार

### गर्मी हुई जानलेवा, दो लोगों की चली गई जान

**पुखरायां/रनियां।** भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र में हाईवे पर अचानक ट्रक चालक की हालत बिगड़ने पर स्थानीय लोगों ने सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिला सीतापुर थाना सिधौली के जगपुरा गांव के हरन ने बताया कि उनके भैया आसिफ खान (30) हमीरपुर से ट्रक में मौरंग लादकर सीतापुर जा रहा था। झांसी-कानपुर हाईवे पर चौरा गांव के पास अचानक उसकी हालत बिगड़ने पर सीएचसी लाया गया, जहां डॉ. आरती सिंह ने मृत घोषित कर दिया। उधर, रनियां क्षेत्र में बुधवार की शाम चिरौरा के एक युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जिसे डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। चिरौरा गांव निवासी 50 वर्षीय ननका बुधवार को राजेंद्रा चौराहे के समीप देशी शराब की दुकान के पीछे बेहोशी हालत में मिला, जिसे भाई चंद्रपाल ने जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## झींझक में वाटर कूलर से प्यास बुझा रहे लोग

**मंगलपुर।** नौतपा शुरू होने से आसमान से आग बरस रही आम जनता के साथ साथ पशु पक्षी भी झुलस रहे हैं इस समय गर्मी अपनी चरम सीमा पर है लोग अपने घरों से बाहर नहीं निकल रहे हैं अगर निकल रहे है तो तेज धूप का बचाव करते नजर आ रहे हैं। ऐसे में नगर पालिका परिषद झींझक के द्वारा नगर क्षेत्र के 5 प्रमुख स्थानों पर फ्रीजर वाटर कूलर लगाया गया। ताकि भीषण गर्मी में लोगो की प्यास बुझाई जा सके।

नगर पालिका परिषद झींझक आने वाले लोगों को भीषण गर्मी में पीने के पानी की समस्या हो रही थी। इसको देखते हुए नगर पालिका परिषद झींझक ने वाटर कूलर मशीन को लगाया है। अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद झींझक जेपी मौर्या ने कहा कि सरकारी अस्पताल, पॉवर हाउस, अक्षय वट आश्रम, दुर्गेश नगर, विकास नगर में कहीं भी पेयजल का व्यवस्था नहीं थी और भीषण गर्मी को देखते हुए नए पांच वाटर कूलर लगाए गए हैं



वाटर कूलर से पानी भरती महिलाएं।

जिससे लोगों को ठंडा पेयजल मिल सके। वाटर कूलर मशीन लगने के बाद स्थानीय लोगों के साथ बाहर आने वाले राहगीरों को भी गर्मी में काफी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि जरूरत के हिसाब से नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा क्षेत्र के और भी चिन्हित जगह पर वाटर कूलर लगाया जायेगा। एक दो जगहों के वाटर कूलर ठंडा पानी मुहैया नहीं करा पा रहे है। एक दो दिनों में उन्हे भी ठीक करा लोगो को शीतल पेयजल मुहैया कराया जाएगा वाटर कूलर लगने से लोगों ने राहत की सांस ली।

## एक नजर

### विवाहिता लापता, रूरा थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज

**रूरा।** क्षेत्र के कमालपुर गांव की हाजरा बीते रविवार को बाजार जाने की बात कह कर घर से निकली थी जिसकी देर रात तक घर वापसी नहीं हुई परिजनों ने काफी खोज बीन की लेकिन कोई पता न चल सका जिस बहन आशमा ने थाने में शिकायत दी है थाना प्रभारी ने बताया की गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है।

### पिता-पुत्र के विरुद्ध मारपीट की एफआईआर दर्ज

**कानपुर देहात।** रसूलाबाद थाना क्षेत्र के धर्मपुर रतनपुर गांव निवासी एक महिला ने पिता पुत्र के विरुद्ध मारपीट का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई। धर्मपुर रतनपुर गांव निवासी योगेंद्र कुमार की पत्नी प्रेमा देवी ने आरोप लगाया कि वह अपने दरवाजे बैठी थी, तभी पुष्पेंद्र व उसके पिता रामचंद्र आकर गालीगलौज करने लगे विरोध करने पर मारा-पीटा जिससे घायल हो गई। प्रभारी निरीक्षक मुकेश कुमार सोलंकी ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

**कानपुर देहात।** रसूलाबाद थाना क्षेत्र के दहेलिया गांव के पास वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। एंबुलेंस उसे सीएचसी ले गई, वहां ईएमओ ने इलाज के बाद हैलट रेफर कर दिया। कंचौसी मंगलपुर निवासी बृजेश कुमार बाइक से मंगलवार रात कानपुर की तरफ जा रहा था, तभी दहेलिया पेट्रोल पंप के पास वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे मे बृजेश गंभीर रूप से घायल हो गया। एम्बुलेंस उसे सीएचसी ले गई। ईएमओ डॉक्टर बृजेश कुमार ने हालत चिंताजनक देखते हुए हैलट रेफर कर दिया।

### बुखार से युवक की मौत

**कानपुर देहात।** रसूलाबाद के निराला नगर निवासी एक मजदूर की बुखार से मौत हो गई। निराला नगर निवासी रामू सविता (35) को मंगलवार की रात तेज बुखार आया। उसने तहसील के पास स्थित एक मेडिकल स्टोर से दवा खरीद कर खाई। बुधवार दोपहर हालत बिगड़ने पर परिजन सीएचसी ले गए, वहां डॉ. बृजेश कुमार ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया है।

## मित्र का साथ कभी भी नहीं छोड़ें

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचार।** सुदामा-कृष्ण मित्रता की कथा के माध्यम से भागवत में मित्रता के सच्चे धर्म व भगवान पर आश्रित रहने वालों की स्थिति का वर्णन किया है। भागवत ने अत्यंत समृद्ध संपन्न होने पर भी अपने निर्धन मित्र को न भूलने और मित्रता निर्वहन के लिए बुरे वक्त में मित्र का साथ देने का संदेश समाज को दिया है।

यह बात रसूलाबाद क्षेत्र के डुडामहुआ स्थित तालेश्वर महादेव मंदिर परिसर में प्रचंड गर्मी के कारण हो रही सायंकालीन श्रीमद् भागवत कथा के समापन दिवस पर कथावाचक मधुसूदन जी महाराज ने कृष्ण सुदामा की कथा के प्रसंग के दौरान कही। उन्होंने कहा कि मित्रता में मित्र के कष्ट निवारण के पश्चात ही अपने कष्ट की ओर ध्यान देना चाहिए। घर की विपन्नावस्था देखकर सुदामा की पत्नी सुशीला ने बचपन के मित्र द्वारकाधीश से मिलने का आग्रह अपने पति सुदामा से किया और उन्हें



तालेश्वर महादेव मंदिर परिसर में श्रीमद् भागवत कथा वाचक मधुसूदन जी महाराज की विदाई करते आयोजन समिति के पदाधिकारी। अमृत विचार

भेंट के लिए पोटली में कुछ चावल पड़ोसी से मांग कर दिए।

सुदामा के द्वारिका पहुंचने और वहां के वैभव को देखने के पश्चात वे चकाचैंध हो गये। बड़ा साहस कर उन्होंने द्वारपाल से अपनी कृष्ण की मित्रता की बात कह कर उनसे मिलने का आग्रह किया। द्वारपालों से सुदामा की दशा का वर्णन सुनकर भगवान नंगे पांव अपने मित्र के लिए दौड़े चले आए और उनका अद्भुत स्वागत किया। चावल की पोटली छुपाने पर उन्होंने उनसे कहा कि वे बचपन की आदत अभी भी नहीं भूले हैं। बाद में उन्होंने अपने मित्र को सांसारिक वैभव एवं पारलौकिक सुख से समृद्ध कर दिया। राजाधिराज होते हुए भी भगवान श्री कृष्ण अपने मित्र को नहीं भूले और मित्रता के निर्वहन के लिए समाज को एक संदेश दिया कि बुरे वक्त में भी अपने मित्र का साथ नहीं छोड़ना चाहिए। इस अवसर पर रामू दुबे, कमल दुबे ,प्रमोद कुमार दुबे, अवधेश अवस्थी, बिपिन दुबे आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

## युवक का शव पड़ा मिला, शिनाख्त हुई

**पुखरायां।** भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के जरैलापुर गांव के समीप एक व्यक्ति का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा होने की सूचना स्थानीय लोगों के द्वारा कोतवाली पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर जांचपड़ताल शुरू की। मौके पर पहुंची मृतिका की पत्नी ने शव की शिनाख्त की।

भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र जरैलापुर गांव निवासी लक्ष्मी देवी ने बताया कि उसका पति जुग्गीलाल (40) हैदराबाद में काम करता था। करीब आठ वर्ष पूर्व उसके पति की तबियत बिगड़ गई थी। जिसके बाद वह घर आ गया था। और उसका उपचार चल रहा था। जुग्गीलाल का मानसिक संतुलन सही नही रह रहा था। मंगलवार की शाम वह घर से कहीं निकल गया था। काफी तलाश करने पर उसका पता नही चल सका। सुबह सूचना मिली कि उसके पति का शव गांव के समीप पड़ा है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।

## लू से बचाव के लिए दिया प्रशिक्षण

संवाददाता, राजपुर

**अमृत विचार।** अमरौधा ब्लॉक कार्यालय में बुधवार को ब्लॉक स्तरीय आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में जिला आपदा विशेषज्ञ ने आशाओं, आंगनबाड़ी कार्यकत्री व स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को लू, आपदाओं से बचाव के लिए जागरुक किया गया।

बीडीओ कमलेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में जिला आपदा विशेषज्ञ अश्वनी वर्मा ने आशाओं, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व बैंक सखियों को आपदा से बचाव के लिए जागरुक करते हुए कहा कि गर्मी के मौसम में बढ़े हुए तापमान से लू लगने का खतरा बढ़ जाता है। खासकर धूप में घूमने वालों, खिलाड़ियों, बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों को लू लगने का डर ज्यादा रहता है। उन्होंने बताया कि राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा जनहित में लू से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। जिसकी सभी को



अमरौधा ब्लॉक में आपदा से बचाव के लिए जागरुक करते विभाग के अधिकारी।

● आशाओं, बैंक सखियों और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को बताए गए उपाय

पालना करते हुए स्वास्थ्य सुरक्षा बनाए रखनी है।

आपदा विशेषज्ञ ने बताया कि तापमान 46 डिग्री सेल्सियस होने से लू का प्रकोप बढ़ा हैं। गर्मी व लू से बचाव के लिए घर से बाहर निकलने में सावधानी बरतें। धूप से बचाव के लिए गमछा टोपी और छांते का इस्तेमाल करे। हल्के रंग के कपडों का उपयोग करे। लस्सी नमक व चीनी के घोल का सेवन करे। शरीर का तापमान बढने पर पसीना न निकले सिर में दर्द महसूस होने, त्वचा में लालिमा दिखाई देने उल्टी दस्त की शिकायत होने पर और मांसपेशियों में ऐठन होने पर पीड़ित को छायादार वृक्ष के नीचे बैठाए। शरीर पर पानी का छिडकाव करें। नशीले पदार्थों का सेवन से बचाव करे प्रोटीन युक्त हल्का भोजन करे। सर्पदंश के शिकार व्यक्ति को नजदीकी सरकारी अस्पताल में ले जाए ताकि उसे समय से उपचार मिले। कार्यक्रम में एडीओ बलबीर प्रजापति, रुखसाना, तबस्सुम जहां, आदि लोग उपस्थित रहे।

## अभियोजन के गवाह से बचाव पक्ष ने की जिरह

**बलवंत कांड**

● अब 31 मई को होगी इस मामले में अगली सुनवाई

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचार।** बलवंत हत्याकांड में अपर जिला जज पंचम की अदालत में बुधवार को अभियोजन गवाह से दो आरोपियों की ओर से बचाव पक्ष ने जिरह पूरी की। अब 31 मई को सुनवाई होगी।

शिवली क्षेत्र के सरैंया लालपुर निवासी बलवंत की 12 दिसंबर 2022 को पुलिस की पिटाई से मौत हो गई थी। इसमें तत्कालीन एसओजी प्रभारी सहित पुलिस कर्मियों के खिलाफ हत्या व अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ था। पुलिस ने तत्कालीन एसओजी प्रभारी सहित आठ लोगों को जेल भेजकर उनके खिलाफ कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किए थे। मामले की सुनवाई अपर जिला जज पंचम की अदालत में चल रही है। वादी पक्ष के अधिवक्ता जीतेंद्र प्रताप सिंह चैहान ने बताया कि बुधवार को अभियोजन गवाह गुड्डू उर्फ राघवेन्द्र सिंह से आरोपियों तत्कालीन एसओजी प्रभारी प्रशांत गौतम व सिपाही दुर्वेश कुमार की ओर से बचाव पक्ष ने अपनी जिरह पूर्ण कर ली है।

## खुशी दुबे केस में टली सुनवाई

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचार।** बिकरू कांड में आरोपी अमर दुबे की पत्नी खुशी दुबे को चौबेपुर पुलिस ने मुख्य मामले के साथ ही दूसरे की आईडी से लिए गए सिम कार्ड का उपयोग करने के मामले में आरोपी बनाया था। बुधवार को दोनों मामलों में अभियोजन गवाह न आने से सुनवाई टल गई। अब सुनवाई के लिए 11 जून की तिथि नियत की गई है।

चौबेपुर थाना क्षेत्र के बिकरू गांव में दो जुलाई 2020 को दबिश देने गई पुलिस टीम पर विकास दुबे और उसके साथियों ने फायरिंग कर दी थी। घटना में आठ पुलिस कर्मी शहीद हो गए थे, जबकि कई घायल हो गए थे। इस मामले में पुलिस ने बिकरू कांड के बाद पुलिस मुठभेड़ में मारे गए अमर दुबे की पत्नी खुशी को मुख्य मामले में आरोपी बनाने के साथ ही दूसरे की आईडी से लिए मोबाइल का सिम उपयोग करने के मामले में भी आरोपी बनाया था।

मुख्य मामले की सुनवाई पॉक्सो कोर्ट और सिम मामले की सुनवाई किशोर न्याय बोर्ड में चल रही है। बचाव पक्ष के अधिवक्ता शिवाकांत दीक्षित ने बताया कि बुधवार को दोनों मामलों में अभियोजन गवाह न आने से सुनवाई आगे बढ़ गई है। अब दोनों मामलों में सुनवाई के लिए 11 जून की तिथि नियत की गई है। इस दौरान आरोपी खुशी अदालत में उपस्थित रहीं।

### बिकरू कांड की सुनवाई अब 10 जून को

**कानपुर देहात।** बिकरू कांड के मुख्य मामले की सुनवाई एंटी डकैती कोर्ट में चल रही है। बुधवार को अभियोजन गवाह के चुनाव ड्यूटी में होने के कारण मामले में गवाही नहीं हुई। अब अदालत ने मामले की सुनवाई के लिए 10 जून की तिथि नियत की है। चौबेपुर थाना क्षेत्र के बिकरू गांव में दो जुलाई 2020 को दबिश देने गई पुलिस टीम पर विकास दुबे गैंग ने फायरिंग कर दी थी। घटना में आठ पुलिस कर्मियों की मौत हो गई थी, जबकि कई घायल हो गए थे। मामले की सुनवाई एंटी डकैती कोर्ट में चल रही है। सहायक शासकीय अधिवक्ता प्रशांत कुमार मिश्रा ने बताया कि मामले में गवाही चल रही है। बुधवार को अभियोजन गवाह के चुनाव ड्यूटी में होने के कारण मामले में सुनवाई नहीं हो सकी है। अब अदालत ने मामले की सुनवाई के लिए 10 जून की तिथि नियत की है।

## सार-संक्षेप

### कोर्ट के आदेश पर चार पर लूट की रिपोर्ट दर्ज

**कानपुर देहात।** बिरुहन निवासी अशोक कुमार ने रिपोर्ट में बताया कि वह सोने-चांदी के आभूषणों की बिक्री का काम करता है । 21 जनवरी को सड़क हादसे में उसका बेटा घायल हो गया था, जिसकी रिपोर्ट उसने गांव के ही नामजद दो लोगों के विरुद्ध दर्ज कराई थी । इसी रंजिश को लेकर 8 अप्रैल को वह कानपुर सराफा बाजार से 45 हजार के जेवरातों की खरीदारी कर बाइक से घर वापस जाते समय कहिंजरी अंगदपुर के मध्य मालपुरवा गांव के पास गांव के ही रामू ,श्यामू ,आकाश व सुरेश ने उसे घेर लिया और लाठी-डंडों से मारपीट करते हुए उसकी दाहिने हाथ की उंगली तोड़ दी एवं जेवरातों से भरा बैग व जेब में रखे 14 हजार रुपए नगद लूट लिया। घटना की जानकारी पुलिस को दी लेकिन रिपोर्ट दर्ज न होने पर उसने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। प्रभारी निरीक्षक मुकेश कुमार सोलंकी ने बताया कि न्यायालय के आदेश से मारपीट एवं लूटपाट की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है, घटना की जांच करवाई जा रही है। प्रथम दृष्टया लूटपाट का मामला संदिग्ध प्रतीत होता है।

### जुलाई से पहले स्कूलों में हो सकता है समायोजन

**कानपुर देहात।** परिषदीय विद्यालयों में तैनात शिक्षकों का जिले के अंदर समायोजन जुलाई से पहले किया जा सकता है। जिन परिषदीय विद्यालयों में अध्यापकों की संख्या कम है वहां पर अध्यापकों का समायोजन होगा। जहां पर छात्रों की तुलना में इनकी संख्या अधिक है उन्हें दूसरे विद्यालयों में समायोजित किया जाएगा। छात्रों के साथ ही शिक्षकों की नियुक्ति संबंधी पूरी जानकारी पोर्टल पर अपडेट की जाएगी। जनपद में कुल 1925 परिषदीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक व कंपोजिट विद्यालय संचालित हैं। इनमें करीब 1 लाख 40 हजार छात्र-छात्राएं पंजीकृत हैं। कई ऐसे विद्यालय हैं जो एक शिक्षक या शिक्षामित्रों के सहारे चल रहे हैं। शासन ने शिक्षकों का जिले के अंदर समायोजन करने का निर्देश दिया है जिससे सभी विद्यालयों में शिक्षक छात्रों का अनुपात ठीक किया जा सके। इसके लिए बेसिक शिक्षा विभाग ने प्रक्रिया शुरू कर दी है। देखा जाए तो सबसे अधिक शिक्षकों की जरूरत ग्रामीण क्षेत्र के स्कूलों को है।

### 30 बच्चों पर एक शिक्षक का मानक

**कानपुर देहात।** परिषदीय स्कूलों में मानक के अनुसार 30 बच्चों पर एक शिक्षक की नियुक्ति होती है। 45 बच्चों पर दो शिक्षक, 60 बच्चों पर तीन शिक्षक, 75 बच्चों पर चार तथा 90 बच्चों पर पांच शिक्षकों की नियुक्ति होनी चाहिए। देखा जाए तो यह मानक जिले के अधिकांश परिषदीय स्कूलों में नहीं है। बेसिक शिक्षा अधिकारी रिद्धी पाण्डेय ने बताया कि बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा स्कूलों में शिक्षकों का मानक पूरा करने की कवायद शुरू की गई है। इसमें नगर क्षेत्र के स्कूल शामिल नहीं हैं। जून में जिस स्कूल में छात्रों के अनुपात में शिक्षकों की संख्या कम होगी वहां शिक्षक भेजे जाएंगे तथा जहां शिक्षक अधिक होंगे वा बच्चे कम होंगे वहां से शिक्षकों को हटाकर दूसरे स्कूल में समायोजित किया जाएगा। यह कार्य जुलाई के पहले पूरा कर लिया जाएगा।

### ई रिक्शा की टक्कर से घायल महिला की मौत

**शिवली।** क्षेत्र के जोत गांव के रहने वाले शिवबालक ने पुलिस को बताया कि 30 अप्रैल को मां संध्या (84) घर के समीप लगे इंडिया मार्का हैंडपंप से पानी लेने गई थी। इसी बीच मोहल्ले का प्रमोद कुमार अपना ई रिक्शा लेकर आया और मां के टक्कर मार दी। घायलवस्था में शिवली सीएचसी से हैलट अस्पताल भेजा गया। अस्पताल में प्लास्टर चढ़ने के बाद घर पर रखकर इलाज करवा रहे थे। 29 मई की दोपहर मौत हो गई।

### जवान का शव रामनगर पहुंचते ही मचा कोहराम

**रूरा।** कस्बे के रामनगर के पशु चिकित्सक ओम प्रकाश द्विवेदी के पुत्र आनंद उर्फ अन्नू द्विवेदी सीपीआरएफ में 127वीं बटालियन गुवाहाटी में तैनात थे। 22 मई को नहाते समय अचानक गश खाकर गिर पड़े थे, जिनकी उपचार के दौरान मंगलवार को मौत हो गई थी। 93 बटालियन सीआरपीएफ कैंप लखनऊ के डिप्टी कमांडेंट अरुण कुमार सिंह की अगुवाई में बुधवार की शाम शव लाया गया। शव पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मां हंसमुखी, भाई अमित, पत्नी निशा और मृतक के पुत्र यश का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। वहीं डिप्टी कमांडेंट अरुण कुमार सिंह ने बताया की गुरुवार को खेरेश्वर घाट पर सैनिक सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जाएगा।

**बदली तस्वीर** बेकार चीजों को इस्तेमाल में लाने के लिए अनोखी पहल

## कबाड़ से झींझक पार्क को संवारा

संवाददाता, मंगलपुर

**अमृत विचार।** पुरानी और बेकार चीजों के दोबारा इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए नगर पालिका परिषद झींझक ने मघई तालाब में कबाड़ और बेकार चीजों से एक पार्क बनाया है। इस पार्क को वेस्ट टू वंडर पार्क नाम दिया गया है।

नगर पालिका परिषद झींझक को स्मार्ट बनाने की कवायद चेयरमैन अमित तिवारी उर्फ सोनू तिवारी व अधिशाषी अधिकारी जेपी मौर्य की ओर से लगातार जारी है। नगर पालिका लगातार इस दिशा में काम कर रही है। वेस्ट मैनेजमेंट को ठीक करने पर जोर दिया जा रहा है। पुरानी और बेकार चीजों के दोबारा इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए नगर पालिका परिषद ने मघई तालाब में कबाड़ और बेकार चीजों




झींझक पार्क का निरीक्षण करते नगर पालिका ईओ। अमृत विचार

से एक पार्क तैयार किया है। इस पार्क को वेस्ट टू वंडर पार्क नाम दिया गया है। इस पार्क को सजाने के लिए कबाड़ चीजों का इस्तेमाल किया गया है।

बेकार हो चुके टायर को यहां बैठने के लिए इस्तेमाल किया गया है।पुरानी बोतलों में पौधे लगाए गए हैं। प्लास्टिक और रबर जैसी वस्तुओं का यहां प्रयोग किया गया है।नगर के चेयरमैन अमित तिवारी उर्फ सोनू तिवारी और अधिशाषी अधिकारी जेपी मौर्य ने नगर के लोगो से अपील की बेकार और कबाड़ की चीजों को कूड़ेदान में ना फेंके ।उन कबाड़ की चीजों से नगर पालिका परिषद झीझक द्वारा तैयार किए गए पार्क की तरह अपने घरों में सजाए जिससे वातावरण भी शुद्ध होगा तथा घर सुन्दर दिखाई देगा।

## रनियां की रैपर फैक्ट्री में आग लगने से हड़कंप

● तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू

● पुलिस और फायर ब्रिगेड के अधिकारी मौके पर पहुंचे

संवाददाता, रनियां

**अमृत विचार।** औद्योगिक क्षेत्र रनियां के विसायकपुर स्थित रैपर पन्नी में छपाई करने वाली फैक्टरी में बुधवार की दोपहर शार्ट सर्किट से आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। दमकल की कई गाड़ियों तथा आस पास बनी कंपनियों पंप चालू करा कर करीब तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

विसायकपुर में हाईवे से कुछ दूर पर एक्यूमैन लेमिनेटर प्राइवेट लिमिटेड फैक्टरी है। फैक्टरी में रैपर की छपाई होती है। दोनों शिफ्टों में करीब चार सौ मजदूर काम करते है। बुधवार की दोपहर लगभग दो बजे प्रिंटिंग मशीन के साथ कई और मशीनें भी चल रही थी। उस दौरान प्लांट में सैकड़ो मजदूर



आग लगने के दौरान धुआं ही धुआं छा गया। अमृत विचार

काम की रहे थे। प्रिटिंग मशीन में शार्ट सर्किट हुआ। मजदूरों ने शोर मचाया। इसके बाद आग को बुझाने का प्रयास किया। धीरे धीरे आग ने बिकराल रूप ले लिया। प्लांट के अंदर भगदड़ मच गई। सभी मजदूर प्लांट से बाहर भग खड़े हुए। फैक्टरी में अफरा-तफरी मच गई। आग की सूचना फैक्टरी प्रबंधन को दी गई। इधर,सूचना पर पहुंचे एसओ महेंद्र पटेल, ने दमकल को सूचना दी। मौके पर मुख्य अग्निशमन अधिकारी सुरेंद्र सिंह, अग्निशमन अधिकारी कृष्ण कुमार,राहुल कुमार, दीपांशु कुमार आदि दमकल कर्मियो ने आग बुझाने का प्रयास किया। दो दमकल पहुंचने के बाद करीब तीन घंटे के बाद आग पर काबू पाया गया। इस संबध में सीएफओ सुरेंद्र सिंह ने बताया कि फैक्टरी फायर एनओसी है। कोई जनहानि नही हुई है।

# अस्पताल में उपकरणों का अभाव, भटक रहे दंत रोगी

## बिछिया सीएचसी पर वर्ष 2020 से तैनात हैं दंत चिकित्सक

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** बिछिया ब्लॉक मुख्यालय स्थित सीएचसी (सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र) में तीन साल से दंत चिकित्सक की तैनाती है, लेकिन उपकरणों के अभाव में दंत रोगियों को चिकित्सा सुविधा से वंचित रहना पड़ रहा है। हालांकि चिकित्सक की तैनाती के चलते 10-15 दंत रोगी प्रतिदिन अपना पंजीकरण कराते हैं। उपकरणों के अभाव में मात्र परामर्श तक सीमित दंत चिकित्सक को मजबूरी में रोगियों को बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पाल जाने की सलाह देनी पड़ती है।

सीएचसी पर वर्ष 2020 में ही विभागीय अधिकारियों ने दंत चिकित्सक के पद पर डॉ. विक्रम सिंह को तैनात किया था। नियुक्ति होने के अगले वर्ष ही चिकित्सक ने सीएमओ सहित अन्य अधिकारियों से उपकरण उपलब्ध कराने को पत्र लिखा था, लेकिन लगातार प्रयासों के बाद भी उच्चाधिकारी सीएचसी को जरूरी उपकरण नहीं उपलब्ध करा रहे हैं। दंत चिकित्सा के लिए सबसे जरूरी वर्किंग डेंटल चयर मानी जाती है, लेकिन सीएचसी में मरीज देखने के लिए चेयर ही नहीं उपलब्ध है। कर्मचारियों ने बताया कि सीएचसी का निर्माण पूर्ण होने के बाद आए सामान में वर्किंग डेंटल चेयर शामिल थी, लेकिन तब चिकित्सक न होने से उपयोग नहीं किया जा सका। इससे रखे-रखे चेयर में जंग लग गया। इस संबंध यहा तैनात चिकित्सक बताते हैं कि समुचित परामर्श व इलाज के लिए 70 से अधिक उपकरणों की आवश्यकता होती है, जो यहां नहीं हैं। इसलिए आने वाले मरीजों का मामूली परीक्षण कर हालचाल के आधार पर ही दवाइयां लिखनी पड़ती हैं। मरीजों को आराम न मिलने पर जिला अस्पताल में दिखाने की सलाह देनी पड़ती है। उल्लेखनीय है कि करीब डेढ़ लाख आबादी को चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने के उद्देश्य से सपा सरकार के कार्यकाल में पीएचसी (प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र) को उच्चीकृत कर सीएचसी विकसित किया गया है।




सीएचसी बिछिया में गेट से निकलती एंबुलेंस। अमृत विचार

### बोले सीएचसी प्रभारी...

सीएचसी अधीक्षक डॉ. संजीव कुमार ने बताया कि सीएमओ सहित मंडल व शासन स्तर के अधिकारियों को इस संबंध में काफी पहले पत्र व्यवहार किया जा चुका है। इसलिए उम्मीद है आने वाले समय में उपकरण उपलब्ध कराए जाने पर अधिक बेहतर इलाज मिल सकेगा।

# सीएचसी की मोटर खराब होने से मरीजों और तीमारदारों को नहीं मिल रहा पानी

संवाददाता हसनगंज उन्नाव

**अमृत विचार।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में बने पांच हजार लीटर के प्लांट की दो दिनों से मोटर खराब पड़ी हुई है। जिस कारण अस्पताल आने वाले मरीजों को शुद्ध पानी नहीं मिल पा रही है। पड़ रही प्रचंड गर्मी में पानी के लिये मरीजों को भटकना पड़ रहा है। वहीं सीएचसी प्रभारी ने जल्द मोटर की मरम्मत कराने का आश्वासन दिया है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हसनगंज में लगा पांच हजार लीटर क्षमता का आरओ प्लांट की दो दिन पहले मोटर खराब हो गई थी। जिससे प्लांट शो पीस बना हुआ है। मोटर खराब होने के कारण प्लांट में पानी नहीं पहुंच रहा है। जिससे अस्पताल आने जाने वाले मरीजों को पानी के लिये भटकना पड़ रहा है। वहीं अधिकांश मरीज मजबूरन पानी खरीदकर पीने को मजबूर हैं। पानी न मिलने से 45 डिग्री की झुलसा देने वाली तपिस में मरीजों के साथ साथ तीमारदारों का भी बुरा हाल है। फरवरी 2023 में विधायक निधि से लगभग 35 लाख रुपये की लागत से लगाये गए आरओ प्लांट से सीएचसी, तहसील, ब्लाक, बीआरसी व कोतवाली में शुद्ध पेय जल की आपूर्ति की जाती है।

जिससे आने जाने वाले लोगों तक सुलभता से शुद्ध पेय जल उपलब्ध रहता है लेकिन इस भयंकर गर्मी में दो दिन से आरओ प्लांट के काम न करने से ब्लाक, कोतवाली, बीआरसी व सीएचसी आने जाने वाले लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ा। हसनगंज निवासी बबलू, मनोज व भोला आदि बताया कि लगभग दो दिन से मोटर खराब होने से पानी की किल्लत बनी है। आने जाने वाले राहगीर भी पीने के पानी के लिए परेशान रहे। सीएचसी प्रभारी डॉ प्रमोद कुमार ने बताया कि जानकारी हुई है। प्लांट में जो भी समस्या है उसका समाधान किया जाएगा।



सीएचसी परिसर में लगा आरओ प्लांट। अमृत विचार

# सब्जी की दुकान से हजारों रुपये की चोरी, पुलिस ने टरकाया

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के फोरलेन सब्जी मंडी में सब्जी बेच रही एक महिला के पास मंगलवार देर शाम एक स्कूटी सवार युवती सब्जी लेने आई। इस दौरान उसे बातों पर उलझा लिया और उसका रुपयों से भरा बैग पार कर दिया। जानकारी होने पर पीड़िता ने पुलिस से शिकायत की। जिस पर पुलिस ने उसे टरका दिया।



चोरी होने की जानकारी देतीं अंबरवती।

परमसुख खेड़ा निवासी रमेश की पत्नी अंबरवती राजधानी मार्ग स्थित सब्जी मंडी में सब्जी बेचने का काम करती है। उसने बताया कि मंगलवार देर शाम वह सब्जी बेच रही थी, तभी लाल स्कूटी सवार एक युवती पहुंची। जहां उसने तीन सौ रुपये की सब्जी खरीदी और उससे बाते करते हुये झांसे में ले लिया। जैसे ही उसकी नजर हटी तो युवती ने रुपयों से भरा बैग पार कर दिया। बैग में 15 हजार रुपये और करीब 12 हजार कीमत का सोने का माला था। कुछ देर बाद बैग न होने पर युवती को काफी देर तक ढूंढा लेकिन वह नहीं मिली। सीसीटीवी कैमरे में देखा तो स्कूटी दिखाई पड़ी लेकिन उसका नंबर नहीं दिखा। जिस पर पीड़िता ने गंगाघाट कोतवाली पुलिस को चोरी की जानकारी दी। जिस पर पुलिस ने जांच पड़ताल करने की बजाय पीड़िता को टरका दिया। बिंदा नगर चौकी इंचार्ज जन्मेदय सिंह ने बताया कि उन्हें जानकारी नहीं है और न ही कोई प्रार्थना पत्र मिला है।

### उगाही करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वॉयरल

**बिछिया उन्नाव।** दही चौकी पुरवा मोड़ पर जमकर उगाही की जा रही है। जिसका बुधवार को दो वीडियो सोशल मीडिया पर वॉयरल हुये। वीडियो को संज्ञान में लेकर एसपी ने जांच के लिये सीओ को निर्देशित किया है। हालांकि वॉयरल वीडियो की पुष्टि आपका अपना अमृत विचार नहीं करता है। बनी कस्बे में बन रहे एलिवेटेड एक्सप्रेसवे के चलते पुरवा मोड़ पर रूट डायवर्ट किया गया है। जहा पर ट्रैफिक पुलिस जमकर उगाही कर रही है। बुधवार को दो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए। जिनमे एक वीडियो में ट्रैफिक दरोगा एक चालक से पैसे ले रहा है। जो की रात का है। जबकि दूसरे वीडीओ दिन का है। जिसमे दरोगा पैसे गिन रहा है। यह दोनो सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना रहा। जिसके बाद वॉयरल वीडियो को उन्नाव एसपी ने संज्ञान में लेकर सीओ सिटी को जांच सौंपी है। वॉयरल वीडियो की पुष्टि अमृत विचार अखबार नहीं करता है।

# दुर्घटनाओं में चालक, परिचालक घायल

संवाददाता गंजमुरादाबाद, उन्नाव

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर तीन अलग अलग दुर्घटनाओं में तीन भारवाहन वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। हादसों में वाहन चालकों को मामूली चोटें आई। उन्हें पास के डॉक्टर के पास इलाज के लिये ले जाया गया। वहीं दुर्घटना होने से वाहन क्षतिग्रस्त हो गये।

आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर आगरा की तरफ जा रही एक डीसीएम ग्राम नसिरापुर के सामने अनियंत्रित होकर साइड बेरिकेटिंग तोड़ती हुई गहरी खाई में चली गई। वहीं दुर्घटना में डीसीएम पलटने से बच गई। जिससे चालक को मामूली चोट आई। उसने इलाज के लिये ले जाया गया। वहीं चालक पूनाराम निवासी गांव अमृत पुरा थाना मगरेवास जनपद अजमेर परिचालक विशाल के साथ ट्रेलर में तारकोल लादकर गुजरात से नेपाल जा रहा था। तभी रास्ते में मंगलवार की रात ग्राम सबली खेड़ा के निकट अचानक स्टेयरिंग फेल हो जाने से ट्रेलर अनियंत्रित होकर खंती में चला गया। इसके अलावा चालक अवधेश कुमार निवासी गांव फरकतपुर थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद डीसीएम में कोयला लादकर राजस्थान से लखनऊ जा रहा था। रास्ते में एक्सप्रेस वे की हवाई पट्टी पर स्थित बाबा कुटी के निकट ओवरटेक के चक्कर में डीसीएम अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में कोयला मार्ग पर बिखर गया। सूचना पर पहुंची यूपीडा रेस्क्यू टीम ने सड़क पर से कोयला हटवाकर आवागमन बहाल कराया। तीनों दुर्घटनाओं में चालकों और क्लीनर को मामूली चोटे आईं।

## डंपर की टक्कर से बाइक सवार छात्र हुआ घायल, जिला अस्पताल रेफर

**बांगरमऊ उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र में हरदोई उन्नाव मार्ग पर स्थित ग्राम ताजपुर के सामने तेज रफ्तार डंपर ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार छात्र गम्भीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने घायल छात्र को यहां की सीएचसी में भर्ती कराया। जहां के डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बांगरमऊ क्षेत्र के ग्राम जामड़ निवासी नितिन (18) पुत्र मिश्रीलाल बुधवार दोपहर बाद अपनी बाइक से गंज मुरादाबाद स्थित अब्दुल गफ्फार महाविद्यालय में प्रवेश फार्म लेने जा रहा था तभी हरदोई उन्नाव मार्ग पर ताजपुर गांव के सामने तेज रफ्तार अनियंत्रित डंपर ने बाइक मे जोरदार टक्कर मार दी। घटना में बाइक सवार छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस घायल छात्र को बांगरमऊ सीएचसी में भर्ती कराया। जहां के डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।



अस्पताल में भर्ती घायल।

## प्रत्याशी नियुक्त कर सकेंगे 90 मतगणना एजेंट

**उन्नाव।** जिला निर्वाचन अधिकारी गौरांग राठी ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन के लिए चार जून को होने वाली मतगणना विधानसभावार अलग-अलग हाल में कराई जाएगी। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र की मतगणना 14 ईवीएम टेबल पर होगी। साथ ही एक-एक आरओ व एआरओ टेबल रहेगी। इसलिए सभी उम्मीदवार 15 मतगणना एजेंट बनवा सकेंगे। प्रत्याशी या उनके चुनाव एजेंट को मतगणना से तीन दिन पहले यानी एक जून को फार्म 18 भर कर रिटर्निंग अफसर के पास एजेंट बनाने के लिए आवेदन करना होगा। मतगणना एजेंट को पूरी मतगणना अवधि में एक ही टेबल पर रहना होगा। उन्होंने बताया कि प्रत्येक प्रत्याशी को 90 मतगणना एजेंट नियुक्त करने का अधिकार है। रिटर्निंग अफसर की टेबल पर उम्मीदवार या चुनाव एजेंट ही रह सकेंगे।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें



आयोजकों के साथ खिलाड़ी। अमृत विचार

# डीसीए रेड ने ब्लू को 24 रन से हराया

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** डीसीए के बैनर तले आयोजित से एसएस त्रिपाठी अंडर-12 जिला स्तरीय क्रिकेट लीग का पहला मैच खेला गया, जिसमें डीसीए रेड ने डीसीए ब्लू को 19 रनों से शिकस्त देने में कामयाबी हासिल की।

इससे पहले डीसीए रेड के कप्तान अल्तमश ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। निर्धारित 20 ओवर के मैच में 5 विकेट खोकर 99 रन बनाए, जिसमें वैदिक ने 22, अल्तमश 17 (नाबाद) व कृष्णा ने 10 रन जोड़े। डीसीए ब्लू की ओर से गेंदबाजी करते हुए अंशुमान शर्मा ने दो और देवेश, पार्थ व राज ने एक-एक बल्लेबाज को पवेलियन वापस भेजने में सफलता प्राप्त की। लक्ष्य का पीछे करने उतरी डीसीए ब्लू टीम निर्धारित 20 ओवर में पांच के नुकसान पर मात्र 75 रन बना सकी, जिसमें प्रिंस यादव ने सर्वाधिक 33, विराट ने 12 व अंशुमान ने आठ की पारी खेली।

डीसीए रेड की ओर से गेंदबाजी करते हुए राघवेंद्र ने दो और हर्षवर्धन व अल्तमश ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। मुख्य अतिथि वेटरेंस क्रिकेट एसोसिएशन के संयुक्त सचिव मंसूर खान व जिला खेल सचिव (माध्यमिक) नवीन सिन्हा ने सभी खिलाडियों से हाथ मिला परिचय प्राप्त करते हुए बेहतर प्रदर्शन की शुभकामनाएं दीं। अंपायरिंग का दायित्व मनीष दीक्षित व शिशिर वाजपेयी ने संभाला। वहीं स्कोरर भूमिका मो. गाज़ी ने संभाली। इस दौरान वरिष्ठ क्रिकेटर अभिषेक श्रीवास्तव शंकर, ओम मिश्रा, सुभाष त्रिवेदी, आशीष निगम, सचिन तिवारी व आदित्य त्रिवेदी आदि मौजूद मौजूद रहे। डीसीए सचिव पीके मिश्रा ने बताया कि गुरुवार को दूसरा लीग मैच सुबह छह बजे खेला जाएगा।


# गैंगस्टर के दोषी को 30 माह की सजा

**उन्नाव।** आसीवन पुलिस ने द्वारा शातिर पर की गई गैंगस्टर की कर्रवाई को सही ठहराते हुए उसे 30 माह की सजा सुनाई है। इसके उस पर छह हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। बता दें आसीवन पुलिस ने इश्तियाक पुत्र बाबू कुरैशी निवासी मियागंज पर तीन अप्रैल 2006 में गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की थी। पुलिस का आरोप था कि वह गैंग बनाकर गौकशी व तस्करी के अलावा चोरी, राहजनी सहित अवैध असलहों के बल पर आतंक व भय कायम कर धन अर्जित करता था। इसके आतंक के कारण कोई भी व्यक्ति रिपोर्ट लिखाने या गवाही देने का साहस नहीं जुटा पाया था। आईओ ने जांच के बाद उसके विरुद्ध 12 जून 2006 को आरोप पत्र दाखिल किया। 18 सालों से विचाराधीन मुकदमे की अंतिम सुनवाई हुई। अधिवक्ता हरीश अवस्थी, अलंकार द्विवेदी, विश्वास त्रिपाठी की तरफ से पेश किए गए तर्कों को सुनने के बाद एडीजे-5 जयवीर सिंह ने इश्तियाक को दोषी ठहराते हुए तीस माह सश्रम कारावास की सजा सुनाई।

# पल्लेदार का नाली में पड़ा मिला शव, फैली सनसनी

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** बहराइच जिले सदर कोतवाली के नवीन मंडी में पल्लेदारी करने वाले एक युवक का शव मंडी के अंदर सूखी नाली में पड़ा देख वहां सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसकी पहचान करा परिजनों को सूचना दी। इस पर बदहवास परिजन पहुंचे और अनहोनी की आशंका जताई। पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार कार्रवाई का भरोसा दिलाया है। बता दे बहराइच जिले के थाना खैरीघाट थाना क्षेत्र के बेलामकन गांव निवासी पुत्र अर्पित (30) पुत्र स्व. कुंवरपाल सिंह करीब छह महीने से नवीन मंडी में पल्लेदारी का काम करता था। बुधवार सुबह नवीन मंडी के पास ही नाली में शव पड़ा देख लोगों में सनसनी फैल गई। पहुंची पुलिस ने उसकी परिजनों को सूचना दी। दिवंगत के चाचा जयकरन सिंह ने बताया कि उसकी मौत की खबर से मां माया, पत्नी साधना, बेटी अंशिका बेहाल हैं।



अर्पित।

# पोस्टमार्टम में ऑटो चालक के शरीर में मिला जहर

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली के गदन खेड़ा चौराहा के पास मोटर मार्केट में आटो चालक को पड़ा देख साथी ने उसे घर पहुंचाया था। जहां से जिला अस्पताल के इलाज शुरू होने कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। परिजनों ने पीट कर हत्या किए जाने का आरोप लगाया था। बुधवार को हुए पोस्टमार्टम के बाद मामला अधिक उलझ गया। सूत्र बताते है कि उसके शरीर में जहर मिला है। जो किसी पेय पदार्थ में मिला कर दिया या पिया गया। साथ ही सिर में चोट मिली है। सही कारण जानने के लिए विसरा सुरक्षित किया गया है।

बता दे सदर कोतवाली क्षेत्र के जवाहर खेड़ा निवासी सियाराम (21) पुत्र रामनरेश गदन खेड़ा चौराहा से बीघापुर रूट पर अपना आटो रिक्शा चलाता था। मंगलवार देर रात्रि वह अपने मौसेरे भाई राजा को बाइक से गदन खेड़ा चौराहा छोड़ने आया था। परिजनों का आरोप था कि चौराहे के पास मोटर मार्केट के पास था। तभी एक दर्जन से अधिक दबंग वहां पहुंचे और गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर दबंगों ने लात घूसों से सरेराह उसकी जमकर पिटाई कर दी। उसे तब तक पीटते रहे जब तक वह मरणासन्न नहीं हो गया। पिटाई देख जब अन्य आटो चालक वहां पहुंचने लगे तो हमलावर मौके से भाग निकले। उसे साथी चालक ने घर पहुंचाया। जहां से परिजन उसे जिला अस्पताल लाए। जहां इलाज शुरू होने के कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। मौत की सूचना परिजनों को मिली तो परिवार में कोहराम मच गया।

पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे परिजन शव देख रो-रोकर बेहाल होते रहे। एसएचओ प्रमोद कुमार मिश्रा ने बताया कि घटना की सूचना मिली है। जांच पड़ताल की जा रही है। परिजनों की तहरीर के आधार पर हमलावरों की पहचान कराकर विधिक कार्रवाई की जायेगी। वही घटना की जानकारी पर सदर विधायक पंकज गुप्ता के अनुज बिछिया ब्लाक प्रमुख ने परिजनों को ढाढस बंधाते हुए एसएचओ से फोन पर पीड़ित को न्याय दिलाने की बात कही।



परिजनों से जानकारी लेते बिछिया ब्लाक प्रमुख। अमृत विचार

## सार-संक्षेप



राजधानी मार्ग पर हुआ शर्बत वितरण। अमृत विचार

### शर्बत बांट कर राहगीरों को पहुंचाई राहत

**शुक्लागंज उन्नाव।** जेठ माह और गर्मी को देखते हुये बुधवार को राजधानी मार्ग स्थित साकेतपुरी के सामने समाजसेवियों ने शर्बत वितरण कराया। जहां आने जाने वाले लोगों ने शर्बत पीकर राहत की सांस ली। बुधवार को साकेतपुरी के पास फोरलेन के किनारे समाजसेवियों ने शर्बत वितरण कराया। जहां शर्बत वितरण में आरओ वॉटर का प्रयोग किया गया। इस दौरान दोपहर से शाम तक शर्बत वितरण चलता रहा। जहां तेज धूप में आने जाने वाले लोगों नें ठंडा-ठंडा शर्बत पीकर राहत की सांस ली। इसके अलावा अन्य स्थानों पर भी शर्बत वितरण हुआ। इस मौके पर वैभव शुक्ला, पिंटू सिंह, अभिलाष बाजपेई, दीपक सिंह, विनय गुप्ता, सत्यम सिंह समेत आदि लोग मौजूद रहे।

### कूड़े के ढेर में आग लगने से हड़कंप

**शुक्लागंज उन्नाव।** बुधवार दोपहर मरहला चौराहे पर डंप कूड़े में आग लग गई। आग को देख आस पास के दुकानदारों में हड़कंप मच गया। जिसके बाद दुकानदारों ने पानी डालकर आग बुझाई। आग की सूचना दमकल को दी लेकिन दमकल मौके पर नहीं पहुंची। मरहला चौराहे के दोनों ओर कई खाने-पीने की दुकानें हैं। जो बांस और टटटर से बनी हुई हैं। उसी के पास पालिका की जमीन पर कूड़ा डंप पड़ा हुआ है। दोपहर करीब दो बजे किसी ने जलती सिगरेट या बीड़ी फेंक दी। जिससे उसमें आग लग गई। लपटें उठने लगी। लपटें और धुंआ देख आस पास के दुकानदार अपना सामान समेटने लगे। वहीं कुछ लोगों ने पुलिस चौकी को सूचना दी। लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया। दुकानों के पास आग बढ़ने पर आस दुकानदारों में हड़कंप मच गया। जिसके बाद बाइक मैकेनिक ने जनरेटर चालू कर पानी डलवाकर आग बुझाई। आग बुझने के बाद दुकानदारों ने राहत की सांस ली।

### गोवंश ने रिटायर्ड शिक्षक को पटका, घायल

**उन्नाव।** फतेहपुर चौरासी ग्रामीण के मजरा सराय निवासी रिटायर्ड शिक्षक पर गोवंश ने हमला कर दिया। जिससे वह घायल हो गये। उन्हें इलाज के लिये परिजन सीएचसी ले गये। फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र की ग्रामपंचायत फतेहपुर चौरासी ग्रामीण के मजरा सराय निवासी श्रीपाल शर्मा रिटायर्ड शिक्षक हैं। बुधवार सुबह वह अपने खेतों से वापस आ रहे थे तभी गांव के निकट बूढ़े बाबा मन्दिर के पास आवारा गोवंश ने उन पर हमला बोल दिया। शोर सुन आस पास के लोग दौड़े और डंडा पटककर गोवंश को भगाया। सूचना पर पहुंचे परिजन घायल को फतेहपुर चौरासी सीएचसी ले गए। जहां उपचार के बाद उन्हें घर भेज दिया गया।

**शुरू हुआ तरणताल** — डीएम गौरांग राठी ने नारियल फोड़ कर की शुरुआत, प्रवेश के लिए देना होगा फिटनेस का प्रमाण

# तरणताल पर नहाने का लुत्फ उठा सकेंगे लोग

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

- सभी आयु वर्ग के लोग कर सकेंगे तैराकी का अभ्यास
- तरणताल में बिना कास्ट्यूम के नहीं दिया जाएगा प्रवेश

**अमृत विचार।** डीएम गौरांग राठी ने सीडीओ प्रेम प्रकाश मीना की मौजूदगी में पं. दीन दयाल उपाध्याय स्पोटर्स स्टेडियम के तरणताल का चालू सीजन के लिए शुरू किया। उन्होंने कहा कि तैराकी शरीर को स्वस्थ्य रखने के लिए सबसे उपयोगी एक्सरसाईज है। इसलिए बच्चों सहित युवाओं को तैराकी करते हुए स्वयं में एक हुनर विकसित करनी चाहिए।

इससे पहले जिला क्रीड़ा अधिकारी कल्पना कमल ने बताया कि तैराकी के अभ्यास के लिए 18 वर्ष आयु के बालक व बालिका को पहले 310 रुपये शुल्क जमा करना होगा, जबकि मासिक शुल्क दो सौ रुपये देय होगा।

इसी तरह 18 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को 610 रुपए शुल्क जमा कर अगले माह में 500 रुपये शुल्क देय रहेगा। तैराकी प्रशिक्षक विकास अवस्थी ने बताया कि बालक-बालिकाएं व महिला-पुरुष तैराकी अभ्यास के लिए पंजीकरण करा सकते हैं।

प्रवेश लेते समय सभी को फिटनेस प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराना होगा। साथ ही दो पासपोर्ट आकार की फोटो, आधार कार्ड की छाया प्रति के साथ शुल्क जमा कर अभ्यास शुरू कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि अभ्यास के दौरान सभी को कैप सहित पूर्ण कास्ट्यूम पहनना आवश्यक है।



नारियल फोड़ते जिलाधिकारी गौरांग राठी। अमृत विचार

## करंट की चपेट में आकर युवक गंभीर

**गंजमुरादाबाद उन्नाव।** हरदोई के थाना कासिमपुर अंतर्गत ग्राम गदेउरा निवासी महेश (32) पुत्र रामचन्द्र मंगलवार को अपने साढ़ू के घर बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर आया था। रात के समय गर्मी से राहत पाने के लिए वह बिजली के बोर्ड में पंखे का तार लगा रहा था। तभी वह अचानक तेज करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। उसके रिश्तेदार आनन फानन उसे बांगरमऊ की सीएचसी लाए। जहां के डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

# आसमान से बरसे 'अंगारे', कूलर-पंखे बेअसर

## नौतपा के चलते रोजाना बढ़ रहा तापमान, लोग हुए बेहाल

पारा @ 45 डिग्री

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव

**अमृत विचार।** नौतपा नक्षत्र के चलते दिनों दिन बढ़ रहे पारे के चलते गर्मी से लोग बेहाल हो गये हैं। इसके बावजूद नगर पालिका गंगाघाट की ओर से अभी तक प्रमुख स्थानों, मुख्य मार्गों पर प्याऊ नहीं लगवाया गया है और न ही मवेशियों के लिये नाद रखवाई गई है। जिससे गर्मी में लोग पानी के लिये परेशासन हो रहे हैं। बुधवार को अधिकतम तापमान 45 डिग्री तथा न्यूनतम 32 डिग्री दर्ज किया गया।

गर्मी का पारा एक बार फिर से हाई होने लगा है। बुधवार को भीषण गर्मी के चलते लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। सुबह दस बजते ही आसमान से बरस रही आग ने लोगों को घरों में दुबकने को मजबूर कर दिया। केवल जरूरी काम से जाने वाले लोग ही सड़कों पर निकले। उधर तेज धूप से पशु-पक्षियों का भी बुरा हाल है। दोपहर होते ही पशु छांव की तलाश में निकल पड़ते हैं। जबकि पक्षी पेड़ों के झुरमुट में छिपकर मौसम के ठंडे होने का इंतजार करते रहते हैं। पारा अधिक हो जाने के कारण लोगों के शरीर से पसीना निकलना लगातार जारी रहा। भीषण गर्मी में बिजली कटौती से भी दगा ने गई। जिससे लोग परेशान रहे। गंगा में बच्चे व अन्य लोग गर्मी के कारण घंटों पानी छपक छई करते रहे। शाम छह बजे के बाद मौसम सामान्य हुआ। जिसके बाद चहल पहल देखने को मिली। इधर भीषण गर्मी पड़ने के बाद भी पालिका की ओर से अभी तक सार्वजनिक स्थानों पर प्याऊ नहीं लगवाये गये। जिससे बाहर से आने वाले लोग पानी के लिये भटक रहे हैं। वहीं अन्ना मवेशियों के लिये भी अभी नाद नहीं रखवाई हैं। जिससे वह भी पानी के लिये परेशान हो रहे हैं।



नवीन पुल पर छाता लगाकर धूप से बचाव करता व्यक्ति। अमृत विचार

## ट्रांसफार्मरों को ठंडा करने के लिए सब स्टेशन में लगवाए गए कूलर

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव

**अमृत विचार।** सरैयां सब स्टेशन में लगे बड़े ट्रांसफार्मर गर्मी में अधिक हीट हो रहे हैं। ऐसे में ट्रांसफार्मर में कोई कमी न आ जाये, इसे देखते हुये बिजली विभाग ने ट्रांसफार्मरों को ठंडा करने के लिये जंबों कूलर सब स्टेशन में ट्रांसफार्मर के पास लगवाये हैं। जिससे ट्रांसफार्मर ठंडा बना रहे और आपूर्ति में कोई परेशानी न आ सके।

पड़ रही भीषण गर्मी में जहां एक ओर आम जनमानस बेहाल हो गया है, अधिक गर्मी पड़ने के कारण सप्लाई देने वाले बड़े ट्रांसफार्मर भी अधिक हीट हो रहे हैं। गर्मी के बीच अधिक क्षमता के ट्रांसफार्मर फुंक न जाये इसको लेकर एसडीओ राजेन्द्र प्रसाद ने उच्चाधिकारियों से ट्रांसफार्मर के आस पास कूलर लगवाने की मांग की।



ट्रांसफार्मर के पास लगवाया गया कूलर।

जिस पर एक्सईएन ने कूलर लगाने के निर्देश दिये। जिस पर बुधवार को शुक्लागंज सबस्टेशन और गंगाघाट टाउन सबस्टेशन पर लगे 10 एमवीए और 5 एमवीए ट्रांसफार्मरों के आगे जंबों कूलर लगाये गये हैं। जिससे ट्रांसफार्मर ठंडे बने रहे। जेई विष्णु शुक्ला ने बताया कि गर्मी के कारण सप्लाई चालू होने के दौरान उच्च क्षमता वाले ट्रांसफार्मर भी अधिक गर्म हो रहे हैं। इनको ठंडा करने के लिए कूलर के साथ पानी की फुहार डाली जायेगी। जिससे विद्युत व्यवस्था में कोई बाधा न हो सके और उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली मिल सके।

## प्रचंड गर्मी में एसी, कूलर, पंखों की बिक्री बढ़ी

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** गर्मी का पारा दिनों दिन चढ़ता जा रहा है, जिस कारण शाम के समय भी लू के थपेड़े चलते हैं। जिससे लोगा गर्मी में परेशान हो रहे हैं। गर्मी से बचने के लिये गंगाघाट क्षेत्र के नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोग घरों में तेजी से एसी, कूलर, पंखा लगवा रहे हैं। जिस कारण नगर के दुकानों और शो रूमों में गर्मी से राहत पहुंचाने वाले उपकरण का स्टॉक खत्म हो गया है। गर्मी अधिक पड़ने से दुकानदारों को इधर काफी मुनाफा भी हुआ है।

गर्मी ने इस बार अप्रैल माह से ही अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया था, जिसके बाद मई माह के पहले और दूसरे सप्ताह में पारा दिनों दिन चढ़ता गया। जिस कारण सूर्य की तपिश से हर कोई बेहाल हो गया। इधर मई माह के अंतिम सप्ताह में नौतपा नक्षत्र लगने से पारा 46 डिग्री तक पहुंच गये। ऐसे में घरों में रहने वाली महिला और बच्चे उबल गये। गर्मी को देखते हुये लोगों ने शुक्लागंज की इलेक्ट्रानिक दुकानों में पहुंच कर अपनी हैसियत के अनुसार कूलर, पंखा, एसी खरीदी। इसके अलावा लोहे के कूलरों की भी अधिक डिमांड देखने को मिली। नगर की कुछ इलेक्ट्रानिक दुकानें ऐसी भी हैं। जहां पुराना स्टॉक खत्म हो गया है। जिससे दुकानदारों के चेहरे खिले हुये हैं। दुकानदारों ने बताया कि इस साल सबसे अधिक कूलर की बिक्री हुई है। फाइबर बॉडी के कूलरों की अधिक बिक्री हुई है। पांच हजार से लेकर पंद्रह हजार तक के कूलर लोग खरीद रहे हैं। इसके साथ ही एसी, फ्रिज, जंबों कूलर की भी बिक्री खूब हुई है।



कूलर खरीदने के लिये दुकानदार से बात करता युवक। अमृत विचार

- गर्मी अधिक पड़ने से मांग बढ़ी, दुकानदारों को हुआ काफी मुनाफा

### दुकानों का स्टॉक हुआ खत्म

- नगर के दुकानदारों ने बताया कि इस बार गर्मी ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिये हैं। जिससे हम लोगों की दुकानों का स्टॉक खत्म हो गया है। वहीं कानपुर थोक मार्केट से कूलर मांगने का आर्डर दे रखा है। इसके बावजूद समय पर माल नहीं पहुंची रहा है। जिससे ग्राहकों को वापस करना पड़ रहा है।

### ऑनलाइन भी हो रही है खरीददारी

- ऑनलाइन एसी, कूलर, पंखे की भी नगर में खूब खरीददारी हुई है। लोगों ने बताया कि ऑनलाइन ईएमआई और कई प्रकार के डिस्काउंट मिलने से इलेक्ट्रानिक उपकरण ऑनलाइन ऐप से मंगवा रहे हैं।

### 8 घंटे बंद रही बिजली बिलबिलाए लोग

**शुक्लागंज उन्नाव।** नगर में हो रहे विद्युतीकरण को लेकर बुधवार को अंबिकापुरम और आर्य नगर में एबीसी केबिल डालने का काम किया गया। इस दौरान दोनों मोहल्लों की सुबह से शाम तक बिजली बंद रही। वहीं हो रहे कार्य का जेई ने निरीक्षण भी किया। जहां मौजूद कर्मियों को दिशा निर्देश दिये। बुधवार को तीसरे दिन भी आर्य नगर में एबीसी केबिल डालने के लिये कार्यदायी संस्था के कर्मचारी पहुंचे। जहां ढाई सौ घरों की सुबह दस बजे से शाम छह बजे तक बिजली बंद कर दी गई। जिससे दोपहर के समय बिजली न आने से लोग खासे परेशान रहे। जेई विष्णु शुक्ला ने केबिल कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि आर्य नगर में लगभग 1200 मीटर केबिल डाली जा चुकी है। एक दिन का कार्य बचा हुआ है। उसे भी जल्द पूरा कर लिया जायेगा। इसी तरह अंबिकापुरम में भी केबिल डालने का काम कराया गया। सुबह से शाम तक बिजली न आने से गर्मी में लोग बिलबिला गये।



स्थानाभाव से धूप में खड़े गौवंश। अमृत विचार

## चारा कम खाते ही चिकित्सक से लें परामर्श, करवाएं उपचार

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** प्रचंड धूप के साथ चल रहीं गर्म हवाएं वातावरण का तापमान 44 के पार पहुंचा रही हैं। इस भीषण गर्मी से इंसान ही नहीं बेजुबान खासकर गोवंश काफी बेहाल हैं। धूप व लू का प्रकोप गोवंशों को सिर्फ बीमार ही नहीं बनाता, बल्कि कई बार जानलेवा भी साबित होता है।

लू व धूप से पीड़ित होने पर प्रभावित गोवंश का तापमान 108 डिग्री तक पहुंच जाता है। साथ ही बीमार होने पर वह थके-थके रहते हैं। हीट स्ट्रोक से प्रभावित गोवंश को समय पर इलाज न मिलने पर कई बार उनकी जान पर बन आती है। इसलिए गर्मी के मौसम में गोवंश के सुस्त होकर चारा के प्रति अनिच्छा देखते ही उपचार उपलब्ध कराना चाहिए। सीवीओ डा. शिवमूर्ती प्रकाश ने बताया कि पशु के शरीर के तापमान में एक डिग्री की वृद्धि होने पर दुग्ध उत्पादन 10-15 प्रतिशत तक घट जाता है।

उनके शरीर में बाइकार्बोनेट की कमी रक्त के पीएच बढ़ा देता है। इससे गोवंश की पाचन क्षमता प्रभावित होने से वह चारा खाना बंद कर देते हैं। शुष्क पदार्थ ग्रहण करने की क्षमता 50 प्रतिशत तक कम हो जाती है, जिससे दुग्ध उत्पादन क्षमता में गिरावट आती है।

- गोवंश भी हो रहे लू और गर्मी से बीमार, चिकित्सक ने बताए बचाव के तरीके

### सुबह नौ से पहले, शाम को छह बजे के बाद चराने ले जाएं

गर्मी में पशुओं को सुबह नौ से पहले और शाम के समय पांच बजे के बाद खेतों में चराने ले जाना चाहिए। साथ ही सुबह-शाम याथ संभव नहलाना भी चाहिए। उन्हें बांधने वाले स्थानों पर टीन शेड पर पुआल डालना फायदेमंद साबित होता है, क्योंकि इससे संबंधित स्थान पर गर्मी में कमी रहती है। उन्हें पीने के लिए ठंडा साफ पानी हर समय उपलब्ध कराना भी आवश्यक होता है।

### मवेशियों को लू लगने के लक्षण

- गोवंश की सांस लेने की गति बढ़ जाती है। वह हांफता है और मुंह से लार भी गिरने लगती है।
- शरीर का तापमान बढ़ने के कारण मवेशी खाना-पीना छोड़ देते हैं, दूध देने की मात्रा कम हो जाती है।
- प्रभावित गौवंश के शरीर में पानी की कमी होने से मल त्याग बंद हो जाता है।

### बचाव के उपाय

- गर्मी से बचाव के लिए पशुओं को नमी वाले स्थान से लाया गया हरा चारा देना चाहिए। साथ ही गुड़ को पानी में घोलकर पिलाना चाहिए।
- आहार को संतुलित बनाने के लिए 50 ग्राम खनिज मिश्रण व नमक की मात्रा भी देनी चाहिए।
- दो-तीन बार सिंचाई करने के बाद ही गोवंश को तैयार हुई ज्वार, बाजरा की चरी खाने को देनी चाहिए।

## संस्था ने गोवंश के लिए रखवाईं नांदें

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** तमाम जरूरतमंदों की सहायता करते हुए गौ सेवा में बढ़-चढ़कर सहभागी बनने वाले नर सेवा-नारायण सेवा संस्था के संस्थापक अध्यक्ष विमल द्विवेदी ने कई दिनों से जारी जबर्दस्त गर्मी में बेजुबानों को पानी मुहैया कराने के लिए शहर के विभिन्न स्थानों नांदें रखवाई। उन्होंने बताया कि रखी गई नांदों में नियमित रूप से पानी भरने की जिम्मेदारी का भरोसा दिलाया है।

नौतपा के चलते इस बार पहले ही दिन से गर्मी में वृद्धि का सिलसिला जारी है। शहर में घूमने वाले गौवंशों को इस मौसम में पीने के पानी का जबर्दस्त संकट है। गौवंश को पीने का पानी उपलब्ध कराने के लिए अन्य संस्थाओं के अलावा नर सेवा-नारायण सेवा भी नांद रखवाने का अभियान चला रही है। इसके तहत सिविल लाइंस स्थित पुलिस क्लब के अंदर, कल्याणी मंदिर के पास स्थित प्रखर वाजपेयी व भोला पांडेय के यहां, एबीनगर उत्तरी निवासी शिवम शर्मा व विवेक शुक्ला, हिरन नगर स्थित आशु बुक डिपो के सामने सहित अन्य स्थानों पर नांद रखवाई गईं। संस्था अध्यक्ष ने कहा कि गौसेवा करने वालों को तमाम देवी-देवताओं का आशीर्वाद प्राप्त होता है, जिससे उनके कष्ट समाप्त होते हैं। इसीलिए सामर्थ्यभर सभी को गौसेवा करनी चाहिए। नांद रखवाने के अभियान में जिला संयोजक अजय त्रिवेदी, सुरेश सिंह सेंगर, अभिषेक तिवारी, शिवम् शुक्ल, अखिल मिश्रा, विकास सिंह सेंगर, धर्मेंद्र शुक्ल व अभी तिवारी आदि शामिल रहे।



नांद रखवा कर पानी भरते नर सेवा-नारायण सेवा संस्था के अध्यक्ष विमल द्विवेदी।

## गर्मी में लोवोल्टेज आने से परेशान हो रहे उपभोक्ता

संवाददाता पुरवा उन्नाव

**अमृत विचार।** क्षेत्र के दीपक विहार कॉलोनी में दो सप्ताह से लो वोल्टेज की समस्या बनी हुई है। जिसकी शिकायत विभाग से की गई। इसके बावजूद अभी तक लो वोल्टेज की समस्या से उपभोक्ताओं को निजात नहीं दिलाया गया। जिससे भीषण गर्मी में लोगों को खासी दिक्कतें उठानी पड़ रही है।

स्थानीय नगर के मोहल्ला दीपक विहार कालोनी निवासी जितेंद्र धोबी ने बताया कि भीषण गर्मी के चलते जहां आम जनजीवन अस्त व्यस्त है। वहीं उनके मोहल्ले में विद्युत विभाग ने आपूर्ति बहाल कर रखी है लेकिन बीते दो सप्ताह से लो वोल्टेज की समस्या बनी हुई है। जिस पर उपभोक्ताओं के स्टेप्लाईजर लगाये जाने के बावजूद वोल्टेज 30-50 के ऊपर नहीं बढ़ सका है। गर्मी से निजात दिलाने वाले घरेलू विद्युत उपकरण मुंह चिढ़ाते ही नजर आ रहे हैं। जिसके चलते दिनों दिन बढ़ते पारे से भीषण गर्मी में परिवार के बुजुर्ग व बच्चे बेहाल हो रहे हैं। क्षेत्र के विशाल विमल, बिंदालाल चौरसिया, सुनील गुप्ता, उमा शंकर, गुरु प्रसाद, साधना, रानी, पार्वती, काजल व सोनी यादव आदि एक दर्जन उपभोक्ताओं ने अधिशाषी अधिकारी विद्युत वितरण से को जानकारी दी है। जिस पर उन्होंने बताया कि जल्द ही क्षेत्र में लो वोल्टेज की समस्या को दूर किया जायेगा। जिससे गर्मी में लोगों को भरपूर बिजली मिल सके।

- दीपक विहार कॉलोनी में दो सप्ताह से है समस्या, नहीं हो रही सुनवाई

## मोपेड से टकराई बाइक, बच्चे की मौत

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली अंतर्गत लखनऊ-कानपुर हाइवे पर मोपेड से टकराने के बाद बाइक फिसल गई। हादसे में मां की गोद से उछल कर नीचे गिरे पांच वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। वहीं बाइक में बैठी बच्चे की मां सहित चार अन्य लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों के सुपुर्द किया है।

जिला मुरादाबाद के भोजपुर थाना अंतर्गत रूस्तमपुर गांव निवासी संजू सिंह बहेलिया जाति का है। वह अपनी पत्नी गीता और पांच माह के कार्तिक के साथ लखनऊ के मोहनलालगंज में सड़क किनारे जड़ीबूटी बेचता था। वहीं पास में इसके बहनोई नन्हा और बहन किरण भी यही काम करती है। बुधवार को संजू की कानपुर के कल्याणपुर निवासी बड़ी बहन के बेटे रोहित की शादी थी। इसी में शामिल होने बहनोई नन्हा, बहन किरण उसका एक वार्षिक बेटा मानव सहित संजू की पत्नी गीता व पांच माह के बेटे कार्तिक को गोद में लेकर एक ही बाइक जा रहे थे। सदर कोतवाली अंतर्गत लखनऊ-कानपुर हाइवे पर एक मोपेड से बाइक की टक्कर हो गई। हादसे में कार्तिक मां की गोद से उछल कर सड़क पर गिर गया। इसके बाद बाइक भी अनियंत्रित हो गई सभी लोग सड़क पर गिर कर घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा। डाक्टर ने कार्तिक को मृत घोषित कर दिया। हादसे में किरण व उसका बेटा मानव भी गंभीर घायल हुआ, उन्हें इमरजेंसी वार्ड में भर्ती किया।



कार्तिक के बिलखते माता-पिता। अमृत विचार

- हादसे में बाइक सवार लोग भी हुए घायल

विद्यार्थी कर रहे मस्ती | बीघापुर तहसील व ब्लाक क्षेत्र के गौरी गांव स्थित एमएम पब्लिक स्कूल में चल रहा समर कैंप

## बच्चों को दिखाई गई मोटिवेशनल हिंदी फिल्म 'मैं हूं कलाम'

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** बीघापुर तहसील व ब्लाक क्षेत्र के गौरी गांव स्थित एमएम पब्लिक स्कूल में चल रहे समर कैंप में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल हैं, जहां वह जमकर मस्ती करते हुए बाहर से बुलाए गए प्रशिक्षकों से गीत-संगीत, शास्त्रीय नृत्य, ड्रामा व कराटे सहित विभिन्न खेलों की बारीकियां भी सीख रहे हैं। कैंप समापन 31 मई को छात्र-छात्राएं सीखे गए हुनर का प्रदर्शन करेंगे।

गर्मी की छुट्टियों में दादा-दादी व नानी के पास जाने वाली परंपरा पर अब बहुत कम अमल होती है। इसी के मद्देनजर स्कूल प्रबंधन ने 23 मई से बच्चों के लिए समर कैंप शुरू करा रखा है, जिसमें कक्षा तीन से आठ तक विभिन्न कक्षाओं के एक सैकड़ा से अधिक छात्र-छात्राएं सहभागिता कर रहे हैं। समय कैंप में बच्चों को उनकी रुचि के अनुसार विभिन्न विधाओं का प्रशिक्षण दिलाया जा रहा है। इसके लिए प्रबंधन ने जहां कानपुर से क्लासिकल डांसर क्षितिज कुमार मिश्रा व रायबरेली से आशीष जायसवाल को कराटे प्रशिक्षण देने के लिए बुला रखा है। प्रबंधक गौरव अवस्थी ने बताया कि बच्चों को गीत-संगीत का प्रशिक्षण पद्म भूषण सम्मान प्राप्त उस्ताद राशिद खां के वंशज मोहम्मद फैज दे रहे हैं। इसके अलावा बच्चों को इंग्लिश स्पीकिंग और रंगकर्म भी सीखाया जा रहा है। इसके अलावा समर कैंप में शामिल बच्चों को कैरम, शतरंज, क्रिकेट, बैडमिंटन समेत आदि खेलों में दक्षता दिलाई जा रही है। प्रिंसिपल शिवानी सिंह ने बताया कि बच्चों को मोटिवेशनल फिल्म 'मैं कलाम हूं' भी दिखाई गई। साथ ही कंप्यूटर की बेसिक जानकारी देते हुए इस्तेमाल सिखाया गया है। कैंप का समापन शुक्रवार को किया जाना है, जिसमें बच्चे कैंप में अर्जित स्वयं की प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।



समर कैंप में क्लासिकल नृत्य सीखतीं छात्राएं। अमृत विचार



ड्राइंग की दक्षता बढ़ातीं बच्चियां। अमृत विचार



क्राफ्ट की समझ विकसित करतीं छात्राएं। अमृत विचार

- 31 को प्रतिभा प्रदर्शन के साथ होगा एमएम पब्लिक स्कूल के समर कैंप का समापन

### समर कैंप बंद मत कीजिए प्लीज!

समर कैंप में पेंटिंग बना रही अनन्या सोनी, राखी सिंह, रत्नश्री सिंह, पीहू पटेल व अनन्या सोनी कहती हैं कि यहां पहुंचने के बाद व्यस्तता के चलते गर्मी का एहसास नहीं रहता। क्लासिकल डांस सीख रही कनक व सान्वी शुक्ला कैंप में शामिल होने से पहले डांस देखना भाता था, लेकिन अब इसे करना भी बहुत अच्छा लगने लगा है। वह कहती हैं कि अब बड़े होकर डांस को ही करियर बनाने की इच्छा है। इसी तरह कक्षा तीन की आकांक्षा व नित्या और कक्षा चार की इतिका आदि छात्राओं ने बताया कि चाकलेट देकर किडनैपिंग से बचाव सीखना रोमांचक रहा। समर कैंप में मजा भी आ रहा है। बातचीत के दौरान ही प्रिसपल के मौके पर पहुंचने पर अन्य बच्चों के साथ अदिति व उपासना एक साथ बोल उठते हैं मैडम प्लीज, समर कैंप और अधिक दिन चलाइए। बच्चों के मुताबिक यहां काफी कुछ सीखने को मिल रहा है।

## बुजुर्ग किसान की आग की चपेट में आकर मौत

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** बीघापुर कोतवाली अंतर्गत एक वृद्ध किसान को अपनी छत पर आग से जलते देख परिजनों के होश उड़ गए। आग बुझाने के बाद उसे परिजनों ने 100 बेड अस्पताल पहुंचाया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं छह बिसुआ जमीन को लेकर बेटों में हो रहे विवाद से आहत होकर उसके आत्मदाह करने की भी चर्चा रही। पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है।

बीघापुर कोतवाली के बिसेनमऊ निवासी रामसुमेर यादव (60) पुत्र नत्थू यादव खेती किसानी का काम करता था। बुधवार सुबह साढ़े छह बजे घर की छत पर संदिग्ध हालात में आग लगने से लपटों में घिर गया चीख-पुकार सुनकर पड़ोसी और परिजन दौड़े तब उन्हें घटना की जानकारी हुई। बेटों-बहुओं ने लोगों की मदद से आग बुझाई और उसे 100 बेड अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डा. आरके रमन ने उसे मृत घोषित कर दिया। चर्चा है कि रामसुमेर के नाम लालकुआं-ऊंचगांव मार्ग के किनारे छह बिसुआ जमीन है। उसके पांच बेटे विमल, रमन, बाबूलाल, मनीष और धर्मेंद्र इस जमीन के लिए अक्सर उससे विवाद करते रहते थे।

बुधवार सुबह भी विवाद हुआ था। इसी से परेशान होकर रामसुमेर के खुद पर केरोसिन डालकर आग लगा लगी। हालांकि छत पर जाकर खुद को आग लगाने की घटना को लेकर कई तरह के सवाल उठ रहे हैं। एसओ राजपाल ने बताया कि पंचनामा कर शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। घटना में विभिन्न बिंदुओं पर गहनता से जांच की जा रही है। जांच और पीएम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

- बेटों के आपसी विवाद से परेशान होकर आत्मदाह की रही चर्चा

न विश्चसेदविश्चस्ते विश्चस्ते नातिविश्चसेत्।
विश्चासाद् भयमुत्पन्न मुलान्यपि निकृन्तति ॥

जो व्यक्ति भरोसे के लायक नहीं है ,उस पर तो भरोसा न ही करें ,लेकिन जो बहुत भरोसेमंद है, उस पर भी अंधे होकर भरोसा न करें , क्योंकि जब ऐसे लोग भरोसा तोड़ते हैं तो बड़ा अनर्थ होता है।

## संपादकीय

# घटता मत प्रतिशत

आम चुनाव 2024 समाप्ति की ओर हैं। केवल एक चरण का मतदान बाकी है। अंतिम चरण का मतदान 1 जून को होगा और परिणाम 4 जून को आने हैं। जनादेश का विश्लेषण तो उसके बाद ही किया जा सकता है। परंतु चुनाव में देश भर में मतदाताओं की भागीदारी से पता चलता है कि 2019 और यहां तक कि 2014 की तुलना में चुनावों के मतदान में महत्वपूर्ण गिरावट आई है। मतदाताओं की उदासीनता हमारी व्यवस्था में गहरी अस्वस्थता का लक्षण है। याद रखना चाहिए कि मतदान न केवल हमारा अधिकार है, बल्कि हमारी जिम्मेदारी भी है। इस बार चुनाव की बुनियादी चिंता यह रही कि शहरी मतदाता अपेक्षाकृत उदासीन रहा। उसने मतदान के प्रति दायित्व और मताधिकार के महत्व को कमतर आंका, नतीजतन मतदान के शुरुआती आंकड़े निराश करते रहे। लंबे समय तक मतदाताओं की उदासीनता लोकतांत्रिक प्रक्रिया को ही कमजोर कर सकती है। दरअसल मुंबई से लखनऊ तक का चुनाव शहरी उदासीनता का प्रतीक रहा है। बेशक यह झुलसाती, चिलचिलाती गर्मी और लू का मौसम है। कई जगहों पर 44-45 डिग्री तक तापमान रिकॉर्ड किया गया। गर्मी के कारण मतदान कम हुआ, यह तर्क गले नहीं उतरता। क्योंकि अक्सर आम चुनाव इन्हीं महीनों में कराए जाते रहे हैं। 2009 के आम चुनाव से पहले किए गए नवीनतम परिसीमन के बाद से इतनी बड़ी संख्या में सीटों पर मतदाताओं की भागीदारी में गिरावट अभूतपूर्व है। संख्याओं पर करीब से नजर डालने से पता चलता है कि 2014 में कुल मतदाताओं ( 18 वर्ष से अधिक आयु के योग्य मतदाता ) में उल्लेखनीय वृद्धि हुई थी, और 2019 और 2024 में मामूली वृद्धि हुई थी। लेकिन केवल 2024 में ही मतदान प्रतिशत में नाटकीय रूप से गिरावट आई।

पूर्व, उत्तर-पूर्व और दक्षिण में कई मतदाताओं ने आमतौर पर पश्चिम, मध्य और उत्तर भारत की तुलना में अधिक मतदान किया। फिर भी, तेलंगाना और कर्नाटक जैसे कुछ अपवादों को छोड़कर, जहां मतदान प्रतिशत में 62.8 प्रतिशत से 65.7 और 68.8 प्रतिशत से 70.6 प्रतिशत की मामूली वृद्धि दर्ज की गई, 2024 में राज्यों में मतदान में सामान्य गिरावट आई है। जबकि यह समय लोकतांत्रिक प्रक्रिया के प्रति हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करने का समय होता है। मतदाता की उदासीनता अन्याय और असमानता को जड़ जमाने के लिए उपजाऊ जमीन तैयार करती है। मतदान न करना भी लोकतंत्र और संविधान की अवमानना है। लिहाजा चुनाव आयोग की ओर से आवश्यक मतदान के लिए कुछ तो प्रावधान किए जाने चाहिएं।

# ये कहां आ गए हम


प्रयाग पाण्डे
वरिष्ठ पत्रकार

यदि ऐतिहासिक परिपेक्ष्य में देखें तो भारत में पत्रकारिता की शुरुआत सतयुग से मानी जा सकती है। सतयुग में देवर्षि नारद जी मानव कल्याण के निमित्त समाचार संप्रेषित करते थे। कहा जाता है कि उनके द्वारा संप्रेषित समाचारों का देवलोक में व्यापक असर होता था। यह बात अलग है कि देवर्षि नारद जी को आधुनिक युग के पत्रकारों के मानिंद संवाददाता के रूप में अपनी हैसियत का गुमान होने लगा था।

हिंदी भाषी पत्रकारों के लिए आज हिंदी पत्रकारिता के जनक जुगल किशोर सुकुल जी को श्रद्धा पूर्वक नमन करने और उनके प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता प्रकट करने का दिन है। हिंदी पत्रकारिता के गौरवशाली इतिहास को याद करने का मौका है। साथ ही हिंदी पत्रकारिता के बुनियादी चरित्र और उसूलों में आए सकारात्मक एवं नकारात्मक बदलावों का विवेचन का अवसर भी। यदि ऐतिहासिक परिपेक्ष्य में देखें तो भारत में पत्रकारिता की शुरुआत सतयुग से मानी जा सकती है। सतयुग में देवर्षि नारद जी मानव कल्याण के निमित्त समाचार संप्रेषित करते थे। महाभारत काल में संजय ने पत्रकार की भूमिका निभाई। उन्होंने धृतराष्ट को महाभारत के युद्ध के मैदान का आंखों देखा हाल सुनाया था। रामायण काल में कूटनीतिक पत्रकारिता की शुरुआत हुई। उस दौर में मंथरा नामक एक पात्र ने यह भूमिका अदा की। मंथरा की कुटिलता ने भगवान श्री राम के राज्याभिषेक के हर्षोल्लास के अवसर को शोकाकुल वातावरण में तबदील कर दिया। मंथरा के भड़काऊ सूचना के कारण भगवान श्री राम को वनवास हुआ और उनके विरह में राजा दसरथ जी को अपने प्राण त्यागने पड़े थे।

प्रारंभिक काल में संत, फ़क़ीर, भाट और चारण सूचनाओं के प्रसार में सहायक होते थे। प्राचीन काल में समाज की नब्ज टटोलने के लिए भारत में राजाओं द्वारा गुप्तचरों की नियुक्तियां की जाती थीं। मुगलकाल में महत्वपूर्ण नगरों में संवाद लेखकों की नियुक्तियां की जाती थी, इन्हें 'वाकया नवीस' कहा जाता था। वाकया नवीसों के मुखिया को 'वाकया निगार' कहते थे। उस दौर में एक जगह से दूसरी जगह खबरें पहुंचाने का काम हरकारे करते थे। अकबर के शासनकाल में समाचार संकलित करने वालों को 'खबर नवीस' और समाचार लेखकों को 'वाकया नवीस' कहा जाता था। समाचारों को एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचाने वालों को 'क़ासिद' या 'हरकारा' कहते थे।

भारत में आधुनिक पत्रकारिता के जनक जेम्स ऑगस्टन हिकी थे। 29 जनवरी,1780 को जेम्स ऑगस्टन हिकी ने कोलकाता से 'बंगाल गजट' या 'कलकत्ता जर्नल एडवाइजर' नामक समाचार -पत्र का प्रकाशन प्रारंभ किया था। 'बंगाल गजट' भारत का पहला आधुनिक समाचार-पत्र था, जो



हिंदी पत्रकारिता दिवस

कि 'हिकीज गजट' के नाम से ख्यात हुआ। जेम्स ऑगस्टन हिकी ने भारत की भावी पत्रकारिता के न्यूनतम आदर्श तय कर दिए थे। उन्होंने निर्भीक पत्रकारिता की उम्दा मिशाल पेश की। सर्वशक्तिमान साम्राज्यवादी सत्ता की तीखी आलोचना से नहीं घबराए। भारतीय भाषाओं की पत्रकारिता के जनक थे- लाला राममोहन राय। उन्होंने 4 दिसंबर 1821 को बंगला साप्ताहिक 'संवाद कौमुदी' का प्रकाशन एवं संपादन प्रारंभ किया था। लाला राममोहन राय ने 12 अप्रैल, 1822 को 'मिरातुल अखबार' नाम से फ़ारसी भाषा का एक और अखबार का प्रकाशन शुरू किया था। 1923 में भारत में उर्दू का पहला अखबार निकला, जिसका नाम 'जामे-जहांनुमा' था। मुंशी सदासुखलाल इसके संपादक और हरिहर दत्त प्रकाशक थे। 30 मई, 1826 को जुगल किशोर सुकुल ने कलकत्ता से हिंदी साप्ताहिक 'उदन्त मार्तण्ड' का प्रकाशन/ संपादन शुरू किया था। 1845 में बनारस से 'बनारस अखबार' प्रकाशित हुआ। गोविंद नाथ थत्ते इसके संपादक थे। 'बनारस अखबार' हिंदी प्रदेश से प्रकाशित होने वाला पहला हिंदी साप्ताहिक था। 1850 में 'सुधाकर' का प्रकाशन शुरू हुआ, यह हिंदी और बांग्ला दोनों भाषाओं में प्रकाशित होता था। इसी वर्ष जुगल किशोर सुकुल ने 'सामदण्ड मार्तण्ड' नाम से एक और अखबार निकाला। यह अखबार भी अधिक दिन नहीं चला। 1854 में श्याम सुंदर सेन ने कलकत्ता से 'समाचार सुधावर्षण' नामक हिंदी और बांग्ला में द्विभाषी दैनिक समाचार-पत्र का प्रकाशन शुरू किया। यह हिंदी का पहला दैनिक अखबार था। 'समाचार सुधावर्षण' 1873 तक प्रकाशित हुआ था। संयोग की बात यह है कि हिंदी पत्रकारिता की शुरुआत गैर हिंदी भाषी कलकत्ता से हुई। हिंदी भाषा का पहला दैनिक समाचार-पत्र भी कलकत्ता से ही प्रकाशित हुआ था। प्रथम स्वाधीनता संग्राम के दौरान 8 फ़रवरी, 1857 में अमीमुल्ला खां ने 'पयामे आजादी' नाम का समाचार - पत्र निकाला। यह भारत में देसी भाषा का पहला राजनीतिक समाचार-पत्र था। 1871 में अल्मोड़ा से 'अल्मोड़ा अखबार' का प्रकाशन शुरू हुआ। बुद्धिबल्लभ पंत इसके संपादक थे। 1900 में काशी से 'सरस्वती' का प्रकाशन प्रारंभ हुआ। 1903 में आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी ने 'सरस्वती' के संपादक का दायित्व संभाला। 'सरस्वती' ने सही अर्थों में आधुनिक पत्रकारिता को जन्म दिया। जब मराठा दैनिक 'केसरी' के संपादक लोकमान्य बालगंगाधर तिलक 'स्वराज हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है और हम इसको लेकर रहेंगे' के उदघोष द्वारा राजनीतिक जड़ता को तोड़कर भारतीय जनमानस को झकझोर रहे थे, ठीक उसी दौर में गणेश शंकर विद्यार्थी के संपादन में नवंबर, 1913 में कानपुर से 'प्रताप' का उदय हुआ।

स्वतंत्रता सेनानियों ने आजादी की लड़ाई में पत्रकारिता को ढाल के रूप में इस्तेमाल किया। 1907 में 'जू उन करनीन' नामक एक अखबार में संपादक की तलाश में छपे विज्ञापन के द्वारा स्वाधीनता संग्राम के दौर की पत्रकारिता के खतरों और पत्रकारों के संघर्ष, त्याग, तपश्चर्या एवं देश और देशवासियों के हितों के प्रति प्रतिबद्धता को बखूबी समझा जा सकता है। शांति भूषण भटनागर इलाहाबाद से 'स्वराज' नामक साप्ताहिक अखबार निकालते थे। उन्हें 'स्वराज' के लिए एक संपादक की आवश्यकता थी। इसके लिए उन्होंने 'जू उन करनीन' में एक विज्ञापन साया करवाया। जिसका मज़मून इस प्रकार था:- 'एक जौं की रोटी और एक प्याला पानी, यह तनख़्वाह है,जिस पर 'स्वराज' इलाहाबाद के वास्ते एक एडिटर मतलूब है।' आजादी करीब चार दशक के बाद वैश्वीकरण और बाजारवाद का नया दौर शुरू हुआ। इससे पहले जन संचार माध्यम शिक्षा, सूचना और ज्ञान के महत्वपूर्ण माध्यम थे। पत्रकारिता का पहला और अंतिम लक्ष्य बृहत्तर समाज का हित था। संचार माध्यमों को समाज की गतिविधियों का दर्पण माना जाता था। पत्रकार, सामाजिक मूल्यों का नियामक की भूमिका में थे। पत्रकारिता को सनातन विपक्ष और समाज का सशक्त प्रवक्ता माना जाता था। सामाजिक समरसता, समानता, सद्भाव, बंधुत्व, राष्ट्रीय एकता और देशभक्ति की भावनाओं का प्रसार कर समाज में वैज्ञानिक सोच का प्रचार-प्रसार करना पत्रकारिता का पेशेवराना धर्म माना जाता था। जन संचार माध्यम आम जनता की आवाज थे।

1990 के दशक में शुरू हुए वैश्वीकरण और उसके बाद आई नई संचार क्रांति ने टेलीविजन को असीमित विस्तार दिया। न्यूज चैनलों की भरमार हो गई। टीवी ने एक नई किस्म की पत्रकारिता को जन्म दिया। टीवी पत्रकारिता ने पत्रकारिता के बुनियादी चरित्र को बदल दिया है। पत्रकारिता समाजोन्मुखी से बाजारोन्मुखी हो गई। मिशन, प्रोफेशन हो गया। भाषा की मर्यादाएं भी टूट गईं। सामाजिक उत्तरदायित्वों से विमुख बाजारवाद और वैश्वीकरण के दौर की इस संवेदनहीन पत्रकारिता ने इस पेशे की विश्वसनीयता को जबरदस्त आघात पहुंचाया है। मौजूदा दौर की पत्रकारिता के मूल्य, सरोकार, पक्षधरता और वैचारिक एवं पेशेवराना निष्पक्षता पर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। आज सूचनाओं का चौतरफा अंबार लगा हुआ है लेकिन इन सूचनाओं में से सत्य तथ्यों को खोजना मुश्किल होता चला जा रहा है। सूचनाओं का प्रवाह स्वार्थपरक एवं एकपक्षीय है। आधुनिक जन संचार माध्यमों से जनहित के मुद्दे नदारत होते जा रहे हैं। टीआरपी की होड़ में पत्रकारिता के आदर्शों को तिलांजलि देने की अघोषित प्रतिस्पर्धा चल रही है।

पंडित जवाहरलाल नेहरू स्वतंत्र और जनपक्षधर प्रेस के प्रबल पैरोकार थे। पंडित नेहरू ने कहा था-'मैं दबी हुई और नियंत्रित प्रेस की तुलना में स्वतंत्रता के दुरुपयोग के तमाम खतरों के बावजूद स्वतंत्र प्रेस ही देखना चाहूंगा।' छायावादी युग की प्रमुख स्तंभ कवयित्री महादेवी वर्मा जी ने पत्रकारों की भूमिका को स्पष्ट करते हुए कहा था:- 'पत्रकारिता एक रचनाशील विधा है। इसके बगैर समाज को बदलना असंभव है। अतः पत्रकारों को अपने दायित्वों और कर्तव्यों का निर्वाह निष्ठापूर्वक करना चाहिए। क्योंकि उन्हीं के पैरों के छालों से इतिहास लिखा जाएगा।' भविष्य में जब कभी इस दौर की पत्रकारिता और पत्रकारों की भूमिका का इतिहास लिखा जाएगा, वह निश्चित ही कवियत्री महादेवी वर्मा की अपेक्षाओं के बिल्कुल उलट होगा।


## प्रसंगवश

# चुनावी अतिश्योक्तियां


रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

हमारे नेतागण भी खूब साहित्यकार हैं। वे पिंगलशास्त्र का सम्यक ज्ञान भले ही न रखते हों किंतु चुनावी सभाओं में अलंकारिक भाषा जरूर प्रयोग करते हैं। उनके प्रयुक्त अलंकारों में भ्रम, संदेह, विरोधाभास और अतिश्योक्ति प्रमुख होते हैं। यहां हम अतिश्योक्ति अलंकार की ही बात करते हैं। इसका प्रयोग तो वे 'गप' की सीमा तक करते हैं। अब देखिए प्रधानमंत्री ने पटियाला की एक रैली में कहा है कि यदि 1971 के बांग्लादेश वाले युद्ध के समय वे पीएम होते, तो आत्म समर्पण करने वाले 93000 युद्धबंदियों को तब देते जब सिख तीर्थ करतारपुर साहब, जो पाकिस्तान में है, को वापस न ले लेते। बताते चलें कि पंजाब की तेरह सीटों का चुनाव 1 जून को होना है। अतः सिख भाइयों को खुश करने को एक डायलाग ही तो मारना है, तो मार दो। वैसे प्रधानमंत्री क्या यह नहीं जानते कि युद्ध बंदियों के बारे में 'जेनेवा कनवेंशन' एक अंतर्राष्ट्रीय समझौता है, जो हर देश को मानना होता है। यह 1949 में अपडेट किया गया था। इसके अंतर्गत युद्ध समाप्त हो जाने पर सामान्यतया बंदी छोड़े ही जाते हैं और जब तक वे बंदी रहते हैं तब तक सही भोजन, चिकित्सा, रखरखाव और उचित सम्मान भी सुनिश्चित करना होता है। तो क्या तत्कालीन सरकार 93000 शत्रुओं की अनिश्चित काल तक खातिर करती और इस तरह देश की आर्थिकी का भट्टा बैठालती ! कोई जरूरी था कि पाकिस्तान सरकार करतारपुर वापसी की बात मान लेती ? क्या बांग्लादेश युद्ध करतारपुर साहब की वजह से हुआ था ? प्रधानमंत्री को पाकिस्तान के दो टुकड़े करने के इंदिरा गांधी की इस बड़ी उपलब्धि की प्रशंसा में भी दो शब्द बोलने चाहिए थे। कुछ बड़े भाजपाई नेता इधर पाक अधिकृत कश्मीर को मोदी के अगले कार्यकाल में लेने की गर्वोक्तयां कर रहे हैं। हालांकि वे यह नहीं बताते कि इन बीते दस सालों में इसे क्यों नहीं ले लिया ? इसी तरह करतारपुर साहब को सर्जिकल स्टाइक की तर्ज पर अब तक अपने देश में क्यों नहीं मिला लिया ? दस साल तो काफी होते हैं ? क्या ये अतिरंजित और लोक लुभावन हवा हवाई, अव्यावहारिक बाते केवल अगले पांच साल का जनादेश पाने के लिए की जा रही हैं ?

# जहर होता जीवनदायी जल


पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

यह भयावह आंकड़े सरकार के ही हैं कि भारत में करीब 1.4 लाख बच्चे हर साल गंदे पानी से उपजी बीमारियों के चलते मर जाते हैं।

गर्मी में पानी धरती के लिए प्राण है लेकिन यदि जल दूषित हो तो यह प्राण हर भी सकता है। हमारे विकास के बड़े बड़े दावे कहीं जल जैसी मूलभूत सुविधा के सामने या कर ठिठक जाते हैं। बहुत सी सरकारी योजनाएं हर घर स्वच्छ जल के वायदे करती रही हैं लेकिन आपूर्ति पर केंद्रित ये योजनाएं हर समय सुरक्षित जल-स्रोत विकसित करने में असफल ही रही हैं।

कितना दुखद है कि पांच साल पहले राजधानी के करीबी पश्चिम उत्तर प्रदेश के सात जिलों में पीने के पानी से कैंसर से मौत का मसला जब गरमाया तो एनजीटी में प्रस्तुत रिपोर्ट के मुताबिक इसका कारण हैंडपंप का पानी पाया गया। अक्तूबर 2016 में ही एनजीटी ने नदी के किनारे के हजारों हैंडपंप बंद कर गांवों में पानी की वैकल्पिक व्यवस्था का आदेश दिए थे। कुछ हैंडपंप तो बंद भी हुए, कुछ पर लाल निशान की औपचारिकता हुई लेकिन सुरक्षित जल का विकल्प ना मिलने से मजबूर ग्रामीण वही जहर पी रहे हैं।

अतीत में झांकें तो केंद्र सरकार की कई योजनाएं, दावे और नारे फाईलों में तैरते मिलेंगे, जिनमें भारत के हर एक नागरिक को सुरक्षित पर्याप्त जल मुहैया करवाने के सपने थे। इन पर अरबों खर्च भी हुए लेकिन आज भी कोई करीब 3.77 करोड़ लोग हर साल दूषित पानी के इस्तेमाल से बीमार पड़ते हैं। लगभग 15 लाख बच्चे दस्त से अकाल मौत मरते हैं। अंदाजा है कि पीने के पानी के कारण बीमार होने वालों से 7.3 करोड़ कार्य-दिवस बर्बाद होते हैं। इन सबसे भारतीय अर्थव्यवस्था को हर साल करीब 39 अरब रूपए का नुकसान होता है।

हर घर जल की केंद्र की योजना इस बात में तो सफल रही है कि गांव-गांव में हर घर तक पाईप बिछ गए, लेकिन आज भी इन पाईपों में आने वाला 75 प्रतिषत जल भूजल है। गौरतलब है कि ग्रामीण भारत की 85 फीसदी आबादी अपनी पानी की जरूरतों के लिए भूजल पर निर्भर है। एक तो भूजल का स्तर लगातार गहराई में जा रहा है, दूसरा भूजल एक ऐसा संसाधन है जो यदि दूषित हो जाए तो उसका निदान बहुत कठिन होता है। यह संसद में बताया गया है कि करीब 6.6 करोड़ लोग अत्यधिक फ्लोराइड वाले पानी के घातक नतीजों से जूझ रहे हैं, इन्हें दांत खराब होने, हाथ पैरे टेड़े होने जैसे रोग झेलने पड़ रहे हैं। जबकि करीब एक करोड़ लोग अत्यधिक आर्सेनिक वाले पानी के शिकार हैं। कई जगहों पर पानी में लोहे ( आयरन ) की ज्यादा मात्रा भी बड़ी परेशानी का सबब है।


नेशनल सैंपल सर्वे आफिस( एनएसएसओ ) की 76वीं रिपोर्ट बताती है कि देश में 82 करोड़ लोगों को उनकी जरूरत के मुताबिक पानी मिल नहीं पा रहा है। देश के महज 21.4 फीसदी लोगों को ही घर तक सुरक्षित जल उपलब्ध है। सबसे दुखद है कि नदी-तालाब जैसे भूतल जल का 70 प्रतिशत बुरी तरह प्रदूशित है। यह सरकार स्वीकार रही है कि 78 फीसदी ग्रामीण और 59 प्रतिषत शहरी घरों तक स्वच्छ जल उपलब्ध नहीं हैं। यह भी विडंबना है कि अब तक हर एक को पानी पहुंचाने की परियोजनाओं पर 89,956 करोड़ रुपये से अधिक खर्च होने के बावजूद, सरकार परियोजना के लाभों को प्राप्त करने में विफल रही है। आज लगभग 19,000 गांव ऐसे भी हैं जहां साफ पीने के पानी का कोई नियमित साधन नहीं है। पूरी दुनिया में, खासकर विकासशील देशों जलजनित रोग एक बड़ी चुनौती हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन ( डब्ल्यूएचओ ) और यूनिसेफ का अनुमान है कि अकेले भारत में हर रोज 3000 से अधिक लोग दूषित पानी से उपजने वाली बीमारियों का शिकार हो कर जान गंवा रहे हैं। गंदा पानी पीने से दस्त और आंत्रशोथ, पेट में दर्द और ऐंठन, टाइफाइड, हैज़ा, हेपेटाइटिस जैसे रोग अनजाने में शरीर में घर बना लेते हैं।

यह भयावह आंकड़े सरकार के ही हैं कि भारत में करीब 1.4 लाख बच्चे हर साल गंदे पानी से उपजी बीमारियों के चलते मर जाते हैं। देश के 639 में से 158 जिलों के कई हिस्सों में भूजल खारा हो चुका है और उनमें प्रदूषण का स्तर सरकारी सुरक्षा मानकों को पार कर गया है। हमारे देश में ग्रामीण इलाकों में रहने वाले तकरीब 6.3 करोड़ लोगों को पीने का साफ पानी तक मयस्सर नहीं है। इसके कारण हैजा, मलेरिया, डेंगू, ट्रेकोमा जैसी बीमारियों के साथ-साथ कुपोषण के मामले भी बढ़ रहे हैं। देश के पेय जल से जहर के प्रभाव को शुन्य करने के लिए जरूरी है कि पानी के लिए भूजल पर निर्भरता कम हो और नदी-तालाब आदि सतही जल में गंदगी मिलने से रोका जाए।

## सोशल फोरम

# मानव जीवन की बेहतरी का मूल्य

भारतीय जनसामान्य ने कभी वैसा दौर नहीं देखा जैसा यूरोपीय राष्ट्रों के जनसामान्य ने दोनों विश्वयुद्धों, ख़ासकर दूसरे विश्वयुद्ध के दौर में देखा और झेला।


कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

इतिहास में कोई भी घटित विच्छिन्न और स्वतंत्र इकाई नहीं होता। उसके पीछे क्रिया-प्रतिक्रिया की एक लंबी और प्रायः अगोचर श्रृंखला अंधेरे में अपना जाल बुनती रहती है। व्यक्तिगत की तरह सामूहिक जीवन भी अतियों के साथ दूर तक निभा नहीं पाता। लेकिन हर अति में एक त्वरा, एक चमक होती है जो आंखों में ऐसी धुंध भर देती है कि वे समय के पार देखने में अक्षम हो जाती हैं। ब्रिटेन में दीर्घकालीन गृहयुद्ध (1642-1651), जिस दौरान राजा चार्ल्स-प्रथम का सर काटा गया (30 जनवरी 1649), के बाद ही जनतंत्र अपनी जड़ें जमाने में सफल हुआ। किंतु राजतंत्र पर उसकी अंतिम विजय और पूर्ण प्रतिष्ठा महिमामय क्रांति (गौरवशाली क्रांति 1688) के बाद ही संभव हुई।

अमेरिका में अश्वेतों को ग़ुलामी से मुक्ति उत्तरी तथा दक्षिणी राज्यों के बीच एक लंबे, संहारक गृहयुद्ध (1861-65) के बाद ही मिल सकी, जिसके अंतिम दौर में मानवतावादी राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन को स्वयं की आहुति देनी पड़ी (14 अप्रैल 1865)। यूरोप प्रथम विश्वयुद्ध और द्वितीय विश्वयुद्ध की विभीषिका से गुज़रने के बाद ही मुक्त आकाश में सांस ले सका।

भारतीय जनसामान्य ने कभी वैसा दौर नहीं देखा जैसा यूरोपीय राष्ट्रों के जनसामान्य ने दोनों विश्वयुद्धों, ख़ासकर दूसरे विश्वयुद्ध के दौर में देखा और झेला। इतिहास में हर बेहतरी अपना मूल्य वसूलती रही है। उसके सामने भारत में वर्तमान की चपड़चूं कुछ नहीं है। विश्वास कीजिए, 4 जून को जो भी होगा, हमारी बेहतरी की ओर ही ले जाएगा।

-फेसबुक वॉल से

# जोश परिस्थितिजन्य होता है


'उदन्त मार्तंड' इसलिए बंद हुआ कि उसे चलाने लायक संसाधन पं जुगल किशोर शुक्ल के पास नहीं थे। आज बहुत से लोग पैसा लगा रहे हैं। यह बड़ा कारोबार बन गया है।


प्रमोद जौशी
वरिष्ठ पत्रकार

गुरुवार को हिंदी पत्रकारिता दिवस है। 198 साल हो गए। पहली नजर में मुझे लगता है कि हिंदी पत्रकार के मन में अपने कर्म के प्रति जोश कम है। पर यह मैं अपने नजरिए से सोचता हूं। गहराई से विचार करने पर यह भी समझ में आता है कि युवा पत्रकार के जोश में कमी नहीं है, उसके हालात में फर्क हैं। जोश परिस्थितिजन्य होता है। व्यावसायिक-दृष्टि से उसके सामने अस्थिरता और असुरक्षा है। उसे न तो बौद्धिक-संरक्षण प्राप्त है और न आर्थिक-सुरक्षा। समय और तकनीक के साथ चीजें बदल रहीं हैं। पर जिस वजह से पत्रकारिता का कर्म विकसित हुआ वे खत्म नहीं हुईं हैं। पाठक को जानकारी देने और विचार-विनिमय को बढ़ाने की जरूरत आज, पहले की तुलना में कहीं ज्यादा है। पत्रकारिता और लोकतंत्र का विकास, साथ-साथ हुआ है।

'उदन्त मार्तंड' इसलिए बंद हुआ कि उसे चलाने लायक संसाधन पं जुगल किशोर शुक्ल के पास नहीं थे। आज बहुत से लोग पैसा लगा रहे हैं। यह बड़ा कारोबार बन गया है। सूचनाओं का भंडार भी काफी बड़ा हो गया है। एक दौर था जब सूचनाएं नहीं थीं। आज इतनी हैं कि वे शोर की शक्ल ले रही हैं। फिर भी अफवाहें हैं। इसका मतलब है कि पत्रकारिता अपनी जिम्मेदारी पूरी करने में पूरी तरह कामयाब नहीं है। मैं उसे नाकामयाब भी नहीं कहूंगा, क्योंकि जो जानकारी और विचार उपलब्ध हैं वे इसी मीडिया से निकले हैं। आज शोर के बीच संयत और वस्तुनिष्ठ सूचना-विचार की जरूरत है। यह ज्यादा बड़ी चुनौती है। जीवन में चुनौतियां हमेशा बनी रहेंगी। हमें चुनौतियों की तरफ भी ध्यान देना चाहिए।

# बाबा साहब के धम्म दीक्षा गुरु चंद्रमणि




सुरेन्द्र सोनकर
सामाजिक चिंतक

बौद्ध अनुयायी कुशीनगर के भिक्षु चंद्रमणि स्थविर को बाबा साहेब के धम्म दीक्षा गुरु के रूप में जानते हैं। 14 अक्टूबर 1956 को जब डॉ.आंबेडकर हिंदू धर्म को त्याग बुद्ध की शरण में गए तब के वयोवृद्ध बौद्ध भिक्षु चंद्रमणि से ही आंबेडकर धम्म दीक्षा ली थी, भिक्खू चंद्रमणि स्थविर का जन्म ज्येष्ठ माह की छठी को 25 मई 1876 को पौ पड़ ग्वाड़ गांव वर्मा में वैशाख पूर्णिमा के छठे दिन हुआ था। इसीलिए उनकी जयंती वैशाख बुद्ध पूर्णिमा के छठे दिन मनाई जाती है। पिता ऊ चौमो माता अवाथ थीं। जिन्होंने अपने बालक का नाम सावाउं रखा था। चाचा भिक्खू चंदिमा के पास अध्ययन हेतु चले गए। उन्होंने 1888 में श्रामफेर की दीक्षा ली परम्परानुसार श्रामनेर चंदा रखा गया।

श्रीलंका के अनारगिक धम्मपाल अपने भिक्खू साथियों के साथ 1891 में भारत आए थे औऱ ऐतिहासिक बौद्ध स्थलों की यात्राएं कीं। पवित्र स्थलों की दुर्दशा देखकर बहुत दुखी हुए। अधिकतर बौद्ध स्थल ब्राह्मण पुरोहितों के कब्जे में थे। तब उन्होंने बौद्ध भिक्खुओं की कमी दूर करने को भारत के पवित्र बौद्ध स्थलों की दुर्दशा का मार्मिक उल्लेख करते हुए पड़ोसी बौद्ध देशों के भिक्खु संगठनों से अपने देश के युवा साहसी औऱ कर्मठ भिक्खुओं को भारत भेजने का आह्वान किया। अनारगिक धम्मपाल की पुकार पर बर्मा के महान भिक्खू ऊ चंदिमा महास्थविर ने तीन श्रामनेर चंदा, सुरिय, औऱ सदाऊ को अध्ययन औऱ बौद्ध धम्म के पुनरोत्थान तथा प्रसार हेतु भारत भेजा। इस तरह सदाऊ भारत आए। श्रामनेर चंदा को जानकारी मिली कुशीनगर में 1876 में तथागत गौतम बुद्ध की निर्वाण की मुद्रा में एक विशाल प्रतिमा खोजी गई थी।

गौतम बुद्ध की महापरिनिर्वाण वाली मुद्रा की प्रतिमा ब्राहमणों के चंगुल से न निकलते देख भिक्खू चन्द्रमणि अकेले ही इंग्लैंड के अधिकारियों से मिलने 1904 में सभी प्रमाणपत्र लेकर इंग्लैंड जा पहुंचे औऱ संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर भगवान बुद्ध की प्राचीन प्रतिमा पर बौद्ध अनुयायियों के एक मात्र अधिकार को प्रमाणित कर उक्त प्रतिमा बौद्धों के अधिकार देने के पक्ष आदेश जारी कराकर वापिस लौटे। आज भी वह प्रतिमा कुशीनगर के विहार में लोगों के दर्शनार्थ सरंक्षित है। चंद्रमणि स्थविर ने जनता में बौद्ध धम्म के साथ शिक्षा के प्रचार व प्रसार में बहुत योगदान दिया उन्होंने कुशीनगर में महापरिनिर्वाण स्तूप, मठाकुवर मंदिर, सीमा बुद्ध मंदिर, श्रावस्ती में वर्मी बुद्ध बिहार, लुम्बिनी में बुद्ध विहार, सारनाथ में वर्मी धर्मशाला अनेक बौद्ध स्थल के साथ, स्कूल व जनसुविधाओं के लिए निर्माण कराए आयुर्वेद चिकित्सा व ज्योतिष के जानकार लोगों को निशुल्क सेवा करते रहे।

इतना बड़ा इतिहास समेटे महास्थविर चंद्रमणि को अपने आपको चमकाने की इच्छा नहीं थी। बरेली में डेलापीर गुरुजी मार्बल वाली गली में एक बहुत बड़ा बुद्ध विहार का निर्माण हुआ है, जिसका नाम आपके ही नाम से चंद्रमणि बुद्ध विहार है। इनके नामकरण में इनसे ही जुड़ी एक कड़ी है बुद्ध विहार के पहले भंते व संस्थापक 1972 में दीपांकर जी थे, जो कि भंते ज्ञानेश्वर जी के सानिध्य में रहे ज्ञानेश्वर ने चंद्रमणि के साथ लोककल्याण व बौद्ध पथ में काम किया था। बरेली के चंद्रमणि बौद्ध विहार बहुत विशाल भगवान गौतम बुद्ध की प्रतिमा स्थापित करने के लिए बिल्डिंग का निर्माण हो रहा है, जो कि भारत मे दूसरे नंबर बनने जा रही है। अभी चंद्रमणि बुद्ध विहार के अध्यक्ष जागन सिंह राकेश औऱ उनके साथी जगनलाल भारती, डॉ.जीपी प्रेमी, ओमप्रकाश बौद्ध, मास्टर हरपाल, नेतराम सागर, दीनदयाल गौतम बुद्ध विहार के निर्माण में जुटे हैं।

# पहाड़ों पर बढ़ रहा दबाव

पर्यटकों के साथ पहुंच रहा तरह-तरह का कचरा नदियों, तालों और पर्यावरण को प्रदूषित कर रहा है, जो निसंदेह चिंता का कारण है।


संजीव मेहरोत्रा
बरेली

ज्यों ज्यों मैदानों में आसमान से आग बरसनी शुरू हुई है और तापमान बढ़ रहा है पर्यटकों की संख्या पर उतनी ही तेजी से बढ़ रही है। समुचित व्यवस्था न होने और स्थान की कमी से दुश्वारियां भी बढ़ रही है, ट्रैफिक समस्या से तमाम व्यवस्थाएं ध्वस्त हो चुकी है। पर्यटकों के साथ पहुंच रहा तरह तरह का कचरा नदियों, तालों और पर्यावरण को प्रदूषित कर रहा है, जो निसंदेह चिंता का कारण है। शायद इस विषय में लोग सोच ही नहीं रहे। ज्यादा पर्यटकों से पहाड़ों के होटल मालिक और व्यापारी तो गदगद है क्योंकि यही सीजन उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूत करने वाला होता है, लेकिन सारी व्यवस्थाएं ध्वस्त होने से स्थानीय लोग परेशानी उठाने को मजबूर दिख रहे हैं। यह कहना गलत न होगा कि शायद पहाड़ इसके लिए तैयार नहीं है। मैदानी इलाकों के मुकाबले पहाड़ों का इको सिस्टम नाजुक होने की वजह से सालाना बढ़ती पर्यटकों की आमद के बहुत दुष्परिणाम वर्तमान में दिखने लगे हैं। यह अनुमान लगाना मुश्किल नहीं है कि निकट भविष्य में यह समस्या विकराल रूप लेने की ओर बढ़ रही है जिसका समाधान समय रहते निकालना बहुत जरूरी है।

वीकेंड पर पहुंचने वाले पर्यटकों से मुख्य सड़कों पर भयकर जाम की स्थिति देखने को मिल रही है। लंबे लंबे जाम से घंटो लाइन में पर्यटक फसे रहते हैं यह सिलसिला जारी है। इससे ध्वनि प्रदूषण और वायु प्रदूषण तेजी से बढ़ रहा है। यह भी एक गंभीर समस्या है जो लगातार बढ़ रही हैं। क्या समस्या का कोई हल समय रहते निकल सकेगा।

# 2030 तक उप्र में तीस फीसद वाहन तब्दील होंगे इलेक्ट्रिक वाहन में

## इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने के लिए कार्यशाला

वरिष्ठ संवाददाता, लखनऊ



'ईवी चार्जिंग वे अहेड' की कार्यशाला में मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष डॉ आशीष कुमार गोयल व अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि वर्ष 2030 तक प्रदेश में तीस प्रतिशत वाहनों को इलेक्ट्रिक वाहन बनाना है, इसलिए 2022 में इलेक्ट्रिक वाहनों के लिये एक पॉलिसी लाई गई है। इसमें ऐसे वाहनों की खरीद पर 20 लाख तक सब्सिडी दी जा रही है। मुख्य सचिव बुधवार को उप्र पावर कारपोरेशन, यूपी रिन्यूवेबिल एंड ईवी इंफ्रास्ट्रक्चर, यूपी नेडा, बीईई व इण्डिया स्मार्ट ग्रिड फोरम के तत्वावधान में होटल हयात में इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने के लिए आयोजित कार्यशाला 'ईवी चार्जिंग वे अहेड' को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि आने वाला समय इलेक्ट्रिक वाहनों का है। 2070 तक भारत सरकार ने देश को सौ प्रतिशत इलेक्ट्रिक वाहनों वाला देश बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है जिसे हमें पूरा करने के लिए कार्य करना है। उन्होंने कहा कि प्रदेश इलेक्ट्रिक वाहनों के निर्माण का केन्द्र बने, इसके लिये सरकार पूरा प्रयास कर रही है। पर्यावरण के लिये जरूरी भी है कि इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा दिया जाय। सरकार इसके लिये सभी तरह के इलेक्ट्रिक वाहनों पर सब्सिडी दे रही है। प्रदूषण कम करने के लिये सरकार प्रतिबद्ध है।

मुख्य सचिव ने कहा कि राजधानी में अशोक लीलैंड इलेक्ट्रिक वाहनों के निर्माण के लिए कारखाना लगा रही है। दो वर्षो में उत्पाद शुरू हो जाने की संभावना है। इसी तरह, टाटा मोटर का भी यहां कारखाना स्थापित है। सरकार का प्रयास है कि प्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहनों के निर्माण व उनकी चार्जिंग के लिए एक सुव्यवस्थित ढांचा व इन्फ्रास्ट्रक्चर का निर्माण हो, ताकि आगामी वर्षो में सरकार के निर्धारित इलेक्ट्रिकल वाहनों के निर्माण व प्रोत्साहन के लक्ष्य को प्रदेश पूरा कर सके।

उप्र पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष डॉ आशीष कुमार गोयल ने कहा कि प्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहनों के विकास के लिये एक महत्वपूर्ण, बेहतर व उपयोगी नेटवर्क की नीति का आधार तैयार करना है। इससे नवगठित कम्पनी यूपी रिन्यूवेबिल एण एंड ईवी इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड प्राप्त सुझावों के आधार पर बेहतर कार्य कर सके।

कार्यशाला को इंडिया स्मार्ट ग्रिड फोरम के अध्यक्ष रिजी कुमार पिल्लई, रीवर फ्रंट एथॉरिटी के अध्यक्ष व अरबन प्लानिंग में सलाहकार केशव वर्मा, उप्र के इन्फ्रास्ट्रक्चर एंड इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कमिश्नर मनोज कुमार सिंह, पावर कारपोरेशन के प्रबंध निदेशक पंकज कुमार ने भी सम्बोधित किया।

### धुएं से कम हो रही इंसान की औसत आठ वर्ष आयु

- कार्यशाला को संबोधित करते हुए जी 20 के शेरपा अभिताभ कान्त ने कहा कि प्रदेश के 10 बड़े शहर लखनऊ, कानपुर, वाराणसी, आगरा, गाजियाबाद, नोएडा, प्रयागराज, अयोध्या, मेरठ व गोरखपुर में ई-वाहनों के लिये सबसे ज्यादा अवसर है। उन्होंने 2030 तक इन शहरों में शत-प्रतिशत इलेक्ट्रिक वाहनों के प्रयोग और साफ व स्वच्छता पर अपना प्रजेंटेशन प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि धुएं के कारण हो रहे प्रदूषण से मानव की स्वास्थ्य समस्या और बीमारी बढ़ रही है। इससे इंसान की लगभग आठ साल की औसत आयु कम हो रही है। कार्यशाला में छह सत्र आयोजित किये गये, जिसमें देश भर के ख्याति प्राप्त इलेक्ट्रिक वाहनों से जुड़ी कम्पनियों के प्रतिनिधियों ने अपने विचार रखे।

## मुसलमानों को लेकर मोदी की नियत पर शक नहीं

**बरेली।** ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयान पर प्रतिक्रिया दी है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री पांचवें चरण के चुनाव से अपनी सभाओं में मुसलमानों की चर्चा करने लगे हैं। प्रधानमंत्री ने बयान दिया है कि वह नहीं चाहते कि मजबूरी में मुसलमान मोदी को पसंद करें, बल्कि मन से उन्हें पसंद किया जाए। इस बयान पर शहाबुद्दीन ने कहा कि प्रधानमंत्री का यह बयान स्वागत योग्य है। उन्होंने एक साल पहले भी हैदराबाद में भाजपा की कार्यकारिणी बैठक में प्रदेश के नेताओं को संबोधित करते हुए पसमांदा मुसलमानों को जोड़ने की बात कही थी। किसी को भी उनकी नियत पर शक करने की जरूरत नहीं है, लेकिन दिक्कत उस वक्त खड़ी होती है जब उनकी पार्टी के दूसरे लोग मुसलमानों के खिलाफ बयानबाजी करते हैं और कोई कार्रवाई भी नहीं होती।

# कर्मचारियों की भर्ती के लिए नियम बनाने को आईआईटी अधिकृत

कार्यालय संवाददाता, प्रयागराज

- हाईकोर्ट ने दिए दिशा-निर्देश नियुक्ति के विरुद्ध दाखिल की गई थी अर्जी

**अमृत विचार।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कार्यकारी अभियंता के पद के लिए आईआईटी, कानपुर द्वारा अपनाई गई भर्ती प्रक्रिया को बरकरार रखते हुए कहा कि नियोक्ता होने के नाते आईआईटी, कानपुर अपने कर्मचारियों की भर्ती के लिए नियम बनाने को अधिकृत है, क्योंकि यह उसकी विशेषज्ञता के दायरे में आता है।

कोर्ट ने कहा कि आईटी अधिनियम, 1961 की धारा 13 आईआईटी, कानपुर के बोर्ड को संस्थान के मामलों में सामान्य अधीक्षण, निर्देशन और नियंत्रण की शक्तियों तथा जिम्मेदारियों के साथ-साथ अन्य सभी शक्तियां सौंपती हैं। बोर्ड को भर्ती के लिए सभी नियमों या विनियमों को तैयार करने, अनुमोदित करने या संस्थान के शैक्षणिक तथा गैर- शैक्षणिक कर्मचारियों के लिए पात्रता मानदंड निर्धारित करने का पूर्ण अधिकार है। इसके अलावा उक्त अधिनियम की धारा 25 बोर्ड को किसी भी संवर्ग में शैक्षणिक तथा गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों की नियुक्ति का अधिकार भी देती है। यह आदेश न्यायमूर्ति महेश चंद्र त्रिपाठी और न्यायमूर्ति अनीश कुमार गुप्ता की खंडपीठ ने राम प्रताप सिंह की विशेष अपील खारिज करते हुए पारित किया।

कोर्ट ने आगे कहा कि वर्तमान मामला देश के प्रमुख संस्थान से संबंधित है, जिस नौकरी के लिए चयन और नियुक्ति की जानी है, उसके लिए उपयुक्तता निर्धारित करना उस क्षेत्र के तकनीकी विशेषज्ञों का क्षेत्र है और आमतौर पर न्यायालय के पास ऐसी विशेषज्ञता और कौशल नहीं होते हैं, जिससे चयन और नियुक्ति के लिए सटीक उपयुक्तता और पात्रता का आकलन किया जा सके। आमतौर पर न्यायालय न्यायिक समीक्षा के माध्यम से यह निर्धारित करने के लिए कोई जांच नहीं कर सकता है कि नियोक्ता के लिए कौन सी योग्यताएं उस पद के लिए आवश्यक योग्यता के रूप में प्रदान करना बेहतर होगा, जिस पर चयन और नियुक्ति की जानी है।

कोर्ट ने माना कि नियोक्ता आईआईटी, कानपुर द्वारा सीधी भर्ती के लिए निर्धारित योग्यताओं की समीक्षा करना उचित नहीं है। मालूम हो कि आईआईटी, कानपुर के भर्ती नियमों को लेकर एकल न्यायाधीश के आदेश को चुनौती देते हुए वर्तमान विशेष अपील दाखिल की गई थी, जिसे कोर्ट द्वारा खारिज कर दिया गया।

## करसूमा गांव में एचटी लाइन की चपेट में आने से तीन बच्चे झुलसे

**फतेहपुर।** राधानगर थाना क्षेत्र के करसूमा गांव में आम के पेड़ से उतरे बिजली के करेंट की चपेट में आने से दो सगे भाइयों सहित तीन मासूम झुलस गए। आनन-फानन में गाजीपुर सीएचसी ले जाया गया, जहां से उन्हें जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। फिलहाल तीनों की हालत ठीक बताई जा रही है। राधानगर थाना क्षेत्र के करसूमा गांव के रहने वाले शैलेंद्र अपने परिवार के साथ खेत के पास बने मकान में रहते हैं। शैलेंद्र के दो बेटे संस्कार (7) और शिवा (5) साल के हैं। बताया जा रहा है कि शैलेंद्र की बहन राम रानी का 11 वर्षीय बेटा नाम रोहित गर्मी की छुट्टियों में आया था। तीनों पास में लगे आम के पेड़ से आम तोड़ने गए थे कि अचानक उसमे करंट उतर आया और तीनों बुरी तरह झुलस गए। घटना से हड़कंप मच गया। आनन-फानन में तीनों को गाजीपुर सीएचसी ले जाया गया, जहां से गंभीर हालत में उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। परिजनों ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया है। परिजनों ने बताया कि कि हाईटेंशन लाइन के तार नीचे हैं जिन्हें आम के पेड़ से बांध दिया गया है। जिससे पेड़ में करंट आ गया और बच्चों के पैर बुरी तरह से झुलस गए। वहीं थाना प्रभारी रमेश पटेल ने जानकारी देते हुए कहा कि घटना की जानकारी हुई है परिजनों की ओर से तहरीर देने पर आगे की कर्रवाई की जाएगी।

# बाल काटने लेट पहुंचा नाई तो सीओ ने भेजा हवालात

संवाददाता, बिसौली- बदायूं

- युवक ने कहा, दुकान पर ग्राहकों की भीड़ के चलते वह सीओ आवास जाने में हो गया था लेट

**अमृत विचार।** देर से बाल काटने पहुंच नाई को सीओ ने हवालात में बंद करा दिया। नाई का आरोप है कि सीओ के बुलाने पर वह देर से पहुंचा इसलिए उसके साथ मारपीट भी की।

बिसौली के कस्बा मालियान निवासी विनोद नगर पालिका कार्यालय के गेट पर दलवीर हेयर ड्रेसर नाम से दुकान चलाता है। विनोद के अनुसार मंगलवार सुबह साढ़े नौ बजे बिसौली सीओ सुनील कुमार के आवास से उसके पास फोन आया। सीओ ने सेविंग और कटिंग कराने के लिए बुलाया था। दुकान पर लोगों की ज्यादा भीड़ होने की वजह से वह उसी समय नहीं जा सका था। करीब 20 मिनट के बाद वह सीओ आवास पर गया। आरोप है कि सीओ ने उसकी फटकार लगाई। कहा कि अगर आसपास भी दिखा तो जेल भेज दूंगा। विनोद अपनी दुकान पर लौट आया।

कुछ देर के बाद चार सिपाही उसकी दुकान पर पहुंचे। विनोद से कहा कि उसके खिलाफ तहरीर आई है। सिपाहियों ने उसकी दुकान पर ताले लगवा दिए। उसे कोतवाली ले जाकर हवालात में बंद कर दिया। जानकारी होने पर उनके परिजन कोतवाली पहुंच गए। मंगलवार रात कस्बा के मोहल्ला गदरपुरा निवासी मनी पुत्र रामौतार की तहरीर पर विनोद के खिलाफ धमकाने, गाली-गलौज और एससीएसटी एक्ट के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज की गई। बुधवार सुबह पुलिस ने विनोद को छोड़ दिया।

> आरोप निराधार है। एक व्यक्ति बाल कटवाने के लिए दुकान पर पर गया था जहां बाल काटने वाले व्यक्ति ने उससे गाली-गलौज की थी। पीड़ित ने तहरीर दी जिसके आधार पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। आरोपी पर जिन मामलों में रिपोर्ट दर्ज हुई उसमें सात साल से कम की सजा है। जिसके चलते उसे थाने से छोड़ा गया है।
>
> – सुनील कुमार, सीओ

# रेलवे कर्मचारियों को जीआरपी जवानों ने दौड़ा-दौड़ाकर पीटा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- अपने लिए खाना बनवाना चाहते थे दोनों सिपाही, वीडियो बनाने पर ओर भड़के,
- जीआरपी थाने में एक दूसरे के खिलाफ दोनों पक्षों की ओर से दी गई तहरीर



वायरल वीडियो से लिए गए स्क्रीन शॉट।

**अमृत विचार।** कैंपिंग कोच में खाना बना रहे रेलवे के इंजीनियरिंग विभाग के कर्मचारियों से बिना वर्दी नशे की हालत में पहुंचे दो जीआरपी जवानों ने मारपीट की। दोनों जीआरपी जवान अपने लिए भी खाना बनाने का दबाव बना रहे थे। जब कर्मचारियों ने इन्कार किया तो लाठी डंडे से पिटाई शुरू कर दी।

पुलिस को हुई सूचना पर सीओ सिटी रेलवे स्टेशन पहुंचे, जिसके बाद कर्मचारियों ने जीआरपी जवानों की गुंडई को बयां कर सख्त कार्रवाई की मांग की। दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। घटना मंगलवार रात की है। जीआरपी के दो सिपाही रेलवे स्टेशन पर सादा कपड़ों में प्लेटफार्म नंबर एक पर खड़े कैंपिंग कोच के पास जा पहुंचे। कैंपिंग कोच में इंजीनियरिंग विभाग के कर्मचारी अपने लिए खाना बना रहे थे। इस दौरान आरोप है कि नशे की हालत में दोनों जीआरपी जवानों ने अपने लिए भी खाना बनाने की फरमाइश कर रख दी। चर्चा है कि वह अंडा करी बनवाना चाहते थे। टीम ने जब जीआरपी जवानों के लिए खाना बनाने से इन्कार कर दिया तो वह गुस्सा गए और मारपीट पर उतारू हो गए। दोनों सिपाहियों ने रेलवे कर्मचारियों से मारपीट शुरू कर दी। जिसके बाद परिसर में अफरा-तफरी मच गई। सिपाही यही नहीं रूके, लाठी डंडे लेकर आए और कर्मचारियों पर बरसाना शुरू कर दिए। रेलवे कर्मचारी भागकर अपनी जान बचाने में जुटे रहे। इसकी सूचना मिलने पर सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी पुलिस बल के साथ रेलवे स्टेशन पर पहुंचे और मामले की जानकारी की। सीओ के सामने ही दोनों पक्ष एक दूसरे पर हमला करने का आरोप लगाते रहे। फिर दोनों पक्षों ने जीआरपी थाने में एक दूसरे के खिलाफ तहरीर दी।

> खाना बनाने की बात कहने पर दो जीआरपी सिपाहियों और इंजीनियरिंग विभाग के कुछ कर्मचारियों में विवाद हो गया था। मारपीट के दौरान दोनों पक्ष के मामूली चोट आई है। एक दूसरे के खिलाफ तहरीर दी गई है, जिस की जांच करा रहे हैं।
>
> – राजबहादुर, जीआरपी एसओ

# पत्नी के घर छोड़कर जाने पर युवक टावर पर चढ़ा

संवाददाता, काशीपुर

- पत्नी के लौट आने के बाद पुलिस ने युवक को नीचे उतारा
- युवक के खिलाफ पुलिस एक्ट में किया चालान



टावर पर चढ़ा रवि। अमृत विचार

**अमृत विचार।** पत्नी के घर छोड़कर जाने से नाराज वैशाली कॉलोनी निवासी एक युवक हाईटेंशन लाइन के टावर पर चढ़ गया। युवक को टावर पर खड़ा देख आसपास मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को किसी तरह नीचे उतारकर हिरासत में लिया। पुलिस ने युवक के खिलाफ 81 पुलिस एक्ट में चालान करने की कार्रवाई की है।

बुधवार को आईटीआई थाना क्षेत्र की वैशाली कालोनी निवासी रवि सिंह के घर उसकी सास आई हुई थी। रवि का किसी बात को लेकर अपनी सास के साथ विवाद हो गया। इस पर उसकी पत्नी घर छोड़कर चली गई। पत्नी के घर छोड़कर जाने से नाराज रवि हाईटेंशन विद्युत लाइन के टावर पर चढ़ गया। यह देख लोगों में अफरा-तफरी मच गई। मौके पर मौजूद एक व्यक्ति ने 112 नंबर डायल कर पुलिस को सूचना दी। सूचना पर आईटीआई थाने के एसआई प्रकाश सिंह बिष्ट, एएसआई पुष्कर बिष्ट, कांस्टेबल जितेंद्र सिंह नेगी व प्रभाष सिंह मौके पर पहुंचे।

पुलिस ने रवि को समझाकर उसे नीचे उतरने के लिए कहा, लेकिन वह अपनी पत्नी को बुलाने की जिद पर अड़ा रहा। इस दौरान वह अपनी भड़ास भी निकालता रहा। पुलिस ने जैसे-तैसे उसकी पत्नी को खोज कर मौके पर बुलाया। पत्नी के आग्रह पर युवक टावर से नीचे उतरा।

## चोरी के आरोप में दो किशोरों को दी गई तालिबानी सजा

**बिलग्राम, हरदोई।** बिलग्राम थाना क्षेत्र के बसहर निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर दी है। जिसमें रमेश के नाबालिग पुत्र को गांव के धर्मवीर, रामचेला, संजय व चार अज्ञात लोगों ने गुटखा चोरी का आरोप लगाकर सिर में चौराहा बनाया। फिर जूते की माला पहनाकर तालिबानी सजा दी है। इसके बाद दबंगों ने उसके पुत्र को जमकर पीटते हुए गांव में घुमाया। इस घटना का दबंगों ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया है। जिसमें कुछ लोग जूते और चप्पल की माला बना रहे है, जबकि तीन लोग माला पहनाते हुए बच्चों की पिटाई कर रहे है। पीड़ित रमेश ने बताया कि वह दिल्ली में रहता है और उसके पत्नी व बच्चे गांव में रहते है। जब वह गांव आया तो उसने पता चलने पर दबंगों से पूछा कि तुमने ऐसा क्यों किया। इस पर दबंगों ने गाली गलौज करते हुए पीड़ित का भी उसी तरह चौराहा बनाकर जूते की माला पहनाने की धमकी दी है।

## ओशो आश्रम घूमने आये पर्यटक की मौत

**हल्द्वानी।** पुलिस के अनुसार मध्यप्रदेश निवासी विनोद चार दिन पहले भीमताल स्थित ओशो आश्रम घूमने आए थे। मंगलवार को वह टैक्सी से वापस हल्द्वानी आ रहे थे। इस दौरान उन्हें दिल का दौरा पड़ गया। चालक उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचा। यहां उनकी मौत हो गई। उधर, पुलिस ने बुजुर्ग के फोन से मोबाइल नंबर निकाला और परिजनों को सूचना दी।

## अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी से परेशान युवक ने दी जान

**सीबीगंज।** थाना क्षेत्र के गांव बोहित निवासी सौरभ गंगवार (22) की शादी एक महीने पहले हुई थी।

सौरभ के मोबाइल फोन पर कुछ दिन पहले एक वीडियो कॉल आई। वीडियो कॉल करने वाली युवती थी। युवती ने उसे अपने झांसे में सौरभ के साथ अश्लील वीडियो बना ली। इसके बाद युवती ने सौरभ के मोबाइल पर अश्लील वीडियो भेज कर पैसे मांगने शुरू कर दिए। आरोप है कि पैसे न देने पर अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी दी। युवती के ब्लैकमेल करने से परेशान होकर सौरभ ने मंगलवार दोपहर जहरीला पदार्थ खा लिया। बुधवार को इलाज के दौरान सौरभ की मौत हो गई। ग्रामीणों के मुताबिक युवक से लगातार 10 लाख रुपये मांगे जा रहे थे।

# महाराष्ट्र में बरेली का गो तस्कर धरा गया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- आईजी ने आरोपी पर घोषित किया था 50 हजार का इनाम

**अमृत विचार।** बरेली के कुख्यात गोतस्कर और 50 हजार रुपये के इनामी समीर को लखनऊ एसटीएफ ने महाराष्ट्र के ठाणे से गिरफ्तार किया है।

सेंथल निवासी समीर के खिलाफ हाफिजगंज पुलिस ने वर्ष 2023 में गोतस्करी के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की थी। इस मामले में सभी आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था लेकिन समीर फरार हो गया था। उस पर तत्कालीन एसएसपी ने 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। इसके बाद आईजी डॉ. राकेश सिंह ने इनाम बढ़ाकर 50 हजार रुपये कर दिया था। एसटीएफ को जानकारी मिली कि आरोपी महाराष्ट्र के ठाणे जिले के मुंब्रा थाना क्षेत्र के एक अपार्टमेंट में ठहरा हुआ है। टीम ने अपार्टमेंट में दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर लिया। एसटीएफ आरोपी को वहां की कोर्ट में पेश कर पांच दिन के ट्रांजिट रिमांड पर लेकर लखनऊ मुख्यालय पहुंची है।

आरोपी समीर ने पूछताछ में बताया कि उसका एक गिरोह है। जो पिछले आठ साल से गोवंशीय पशुओं की तस्करी करता है। गिरोह के सदस्यों के साथ मिलकर छुट्टा पशुओं की चोरी करते हैं।

# नौकरी का मैसेज भेज कर लगाई लाखों की चपत

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- झांसे में आकर पीड़ित ने गंवाए सात लाख रुपये
- मुकदमा दर्ज कर जांच में जुटी साइबर पुलिस

**अमृत विचार।** नौकरी का मैसेज भेज कर महिला जालसाज ने एक युवक को झांसे में लिया और लाखों रुपये की चपत लगा दी। साइबर क्राइम पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ऊंचापुल मुखानी निवासी बृजराज रौतेला पुत्र स्व. शमशेर सिंह रौतेला ने पुलिस को बताया कि बीती 16 मई को उनके व्हाट्सएप पर आर्या माहेश्वरी नाम से नौकरी के लिए मैसेज आया। आर्या ने एक लिंक भेजा और रिव्यू करने को कहा। ऐसा करने पर बृजराज के खाते में 210 रुपये भेजे गए। इसके बाद एक लिंक भेजा गया। खोला तो टेलीग्राम पर कविता शर्मा नाम की महिला से बात हुई। जिसने क्रिप्टो में पैसा लगाने को कहा और एक यूपीआई नंबर भेजा। इस पर एक हजार रुपये डालने को कहा और ओकेएक्स पर एक अकाउंट बना दिया गया। फिर नवीन चड्डा नाम के व्यक्ति ने क्रिप्टो में इंवेस्ट करने का तरीका सिखाया। इस बीच कविता ने एक हजार रुपये के बदले खाते में 1500 रुपये डाल दिए। फिर तीन हजार इंवेस्ट किया तो 4300 रूपये खाते में आ गए। 16 मई से 19 मई के बीच बृजराज ने 7,00,775 रुपये इंवेस्ट कर दिए। बृजराज ने जब इस रकम को खाते में डालने को कहा तो उससे 30 हजार रुपये सर्विस फीस मांगी गई। जिसके बाद बृजराज को जालसाजी का एहसास हुआ।

### ठगी के शिकार लोगों की वापस कराई धनराशि

**टनकपुर।** चम्पावत जिले के विभिन्न क्षेत्रों से साइबर ठग द्वारा आठ लोगों के खातों से एक लाख तिरासी हजार दौ सौ रुपये की ठगी की गई। इसकी सूचना आवेदकों ने साइबर सेल को दी। इस पर साइबर सैल ने आवेदकों से लेन-देन का पूर्ण विवरण प्राप्त कर सम्बन्धित यूपीआई तथा बैक नोडल से सम्पर्क कर आवेदकों के खाते से निकाली गयी धनराशि एक लाख तिरासी हजार दौ सौ रुपये को विधिक कार्यवाही कर आवेदक के खातों में वापस करा दिया। इधर एसपी अजय गणपति ने लोगों से कहा है कि साइबर क्राइम से बचने के लिएकिसी भी पोस्ट पर एकदम विश्वास न करें। साइबर सुरक्षा के लिए जागरूकता जरूरी है। यदि कोई व्यक्ति ठगी का शिकार होता है तो तत्काल नजदीकी थाना, साइबर सेल के टोल फ्री नम्बर-1930, साइबर सेल चम्पावत 8476055260 पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। पुलिस टीम में प्रभारी साइबर सेल टनकपुर पिंकी धामी, हेड कांस्टेबल बिहारी लाल, रीनू खत्री, आशा आदि शामिल रहे।

# शव उठाने के मांगे रुपये तो फार्मासिस्ट ने युवक को पीटा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- युवक का आरोप, शव उठाने के लिए चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी ने लिए थे पांच सौ रुपये

**अमृत विचार।** बुधवार को पोस्टमार्टम हाउस पर तैनात एक फार्मासिस्ट और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी ने लावारिस शवों को उठाने वाले युवक को बेरहमी से पीटा।

कोतवाली सिविल लाइन क्षेत्र के मालगोदाम रोड निवासी विक्की उर्फ सुमित कुछ वर्षों से पोस्टमार्टम हाउस पर आने वाले लावारिस शवों को ढोने और अंतिम संस्कार करने का काम करता है। । साफ-सफाई भी करता है। बुधवार को भी पोस्टमार्टम हाउस पर बैठा था। आरोप है कि उसने एक क्षत विक्षत शव मोर्चरी में रखवाने में मदद की। विक्की का आरोप है कि चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी ने शव के साथ आए लोगों से पांच सौ रुपये लिए। विक्की ने भी सौ रुपये मांगे। जिसके चलते गाली-गलौज शुरू हो गई। जिसका विरोध करने पर फार्मासिस्ट संजी और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सत्यवीर ने विक्की को लात-घूसे और लाठी-डंडों से बुरी तरह से पीटा। उसके चीखने पर पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद पुलिसकर्मी पहुंचे और बचाव कराया। पीड़ित ने कोतवाली जाकर पुलिस से शिकायत की। सिविल लाइन कोतवाल गौरव विश्नोई ने सीएमओ डॉ. अब्दुल सलाम और पुलिस के अधिकारियों को सूचना दी। अधिकारियों ने मौके पर जाकर पूछताछ की तो आरोप सही निकले।

राहत | जिले के किसान आय बढ़ाने के लिए पहली बार 400 हेक्टेयर में करेंगे धान की खेती

# मधुमेह रोगी खा सकेंगे तेलंगाना का सोना चावल

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

- कृषि विभाग को मिला 100 क्विंटल बीज, बिक्री पर 50 फीसद देगा अनुदान

**अमृत विचार।** खरीफ में जिले के किसान 400 हेक्टेयर में तेलंगाना सोना (आरएनआर-15048) प्रजाति के धान की पैदावार करके आय बढ़ायेंगे।

यह धान तेलंगाना के हैदराबाद की प्रजाति है और यहां पहली बार कृषि विभाग खेती कराएगा। यह महीन चावल है। इसमें ग्लाइसेमिक इंडेक्स (जीआई) 51.50 फीसद होता है। यह चावल मधुमेह (डाइबिटीज) रोगी खा सकते हैं। इसके अलावा जिन बीमारियों में चावल का परहेज किया जाता है उनमें भी नुकसानदायक नहीं है। जबकि सामान्य चावल में ग्लाइसेमिक इंडेक्स 65 फीसद तक होता है। इसलिए इस चावल की मांग देश-विदेश में खूब है और दाम भी सामान्य से अधिक मिलते हैं। इसके बीज में प्रति हेक्टेयर 27 क्विंटल तक उपज होती है।

**दो वर्ष में यह हुआ उत्पादन**

| वर्ष | क्षेत्रफल (हे.) | पैदावार प्रति हे. |
|---|---|---|
| 2022-23 | 51801 | 26.24 क्विंटल |
| 2023-24 | 54540 | 26.7 क्विंटल |

### 53,967 हेक्टेयर में होगी धान की पैदावार

- जिले में इस खरीफ में कुल 53,967 हेक्टेयर में धान की पैदावार का लक्ष्य विभाग ने रखा है। इसमें तेलंगाना सोना के अलावा 2,500 हेक्टेयर में सुगंधित/बासमती धान, 16,500 हेक्टेयर में शंकर धान व 34,967 हेक्टेयर में अन्य मोटा व महीन धान की प्रजाति की जाएंगी। बीज राजकीय बीज गोदामों पर उपलब्ध हैं। जो ई-पॉस मशीन से बिक्री की जाएगी।

**सरकारी बीजों के यह दाम**

| | | |
|---|---|---|
| मोटा धान | प्रमाणित 4193 रुपये | आधारीय 4330 रुपये |
| महीन धान | प्रमाणित 4223 रुपये | आधारीय 4360 रुपये |
| बासमती/सुगंधित | प्रमाणित 6534 | आधारीय 6780 रुपये |

नोट :(रुपये प्रति क्विंटल में)

> जिले में धान का क्षेत्रफल और किसानों की आय बढ़ाने के लिए उनकी मांग पर पहली बार तेलंगाना सोना धान की पैदावार कराएंगे। इसका चावल डाइबिटीज व अन्य रोगी खा सकते हैं। जो सेहत के लिए नुकसानदायक नहीं है।
>
> – हर्षित त्रिपाठी, अपर जिला कृषि अधिकारी, लखनऊ

# बेजोड़ बनारस में
# मोदी महिमा गान



**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जो अब खुद को बनारसी कहते हैं, लगातार नई काशी बनाने के अभियान में जुटे हैं। इसी का नतीजा है कि विश्वनाथ धाम कॉरीडोर बनने के बाद 13 करोड़ पर्यटकों के आने से यहां आय और रोजगार के साधन तेजी से बढ़े हैं।**

मनोज त्रिपाठी

**अमृत विचार।** वाराणसी मोदी मय है। गंगा किनारे घाट हों या गलियां चाहे बाजार कहीं भी किसी से पूछ लीजिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तीसरी जीत पर किसी को कोई संशय नहीं है, बल्कि इस तरह का सवाल करने पर लोग आपको घूरते या अचरज से देखते नजर आएंगे। चर्चा में अगर कुछ है, तो वह यह कि इस बार जीत का अंतर कितना बड़ा होगा, 400 पार होगा या नहीं। गोदौलिया चौक में एक चाय के अड्डे पर सुबह अखबार के पन्नों में झांकते हुए मोदी के विरोधी भी उनकी जीत पर बहस करते और शर्त लगाते मिलते हैं। इसी तरह अंधरापुल चौराहा जिसका नामकरण अब सीता राम द्वार किया जा चुका है, पर भीड़भाड़ के बीच सड़क किनारे एक होटल में छिड़ी चुनावी चर्चा में ज्यादातर लोग मानते हैं कि मोदी के आने के बाद बीते दस साल में शहर की सूरत काफी बदल गई है, बड़े शहरों जैसी भव्यता, सुविधा और चमक-दमक आ गई है। मोदी ने जो किया है, वह और कोई नहीं कर सकता है। हालांकि कुछ लोग इस बात से थोड़ा खिन्न नजर आते हैं कि सब कुछ पर्यटकों की खातिर हो रहा है। इससे बनारस का अपना मिजाज और रिवाज बदल रहा है। काशी वाली संस्कृति की पहचान कम होती जा रही है। विरासत भले सहेजी जा रही हो, लेकिन अध्यात्म और मुक्ति वाली पुरानी बात पीछे छूट रही है। लेकिन बात जैसे ही जीत-हार पर आती है तो सबकी राय एक ही नजर आती है कि अब दस लाख से जीतेंगे कि नहीं यह तो नहीं पता पर इतना तय है कि मोदी पिछली बार से ज्यादा वोटों से जीतेंगे।

भाजपा नेता और संगठन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस बार वाराणसी से चुनावी इतिहास की सबसे बड़ी जीत दिलाने के लिए दिन-रात एक किए है। प्रचार में जुटे लोग पूछने पर कहते हैं कि 10 लाख से ज्यादा वोटों से जिताने के लिए मेहनत कर रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगे बढ़कर चुनावी अभियान संभाल रखा है। वह लगातार दौरे, जनसभाएं और रैली कर रहे हैं। आधा दर्जन से ज्यादा केंद्रीय मंत्री, कई राज्यों के मुख्यमंत्री, सांसदों, विधायकों की फौज के साथ संगठन के बड़े पदाधिकारियों की टीम वाराणसी में डेरा डाले हैं। छोटी-छोटी की गलियों में बड़े-बड़े नेता प्रधानमंत्री को वोट देने के लिए लोगों के हाथ जोड़ रहे हैं। अलग-अलग वर्गों को साधने के लिए अलग-अलग नेता लगाए गए हैं। कहा जा रहा है कि अंतिम तीन दिन प्रधानमंत्री भी वाराणसी में मौजूद रहेंगे।



- भाजपा अपने सबसे बड़े नेता और प्रधानमंत्री को इस बार 10 लाख वोटों से जीत दिलाने के मिशन में जुटी
- अधिकतर लोगों का मानना है कि मोदी ने जो किया, वह कोई नहीं कर सकता, बदल गई शहर की तस्वीर

## 2019 का परिणाम

| दल | उम्मीदवार | वोट | चुनाव चिन्ह |
|---|---|---|---|
| भाजपा | नरेंद्र मोदी | 6,74,664 | |
| सपा | शालिनी यादव | 1,95,159 | |
| कांग्रेस | अजय राय | 1,52,548 | |

## 2014 का जनादेश

| दल | उम्मीदवार | वोट | % |
|---|---|---|---|
| भाजपा | नरेंद्र मोदी | 5,81,022 | 56 .37 |
| आप | अरविंद केजरीवाल | 2,09,238 | 20 .30 |
| कांग्रेस | अजय राय | 75,614 | 7 .34 |
| बसपा | विजय जयसवाल | 60,579 | 5 .88 |
| सपा | कैलाश चौरसिया | 45,291 | 4 .39 |

### गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने के लिए मांग रहे समर्थन

- वाराणसी में के. शिव कुमार अपनी युग तुलसी पार्टी से मैदान में हैं। वह आंध्र प्रदेश में तिरुमाला वेंकटेश्वर मंदिर सहित अन्य मंदिरों के प्रबंधन के लिए बने तिरुपति देवस्थानम ट्रस्ट के पूर्व बोर्ड सदस्य हैं। शिव कुमार ने जीवन भर गाय संरक्षण पर काम किया है। वह हैदराबाद में तीन गौशालाओं के मालिक हैं। शिव कुमार का वाराणसी में चुनाव अभियान के दौरान मुख्य मुद्दा यह है कि केंद्र सरकार गाय को भारत का राष्ट्रीय पशु घोषित करे। उनका कहना है कि भाजपा सनातन धर्म के बारे में तो बात करती है, लेकिन वे इस संबंध में कुछ भी लागू नहीं कर रहे हैं।


### बसपा प्रत्याशी लड़ चुके दो लोकसभा और दो विस चुनाव

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने उतरे बसपा प्रत्याशी अतहर जमाल लारी 1984 में जनता पार्टी के टिकट पर वाराणसी लोकसभा सीट से चुनाव लड़े थे। 1991 में उन्होंने जनता दल से वाराणसी कैंट विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ा था, लेकिन भाजपा की ज्योत्सना श्रीवास्तव से 5,000 वोटों से हार गए थे। 1995 में सोनेलाल पटेल के नेतृत्व वाले अपना दल में शामिल हो गए थे। 2004 में अपना दल से वाराणसी से लोकसभा चुनाव लड़कर तीसरे स्थान पर रहे थे। 2012 में लारी ने मुख्तार अंसारी के नेतृत्व वाले कौमी एकता दल से वाराणसी दक्षिण विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ा था।


## मोदी की जीत की हैट्रिक अजय की हार का चौका!


- 2019 के लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने करीब पांच लाख वोटों से जीत दर्ज की थी। इस बार वह जीत की हैट्रिक लगाने के साथ बड़े वोटों के अंतर से जीत का रिकार्ड बनाने की तरफ देख रहे हैं। वहीं उनका मुकाबला करने के लिए चुनावी मैदान में उतरे इंडिया गठबंधन से कांग्रेस प्रत्याशी और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की हार का हैट्रिक का रिकार्ड पिछले चुनाव में ही बन चुका है, यदि वह इस बार भी चुनाव हारते हैं, तो उनके नाम पर हार का चौका दर्ज हो जाएगा। अजय राय की पिछली तीनों हार में एक और खास बात रही है कि वह तीनों मर्तबा तीसरे नंबर पर ही रहे हैं, यानी थर्ड डिवीजन हार की हैट्रिक। लेकिन उनके लिए इस बार हालात पिछले चुनावों से थोड़े बेहतर नजर आ रहे हैं। हालांकि मुकाबले में बसपा से अतहर लारी भी हैं, लेकिन मोदी के साथ सीधी लड़ाई अजय राय की ही है। 2019 के चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में अजय राय को 1,52,548 वोट मिले थे। सपा-बसपा गठबंधन से चुनाव लड़ीं शालिनी यादव 1,95,159 वोट हासिल करके दूसरे नंबर पर रही थीं। इससे पहले 2014 के चुनाव में तीसरे स्थान पर रहने के साथ अजय राय की जमानत भी जब्त हो गई थी। इस चुनाव में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मोदी को चुनौती दी थी। दूसरे नंबर पर रहे केजरीवाल को 2,09,238 वोट मिले थे और अजय राय सिर्फ 75,614 वोट ही पा सके थे। 2009 का लोकसभा चुनाव अजय राय सपा के टिकट पर लड़े थे और तीसरे स्थान पर रहते हुए 1,23,874 वोट पाए थे। भाजपा से डॉ. मुरली मनोहर जोशी चुनाव जीते थे। बसपा से मैदान में उतरे माफिया मुख्तार अंसारी दूसरे नंबर पर रहे थे। अजय राय चार बार विधायक रह चुके हैं। वह तीन बार भाजपा और एक बार निर्दलीय चुनाव लड़कर जीते थे। 2009 में भाजपा से लोकसभा का टिकट नहीं मिलने पर सपा से लोकसभा का चुनाव लड़े थे। साल 2012 में वह कांग्रेस में शामिल हो गए थे। इसके बाद 2012 से 2017 तक वाराणसी की पिंडरा विधानसभा सीट से कांग्रेस के विधायक रहे थे।

### वाराणसी में पिछले चुनाव का वोट शेयर




### मोदी के विरुद्ध ये तीन प्रमुख प्रत्याशी मैदान में


अजय राय।


अतहर जमाल लारी।


के. शिव कुमार।

### इस बार सिर्फ छह प्रत्याशी लड़ रहे चुनाव

- साल 2014 के चुनाव में वाराणसी लोकसभा सीट पर 41 प्रत्याशी मैदान में थे। पिछली बार 2019 में कुल 26 प्रत्याशी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चुनौती दे रहे थे, लेकिन इस बार यह आंकड़ा सिमटकर छह पर आ गया है।

### नेहरू और इंदिरा के रिकार्ड की कर लेंगे बराबरी

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस बार वाराणसी से जीत हासिल करते ही पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू और इंदिरा गांधी की तरह प्रदेश के एक निर्वाचन क्षेत्र से तीन चुनाव जीतने के रिकार्ड की बराबरी कर लेंगे। बतौर प्रधानमंत्री पं. नेहरू ने फूलपुर लोकसभा सीट से लगातार तीन चुनाव जीते थे, जबकि इंदिरा ने भी रायबरेली से यही रिकार्ड बनाया था। हालांकि वह रायबरेली से जीत की हैट्रिक नहीं लगा सकी थीं।

# दो महिला सांसदों का ममता के गढ़ में संघर्ष

- भाजपा ने कोलकाता दक्षिण लोकसभा सीट पर रायगंज की सांसद देबश्री चौधरी के लिए झोंक रखी है ताकत
- इस लोकसभा क्षेत्र से 1952 में पहले सांसद चुने गए थे भारतीय जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी

**अमृत विचार।** पश्चिम बंगाल में सातवें और अंतिम चरण में दम दम, बारासात, बशीरहाट, जयनगर, मथुरापुर, डायमंड हार्बर, जादवपुर, कोलकाता दक्षिण और उत्तर सीटों पर मतदान होना है। इनमें भाजपा ने जिन सीटों को जीतने के लिए तगड़ी व्यूह रचना की है, उनमें कोलकाता दक्षिण लोकसभा क्षेत्र प्रमुख है।

इस सीट को पहले कलकत्ता दक्षिण पूर्व नाम से जाना जाता था। वर्ष 1952 में इस सीट से जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी पहले सांसद बने थे। पिछले कुछ समय से कोलकाता दक्षिण सीट पर टीएमसी का दबदबा है। लेकिन इस बार भाजपा यहां कमल खिलाने को बेताब है। टीएमसी की सांसद माला राय के मुकाबले भाजपा ने रायगंज से सांसद देबश्री चौधरी को मैदान में उतारा है, जो कड़ी टक्कर दे रही हैं। सीपीआई (एम) से सायरा शाह हैं, जो अभिनेता नसीरुद्दीन शाह की भतीजी हैं। कोलकाता दक्षिण को मुख्यमंत्री और टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी का गढ़ कहा जाता है। वह छह बार यहां से सांसद चुनी गई थीं। इसकी शुरुआत उन्होंने 1991 में सीपीआई (एम) नेता बिप्लब दास गुप्ता को हराकर की थी। इसके बाद 1996, 1998, 1999, 2004 और 2009 में वह सांसद चुनी गईं। लेकिन 2011 में सांसद पद से इस्तीफा देकर मुख्यमंत्री बन गई थीं, क्योंकि उनकी पार्टी तृणमूल कांग्रेस ने राज्य में जीत हासिल कर ली थी।

### दम दम से भाजपा ने ढाई दशक पहले खोला था खाता

दम दम लोकसभा क्षेत्र में इस बार टीएमसी के दिग्गज नेता सांसद सौगत रॉय का मुकाबला भाजपा के सीलभद्र दत्ता और सीपीआई (एम) के सुजन चक्रवर्ती से है। बंगाल में दम दम सीट पर ही सबसे पहले भाजपा ने वर्ष 1998 में खाता खोला था। तपन सिकंदर बंगाल के पहले भाजपाई सांसद बने थे। वह 1999 में दोबारा चुने गए थे। इसके बाद से भाजपा यहां जीत को तरस रही है। 2019 में दम दम में टीएमसी सांसद सौगत राय ने भाजपा के समिक भट्टाचार्य को हराया था। 2014 के चुनाव में सौगत राय ने सीपीआई (एम) के असीम दास गुप्ता को पराजित किया था। भाजपा के तपन सिंकदर तीसरे स्थान पर पिछड़ गए थे। 2009 का चुनाव भी सौगत राय ने ही जीता था। राज्य की बारासात सीट पर डॉ. काकोली घोष दस्तीदार का मुकाबला भाजपा के स्वपन मजूमदार और सीपीआई(एम) के संजीब चटर्जी से है। बशीरहाट में हाजी नुरुल इस्लाम का भाजपा की रेखा पात्रा और सीपीआई (एम) के निरापद सरदार में मुकाबला है। मथुरापुर में बापी हलदर, भाजपा के अशोक पुरकैत और शरत चंद्र हलदर में लड़ाई है। डायमंड हार्बर में टीएमसी नेता अभिषेक बनर्जी का मुकाबला भाजपा के अभिजीत दास से हो रहा है। जादवपुर में टीएमसी की सयोनी घोष का मुकाबला भाजपा के डॉ. अनिर्बान गांगुली से है।

# बलिया में बगावत से गड़बड़ाए समीकरण

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के नाम से पहचान रखने वाली बलिया लोकसभा सीट पर इस बार उनके बेटे नीरज शेखर भाजपा से चुनावी मैदान में उतरने के बाद सपा के जातीय समीकरण में फंस गए थे। साल 2019 के चुनाव में सिर्फ 15,000 वोटों से पिछड़ने वाले सपा प्रत्याशी सनातन पांडेय उनके सामने कड़ी चुनौती पेश कर रहे थे। पिछले दो चुनाव से भाजपा यहां जीत रही थी, लेकिन इस बार कांटे की टक्कर मानी जा रही थी। ऐसे में राजनीति के चाणक्य माने जाने वाले गृहमंत्री अमित शाह ने बुधवार को बलिया पहुंचकर एक झटके में समीकरण बदल दिए। उन्होंने सपा नेता और पूर्व मंत्री नारद राय तथा पूर्व विधायक राम इकबाल सिंह को भाजपा में शामिल कराकर माहौल भाजपा की तरफ मोड़ दिया।

बलिया में चुनाव ब्राह्मण बनाम राजपूत के बीच सिमटता नजर आ रहा था। ऐसे में सपा की पिछड़ा वर्ग में पैठ ने भाजपा की मुश्किलें बढ़ा रखी थीं। बलिया से भाजपा प्रत्याशी नीरज शेखर के समर्थन में सभा करने पहुंचे अमित शाह ने मंच पर नारद राय को खास तवज्जो दी। नारद राय भूमिहार समाज के बड़े नेता माने जाते हैं और भूमिहार समाज की पूर्वांचल की बलिया, गाजीपुर, मऊ, देवरिया, मिर्जापुर, चंदौली, भदोही, महाराजगंज, गोरखपुर जैसे जिलों में ठीक-ठाक पैठ है। माना जा रहा है कि अमित शाह ने नारद राय को भाजपा में लाकर बलिया के साथ ही चार और सीटों पर सपा के समीकरण गड़बड़ा दिए हैं। नारद राय की सपा से नाराजगी का कारण सोमवार को बलिया में सनातन पांडे के समर्थन में अखिलेश यादव की रैली से शुरू हुई थी। जब अखिलेश ने मंच से नारद राय का नाम नहीं लिया था। इसी से खफा होकर नारद राय ने बागी तेवर अपनाए और भाजपा का दामन थाम लिया।




जनता ही राजा

हिमाचल प्रदेश की हॉट सीट मंडी में कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह के समर्थन में सभा करने पहुंची प्रियंका गांधी वाड्रा भीड़ देखकर खुशी से उछलती नजर आईं।

## दो बार की सांसद किरन खेर की जगह भाजपा ने इस बार उतारा है संजय टंडन को चुनावी मैदान में, मुकाबला कांटे का दिख रहा

# चंडीगढ़ में दांव पर लगी है कांग्रेस नेता मनीष तिवारी की साख

**कांटे का मुकाबला**

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** चंडीगढ़ लोकसभा सीट पर बीते 10 साल से भारतीय जनता पार्टी का कब्जा है। फिल्म अभिनेता अनुपम खेर की पत्नी किरन खेर यहां से लगातार 2014 और 2019 के चुनाव जीती थीं। इससे पहले 2009 के चुनाव में कांग्रेस को जीत मिली थी। पवन कुमार बंसल सांसद चुने गए थे। लेकिन 2014 की मोदी लहर में वह भाजपा प्रत्याशी किरन खेर से चुनाव हार गए थे। इस बार यहां भाजपा ने किरन खेर के स्थान पर संजय टंडन को चुनावी मैदान में उतारा है, जिनका मुकाबला कांग्रेस नेता मनीष तिवारी से हो रहा है।


संजय टंडन।


मनीष तिवारी।

पंजाब और हरियाणा की राजधानी चंडीगढ़ में पले-बढ़े 58 वर्षीय पूर्व केंद्रीय मंत्री मनीष तिवारी कांग्रेस का जाना पहचाना चेहरा हैं। उन्होंने पिछली लोकसभा में आनंदपुर साहिब का प्रतिनिधित्व किया था। इससे पहले वह 2009 से 2014 तक लुधियाना से सांसद रहे थे। मनीष तिवारी पिछले दो चुनावों से अपने गृहनगर चंडीगढ़ से चुनाव लड़ने के इच्छुक थे। उधर, भाजपा नेता बलरामजी दास टंडन के पुत्र संजय टंडन चंडीगढ़ लोकसभा सीट से भाजपा के उम्मीदवार के रूप में अपनी चुनावी राजनीति शुरू कर रहे हैं। वह 1990 के दशक से भाजपा के साथ जुड़े हैं और पार्टी के भीतर व्यापक संगठनात्मक अनुभव रखते हैं। चंडीगढ़ लोकसभा सीट से बसपा ने डॉ. ऋतु सिंह को उतारा है। ऋतु दिल्ली विश्वविद्यालय में प्रोफेसर रही हैं। वहां भी वह दलितों के लिए आवाज उठाने के लिए जानी जाती थीं। उन्हें पद से बर्खास्त कर दिया गया था।

जानकार चंडीगढ़ में मेयर चुनाव को लेकर हुई भाजपा की किरकिरी और मनीष तिवारी को आम आदमी पार्टी का समर्थन मिलने से उनकी स्थिति बेहतर मान रहे हैं। शायद इसी के मद्दे नजर यहां भाजपा ने अंतिम चरण के प्रचार में पूरी ताकत झोंक रखी है। अंतिम दिन केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर और सांसद मनोज तिवारी सभाएं करेंगे। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल मनीष तिवारी के समर्थन में रोड शो करके माहौल बना गए हैं।

### 2019 चुनाव परिणाम

| दल | उम्मीदवार | वोट % |
|---|---|---|
| भाजपा | किरण अनुपम खेर | 50 .64 |
| कांग्रेस | पवन कुमार बंसल | 40 .35 |
| आप | हरमोहन धवन | 3 .82 |
| बसपा | परवीन कुमार | 1.62 |

### 2014 का जनादेश

| दल | उम्मीदवार | वोट% |
|---|---|---|
| भाजपा | किरण अनुपम खेर | 42 .20 |
| कांग्रेस | पवन कुमार बंसल | 26 .84 |
| आप | गुलकीरत कौर पनाग | 23 .97 |
| बसपा | जन्नत जहां-उल-हक | 3 .51 |

लुधियाना व आनंदपुर साहिब से चुनाव जीतने के बाद चंडीगढ़ से किस्मत आजमा रहे हैं मनीष तिवारी





### मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 970 फ्लेग 1085 डीएमओ 855 बोल्ड 1145, सम्भल-चन्दौसी-शिवालिक 970 फ्लेग 1085 बोल्ड 1135 डीएमओ 850।

### कानपुर मंडी

**अनाज (प्रति क्वि.)-**
गेहूंदड़ा 2400-2450
आरआर 21 2550-2600
गेहूंफार्म 2600-2700
जौ 2000-2100
ज्वार 2000-4000
बाजरा 2100-2150
मकाई 2200-2400

**दलहन (प्रति क्वि.)**
लोकल मिल डिलीवरी
चना 6200-6400
अरहर 9000-10000
मसूर 5500-5600
मटर 3700-4000
उड़दहरा 10000-11000
उड़दकाला 6000-8000
मूंग 8000-8100

**दाल (प्रति क्वि.)**
अरहरफूल 17600-17700
अरहरस्पेशल1 14900-15000
चनादाल 8200-8300
मटरदाल 5000-5100
मसूरमलका 7400-7450
मसूरदाल 7600-7650
उड़ददाल 9000-13000
उड़द धोवा 10000-13000
मूँगदाल 8800-9800
मूँग धोवा 9700-11000

**चावल (प्रति क्वि.)**
अरवा 2000-2300
बासमती नं.1 8500-10000
सेला 2500-3000
बासमती नं.2 6500-7500

**आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)**
आटा 1380-1430
मैदा 1350-1400
सूजी 1410-1430

**चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)**
शाहपसंद 1325-1350

**तिलहन (प्रति क्वि.)**
लाही 5600-5800
अलसी 4500-4600 रुपये।

# एसएंडपी ने भारत की रेटिंग को सुधारा

## स्थिर से बढ़ाकर किया सकारात्मक और दो साल में सुधार की जताई है उम्मीद

नई दिल्ली, एजेंसी




एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग ने भारत के साख (रेटिंग) परिदृश्य को स्थिर से बढ़ाकर सकारात्मक कर दिया है। मजबूत वृद्धि, पिछले पांच वर्षों में सार्वजनिक व्यय की बेहतर गुणवत्ता तथा सुधारों और राजकोषीय नीतियों में व्यापक निरंतरता की उम्मीद के बीच 10 साल के अंतराल के बाद भारत के रेटिंग परिदृश्य में यह बदलाव संभव हुआ है। एसएंडपी ने हालांकि, भारत की सॉवरेन रेटिंग को निम्नतम निवेश ग्रेड 'बीबीबी-' पर बरकरार रखा है। 'बीबीबी-' सबसे निचली निवेश श्रेणी रेटिंग है। एजेंसी ने पिछली बार 2014 में रेटिंग परिदृश्य को नकारात्मक से बढ़ाकर स्थिर किया था।

अमेरिका की एजेंसी ने बुधवार को बयान में कहा कि यदि भारत सतर्क राजकोषीय और मौद्रिक नीति अपनाता है जिससे सरकार के बढ़े हुए कर्ज तथा ब्याज के बोझ में कमी आती है और आर्थिक मोर्चे पर जुझारूपन बढ़ता है तो वह अगले 24 महीने में भारत की साख को बढ़ा सकता है। एसएंडपी की रेटिंग भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा सरकार को 2.10 लाख करोड़ रुपये का रिकॉर्ड लाभांश हस्तांतरित करने के एक सप्ताह के भीतर आई है। इस राशि का इस्तेमाल केंद्र के राजकोषीय घाटे को कम करने के लिए किया जा सकता है। एसएंडपी ने कहा-बढ़ती गुणवत्ता के दम पर भारत का परिदृश्य संशोधित कर सकारात्मक किया गया। साथ ही 'बीबीबी-' दीर्घकालिक की पुष्टि की जाती है।

### एशिया-प्रशांत में सबसे अधिक रही जीडीपी की वृद्धि दर

एसएंडपी ने कहा-सकारात्मक परिदृश्य हमारे इस दृष्टिकोण को प्रतिबिंबित करता है कि निरंतर नीतिगत स्थिरता, गहन आर्थिक सुधार तथा उच्च बुनियादी ढांचा निवेश दीर्घकालिक वृद्धि संभावनाओं को बनाए रखेंगे। एजेंसी का अनुमान है कि पिछले तीन वर्षों में वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर औसतन 8.1 प्रतिशत सालाना रही है, जो एशिया-प्रशांत क्षेत्र में सबसे अधिक है। एसएंडपी ने कहा कि यदि भारत का राजकोषीय घाटा सार्थक रूप से कम होता है और परिणामस्वरूप सामान्य सरकारी ऋण संरचनात्मक आधार पर सकल घरेलू उत्पाद के सात प्रतिशत से नीचे आ जाता है, तो वह रेटिंग बढ़ा सकती है। एसएंडपी ने कहा कि पिछले चार से पांच वर्षों में सरकारी खर्च की गुणवत्ता में सुधार हुआ है। सार्वजनिक निवेश तथा उपभोक्ता गति अगले तीन से चार साल में ठोस वृद्धि संभावनाओं को आधार प्रदान करेगी। भारत की कमजोर राजकोषीय स्थिति हमेशा से ही इसकी सॉवरेन रेटिंग की पृष्ठभूमि का सबसे कमजोर हिस्सा रही है। सभी तीन प्रमुख वैश्विक रेटिंग एजेंसियों एसएंडपी, फिच और मूडीज ने भारत को सबसे निम्न निवेश ग्रेड रेटिंग दी है। वहीं फिच और मूडीज ने अपनी रेटिंग पर अब भी स्थिर परिदृश्य कायम रखा है।

# बाजार में भारी गिरावट, सेंसेक्स 668 अंक लुढ़का

मुंबई, एजेंसी

- निवेशकों की मुनाफावसूली से निफ्टी भी 183.45 अंक गिरा



स्थानीय शेयर बाजारों में बुधवार को लगातार चौथे दिन भारी गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 667 अंक से अधिक लुढ़क गया। लोकसभा चुनाव के नतीजे आने से पहले सतर्क निवेशकों की मुनाफावसूली से बाजार नीचे आया। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 667.55 अंक यानी 0.89 प्रतिशत की गिरावट के साथ 75,000 अंक के नीचे 74,502.90 अंक पर बंद हुआ। यह कारोबार के दौरान 715.9 अंक टूटकर 74,454.55 अंक के निचले स्तर तक आ गया था। बीएसई सेंसेक्स 27 मई को अपने अबतक के उच्चतम स्तर 76,009.68 अंक पर पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज निफ्टी भी 183.45 अंक यानी 0.80 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,704.70 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी सोमवार को अपने अब तक के उच्चतम स्तर 23,110.80 अंक पर बंद हुआ था।

सेंसेक्स के शेयरों में टेक महिंद्रा, आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फिनसर्व, एचडीएफसी बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, एक्सिस बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और इन्फोसिस प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। दूसरी तरफ पावर ग्रिड, सन फार्मा, नेस्ले, आईटीसी और भारती एयरटेल के शेयर चढ़ गए।

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा-वैश्विक स्तर पर कमजोर रुख को देखते हुए निवेशकों ने अमेरिका में कोर पीसीई (व्यक्तिगत उपभोग व्यय) आंकड़े जारी होने से पहले मुनाफावसूली की। यह आंकड़ा मुद्रास्फीति के बारे में संकेत देता है। मुद्रास्फीति में वृद्धि की संभावना है।

### निवेशकों की संपत्ति 5.12 लाख करोड़ घटी

नई दिल्ली। शेयर बाजार में लगातार चार कारोबारी सत्रों की गिरावट से निवेशकों की पूंजी 5.12 लाख करोड़ रुपये घट गई है। लोकसभा चुनाव के नतीजों से पहले निवेशकों की सतर्कता के बीच शेयर बाजार में इससे पहले रिकॉर्ड बढ़त दर्ज हो रही थी। बैंक शेयरों में बिकवाली और कमजोर वैश्विक रुझानों के बीच सूचकांक में गिरावट आई है। बीएसई सेंसेक्स 24 मई से चार कारोबारी सत्रों में 915.14 अंक गिर चुका है। हालांकि 27 मई को सेंसेक्स 76,009.68 अंक के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ था।

### सर्राफा

**कानपुर**
चॉदी 999 (प्रति किलो) 97,300
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) 95,000
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल 100000
सोना बिस्कुट (दस ग्राम) 74,450
गिन्नी (प्रति नग) 55,500-55,700

**लखनऊ**
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) 72,850
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) 72,700
गिन्नी (प्रति 10 नग) 42, 500
चांदी (999) 92,000
चांदी तैयार 92,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) 80, 000

**बरेली**
सोना जेवरात पक्के 73,000
सोना जेवरात गिन्नी 72,000
चांदी पक्की 908 (अनुमानित)

**मुरादाबाद**
सोना 24 कैरेट 73,325
चांदी आभूषण 92,300।

## पेटीएम-अडाणी समूह ने हिस्सेदारी बिक्री संबंधी बातचीत से किया इनकार

**नई दिल्ली।** वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड ने बुधवार को कहा कि वह अडाणी समूह को हिस्सेदारी बेचने के लिए कोई बातचीत नहीं कर रही है। अडाणी समूह ने भी ऐसी खबरों को गलत और असत्य करार दिया है। वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड के पास पेटीएम का स्वामित्व है। उद्योगपति गौतम अडाणी के पेटीएम में संभावित हिस्सेदारी खरीदने के लिए मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विजय शेखर शर्मा के साथ बातचीत करने संबंधी खबरों पर वन97 कम्युनिकेशंस ने कहा-यह केवल अटकलें हैं। कंपनी इस संबंध में कोई बातचीत नहीं कर रही है।

## एडीबी ने विकास के लिए 2023 में भारत को दिए 2.6 अरब डॉलर के ऋण

नई दिल्ली एजेंसी

एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने 2023 में भारत को 2.6 अरब डॉलर का ऋण दिया जिसका उद्देश्य शहरी विकास को मजबूत करना, औद्योगिक गलियारे के विकास का समर्थन करना, बिजली क्षेत्र के सुधारों को बढ़ावा देना, भारत की जलवायु लचीलापन बनाना, बागवानी का समर्थन करना और कनेक्टिविटी को बढ़ाना है।

एडीबी ने सॉवरेन पोर्टफोलियो के तहत 2.353 करोड़ डॉलर की तकनीकी सहायता और 41 लाख डॉलर का अनुदान भी दिया। इसके अलावा, उसने वर्ष के दौरान निजी क्षेत्र की परियोजनाओं के लिए एक अरब डॉलर से अधिक की प्रतिबद्धता जताई।

एडीबी के भारत के कंट्री निदेशक मियो ओका ने कहा-वर्ष 2023 में एडीबी के पोर्टफोलियो ने सरकार के प्राथमिकता वाले एजेंडे का समर्थन किया। हम उन परियोजनाओं और कार्यक्रमों पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखेंगे जो भारत के संरचनात्मक परिवर्तन को गति देते हैं, रोजगार पैदा करते हैं, बुनियादी ढांचे की कमियों को दूर करते हैं, हरित विकास को बढ़ावा देते हैं।

## स्पाइसजेट के खिलाफ एनसीएलटी में दिवाला याचिका दाखिल

**नई दिल्ली।** विमानों का इंजन मुहैया कराने वाली कंपनी इंजन लीज फाइनेंस (ईएलएफ) ने करीब 100 करोड़ रुपये की देनदारी के मामले में कर्ज संकट में फंसी एयरलाइन स्पाइसजेट के खिलाफ दिवाला अर्जी दाखिल की है। ईएलएफ ने स्पाइसजेट को आठ विमान इंजन पट्टे पर दिए हुए हैं। उसने दावा किया है कि स्पाइसजेट पर किराये एवं ब्याज समेत करीब 1.6 करोड़ डॉलर की देनदारी बनती है। राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) की दिल्ली पीठ ने बुधवार को इस याचिका पर संक्षिप्त सुनवाई की।

## डिजाइन, प्रोग्रामिंग प्रवेश स्तर की नौकरियों के लिए शीर्ष कौशल

नई दिल्ली, एजेंसी

नए स्नातकों के लिए डिजाइन, एनालिटिक्स और प्रोग्रामिंग जैसे कौशल करियर में ढेरों अवसर खोल सकते हैं। अग्रणी पेशवर नेटवर्क लिंक्डइन के अनुसार, सॉफ्टवेयर इंजीनियर, सिस्टम इंजीनियर और प्रोग्रामिंग विश्लेषक में स्नातक डिग्री धारकों के लिए रोजगार के प्रमुख अवसर हैं।

लिंक्डइन की करियर स्टार्टर 2024 रिपोर्ट के अनुसार, स्नातक डिग्री वाले युवा पेशेवरों के लिए यूटिलिटी सबसे तेजी से बढ़ने वाला उद्योग है। नए स्नातकों को नियुक्त करने वाले अन्य शीर्ष उद्योगों में तेल, गैस व खनन, रियल एस्टेट, उपकरण किराया सेवाएं और उपभोक्ता सेवाएं शामिल हैं। रिपोर्ट में कहा गया, शैक्षिक पृष्ठभूमि से परे विभिन्न नौकरियां तेजी से बढ़ रही हैं। सामुदायिक व सामाजिक सेवा, कानूनी, विपणन और मीडिया व संचार जैसे क्षेत्रों में स्नातक डिग्री धारकों के लिए पर्याप्त अवसर उपलब्ध हैं। लिंक्डइन करियर विशेषज्ञ एवं भारत की वरिष्ठ प्रबंध संपादक निराजिता बनर्जी ने कहा-नौकरी बाजार में प्रवेश करना कठिन हो सकता है...खासकर करियर की शुरुआत में।

# राष्ट्रीय

### एक नजर

#### आदेश के खिलाफ याचिका पर जामिया विवि से जवाब-तलब

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को जामिया मिल्लिया इस्लामिया (जेएमआई) के प्रोफेसर इकबाल हुसैन की याचिका पर विश्वविद्यालय से बुधवार को जवाब तलब किया। हुसैन ने अपनी याचिका में एकल न्यायाधीश के उस आदेश को चुनौती दी है, जिसके जरिये विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति और इसके बाद कार्यवाहक कुलपति के तौर पर उनकी नियुक्ति रद्द कर दी गयी थी। न्यायमूर्ति विभु बाखरू की अध्यक्षता वाली पीठ ने एकल न्यायाधीश के फैसले के खिलाफ हुसैन की अपील पर जेएमआई को नोटिस जारी किया और मामले की अगली सुनवाई की तिथि 12 अगस्त तय की।

#### फैक्ट्री में लगी आग, दो महिलाओं की मौत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर स्थित गोदवारा के फोम फैक्ट्री में बुधवार को भीषण आग लग गई। इस घटना में दो महिलाओं की जिन्दा जलकर मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम आग पर काबू पाने की कोशिश में लगी हुई है। आग इतना भयानक है कि दूर दूर तक केवल धुंएं का गुबार नजर आ रहा है। मौके पर पहुंचे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने बताया कि ये जो फैक्ट्री है वो थाना खमतराई के बसंत नगर में स्थित है। उन्होंने बताया कि यहां सात कर्मचारी काम कर रहे थे। तभी अचानक फैक्ट्री में आग लगी और पांच कर्मचारियों ने यहां से भागकर अपनी जान बचाई है।

#### अमृतसर में हेरोइन के साथ दो ड्रोन बरामद

**जालंधर।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पंजाब के अमृतसर जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में दो अलग-अलग स्थानों से एक किलो 90 ग्राम हेरोइन के साथ दो ड्रोन बरामद किये हैं। बीएसएफ के प्रवक्ता ने बुधवार को बताया कि सुबह के समय ड्यूटी पर तैनात बीएसएफ के सतर्क जवानों ने अमृतसर जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में दो अलग-अलग स्थानों पर ड्रोन की आवाजाही को रोका। प्रोटोकॉल के अनुसार, बीएसएफ के जवानों ने ड्रोन की हरकतों पर तुरंत नज़र रखी और उन्हें बेअसर करने का प्रयास किया गया है।

# पश्चिम बंगाल के सीमावर्ती इलाकों में घुसपैठ के कारण बदल रही है जनसांख्यिकी: मोदी

## रैली में प्रधानमंत्री ने लगाया आरोप, टीएमसी सरकार जारी कर रही फर्जी जाति प्रमाण पत्र

काकद्वीप (पश्चिम बंगाल), एजेंसी




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पश्चिम बंगाल के मथुरापुर में लोकसभा चुनाव के लिए रैली के दौरान जनता का अभिवादन करते हुए। ● एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल के सीमावर्ती इलाकों में घुसपैठ के कारण जनसांख्यिकी बदल रही है तथा अवैध तरीके से प्रवेश करने वाले लोग स्थानीय युवाओं के लिए उपलब्ध अवसरों को छीन रहे हैं।

मोदी ने यह भी दावा किया कि राज्य की तृणमूल कांग्रेस सरकार फर्जी जाति प्रमाण पत्र जारी कर मूल ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) के अधिकार मुसलमानों को दे रही है। उन्होंने कहा-बंगाल के सीमावर्ती क्षेत्रों में जनसांख्यिकी को बदला जा रहा है। टीएमसी धार्मिक रूप से प्रताड़ित अल्पसंख्यकों को नागरिकता देने के खिलाफ है। वे सीएए का इतना विरोध क्यों कर रहे हैं? ये लोग (तृणमूल नेता) सीएए के बारे में झूठ क्यों बोल रहे हैं।

### भाजपा सत्ता में आई तो संविधान खत्म कर देगी



**चंडीगढ़।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को आरोप लगाया कि अगर भारतीय जनता पार्टी सत्ता में वापस आई तो संविधान को खत्म कर देगी। कांग्रेस नेता ने पंजाब में मादक पदार्थों की समस्या का मुद्दा भी उठाया और कहा कि यह समस्या बढ़ती जा रही है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस खतरे को खत्म करने के लिए सख्त कार्रवाई की जरूरत है।

## भाजपा नेता ने मुख्यमंत्री विजयन की बेटी के खिलाफ न्यायालय का किया रुख

**कोच्चि।** भाजपा नेता शोन जॉर्ज ने केरल उच्च न्यायालय में एक अर्जी दायर कर आरोप लगाया है कि मुख्यमंत्री पिनराई विजयन की बेटी की अब बंद हो चुकी कंपनी 'एक्सलॉजिक' ने अबू धाबी के एक खाते में भारी रकम जमा की और कनाडाई कंपनी एसएनसी लवलीन ने इसके माध्यम से धन को अमेरिका स्थानांतरित कर दिया। विजयन पर 1996 में केरल के ऊर्जा मंत्री रहने के दौरान कनाडाई कंपनी एसएनसी लवलीन को ठेका देने में हुए कथित भ्रष्टाचार में शामिल होने का आरोप है, जिससे सरकारी खजाने को कथित तौर पर नुकसान हुआ था। तिरुवनंतपुरम स्थित एक विशेष अदालत ने 2013 में विजयन और दो अन्य को इस मामले में बरी कर दिया था।

### गर्मी में ठंडक का अहसास...



गुरुग्राम में भीषण गर्मी के दिनों में बच्चे जलाशय में अठखेलियां करते हुए। ● एजेंसी

## दिल्ली उच्च न्यायालय ने छात्र शरजील इमाम को दी जमानत

नई दिल्ली, एजेंसी

### सांप्रदायिक दंगों से जुड़ा मामला




दिल्ली उच्च न्यायालय ने छात्र कार्यकर्ता शरजील इमाम को राजद्रोह और गैरकानूनी गतिविधियों के आरोप संबंधी 2020 के सांप्रदायिक दंगों से जुड़े एक मामले में बुधवार को जमानत दी। इमाम ने सुनवाई अदालत के उस आदेश को चुनौती दी थी जिसमें उसे जमानत देने से इनकार किया गया जबकि दोषसिद्धि की स्थिति में उसे दी जाने वाली अधिकतम सजा की आधी से अधिक अवधि वह काट चुका है।

न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत और न्यायमूर्ति मनोज जैन की पीठ ने इमाम और दिल्ली पुलिस के वकील की दलीलें सुनने के बाद कहा-अपील स्वीकार की जाती है। अभियोजन के अनुसार इमाम ने 13 दिसंबर 2019 को जामिया मिल्लिया इस्लामिया में और 16 दिसंबर 2019 को अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में कथित तौर पर भाषण दिया जहां उसने असम और शेष पूर्वोत्तर को देश से काटने की धमकी दी थी। इमाम ने निचली अदालत के समक्ष दावा किया था कि वह पिछले चार वर्षों से हिरासत में है और गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम की धारा 13 (गैरकानूनी गतिविधियों के लिए सजा) के तहत अपराध के लिए दोषी पाए जाने पर अधिकतम सजा सात वर्ष है। आपराधिक दंड संहिता (सीआरपीसी) की धारा 436-ए के अनुसार किसी व्यक्ति को हिरासत से उस स्थिति में रिहा किया जा सकता है यदि उसने अपराध के लिए निर्धारित अधिकतम सजा की आधी से अधिक अवधि काट ली हो।

वहीं सुनवाई अदालत ने 17 फरवरी को उसे जमानत देने से इनकार करते हुए अपने फैसले में कहा था कि असाधारण परिस्थितियों में आरोपी की हिरासत की अवधि को बढ़ाया जा सकता है। जानकारी के मुताबिक इमाम 2020 के सांप्रदायिक दंगों से जुड़े कई मामलों में आरोपी है, जिसमें हिंसा की कथित बड़ी साजिश का मामला भी शामिल है। वह साजिश के एक मामले में भी न्यायिक हिरासत में है।

## पालघर रेलवे स्टेशन पर पटरी से उतरी मालगाड़ी

मुंबई, एजेंसी

- घटना से कई ट्रेन रद और कई का बदला गया समय

महाराष्ट्र के पालघर रेलवे स्टेशन पर एक मालगाड़ी के पटरी से उतरने के कारण पश्चिमी रेलवे को कई ट्रेनों का परिचालन रद्द करने के साथ ही कई ट्रेनों का समय बदलना पड़ा। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि घटनास्थल पर मरम्मत का काम जारी है।

पश्चिमी रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि बुधवार दोपहर तक 41 रेलगाड़ियां रद्द कर दी गईं, 28 आंशिक रूप से रद्द कर दी गईं, 12 के मार्ग में परिवर्तन किया गया और 22 रेलगाड़ियों के समय में परिवर्तन किया गया। दोपहर को जारी बुलेटिन में पश्चिमी रेलवे ने कहा कि दहानु रोड (पालघर जिले में) और मुंबई के बीच लोकल ट्रेन सेवाएं (आने-जाने के लिए) शाम तक फिर से शुरू हो जाएंगी। रेलवे के एक प्रवक्ता ने पहले बताया था कि मंगलवार शाम 5.08 बजे मुंबई से करीब 100 किलोमीटर दूर पालघर में मालगाड़ी के सात डिब्बे पटरी से उतर गए, जिससे गुजरात से मुंबई आने वाली रेलगाड़ियों का यातायात प्रभावित हुआ। अधिकारियों के मुताबिक दुर्घटना के 15 घंटे बाद भी रेल मार्ग बहाल करने का कार्य जारी है।

## दिल्ली उच्च न्यायालय में लोगों के लिए मुफ्त वाई-फाई सुविधा शुरू

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने अधिवक्ताओं, वादियों-प्रतिवादियों और आम लोगों के लिए अपने परिसर में मुफ्त वाई-फाई सुविधा बुधवार को शुरू की, ताकि उन्हें मुकदमे और अन्य डेटा की महत्वपूर्ण जानकारी जैसे कानूनी संसाधनों तक पहुंच आसान बनाने में मदद मिल सके। न्यायालय के अधिकारियों ने बताया कि इस सुविधा का शुरू होना न्यायिक बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण की दिशा में एक बड़ा कदम है, जिससे इसका उपयोग करने वाले लोगों को एक नया अनुभव मिलेगा। इस पहल के पहले चरण के तहत ओटीपी-आधारित मुफ्त वाई-फाई सुविधा खंड-ए, खंड-बी, खंड-सी, विस्तारित खंड, मध्यस्थता केंद्र और अधिवक्ताओं के लिए जलपान स्थल में होगी।

## बदमाशों ने ट्रक में लगाई आग, एक व्यक्ति की जिंदा जलकर मौत

**रांची।** झारखंड के रांची में अज्ञात हथियारबंद लोगों ने एक ट्रक में आग लगा दी, जिसमें एक व्यक्ति की जिंदा जलकर मौत हो गई। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना यहां से करीब 65 किलोमीटर दूर मैक्लुस्कीगंज-चामा रोड पर मंगलवार को हुई। खलारी के डीएसपी राम नारायण चौधरी ने बताया कि शुरु में संदेह था कि इस घटना को माओवादियों ने अंजाम दिया है। उन्होंने कहा-अब ऐसा लग रहा है कि अपराध को स्थानीय गिरोह ने अंजाम दिया है। डीएसपी के मुताबिक, ड्राइवर से पैसे मांगने को लेकर विवाद हुआ था।

## दिल्ली के उपराज्यपाल ने स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज के ओएसडी को किया निलंबित

नई दिल्ली, एजेंसी

- चिकित्सा उपकरणों की खरीद में अनियमितताओं के चलते हुई कार्रवाई

दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना ने चिकित्सा उपकरणों की खरीद में कथित अनियमितताओं के सिलसिले में स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज के विशेष कार्याधिकारी (ओएसडी) आर एन दास को बुधवार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। एक आधिकारिक आदेश में यह जानकारी दी गई।

दास को 2021 में कोविड-19 महामारी के दौरान 60 करोड़ रुपये मूल्य के व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण (पीपीई) किट, दस्ताने, मास्क और रैपिड एंटीजन टेस्ट (आरएटी) किट जैसे विभिन्न चिकित्सा उपकरणों की खरीद में कथित अनियमितताओं के संबंध में अप्रैल में सतर्कता निदेशालय द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। सतर्कता निदेशालय ने बुधवार को एक आदेश में कहा- दिल्ली के माननीय उपराज्यपाल ने सीसीएस (सीसीए) नियम, 1965 के नियम-10 के उप-नियम (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र सरकार के स्वास्थ्य मंत्री के विशेष कार्याधिकारी (ओएसडी) को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। भारतीय जनता पार्टी ने दिल्ली के विवेक विहार इलाके में बच्चों के अस्पताल की पंजीकरण प्रक्रिया में भी दास की भूमिका होने का आरोप लगाया है। इस अस्पताल में शनिवार रात आग लगने की घटना में छह नवजात की मौत हो गई थी।

## गिरफ्तारी के खिलाफ बिभव कुमार की याचिका पर शुक्रवार को होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय आप की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल से मारपीट मामले में गिरफ्तारी के खिलाफ मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के करीबी सहयोगी बिभव कुमार की एक याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई करेगा। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पी एस अरोड़ा की पीठ के समक्ष याचिका को तत्काल सुनवाई के लिए प्रस्तुत किया गया जिसने इस पर 31 मई को सुनवाई करने पर सहमति व्यक्त की। कुमार ने अधिवक्ता रजत भारद्वाज के माध्यम से अपनी याचिका में गिरफ्तारी को अवैध घोषित करने का अनुरोध किया है। उन्होंने अपनी गिरफ्तारी को दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 41ए के प्रावधानों का घोर उल्लंघन तथा कानून के विरुद्ध बताया है। कुमार ने अपनी अवैध गिरफ्तारी के लिए उचित मुआवजे और उनकी गिरफ्तारी का निर्णय लेने में शामिल दोषी अधिकारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई शुरू करने की भी मांग की। सोमवार को कुमार की जमानत याचिका को एक सत्र अदालत ने खारिज कर दिया था।

## खेल डायरी

### आईडब्ल्यूएल के दूसरे सत्र में खेलेंगी श्रीभूमि एफसी और नीता फुटबॉल अकादमी

**नई दिल्ली।** श्रीभूमि एफसी और नीता फुटबॉल अकादमी को इंडियन वुमेन्स लीग आईडब्ल्यूएल 2 में क्रमश: पहला और दूसरा स्थान हासिल करने के बाद आईडब्ल्यूएल में प्रोमोट कर दिया गया। श्रीभूमि ने गोवा के मापुसा में दुलेर स्टेडियम में पुधुवाई यूनिकॉर्न्स पर 2-0 की जीत से आईडब्ल्यूएल 2 खिताब अपने नाम किया। पांच टीम श्रीभूमि एफसी, नीता फुटबॉल अकादमी, गढ़वाल यूनाईटेड एफसी, पुधुवाई यूनिकॉर्न्स और एफसी टूएम अंतिम दिन लीग जीतने की दौड़ में बनी हुई थी, लेकिन लीग के अंतिम दौर में श्रीभूमि और नीता फुटबॉल अकादमी ने 10-10 अंक हासिल किए। बेहतर रिकॉर्ड की बदौलत श्रीभूमि को विजेता घोषित किया गया। नीता एफए ने अंतिम दिन एसएजी फुटबॉल अकादमी को हराया।

### एआईएफएफ फुटसाल क्लब चैंपियनशिप 22 से

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की फुटसाल क्लब चैंपियनशिप 2023-24 का आयोजन गुजरात में 22 जून से पांच जुलाई तक स्वर्णिम गुजरात खेल विश्वविद्यालय में किया जाएगा। टूर्नामेंट का ड्रॉ बुधवार को यहां फुटबॉल हाउस में हुआ। टूर्नामेंट में कुल मिलाकर 18 टीम हिस्सा लेंगी। संबंधित राज्य संघों ने 14 टीमों को नामित किया है जबकि पिछले सत्र में फुटसाल क्लब चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में जगह बनाने वाले दिल्ली फुटबॉल क्लब, मोहम्मडन स्पोर्टिंग क्लब, मिनर्वा अकादमी एफसी और इलेक्ट्रिक वेंग फुटसाल क्लब को टूर्नामेंट में सीधे प्रवेश दिया गया है। टूर्नामेंट का आयोजन लीग सह नॉकआउट प्रारूप में किया जाएगा जहां सभी चार ग्रुप के विजेता सेमीफाइनल में जगह बनाएंगे।

### नॉर्वे शतरंज: प्रगनानंद हारे, वैशाली को मिली जीत

**स्टवान्गर (नॉर्वे)।** नॉर्वे शतरंज के दूसरे दौर में भारतीय ग्रैंडमास्टर प्रगनानंद को मौजूदा विश्व चैंपियन डिंग लिरेन से शिकस्त का सामना करना पड़ा। स्पेयरबैंक 1 एसआर-बैंक में मैग्नस कार्लसन, अलीरेजा फिरोजा और डिंग लिरेन ने आर्मागेडन (सडन डेथ) खेलों में सफेद रंग के मोहरों से जीत हासिल की और प्रत्येक ने 1.5 अंक हासिल किए। विश्व चैंपियन डिंग लिरेन के खिलाफ 2-0 की बढ़त के साथ आगे बढ़ने वाले भारत के विलक्षण प्रगनानंद ने नॉर्वे शतरंज के मुख्य दौर में अपना पहला क्लासिकल पहला मैच ड्रॉ खेला। उधर, वैशाली ने कोनेरू को हराकर महिला टूर्नामेंट में बढ़त बना ली है। वैशाली आर ने नॉर्वे शतरंज महिला टूर्नामेंट में अपनी पहली क्लासिकल जीत दर्ज करने के लिए साथी भारतीय कोनेरू हम्पी को हराया।

### अपने खेल और टीम का ऋणी रहूंगा : छेत्री



**कोलकाता।** अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल को अलविदा कहने की दहलीज पर खड़े भारत के करिश्माई कप्तान सुनील छेत्री ने कहा कि वह अपने साथी खिलाड़ियों और खेल के हमेशा ऋणी रहेंगे जिन्होंने हमेशा उनकी मदद करके इस मुकाम तक पहुंचाया। भारतीय टीम छह जून को कुवैत के खिलाफ 2026 फीफा विश्व कप क्वालीफायर खेलने यहां पहुंच गई है। छेत्री का यह आखिरी अंतर्राष्ट्रीय मैच होगा। छेत्री ने कहा ये आखिरी कुछ दिन है जो मेरे लिये दुविधा से भरे हैं। अब राष्ट्रीय टीम में मेरे कुछ ही दिन रह गए हैं। भारत के लिए 150 मैचों में 94 गोल करने वाले छेत्री ने कहा मैने अपने सत्र गिनने का फैसला किया है लेकिन कृतज्ञता के भाव से। मैं अपनी टीम और इस खेल के प्रति सदैव ऋणी रहूंगा। अगर भारत जीतता है तो पहली बार फीफा विश्व कप क्वालीफायर के तीसरे दौर में पहुंच जाएगा। साथ ही एएफसी एशियाई कप सउदी अरब 2027 के लिए स्वत: क्वालीफाई करने की दिशा में अगला कदम बढ़ाएगा।

### एएसी की नियुक्ति पर रोक, समिति को सौंपी जिम्मेदारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय की खंड पीठ ने बुधवार को भारतीय घुड़सवारी महासंघ (ईएफआई) के दैनिक मामलों की देखरेख के लिए तदर्थ प्रशासनिक समिति (एएसी) की नियुक्ति पर रोक लगाकर खेल संस्था का नियंत्रण 2019 को चुनी गयी कार्यकारी समिति को वापस दे दिया। दिल्ली उच्च न्यायालय ने राजस्थान घुड़सवारी संघ (आरईए) द्वारा दायर याचिका की सुनवाई करते हुए 24 मई को ईएफआई का रोजमर्रा का कामकाज देखने के लिए न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) नज्मी वजीरी की अध्यक्षता वाले तदर्थ पैनल की नियुक्ति का आदेश दिया था। महासंघ ने एकल पीठ के इस आदेश के खिलाफ पेटेंट अपील दायर की थी और उसे मनमुताबिक फैसला भी मिला। भारत ने अभी तक ड्रेसज स्पर्धा में पेरिस ओलंपिक का एक कोटा हासिल किया है जो एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता अनुष अगरवाला ने दिलाया था।

# कोहली-रोहित के लिए खिताब का आखिरी मौका

## 2007 और 2011 विश्वकप विजेता टीम का हिस्सा रहे हैं दिग्गज, 13 साल बाद फिर जीतना चाहेंगे ट्रॉफी



बेंगलुरू, एजेंसी

ऐसे दो क्रिकेटर मिलना मुश्किल है जो एक-दूसरे से इतने अलग हों लेकिन फिर भी भाग्य के धागे से इतने करीब से जुड़े हों जैसे विराट कोहली और रोहित शर्मा। रोहित ने शीर्ष स्तर के क्रिकेट में शुरुआत 2007 में बेलफास्ट में की जबकि कोहली ने इससे एक साल बाद दांबुला में अपना पहला अंतर्राष्ट्रीय मैच खेला। एक साथ चले इस सफर का एक और दिलचस्प अध्याय संभवतः अगले महीने कैरेबियाई द्वीपों में समाप्त हो जाएगा।

अगला टी-20 विश्व कप 2026 में है जिसकी मेजबानी भारत और श्रीलंका संयुक्त रूप से करेंगे लेकिन तब रोहित 40 साल के होने वाले होंगे और कोहली 38 वर्ष के होंगे। एकदिवसीय प्रारूप का विश्व कप इसके एक और साल बाद होगा। इन दोनों को इनमें से किसी में भी खेलते हुए देखना मुश्किल है। इसलिए रोहित और कोहली दोनों अगले महीने विजेता का पदक अपने गले में लटकाए मंच से विदा लेना चाहेंगे। अगर वे ऐसा कर पाते हैं तो यह 2007 टी-20 विश्व कप रोहित और 2011 में 50 ओवर के विश्व कप विराट का दूसरा विश्व खिताब होगा और यह उन दो खिलाड़ियों के लिए एक बेहतरीन विदाई होगी जिन्होंने पिछले 17 वर्षों में भारत के सीमित ओवरों के क्रिकेट में काफी प्रभाव डाला।

**2026** में होगा अगला टी-20 विश्व कप तब रोहित 40 साल के होने वाले होंगे और 38 वर्ष के होंगे कोहली

**2007** बेलफास्ट में रोहित ने जबकि कोहली ने 2008 दांबुला में खेला था अपना पहला अंतर्राष्ट्रीय मैच

### खास हैं रोहित और विराट की बल्लेबाजी के अंदाज

रोहित में बड़े शॉट खेलने की क्षमता है जिससे उन्हें मदद मिलेगी, लेकिन कोहली का खेल थोड़ा अलग है। वह कभी-कभार बड़ी हिट लगा सकते हैं लेकिन उन्हें अक्सर स्पिन के खिलाफ जूझना पड़ता है, विशेषकर बाएं हाथ के स्पिनरों के खिलाफ। टी-20 में धीमे गेंदबाजों के खिलाफ उनका करियर स्ट्राइक रेट 120 के आसपास रहता है। बीच के ओवरों में उनकी प्रगति में बाधा डाली लेकिन इस साल के आईपीएल के दौरान उन्हें इसका समाधान मिल गया। उन्होंने स्पिनरों के खिलाफ स्लॉग स्वीप का इस्तेमाल किया। इसका उनके स्ट्राइक रेट पर अच्छा असर पड़ा क्योंकि कोहली ने 188 गेंदों पर 260 रन बनाए और स्पिनरों के खिलाफ 15 छक्के लगाए। स्पिन के खिलाफ उनका स्ट्राइक रेट 139 तक पहुंच गया जो उनके आईपीएल के 124 के समग्र स्ट्राइक रेट से काफी बेहतर है। यह कोहली के लिए टी-20 विश्व कप में काम आ सकता है जहां पिचों के टूर्नामेंट आगे बढ़ने के साथ धीमा होने की उम्मीद है जिससे स्पिनरों की अहमियत बढ़ती है। क्रिकेट के दायरे से परे दोनों दिग्गजों का आईसीसी ट्रॉफी जीतने का अंतिम प्रयास करना व्यक्तिगत रूप से और टीम के लिए एक आकर्षक दृश्य होगा।



कोहली-रोहित की कहानी आपसी सम्मान और इस जागरूकता पर आधारित है कि उन्हें एक-दूसरे के काम मे दखल नहीं देनी। कोहली ने अपने करियर की शुरुआत से ही रोहित के लिए उनके मन में जो प्रशंसा है, उसके बारे में बात की है। विराट ने क्रिकेट की दुनिया में हर जगह रन बनाए हैं जो सचिन तेंदुलकर के सुनहरे दिनों के बाद शायद ही कभी देखा गया हो। रोहित ने सफेद गेंद के प्रारूपों में अपनी अलग पहचान बनाई लेकिन मुंबई का यह बल्लेबाज अपने करियर में अधिकांश समय टेस्ट क्रिकेट में वह सफलता हासिल नहीं कर पाया। करियर के दूसरे हाफ में सलामी बल्लेबाज की भूमिका में हालांकि रोहित ने टेस्ट क्रिकेट में बेहतर प्रदर्शन किया, लेकिन अभी के लिए कोहली और रोहित को टी-20 विश्व कप में भारत के अभियान को आगे बढ़ाने के लिए इस प्रारूप में अपने विशाल अनुभव पर निर्भर रहना होगा।

# ठंड से सामंजस्य बिठाने में जुटी भारतीय टीम

न्यूयॉर्क, एजेंसी

दूधिया रोशनी में दो महीने तक आईपीएल में प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेलने के बाद भारतीय क्रिकेट टीम ने विराट कोहली के बिना टी-20 विश्व कप के लिए सुबह ट्रेनिंग सत्र के साथ अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। टी-20 विश्व कप में भारत के सभी शुरूआती मैच सुबह साढ़े 10 बजे शुरू होंगे इसलिए सुबह के ट्रेनिंग सत्र को तवज्जो दी गई।

आईपीएल में आरसीबी के बाहर होने के बाद कोहली ने व्यक्तिगत काम के लिए ब्रेक लिया है और उनके शुक्रवार को टीम से जुड़ने की संभावना है, लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि वह लंबी यात्रा के बाद शनिवार को बांग्लादेश के खिलाफ होने वाले भारत के एकमात्र अभ्यास मैच में हिस्सा लेंगे या नहीं। भारत में तेज गर्मी में 90 प्रतिशत मैच खेलने के बाद खिलाड़ी यहां सुबह के खुशनुमा मौसम के अनुरूप ढलने पर ध्यान लगाएंगे क्योंकि यहां तापमान 25 से 27 डिग्री सेल्सियस रहता है जिसमें बहुत कम आद्रता होती है। सुबह हल्की हवा में सफेद कूकाबूरा गेंद का सामना करना चुनौतीपूर्ण हो सकता है और इसके लिए पूरी तरह से तैयार रहना होगा। यात्रा की थकान के बाद खिलाड़ियो को सुबह की इन परिस्थितियों के अनुरूप ढलना होगा। सहयोगी स्टाफ ने नासाऊ काउंटी मैदान पर अभ्यास पिचों पर नेट सत्र में कौशल ट्रेनिंग शुरू करने से पहले खिलाड़ियों को परिस्थितियों के हिसाब से सामंजस्य बिठाने में मदद करने का फैसला किया। टीम के 14 खिलाड़ियों ने शुरूआत हल्की जांगिग से की, इसके बाद शटल रन लगाई और कुछ फुट वॉली भी की।



नासाऊ काउंटी मैदान पर ट्रेनिंग सत्र में दौड़ते भारतीय खिलाड़ी। ● एजेंसी

### कदमों पर तो खड़ा हो गया, इंडिया के लिए खड़ा होना बाकी : पंत

**मुंबई।** आईसीसी टी-20 विश्व कप 2024 के आधिकारिक प्रसारणकर्ता स्टार स्पोर्ट्स ने स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत के साथ एक प्रोमो लॉन्च किया है। स्टार स्पोर्टस ने बुधवार को ट्वीट कर प्रोमो का वीडियो शेयर किया है जिसमें पंत के साथ बैकग्राउंड म्यूजिक के साथ कहा जा रहा है दिल में एक कसक अभी बाकी है, दिल में एक धड़क अभी बाकी है, अपने कदमों पर तो खड़ा हो गया, अभी इंडिया के लिये खड़ा होना बाकी है। वीडियो में ऋषभ पंत देश को गर्व, खुशी और आशा के साझा बैनर के तहत एकजुट करने की कोशिश कर रहे हैं। टीम टी-20 विश्व कप में सबसे बड़े क्रिकेट गौरव के लिए तैयार है। यह देश और दुनिया के हर कोने में रहने वाले प्रत्येक भारतीय के लिए एक भारत के रूप में खड़े होने का समय है।

# ऑस्ट्रेलिया ने अभ्यास मैच में नामीबिया को हराया

पोर्ट ऑफ स्पेन, एजेंसी

ऑस्ट्रेलिया ने टी-20 विश्वकप से पहले अभ्यास मैचों में नामीबिया को वॉर्नर की 21 गेंदों में नाबाद (54) रनों की पारी की बदौलत 10 ओवर में लक्ष्य को हासिल कर सात विकेट से जीत दर्ज की।

ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी नामीबिया की संघर्षपूर्ण शुरुआत हुई। नामीबिया की ओर से जेन ग्रीन ने 30 गेंदों में सर्वाधिक 38 रन बनाए। निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट पर 119 का स्कोर खड़ा किया। जवाब में ऑस्ट्रेलिया के डेविड वॉर्नर ने नाबाद 54 रनों की पारी खेली और 10 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर 123 रन बनाकर मुकाबला सात विकेट से जीत लिया।

### चयनकर्ता और कोच के साथ खेली ऑस्ट्रेलिया

**पोर्ट ऑफ स्पेन।** खिलाड़ियों की कमी के कारण ऑस्ट्रेलिया को नामीबिया के खिलाफ अभ्यास मैच में मुख्य चयनकर्ता और मुख्य कोच सहित सहयोगी स्टाफ के चार सदस्यों को मैदान पर उतराना पड़ा लेकिन इसके बावजूद टीम ने आसान जीत दर्ज की। आईपीएल में हिस्सा लेने के बाद पैट कमिंस, ट्रेविस हेड, मिशेल स्टार्क, कैमरन ग्रीन, स्टोइनिस और मैक्सवेल को स्वदेश में ब्रेक दिया गया है और ऐसे में मुख्य चयनकर्ता और पूर्व कप्तान जॉर्ज बैली तथा मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड को क्षेत्ररक्षण के लिए मैदान पर उतरना पड़ा। बैली और मैकडोनाल्ड के अलावा 46 साल के क्षेत्ररक्षण कोच आंद्रे बोरोवेच को भी क्षेत्ररक्षण के लिए आना पड़ा। मार्श और हेजलवुड जब ड्रेसिंग रूम में लौटे तो मैकडोनाल्ड और 49 साल के बल्लेबाजी कोच ब्रेड हॉज को मैदान पर आना पड़ा।

# अरूंधति प्री क्वार्टर फाइनल में, नरेंदर बाहर

बैंकॉक, एजेंसी

गत राष्ट्रीय चैंपियन अरूंधति चौधरी ने बुधवार को दूसरे मुक्केबाजी विश्व ओलंपिक क्वालीफायर में आसान जीत के साथ 66 किग्रा वर्ग के प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई जबकि एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता नरेंदर बेरवाल (92 किग्रा) हारकर प्रतियोगिता से बाहर हो गए।

अरूंधति ने पुएर्टो रिको की स्टेफनी पाइनेइरो को 5-0 से हराया जबकि नरेंदर को इक्वाडोर के गेरलोन गिलमार कॉन्गो चाला के खिलाफ 2-3 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। अरूंधति ने पहले राउंड में अपनी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ शानदार शुरुआत की जबकि दूसरे राउंड में उन्होंने थोड़ा सतर्क रवैया अपनाते हुए स्थिति मजबूत की। अरूंधति ने तीसरे राउंड में आसान जीत दर्ज की। नरेंदर ने भी विरोधी को कड़ी टक्कर दी लेकिन यह अगले दौर में जगह बनाने के लिए पर्याप्त नहीं था।

**ओलंपिक क्वालीफायर**



### पदक विजेताओं को पुरस्कार देगा आईबीए

**जिनेवा।** अंतर्राष्ट्रीय मुक्केबाजी महासंघ (आईबीए) ने बुधवार को कहा कि पेरिस ओलंपिक में हर स्वर्ण पदक विजेता को वह 50000 डॉलर नकद पुरस्कार देगा। आईओसी ने आईबीए पर प्रतिबंध लगा रखा है और ओलंपिक पदक विजेताओं को नकद पुरस्कार देने के उसके फैसले को भी मंजूरी नहीं दी है। उसके पास 13 भारवर्गों में क्वार्टर फाइनल पहुंचने वाले पुरूष और महिला मुक्केबाजों, उनके कोचों और राष्ट्रीय टीमों के लिए 21 लाख डॉलर ईनामी राशि है। हर ओलंपिक मुक्केबाजी चैंपियन को 25000 और क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाले को 10000 डॉलर दिये जाएंगे।

# नियमों में बदलाव के कारण सिंहराज ने छोड़ा पेरिस कोटा

नई दिल्ली, एजेंसी

**पैरा निशानेबाज**

दो बार के पैरालंपिक पदक विजेता निशानेबाज सिंहराज अधाना पेरिस के लिए भारतीय दल का हिस्सा नहीं हो पायेंगे क्योंकि 2021 तोक्यो चरण के बाद अंतरराष्ट्रीय पैरालिंपिक समिति (आईपीसी) द्वारा प्रतियोगिता नियमों में बदलाव किया गया है।

42 वर्षीय सिंहराज ने मिश्रित 50 मीटर पिस्टल एसएच1 में रजत और 10 मीटर एयर पिस्टल एसएचआई श्रेणी में कांस्य जीता था। भारतीय पैरालंपिक समिति के निशानेबाजी के लिए चयन पैनल ने बैठक की और फैसला किया कि केवल आठ ही पैरा निशानेबाज पेरिस के लिए उड़ान भरेंगे। देश के पैरा निशानेबाजों ने नौ पेरिस कोटा स्थान हासिल किए हैं। पीसीआई चयन समिति की बैठक के मिनटस के अनुसार हालांकि हमने पेरिस पैरालंपिक के लिए नौ कोटा स्थान हासिल किए, लेकिन हमारी पीसीआई चयन नीति और विश्व शूटिंग पैरा स्पोर्ट्स दिशानिर्देशों के अनुसार केवल आठ निशानेबाज ही भाग ले पाएंगे इसलिए हमें सिंहराज का एक कोटा छोड़ना होगा।

### फ्रेंच ओपन में हर्बर्ट को हराकर दूसरे दौर में पहुंचे जोकोविच

**पेरिस।** सार्बिया के दिग्गज खिलाड़ी नोवाक जोकोविच फ्रांस के पियरे ह्यूजेस हर्बर्ट को हराकर फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में पहुंच गए है। दुनिया के नंबर वन टेनिस खिलाड़ी जोकोविच ने दो घंटे 33 मिनट तक चले मुकाबले में ह्यूजेस हर्बर्ट पर 6-4, 7-6, 6-4 से जीत दर्ज की। जोकोविच की 93वीं जीत है। जोकोविच रोलां गैरो पर तीन बार के विजेता हैं और अपनी नंबर एक रैंकिंग बचाने के लिए उन्हें एक बार फिर फाइनल में जगह बनानी होगी। दूसरे दौर में जोकोविच का मुकाबला स्पेन के खिलाड़ी रॉबर्टो कारबेलास बेइना से होगा।



**2** घंटे 33 मिनट तक चले मुकाबले में ह्यूजेस हर्बर्ट पर 6-4, 7-6, 6-4 से दर्ज जीत की जोकोविच की यह 93वीं जीत है।

### लावेर कप में टीम यूरोप के कप्तान होंगे यानिक

**पेरिस।** फ्रेंच ओपन 1983 चैंपियन यानिक नोआह लावेर कप 2025 में ब्योर्न बोर्ग की जगह यूरोपीय टेनिस टीम के कप्तान होंगे। पिछले सप्ताह आंद्रे अगासी को विश्व टीम का कप्तान चुना गया जो जॉन मैकेनरो की जगह लेंगे। नोआह ग्रैंडस्लैम जीतने वाले फ्रांस के आखिरी खिलाड़ी थे जो 1986 में एटीपी रैंकिंग में तीसरे स्थान तक पहुंचे। अगला लावेर कप सेन फ्रांसिस्को में होगा।

## बॉलीवुड हलचल

### पुष्पा 2 के पोस्टर में दिखा रश्मिका का अलग अंदाज

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के जानेमाने अभिनेता अल्लू अर्जुन और अभिनेत्री रश्मिका मंदाना की आने वाली फिल्म पुष्पा 2 द रूल का नया पोस्टर रिलीज हो गया है। अल्लू अर्जन की फिल्म पुष्पा 2 द रूल इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। मेकर्स ने अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना अभिनीत इस फिल्म का नया पोस्टर जारी किया है। पोस्टर में अल्लू और रश्मिका का रोमांटिक अंदाज नजर आ रहा है। इस नए पोस्टर में पीछे का बैकग्राउंट काफी कलरफुल नजर आ रहा है। साथ ही इसमें अल्लू बिल्कुल शाहरुख खान की तरह बाहें फैलाए नजर आ रहे हैं। रश्मिका के चेहरे पर प्यारी सी मुस्कान दिखाई दे रही है। मेकर्स ने फिल्म का नया पोस्टर एक्स अकाउंट पर जारी किया है। मेकर्स ने एक्स अकाउंट पर लिखा, इंडिया की सबसे पसंदीदा जोड़ी जल्द ही कपल सॉन्ग को लेकर आ रही है। पुष्पा 2 द रूल 15 अगस्त 2024 को रिलीज होगी।





### भानुशाली ने सुपर्ण के साथ साइन की तीन फिल्मों की डील

**मुंबई।** भानुशाली स्टूडियोज लिमिटेड के विनोद भानुशाली ने सफल फिल्म सिर्फ एक बंदा काफी है के बाद सुपर्ण एस वर्मा के साथ तीन फिल्मों की डील साइन की है। भानुशाली स्टूडियोज लिमिटेड ने तीन फिल्मों की एक शानदार डील क्रैक की है। इस स्टूडियो ने क्रिटिकली अक्लेम्ड निर्देशक सुपर्ण एस वर्मा को एक अपकमिंग फिल्म का निर्देशन करने और दो और फिल्मों का रचनात्मक निर्माण करने के लिए साइन किया है। हाल में भानुशाली स्टूडियोज लिमिटेड ने इसकी घोषणा की है। अपनी दूरदर्शी स्टोरीटेलिंग और इनोवेटिव फिल्ममेकिंग अपरोच के लिए जाने जाने वाले, सुपर्ण एस वर्मा अपना अनूठा दृष्टिकोण और रचनात्मक विशेषज्ञता भानुशाली स्टूडियोज लिमिटेड में लाएंगे। इसके तहत निर्देशक एक आगामी फिल्म की बागडोर संभालेंगे, जिसमें वे अपनी विशिष्ट शैली और रचनात्मकता का समावेश करने का वादा करेंगे। यह फिल्म अभी प्री-प्रोडक्शन फेज में है और अगले साल की शुरुआत में इसकी शूटिंग शुरू होने वाली है। वहीं कास्ट और क्रू के बारे में ज्यादा जानकारी जल्द ही घोषित की जाएगी। निर्देशन के अलावा, वह दो और फिल्मों के लिए क्रिएटिव प्रोड्यूसर के रूप में भी काम करेंगे।

# भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम जर्मनी से हारी

**मोनशेनग्लाबाख (जर्मनी)।** भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम को यूरोप दौरे पर जर्मनी के खिलाफ करीबी मुकाबले में 2-3 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। मंगलवार को हुए इस मुकाबले में भारत के लिए योगेंबर रावत और गुरजोत सिंह ने गोल दागे।



पहले क्वार्टर में कड़ा मुकाबला देखने को मिला। दोनों टीमों के पास पेनल्टी कार्नर के जरिए बढ़त बनाने का मौका था लेकिन दोनों टीमों को नाकामी हाथ लगी जिससे पहला क्वार्टर गोल रहित रहा। दूसरे क्वार्टर में जर्मनी ने बढ़त बना ली। भारत ने हालांकि मध्यांतर से पहले डिफेंडर योगेंबर के पेनल्टी कॉर्नर पर दागे गोल की मदद से स्कोर 1-1 कर दिया। तीसरे क्वार्टर की शुरुआत में ही भारत को एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला और गुरजोत ने इसे गोल में बदलकर टीम को 2-1 से आगे कर दिया। जर्मनी ने भी पेनल्टी कॉर्नर पर गोल दागकर स्कोर 2-2 कर दिया। मैच के अंतिम लम्हों में जर्मनी को एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला और उसने इसका फायदा उठाते हुए 3-2 की बढ़त बना ली जो निर्णायक स्कोर साबित हुआ। भारत यूरोप दौरे पर अपना अंतिम मैच बुधवार को नीदरलैंड के ब्रेडा में जर्मनी के खिलाफ खेलेगा।

# पीवी सिंधू सिंगापुर ओपन के दूसरे दौर में, लक्ष्य हारे

सिंगापुर, एजेंसी

पूर्व चैंपियन पीवी सिंधू ने सिंगापुर ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल के दूसरे दौर में प्रवेश किया लेकिन लक्ष्य सेन दुनिया के नंबर एक विक्टर एक्सेलसेन से हारकर बाहर हो गए। सिंधू ने दो साल पहले सिंगापुर में बीडब्ल्यूएफ खिताब जीता था और वह पिछले हफ्ते थाईलैंड ओपन में उप विजेता रही थीं।

सिंधू ने दुनिया की 21वें नंबर की खिलाड़ी डेनमार्क की लिने होजमार्क जार्सफेल्ट पर 44 मिनट तक चले शुरूआती दौर के मुकाबले में 21-12 22-20 से जीत हासिल की। अब दूसरे दौर में उनकी भिड़ंत रियो ओलंपिक चैम्पियन स्पेन की कैरोलिना मारिन से होगी। दुनिया की तीसरे नंबर की खिलाड़ी मारिन का सिंधू के खिलाफ जीत का रिकॉर्ड 11-5 का है। वहीं लक्ष्य ने एक्लेसेन के सामने कड़ी चुनौती पेश की, लेकिन 62 मिनट में पराजित हो गए। एक्लेसन ने पिछले हफ्ते थाईलैंड ओपन में सत्र का पहला खिताब जीता था। किदाम्बी श्रीकांत को पहले दौर के मुकाबले में जापान के कोडाई नाराओका के खिलाफ पिछड़ने के बाद रिटायर होना पड़ा। बी सुमित रेड्डी और एन सिक्की रेड्डी को मिश्रित युगल मैच में मलेशिया के गोह सून हुआत और लाई शेवोन जेमी की जोड़ी से 18-21 19-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी।




स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# किशोर न्याय बोर्ड के आचरण की जांच को समिति गठित

**पुणे कार दुर्घटना**

- 19 मई को पोर्श कार की टक्कर से बाइक सवार दो सॉफ्टवेयर इंजीनियर की हो गई थी मौत

**पुणे (महाराष्ट्र), एजेंसी**

महाराष्ट्र सरकार ने पुणे कार दुर्घटना मामले में एक समिति गठित की है जो किशोर न्याय बोर्ड (जेजेबी) के सदस्यों के आचरण की जांच करेगी और यह देखेगी कि क्या मामले में आदेश जारी करते हुए नियमों का पूर्णतः पालन किया गया था।

एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि राज्य महिला एवं बाल विकास विभाग (डब्ल्यूसीडी) ने पिछले सप्ताह पांच सदस्यीय समिति गठित की है। उन्होंने बताया कि इसका नेतृत्व विभाग का उपायुक्त पद का एक अधिकारी कर रहा है और इसके अगले सप्ताह तक अपनी रिपोर्ट सौंपने की संभावना है। पुणे के कल्याणी नगर में 19 मई को पोर्श कार चला रहे नाबालिग आरोपी ने एक मोटरसाइकिल पर सवार दो सॉफ्टवेयर इंजीनियर को कथित तौर पर टक्कर मार दी थी, जिससे उनकी मौत हो गयी थी। पुलिस ने दावा किया कि 17 वर्षीय आरोपी नशे की हालत में कार चला रहा था। जेजेबी ने घटना के कुछ घंटों बाद नाबालिग को जमानत दे दी थी। उसने नाबालिग से सड़क दुर्घटनाओं पर 300 शब्दों का एक निबंध लिखने को कहा था जिसकी काफी आलोचना हुई थी। डब्ल्यूसीडी आयुक्त प्रशांत नारनवरे ने बताया कि जेजेबी में न्यायपालिका का एक सदस्य और राज्य सरकार द्वारा नियुक्त दो लोग होते हैं। उन्होंने कहा, हमने एक समिति गठित की है जो राज्य सरकार द्वारा नियुक्त जेजेबी सदस्यों के आचरण की जांच करेगी और यह देखेगी कि कार दुर्घटना मामले में आदेश जारी करते हुए नियमों का पूरी तरह पालन किया गया या नहीं। नारनवरे ने कहा, एक और तीन सदस्यीय समिति नाबालिग आरोपी के रक्त नमूनों को कथित तौर पर बदलने की जांच कर रही है।

# पाकिस्तान में जासूसी में गिरफ्तार दो भारतीयों से मिले उच्चायोग के अधिकारी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में भारतीय उच्चायोग के अधिकारियों ने रावलपिंडी की अदियाला जेल में उन दो भारतीयों से मुलाकात की, जिन्हें चार साल पहले जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। एक्सप्रेस ट्रिब्यून ने सूत्रों के हवाले से अपनी खबर में कहा कि जम्मू-कश्मीर में बांदीहुराह शहर के गोरेज इलाके के फिरोज अहमद लोन और नूर मोहम्मद वानी नामक दो युवकों को 2020 में पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के गिलगित-बाल्टिस्तान में गिरफ्तार किया गया था।

खबर में कहा गया है कि दोनों भारतीयों को हाल में गिलगित-बाल्टिस्तान की जेल से रावलपिंडी की अदियाला जेल में भेजा गया था। सूत्रों के अनुसार भारत सरकार के अनुरोध पर राजनयिक पहुंच प्रदान की गई। यहां भारतीय उच्चायोग या पाकिस्तान विदेश कार्यालय की ओर से इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। राजनयिक सूत्रों के हवाले से खबर में कहा गया है, इस्लामाबाद स्थित भारतीय उच्चायोग के तीन सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने अदियाला जेल में बंद दो कैदियों से मुलाकात की। सोमवार को हुई इस मुलाकात के दौरान गृह मंत्रालय के अधिकारी भी मौजूद थे। खबर के अनुसार, दोनों व्यक्ति नवंबर, 2018 से पीओके से लापता थे और सूत्रों ने संकेत दिया था कि उन्होंने अवैध रूप से सीमा पार की थी और बाद में उन्हें जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।

# नाइट्रोजन गैस का पाइप मुंह में लगाकर युवक ने दी जान

- सुसाइड नोट में लिखा था खुदकुशी का तरीका, लखनऊ का था युवक

**भोपाल।** आत्महत्या के लिए युवक ने पॉलीथिन से सिर-चेहरे को कवर किया और नाइट्रोजन गैस सिलेंडर का पाइप मुंह में डालकर चालू कर दिया। दर्द रहित मौत के लिए उसने चार पन्नों में फॉर्मूला भी लिखा था।

मिसरोद पुलिस ने मंगलवार रात जाटखेड़ी के निरूपम रॉयल इमारत के फ्लैट से युवक की दो-तीन दिन पुरानी लाश बरामद की। जांच में पता चला कि युवक ने आत्महत्या की है। पुलिस के अनुसार सिद्धार्थ खुराना लखनऊ का निवासी था। सिद्धार्थ पहले आईटी कंपनी में था, लेकिन छह महीने से वह घर पर था। उसके फ्लैट के सामने केदार कदम रहता था जो ट्रेवल्स एजेंसी में काम करता है। दोनों में पहचान थी। मंगलवार रात नौ बजे दरवाजा न खुलने पर केदार ने पुलिस बुलाई। पुलिस ने दरवाजा तोड़ा तो अंदर सिद्धार्थ मृत पड़ा था।

# हाय गर्मी को ऐसे करें बाय- बाय...

*गर्मी के मौसम में स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से बचने के लिए सावधानी बरतनी काफी जरूरी है। इस दौरान गर्मी से संबंधित बीमारियों जैसे हीट स्ट्रोक, डिहाइड्रेशन, और हीट एक्सॉशन से बचने के साथ ही अपने खान पान का भी विशेष ध्यान देने की जरूरत हैं ताकि शरीर को ठंडक मिल सके इसके लिए कुछ संबंधित बिन्दुओं पर आईए करते हैं चर्चा...*

### गर्मी में ये न खाए

- **तला-भुना और मसालेदार भोजन :** तले हुए और मसालेदार भोजन से बचें क्योंकि ये शरीर में गर्मी बढ़ा सकते हैं।

### हीट स्ट्रोक के उपचार

- प्रभावित व्यक्ति को छायादार या ठंडे स्थान पर ले जाएं।
- ठंडे पानी से स्पंज करें या ठंडे पानी से स्नान कराएं।
- यदि व्यक्ति होश में है तो उसे ठंडे पानी, नींबू पानी, या इलेक्ट्रोलाइट्स दें।
- गर्मी के मौसम में इन उपायों का पालन करने से हीट स्ट्रेस और अन्य गर्मी से संबंधित समस्याओं से बचा जा सकता है और स्वस्थ रहा जा सकता है।

### हीट स्ट्रोक के लक्षण

- अत्यधिक पसीना आना या बिल्कुल पसीना न आना
- उल्टी या मितली महसूस होना
- तेज सिरदर्द
- तेज धड़कन
- कमजोरी या चक्कर आना

### गर्मी से बचाव के उपाय

- **पर्याप्त पानी पिएं :** दिनभर में पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं ताकि शरीर में पानी की कमी न हो। नींबू पानी, नारियल पानी, छाछ, और फलों का रस पीने से भी शरीर में इलेक्ट्रोलाइट्स की पूर्ति होती है।
- **हल्का और ढीला कपड़ा पहनें :** सूती कपड़े पहनें जो शरीर को ठंडा रखें। हल्के रंग के कपड़े पहनने से सूरज की किरणों का असर कम होता है।
- **धूप से बचें :** सुबह 10 से शाम 4 बजे के बीच जब सूरज की किरणें सबसे तेज होती हैं तो धूप में जाने से बचें। यदि बाहर जाना पड़े तो छतरी या टोपी का उपयोग करें और सनस्क्रीन लगाएं।



## एक नजर

### छत्तीसगढ़ के बीजापुर में हुई मुठभेड़ में दो नक्सली ढेर

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में दो नक्सलियों को मार गिराया है। पुलिस अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि जिले के मद्देड थाना क्षेत्र के अंतर्गत बद्देपारा इलाके में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में दो नक्सलियों को मार गिराया है। मद्देड थाना क्षेत्र में नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना मिलने पर सुरक्षाबलों को गश्त के लिए रवाना किया गया था। बद्देपारा के करीब नक्सलियों ने सुरक्षाबलों पर गोलीबारी शुरू कर दी। सुरक्षाबलों ने भी जवाबी कार्रवाई की।

### चीन में पूर्व बैंकर को रिश्वत लेने के जुर्म में मौत की सजा

**बीजिंग।** चीन की अदालत ने 15 .1 करोड़ डॉलर की घूस लेने के जुर्म में पूर्व बैंकर को मौत की सजा सुनाई है। चीन की सरकारी समाचार एजेंसी 'शिन्हुआ' ने बुधवार को बताया कि चाइना हुआरोंग इंटरनेशनल होल्डिंग्स (सीएचआईएच) के पूर्व महाप्रबंधक बाई तिआनहुई को मंगलवार को तिआनजिन की अदालत ने मौत की सजा सुनाई। अदालत के फैसले के अनुसार, उसके आजीवन राजनीतिक अधिकार भी छीन लिए गए और उसकी सारी संपत्ति जब्त कर ली गई है।

### छात्राओं के स्कूल में बदमाशों ने लगाई आग

**मीरानशाह।** पाकिस्तान के उत्तरी वजीरिस्तान में छात्राओं के विद्यालय में आग लगा दी गई। पुलिस ने बताया कि रजमक उपमंडल के शाखिमर गांव स्थित गोल्डन एरो पब्लिक स्कूल में अज्ञात बदमाशों ने आग लगा दी। आग तेजी से फैली और पूरी इमारत इसकी चपेट में आ गयी। आग से इमारत में रखे फर्नीचर और कंप्यूटर जलकर राख हो गए। स्थानीय लोगों ने घटना की निंदा की और स्कूल के तत्काल पुनर्निर्माण की मांग की है।

### न्यू मैक्सिको में एफ-35 विमान दुर्घटनाग्रस्त

**सैन फ्रांसिस्को।** अमेरिका के न्यू मैक्सिको प्रांत में अल्बुकर्क इंटरनेशनल सनपोर्ट के हवाई क्षेत्र के पास एफ-35 विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। लॉकहीड मार्टिन के अधिकारियों ने कहा कि एफ-35 विमान टेक्सास से कैलिफोर्निया के एडवर्ड्स एयर फोर्स बेस जा रहा था। यह न्यू मैक्सिको के कीर्टलैंड एयर फोर्स बेस में ईंधन भरने के बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

### साइबर ठगी में चीनी नागरिक समेत पांच लोग गिरफ्तार

**नोएडा।** गौतमबुद्धनगर जिला पुलिस ने निवेश अवसरों का झांसा देकर लोगों से ठगी करने में लिप्त साइबर अपराधियों के गिरोह के पांच सदस्यों को पकड़ा है। आरोपियों में एक चीनी नागरिक भी है। पुलिस उपायुक्त (जोन प्रथम) विद्यासागर मिश्रा ने बताया कि थाना एक्सप्रेसवे पुलिस ने सेक्टर 134 स्थित सोसाइटी के पास से तेनजिंग कालसंग, कृष्ण मुरारी, शोभित तिवारी, त्सेरिंग धोन्दुप और चीनी नागरिक झु जुनकाई को गिरफ्तार किया है। इनके पास से पुलिस ने मोबाइल फोन के 223 सिम कार्ड, दो लैपटॉप, 19 मोबाइल फोन, विदेशी मुद्रा, भारतीय मुद्रा, आधार कार्ड, पैन कार्ड और डेबिट कार्ड समेत अन्य सामान बरामद किया है।

### ब्रिटेन की पहली अश्वेत महिला सांसद के चुनाव पर विवाद

**लंदन।** ब्रिटेन की विपक्षी लेबर पार्टी में बुधवार को तब विवाद खड़ा हो गया जब आंतरिक अनुशासनात्मक प्रक्रिया के बाद देश की पहली अश्वेत महिला सांसद के चुनाव पर परस्पर विरोधी बातें सामने आईं। पूर्वी लंदन के हैकनी नॉर्थ और स्टोक न्यूइंगटन के लिए 1987 में पहली बार सांसद चुनी गईं डायने एबॉट ने दावा किया कि उन्हें लेबर उम्मीदवार के रूप में सीट से फिर से चुनाव लड़ने से रोक दिया गया है। यह घटनाक्रम विभिन्न समुदायों के नस्लवाद का सामना करने के बारे में उनकी टिप्पणियों की जांच के बाद उनका निलंबन रद किए जाने के पश्चात हुआ।

# इजराइली कार्रवाई पर नीतियों में कोई बदलाव नहीं : अमेरिका

## कहा- राफा में हुए हमले में जानमाल के नुकसान दिल दहला देने वाले और भयावह

- इजरायल ने हथियारों को पाने के लिए निर्धारित दायरे को नहीं किया है पार : अमेरिकी प्रवक्ता
- अमेरिका को लगता है, शहर में व्यापक पैमाने पर जमीनी आक्रमण नहीं करेगा इजराइल

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिकी राष्ट्रपति कार्यालय एवं आवास व्हाइट हाउस ने गाजा के शहर राफा पर इजराइल के हवाई हमले में लोगों के मारे जाने की घटना की निंदा की लेकिन कहा कि वह इजराइल की कार्रवाइयों को लेकर नीतियों में बदलाव नहीं करेगा।

अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने कहा कि इजरायल ने भविष्य में हथियारों को पाने के लिए राष्ट्रपति जो बाइडन के निर्धारित दायरे को पार नहीं किया है और अमेरिका को लगता है कि वह शहर में व्यापक पैमाने पर जमीनी आक्रमण नहीं करेगा। ऐसा लगता है कि वह राफा के आबादी वाले इलाके में कोई जमीनी अभियान नहीं चला रहे हैं। उन्होंने राफा में हवाई हमले में हुए जानमाल के नुकसान को दिल दहला देने वाला और भयावह करार दिया और कहा कि अमेरिका इजराइल द्वारा की जा रही जांच के परिणामों को देख रहा है, जिसमें कहा गया है कि हमास के दो लड़ाकों पर हमले के बाद हुए दूसरे धमाके में आम नागरिक मारे गए। किर्बी ने कहा कि इस हमले में हमास के दो सरगना मारे गए, जो हमलों के लिए जिम्मेदार हैं।

**इजराइल ने किया फिर हमला :** इजराइल ने बुधवार को राफा पर फिर हमला किया। हमास पर युद्ध में नागरिकों की मौत पर चिंता के बावजूद इजराइल ने बदलाव का संकेत नहीं दिया है, जिससे युद्धविराम के हो रहे प्रयासों में रुकावट आ रही है।

### इजरायल ने राफा शिविर पर बमबारी में शामिल होने से किया इनकार

**गाजा।** इजरायल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने राफा के पास अल-मवासी इलाके में शिविर पर हुए बम विस्फोट में अपनी संलिप्तता से इनकार किया। आईडीएफ ने कहा कि कुछ घंटों की रिपोर्टों के विपरीत, अल-मवासी में मानवीय क्षेत्र में हमला नहीं किया गया।

### एर्दोगन ने संयुक्त राष्ट्र पर लगाया गाजा में हिंसा रोकने में विफल होने का आरोप

**अंकारा।** तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने गाजा के राफा में रक्तपात रोकने में विफल होने के लिए संयुक्त राष्ट्र पर बुधवार को हमला बोला और कहा कि संयुक्त राष्ट्र की आत्मा मर चुकी है। एर्दोगन ने कहा कि अगर आप नरसंहार को नहीं रोक सकते तो संयुक्त राष्ट्र का क्या उपयोग है? अगर दुनिया का भाग्य पांच देशों के हाथों में है, तो इन इमारतों का क्या उपयोग है? संयुक्त राष्ट्र अपने कर्मचारियों की भी सुरक्षा नहीं कर सकता।

### आलिया, प्रियंका सहित कई हस्तियों ने फिलिस्तीन के साथ दिखाई एकजुटता

**नयी दिल्ली।** अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा जोनस, आलिया भट्ट और करीना कपूर खान सहित कई भारतीय हस्तियों ने राफा में एक शिविर पर इज़राइली हमले के बाद फिलिस्तीन के प्रति समर्थन जाहिर की है। इज़राइल के हमले में 45 लोगों की मौत हुई है। इज़राइली हमले की कड़ी निंदा हो रही है हालांकि इज़राइली सेना का दावा है कि शिविर में आग फिलिस्तीनी आतंकियों के हथियारों से हुए विस्फोटों से लगी होगी। वहीं सोनम कपूर, सामंथा रुथ प्रभु, कोंकणा सेन शर्मा, एटली, वीर दास, दीया मिर्जा, तृप्ती डिमरी, शिल्पा राव, भूमि पेडनेकर, रकुल प्रीत सिंह सहित कई हस्तियों ने राफा की वह तस्वीर साझा की जिस पर लिखा है , सबकी निगाहें राफा पर हैं।

### ब्राजील ने इजराइल से राजदूत बुलाया

**रियो डी जेनेरियो।** ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डा सिल्वा ने गाजा में युद्ध को लेकर अपने देश और इजराइल के बीच महीनों से जारी तनाव के बाद बुधवार को अपने राजदूत को बुला लिया। ब्राजील के राजपत्र में इसकी जानकारी दी गई है। लूला कई बार गाजा में इजराइल के आक्रमण की आलोचना कर चुके हैं। शुरुआत में उन्होंने गाजा युद्ध की तुलना यहूदियों के नरसंहार से की थी। इजराइल के विदेश मंत्री काट्स ने ब्राजील के राजदूत को यरूशलम स्थित राष्ट्रीय होलोकॉस्ट संग्रहालय में बुलाकर सार्वजनिक रूप से नाराजगी जाहिर की थी।

# रूसी हस्तक्षेप की आशंका में यूरोपीय संसद की ली तलाशी

ब्रसेल्स। बेल्जियम के संघीय अभियोजक कार्यालय ने बुधवार को कहा कि पुलिस ने रूसी हस्तक्षेप को लेकर यूरोपीय संसद के एक कर्मचारी के आवास और ब्रसेल्स में संसद भवन में उसके कार्यालय की तलाशी ली।

अभियोजकों ने कहा कि फ्रांस के स्ट्रासबर्ग में संदिग्ध के कार्यालय की न्यायिक सहयोग एजेंसी यूरोजस्ट और फ्रांसीसी अधिकारियों के सहयोग से तलाशी ली गई। स्ट्रासबर्ग में यूरोपीय संघ की संसद का मुख्यालय है। यह तलाशी यूरोपीय संसद के चुनाव के लिए होने वाले मतदान से पहले ली गई। जांच की घोषणा पिछले महीने बेल्जियम के प्रधानमंत्री अलेक्जेंडर डी क्रू ने की थी। प्रधानमंत्री ने कहा था कि बेल्जियम की खुफिया सेवा ने एक ऐसे नेटवर्क का पता लगाया है, जो यूक्रेन के समर्थन को कमजोर करने की कोशिश कर रहा है। अभियोजकों ने कहा कि यह तलाशी हस्तक्षेप, भ्रष्टाचार और आपराधिक संगठन की सदस्यता के मामले का हिस्सा है और रूसी हस्तक्षेप के संकेतों से संबंधित है, जिस पर यूरोपीय संसद के सदस्यों से संपर्क किया गया और वॉयस ऑफ यूरोप समाचार वेबसाइट के माध्यम से रूसी हित वाले प्रचार को बढ़ावा देने के लिए उन्हें भुगतान किया गया।

## राजकोट के गेम जोन में आग

# एसआईटी को शीर्ष अधिकारियों से पूछताछ की मिली अनुमति

- गृह राज्य मंत्री ने दी अनुमति,7 सरकारी और दो पुलिस कर्मियों की भूमिका की हो रही जांच

**अहमदाबाद, एजेंसी**

गुजरात के राजकोट में 'गेम जोन' में लगी आग की जांच के लिए गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) के प्रमुख ने बुधवार को कहा कि जांच में जरूरत के अनुरूप उन्हें भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) और भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के वरिष्ठ अधिकारियों से भी पूछताछ करने की अनुमति मिल गई है।

संबंधित घटनाक्रम में राजकोट के जिलाधिकारी ने कहा कि सभी मृतकों के डीएनए नमूने उनके रिश्तेदारों से मेल खा गए हैं। गुजरात के गृह राज्य मंत्री हर्ष सांघवी द्वारा गांधीनगर में एसआईटी सदस्यों से मुलाकात करने और जांच में प्रगति की समीक्षा करने के बाद विशेष जांच दल के प्रमुख सुभाष त्रिवेदी ने मीडिया से बात की। त्रिवेदी ने कहा कि हमें राजकोट नगर निगम, अग्निशमन विभाग, पुलिस और बिजली कंपनी से जुड़े अधिकारियों की भूमिका की जांच करने और दोषी पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है।

एसआईटी में तकनीकी शिक्षा आयुक्त बीएन पाणि, गांधीनगर स्थित फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला के निदेशक एचपी सांघवी, अहमदाबाद के मुख्य अग्निशमन अधिकारी जेएन खड़िया और सड़क एवं भवन विभाग के अधीक्षण अभियंता एमबी देसाई शामिल हैं।

त्रिवेदी ने कहा कि गृह राज्य मंत्री (सांघवी) ने कहा है कि यदि आवश्यक हो तो आईएएस और आईपीएस अधिकारियों सहित वरिष्ठ सरकारी कर्मचारियों से भी पूछताछ की जाए। एसआईटी दो पुलिसकर्मियों समेत उन सात सरकारी कर्मचारियों में से प्रत्येक की भूमिका की भी जांच कर रही है, जिन्हें पहले ही निलंबित कर दिया गया था। त्रिवेदी ने कहा कि गेम जोन संचालकों ने सीमा से अधिक 30 लीटर से ज्यादा पेट्रोल संग्रहित किया था, इसलिए पेट्रोलियम अधिनियम के तहत प्राथमिकी में धाराएं जोड़ी जाएंगी। मंत्री ने हमें जांच करने को कहा है ताकि इस त्रासदी के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जा सके।


# गुप्त धन मामले में ट्रंप चुनाव कानून उल्लंघन के दोषी

- वयस्क फिल्म स्टार स्टॉर्मी को किए गए भुगतान से जुड़ा मामला

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिकी अभियोजक जोशुआ स्टीनग्लास ने जूरी से कहा है कि पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के गुप्त धन मामले में अभियोजन पक्ष ने साबित कर दिया है कि ट्रंप चुनाव कानूनों के उल्लंघन के दोषी हैं। ट्रंप पर आरोप है कि उन्होंने वयस्क फिल्म स्टार स्टॉर्मी डेनियल्स को 2006 में उनके बीच हुए यौन संबंध के बारे में सार्वजनिक रूप से बताने से चुप कराने के लिए कथित गुप्त धन भुगतान से संबंधित व्यावसायिक रिकॉर्ड में हेराफेरी की। ट्रंप पर यह भी आरोप है कि 2016 के चुनाव से पहले उन्होंने चुप्पी साध ली। सीएनएन की रिपोर्ट में कहा गया है कि ट्रंप ने आरोपों और डेनियल्स के साथ कोई संपर्क होने से इनकार किया है। मंगलवार को अंतिम दलील देते हुए अभियोजक ने कहा कि यह साबित हो गया है कि ट्रंप ने चुनाव कानून का उल्लंघन करने, सहायता करने या छिपाने का प्रयास किया था। अभियोजक ने बताया कि बहुत सारे सबूत हैं कि यह भुगतान डेनियल्स को किया गया था। जूरी बुधवार को न्यायाधीश जुआन मर्चन के 12-सदस्यीय जूरी को निर्देश देने के बाद इस पर विचार करेगी कि ट्रंप को दोषी ठहराए या नहीं।

## इन्हें भी चाहिए गर्मी से राहत



चिलचिलाती गर्मी का कहर जारी है। देश की राजधानी दिल्ली में बुधवार को तापमान 52 .3 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। गर्मी से राहत पाने के लिए विजय चौक पर लगे फव्वारे के पानी में बंदर अठखेलियां करते नजर आए। • एजेंसी

# मेक्सिको में इज़रायली दूतावास के बाहर पुलिस-प्रदर्शनकारियों में झड़प

- 80 लोगों ने दूतावास घेरने का किया प्रयास, इनमें ज्यादातर महिलाएं रहीं शामिल

**मेक्सिको सिटी , एजेंसी**

मेक्सिको सिटी में इजरायली दूतावास के बाहर विरोध प्रदर्शन पुलिस के साथ हिंसक झड़प में बदल गया और पत्रकारों समेत कई घायल हो गए। मैक्सिकों के प्रसारक टेलीडियारियो ने रिपोर्ट में यह जानकारी दी।

रिपोर्ट के मुताबिक इजराइली दूतावास के बाहर मंगलवार रात 80 लोग एकत्र हुए तथा पुलिस घेरा और अवरोधकों को तोड़ने का प्रयास किया। पुलिस के सहयोग से दूतावास के गार्डों ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस छोड़ी लेकिन उन पर पत्थरों और पेट्रोल बमों से हमला किया गया। प्रदर्शन और झड़पें जिनमें कथित तौर पर ज्यादातर महिलाएं शामिल थीं, दो घंटे तक चली और बिना किसी गिरफ्तारी के समाप्त हो गई। घटनाओं को कवर करने के लिए मौजूद कई पत्रकार भी झड़प के दौरान घायल हो गए। रिपोर्ट में पुलिस का हवाला देते हुए कहा गया है कि झड़प के दौरान चार पुलिस अधिकारियों और दो महिलाओं को चोटें आईं, जिनमें से ज्यादातर के शरीर के विभिन्न हिस्से जल गए और डॉक्टरों द्वारा उनका इलाज किया जा रहा है। मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार यह विरोध प्रदर्शन दक्षिणी गाजा पट्टी में एक शरणार्थी शिविर पर हाल ही में हुए इजरायली हमलों को लेकर था।

# बुशरा बीबी के पूर्व पति पर इमरान खान के वकील ने किया हमला

**इस्लामाबाद।** इमरान खान की तीसरी पत्नी बुशरा बीबी के पूर्व पति पर इस्लामाबाद की अदालत के बाहर खान के वकील ने हमला कर दिया। यह हमला तब हुआ जब वह गैर-इस्लामिक विवाह मामले में दंपती की सजा के खिलाफ अपील पर सुनवाई के लिए उपस्थित हुए थे।

इमरान खान और बुशरा बीबी को तीन फरवरी को एक निचली अदालत ने शादी के लिए सात-सात साल जेल की सजा सुनाई थी। बुशरा के पूर्व पति खावर ने 2023 में दंपती के खिलाफ मामला दर्ज कराया था, जिसमें आरोप लगाया गया था कि उन्होंने बुशरा द्वारा इद्दत की अनिवार्य प्रतीक्षा अवधि का पालन किए बिना शादी कर ली थी।

# उत्तर कोरिया ने दक्षिण की ओर उड़ाए कचरे से भरे गुब्बारे

**सियोल।** उत्तर कोरिया ने अपने प्रतिद्वंद्वी दक्षिण कोरिया की ओर कचरे से भरे सैकड़ों गुब्बारे उड़ाए जिससे दक्षिण की सेना को देश के विभिन्न हिस्सों में कचरे और मलबे को इकट्ठा करने के लिए रासायनिक तथा विस्फोटक प्रतिक्रिया टीमों को तैनात करना पड़ा।

उत्तर कोरिया द्वारा कचरे के गुब्बारे उड़ाया जाना हाल के वर्षों में दक्षिण कोरिया के प्रति सबसे विचित्र उकसावे वाला कदम है। उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन ने सैन्य वैज्ञानिकों से उपग्रह प्रक्षेपण में मिली असफलता से उबरने और अंतरिक्ष में अपनी टोही क्षमताओं को विकसित करने को कहा था, जिसके बाद ये गुब्बारे उड़ाए गए। किम ने अंतरिक्ष परियोजना को अमेरिका और दक्षिण कोरियाई सैन्य गतिविधियों का मुकाबला करने में बेहद महत्वपूर्ण करार दिया। उत्तर कोरिया का उपग्रह प्रक्षेपण मिशन सोमवार को असफल हो गया था। कुछ घंटे पहले दक्षिण कोरिया ने अंतर-कोरियाई सीमा के पास 20 लड़ाकू विमानों के साथ अभ्यास किया था। किम ने प्रक्षेपण असफल होने के बाद पहली टिप्पणी करते हुए दक्षिण कोरिया के सैन्य अभ्यास के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी भी दी। उत्तर कोरिया की समाचार एजेंसी 'कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी' की खबर के मुताबिक, किम ने मंगलवार को अपने भाषण में दक्षिण कोरिया के सैन्य अभ्यास को उन्मादी पागलपन और नजरअंदाज नहीं करने योग्य खतरनाक उकसावे वाला कदम करार दिया था।

**खगोलीय घटना** | मैगलन मिशन से प्राप्त आंकड़ों से इस रहस्य का हुआ खुलासा

# लावा उगल रही है खूबसूरत वीनस की सतह

- नासा के मैगलन मिशन ने शुक्र की कक्षा में पहुंचकर ली तस्वीर, कई वर्षों तक किया गया अध्ययन

**संवाददाता, नैनीताल**

**अमृत विचार :** हमारे सौर मंडल का सबसे खूबसूरत ग्रह वीनस यानी शुक्र ग्रह की सतह पर ज्वालामुखी सक्रिय हैं, जो बड़े पैमाने पर लावा उगल रही है। मैगलन मिशन से प्राप्त आंकड़ों से इस रहस्य का खुलासा हुआ है।

शुक्र ग्रह की सतह पर माट मॉन्स नामक स्थान पर यह ज्वालामुखी काफी सक्रिय है। 3-डी कंप्यूटर मॉडल से लावा उगलते ज्वालामुखी का स्पष्ट पता लगाया जा सका है। नासा के मैगलन मिशन ने शुक्र ग्रह की कक्षा में पहुंचकर इसकी तस्वीरें ली हैं। इन तस्वीरों का कई वर्षों तक अध्ययन किया गया। तब जाकर इस रहस्य का खुलासा हो पाया। वीनस पर सक्रिय ज्वालामुखी की यह दूसरी खोज है। मैगेलन अंतरिक्ष यान 1990 से 1992 तक शुक्र ग्रह की सतह का 98 फीसद मानचित्रण किया था और इटली के वैज्ञानिकों ने इसका विश्लेषण किया।

पेस्कारा डी अन्नुंजियो विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक डेविड सुल्केनीज़ ने अपने बयान में कहा कि सक्रिय ज्वालामुखी के लिहाज से पृथ्वी और शुक्र ग्रह में एक जैसी समानता है और शुक्र पर यह नवीनतम खोज मैगलन के सिंथेटिक एपर्चर रडार से छवियों की ऐतिहासिक 2023 खोज पर आधारित है। विज्ञान पत्रिका नेचर एस्ट्रोनॉमी में यह खोज प्रकाशित हुई है।



शुक्र ग्रह की सतह पर बने ज्वालामुखी की तस्वीर।

### 3 से 20 मीटर ऊंचे ज्वालामुखी

**नैनीताल :** शुक्र के दोनों ज्वालामुखी 3 से 20 मीटर ऊंची हैं, जो ज्वालामुखी लगभग 30 वर्ग किलोमीटर में फैले हुए हैं। संभव है कि और भी ज्वालामुखी हो सकते हैं। जिनकी जानकारी भी जुटाई जा रही है। इसके अलावा शुक्र की भूगर्भीय स्थिति का पता भी लगाया जा रहा है। इस खोज से शुक्र की पृथ्वी की तुलना में भूगर्भीय स्थिति की सही जानकारी मिल पाएगी।

# पाकिस्तान में बस के खड्ड में गिरने से 28 लोगों की मौत

**कराची।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में एक तेज रफ्तार यात्री बस के पलट कर खड्ड में गिर जाने से बच्चों और महिलाओं सहित 28 लोगों की मौत हो गई। मीडिया की खबरों में यह जानकारी दी गई। यह बस तुर्बत से बलूचिस्तान प्रांत की राजधानी क्वेटा जा रही थी और क्वेटा से लगभग 700 किलोमीटर दूर वाशुक शहर के पास खड्ड में गिर गई। रिपोर्ट के अनुसार तेज रफ्तार के कारण यह दुर्घटना हुई।

जियो न्यूज ने बचाव अधिकारियों के हवाले से बताया कि यात्री बस का टायर फटने से यह दुर्घटना हुई। हादसे में 28 लोगों की मौत हो गई और करीब 22 लोग घायल हो गए और उन्हें बसिमा के सिविल अस्पताल भेजा गया। पाकिस्तान में सड़क दुर्घटनाएं आम हैं,यहां यातायात नियमों और सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया जाता। पंजाब के खुशाब जिले में 18 मई को एक ट्रक के खाई में गिरने से एक ही परिवार के कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई थी और नौ अन्य घायल हो गए थे। इससे पहले तीन मई को गिलगित बाल्टिस्तान में एक यात्री बस के एक संकरी सड़क से फिसलकर खड्ड में गिर जाने से कम से कम 20 लोगों की जान चली गई थीं, जबकि 21 अन्य घायल हो गए थे।